फल पुष्पी पादपों का एक प्रमुख अभिलक्षण है। यह एक परिपक्व अंडाशय होता है जो निषेचन के बाद विकसित होता है। यदि फल बिना निषेचन के विकसित हो तो उसे अनिषेकी ;पार्थेनोकर्णिकद्ध फल कहते हैं। प्रायः फल में एक भित्ति अथवा फल भित्ति तथा बीज होते हैं। फल भित्ति शुष्क अथवा गूदेदार हो सकती है। जब फल भित्ति मोटी तथा गूदेदार होती है तब उसमें एक बाहरी भित्ति होती जिसे बाह्यफल भित्ति कहते हैं। इसके मध्य में मध्यफल भित्ति तथा भीतरी ओर अंतःफल भित्ति होती है। आम तथा नारियल में फल के प्रकार को अष्ठिल (ड्रूप) कहते हैं ;चित्र 5.17द्ध। ये फल एकांडपी ऊर्ध्ववर्ती अंडाशय से विकसित होते हैं और इनमें एक बीज होता है। आम में फल भित्ति बाह्यफल भित्ति, गूदेदार एवं खाने योग्य मध्यफल भित्ति तथा भीतरी कठोर पथरीली अंतःफल भित्ति के सुस्पष्ट रूप से विभेदित होती है। नारियल में मध्यफल भित्ति तंतुमयी होती है।



चित्र 5.17 फल के भाग (अ) आम (ब) नारियल

फल का परिवर्धन (Development of Fruit)-

निषेचन के बाद अण्डाशय में कई परिवर्तन होने शुरू हो जाते हैं और अन्त में बीजाण्ड क्रमशः बीज और फल उत्पन्न करते हैं। इसलिए फल एक पका हुआ अण्डाशय ही है। यदि किसी कारणवश निषेचन नहीं हो पाता तो अण्डाशय मुर्झा कर गिर जाता है। फल में मुख्य रूप में दो भाग होते हैं –

(अ) फलावरण या फलभित्ति (Pericarp-Peri. चारों ओर, ज्ञंतचवे त्र फल) – यह अण्डाशय की दीवार से बनती है।


(ब) बीज **(Seeds)-** ये बीजाण्ड से बनते हैं। कुछ फल ऐसे भी होते हैं कि उन फलों में बीज ही नहीं बनता है। ऐसे फल बीज रहित या अपरागन फल ;ैमकसमे वत चंतजीमदवबंतचपब तिनपजेद्ध कहलाते हैं। जैसे अंगुर, नाशपाती, केला आदि।

फलभित्ति या फलावरण मोटा भी हो सकता है और पतला भी। जब यह मोटा होता है तो इसे तीन भागों में विभजित किया जाता है–

(1) बहिर्फल भित्ति (Epicarp)–यह प्रायः फल का छिलका बनाती है।

(2) मध्य फलभित्ति (Mesocarp)– यह फल का रसीला और गूदेदार भाग बनाती है।

(3) अन्तर्फल भित्ति (Endocarp)–



यह फल का कठोर और पथरीला भाग बनाती है जैसे आम, ताड़, आदि में या पतली झिल्लीदार हो जाती है जैसे नारंगी, संतरा, नीबू आदि में।

जब फल केवल अण्डाशय के परिवर्धन से बनता है तो उस फल को सत्य फल (ज्तनम थ्तनपज) कहते है, परिपक्व अण्डाशय (त्पचमदमक व्अंतल) को ही सत्य फल कहते है।

फल के प्रकार

फल के तीन बुनियादी प्रकार हैं: साधारण फल, गुच्छेदार फल और बहुखण्डित फल।

साधारण फल

साधारण फल– बेरियाँ

एक साधारण या मिश्रित अंडाशय जिसमे सिर्फ एक पुंकेसर हो के पकने पर एक साधारण फल प्राप्त होता है जो सूखा या गूदेदार हो सकता है। सूखे मेवे पकने पर या स्फोटक (फट कर बीज निकालना) या अस्फोटक (न फटना जिससे बीज अन्दर ही रहते हैं) हो सकते हैं। सूखे और सामान्य फल के उदाहरण हैं: वह फल जिनमें फल भित्ति का कुछ भाग या पूरी भित्ति ही पक्वन पर मांसल (गूदेदार) हो जाती है, सामान्य गूदेदार फल कहलाते हैं।

गुच्छेदार फल

गुच्छेदार फल– ड्रुबेरी के फूल, देखिए कई सारे पुंकेसर. यह फल एक ही पुष्प जिसमे कई साधारण पुंकेसर हो, से विकसित होते हैं। इनका उदाहरण है रसभरी।

बहुखण्डित फल

बहुखण्डित फल–नोनी

एक बहुखण्डित फल, फूलों के एक समूह (एक पुष्पक्रम) से गठित होता है। हर फूल एक फल का निर्माण करता है लेकिन यह सब एक एकल पिंड के रूप मे परिपक्व होते हैं। इनके उदाहरण हैं, अनन्नास, खाद्य अंजीर, शहतूत, ओसज–संतरे और रोटीफल।

बीजरहित फल

बीजरहित या बीजविहीन होना कुछ फलों की एक महत्वपूर्ण व्यवसायिक विशेषता है। केले और अन्ननास की व्यवसायिक किस्में बीजरहित फलों के उदाहरण हैं। निम्बू–वंशी कुछ फलों की किस्में (विशेषकर नाभि संतरे), सत्सुमास, चीनी संतरे, चकोतरे और तरबूज़ का बीजरहित होना इनकी कीमत बढ़ा देता है। कुछ प्रजातियों में, बीजविहीनता पार्थेनोकार्पी का परिणाम होती है, जहां फल बिना निषेचन प्रक्रिया के ही गठित होता है। पार्थेनोकर्पिक फल वह फल होते हैं जो बिना परागण के भी गठित हो सकते हैं। अधिकांश बीजरहित खट्टे फलों को परागण प्रेरणा की आवश्यकता होती है, जबकि केले और अन्ननास को बिल्कुल नहीं।

1.8 बीज

वानस्पतिक परिभाषा

क) ऐसी रचना जो साधारणतया गर्भाधान के बाद भ्रूण से विकसित होती है बीज कहलाती है।

ख) विस्तारणीय ऐसी इकाई को भ्रण से उत्पन्न होती है बीज कहलाती है।


ग) ऐसा परिपक्व भ्रूण जिसमें एक पौधा छिपा होता है। और पौधों के आरंभिक पोषण के लिए खाद्य सामग्री हो तथा यह बीज कवच से ढका हो और अनुकूल परिस्थितियों में एक स्वस्थ पौधा देने में समर्थ हो, बीज कहलाता है।

घ) ऑक्सफोड शब्दकोश के पृष्ठ 2708 के अनुसार पौधे का भ्रूण या पौध का भाग जो बोने के उद्देश्य से इकट्ठा किया गया हो, बीज कहलाता है।

ङ) एनसाईक्लोपीडिया ब्रिटानिका के अनुसार बीज वह आकृति है जिसमें भ्रूण बाहरी रक्षा कवच (बीज आवरण) से ढका हो इसके अतिरिक्त खाद्य पदार्थ एन्डोस्पर्म के रूप में उपलब्ध हो तथा यहां यह पदार्थ एन्ड्योस्पर्म के रूप में न हो यहां, बीज पत्रों के रूप में हो। बीज का विकास अंडे व स्पर्म के गर्भाधान क्रिया के द्वारा होता है। और इस प्रकार से उत्पन्न युग्मज में कोशिका तथा नाभकीय विभाजन होता है तथा भ्रूण के रूप में विकसित होता है बीज निर्माण की यह प्रक्रिया विभिन्न पौधों में भिन्न–भिन्न प्रकार से होती है।

बीजपत्र


बीजपत्र (बवजलसमकवद, अर्थः बीज–पत्ता) बहुत से पौधों के बीज का एक महत्वपूर्ण भाग होता है। बीज के अंकुरण होने पर यही बीजपत्र विकसित होकर पौधे के पहले पत्तों का रूप धारण कर सकते हैं। वनस्पति शास्त्र में फूलदार (सपुष्पक या आवृतबीजी) पौधों का वर्गीकरण बीज में मौजूद बीजपत्रों की संख्या के आधार पर ही किया जाता है। एक बीजपत्र वाली जातियों को 'मोनोकॉट' (monocot या monocotylenonous, ***एकबीजपत्री)*** और दो बीजपत्र वाली जातियों को 'डायकॉट' (dicot या dicotylenonous, द्विबीजपत्री) कहा जाता है। इनके अलवा बिना फूल वाले 'अनावृतबीजी' gymnosperm] अर्थः नग्न बीज) कहलाए जाने वाले पौधों के बीजों में (जिनमें चीड़ जैसे कोणधारी शामिल हैं) २ से लेकर २४ बीजपत्र हो सकते हैं।



आवृतबीजी वृक्षों व पौधों में मोनोकॉट और डायकॉट का अंतर उन पौधों के रूप में बहुत दिखाई देता है ।

द्विबीजपत्री बीज की संरचना


बीज की बाहरी परत को **बीजावरण** कहते हैं। बीजावरण की दो सतहें होती हैं– बाहरी को **बीजचोल** और भीतरी स्तह को टेगमेन कहते हैं। बीज पर एक क्षत चिन्ह तरह का ऊर्ध्व होता है जिसके द्वारा बीज फल से जुड़ा रहता है। इसे नाभिका कहते हैं। प्रत्येक बीज में नाभिका वेफ ऊपर छिद्र होता है जिसे **बीजांडद्वार** कहते हैं। बीजावरण हटाने के बाद आप बीज पत्राों के बीच भ्रूण को देख सकते हैं। भ्रूण में एक भ्रूणीय अक्ष और दो गूदेदार बीज पत्र होते हैं। बीज पत्रों में भोज्य पदार्थ संचित रहता है। अक्ष के निचले नुकीले भाग को मूलांकर तथा ऊपरी पत्तीदार भाग को प्रांकुर कहते है ;चित्र 5.18द्ध। **भ्रूणपोष** भोजन संग्रह करने वाला ऊतक है जो द्विनिषेचन के परिणामस्वरूप बनते है । चना, सेम तथा मटर में भ्रूणपोष पतला होता है। इसलिए ये अभ्रूणपोषी हैं जबकि अरंड में यह गूदेदार होता है (भ्रूण पोषी है)।



चित्र 5.18 द्विबीजपत्री बीज की संरचना

एकबीजपत्री बीज की संरचना

प्रायः एकबीजपत्राी बीज भ्रूणपोषी होते हैं लेकिन उनमें से कुछ अभ्रूणपोषी होते हैं। उदाहरणतः आर्किड। अनाज के बीजों जैसे मक्का में बीजावरण झिल्लीदार, तथा फल भित्ति से संग्लित होता है। भ्रूणपोष स्थूलीय होता है और भोजन का संग्रहण करता है। भ्रूणपोष की बाहरी भित्ति भ्रूण से एक प्रोटीनी सतह द्वारा अलग होती है जिसे **एल्यूरोन सतह** कहते हैं। भ्रूण आकार में छोटा होता है और यह भ्रूण पोष के एक सिरे पर खाँचे में स्थित होता है। इसमें एक बड़ा तथा ढालाकार बीजपत्र होता है जिसे **स्वुफटेलम** कहते हैं। इसमें एक छोटा अक्ष होता है जिसमें **प्रांकुर** तथा **मूलांकुर** होते हैं। प्रांकुर तथा




चित्र 5.19 एकबीजपत्री बीज की संरचना

मूलांकुर एक चादर से ढवेफ होते हैं, जिसे क्रमशः **प्रांकुरचोल** तथा **मूलांकुरचोल** कहते हैं। ;चित्र 5. 19द्ध


1.9 पौधों में पदार्थों का अभिगमन

1 जल का अभिगमन



पौधों की जड़ें मिट्टी में से जल तथा खनिज प्राप्त करती हैं। यह जल जड़ों से पत्ती तक प्रकाश संश्लेषण के लिए किस प्रकार पहुंचता है वाहिनिकाऐं ;ज्तंबीपकेद्ध तथा वाहिकाएं (टमेमसे) जो जाइलम् की निर्जीव कोशिकाएं होती है, मूल रोमो (चित्र 1) (Root hairs) के द्वारा मिट्टी में से अवशोषित जल को पत्तियों तक पहुंचाती है। मृदा से जल व खनिजों की ऊपर की तरफ की यह गति रसारोहण (Ascent of sap) कहलाती है। यह प्रक्रिया गुरूत्वाकर्षण की विपरित दिशा में और वाष्पोत्सर्जन खिंचवा (Transpiration pull) के कारण होती है। वाष्पोत्सर्जन वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा जल की विशाल मात्रा वाष्प के रूप में रन्ध्रों (Stomata) द्वारा वाष्पोत्सर्जित होती है। इस वाष्पोंत्सर्जन के कारण एक निर्वात् बन जाता है जो पानी को जाइलम के द्वारा ऊपर की तरफ खींच लेता है। यह वाष्पोत्सर्जन खिंचाव है।

2 खाद्य पदार्थों का अभिगमन



पत्तियाँ संश्लेषित, शर्कराएं और अन्य खाद्य अणु फ्लोएम के द्वारा पोधों के अन्य भागों तक पहुंचाती हैं। फ्लोएम की चालनी नलिकाएं ;पमअम जनइमेद्ध सजीव कोशिकाएं होती हैं, इन्हीं के माध्यम से भोजन का अभिगमन होता है। पत्तियों से पौधे के अन्य भाग को खाद्य पदार्थ का अभिगमन स्थानांतरण (Translocation) कहलाता है। यह भोजन फलों, तने तथा जड़ों में संचित किया जाता है।

3 पौधों में श्वसन

पौधों में कोई विशिष्ट श्वसन– अंग नहीं होते हैं। जड़ें अपने मूलरोमो से ऑक्सीजन प्राप्त करती है। मूलरोम मिट्टी के ीतर अंतः स्थापित होते हैं। आस पास की वायु में विद्यमान ऑक्सीजन विसरित होकर मूल रोमों के भीतर पहुंच जाती है और फिर वहाँ से जड़ों में। बाहर निकलने वाली कार्बन डाई ऑक्साइड भी इसी प्रकार जड़ों से बाहर विसरित हो जाती है। पत्ती की सतह पर उपस्थित रन्ध्र ऑक्सीजन को भीतर लेने के लिए खुल जाते हैं तभी कार्बन डाई ऑक्साइड बाहर निकल जाती है।

पुरानी जड़ों में और काष्ठमय पौधों की छाल में सूक्ष्म सुराख होते हैं जिन्हें वातरन्ध्र (Lenticels) कहते हैं। इन्हीं वातरंध्रों द्वारा ऑक्सीजन भीतरी सजीव ऊतकों तक पहुंचती है और कार्बन डाई ऑक्साइड बाहर निकल जाती है।

रन्ध्रों का खुलना व बंद होना (आंतरिक व बाहरी सतह दिखाते हुए) रन्ध्रों के खुलने व बंद होने में गार्ड (द्वार) कोशिकाऐं मदद करती हैं। जब गार्ड कोशिकाओं में पानी भर जाता है तो वे फूल जाती हैं और स्फीत ज्नतहपकद्ध हो जाती है। दोनों गार्ड कोशिकाएं एक दूसरे से दूर हो जाती हैं और रन्ध्र खुल

जाते हैं। जब गार्ड कोशिकाएं शिथिल (Flaccid) होती है तो रन्ध्र बंद हो जाते हैं। गार्ड कोशिकाओं के स्फीत व शिथिल होने में रवनिज पदार्थ मदद करते हैं।

हिमाचल प्रदेश की प्रमुख प्रजातियां

1) इमारती लकड़ी देने वाली प्रजातियां

- देवदार (Cedrus deodara) सीडरस देवदार
- चील (Pinus roxburghii) पाईनस रोक्सबरागई
- रई (Picea smithiana) पोषिया स्मिथियाना
- तोश (Abies pindrow) एबीज पीन्ड्रों
- कैल (Pinus wallichiana) पाईनस वालीचिआना
- साल (Shorea robusta) षोरिया रोबस्टा
- तुन (Toon ciliata) तूना सिलियेटा
- षीषम (Dalbergia sisoo)

2) चारा देने वाली प्रमुख प्रजातियां

- बान (Quercus leucotrichophora) क्वरकस लियूकोट्राकोफोरा
- मोहरू (Quercus dilatata) क्वरकस डिलेटटा
- खरसू (Quercus semecarpifolia) क्वरकस सेमिकारपीफोलिया
- बीयुल (Grewia optiva) ग्रीवीया आपटिवा
- बहेड़ा (Terminalia belerica) टरमीलिया बैलेरिका
- रोबिनिया (Robinina pseudoacacia) रोबिनिया स्यूडोअकेसिया
- कचनार (Bauhinia variegata) वौहिनिया वैरिगेटा
- सिरिस (lbizzia lebbeck) एलविजिया आसट्रेलीस
- खिड़क (Celtis australis)
- खैर (cacia catechu) ऐकेषिया कैटैचू

3) ईंधन देने वाली प्रजातियां

- बान (Quercus leucotri chophora) क्वरकस लियूकोट्राकोफोरा
- छाल/बाकली (Anogeissus latifoliaद्ध आनोगीसॅस लैटीफोलिया
- कचनार (Bauhinia variegata) वौहिनिया वैरिगेटा
- सिरिस (Albizzia lebbeck) एलविजिया आसट्रेलीस
- मरीनु (Ulmis laevigata) अलमस लेइवीगेटा
- चुली (Prunus armeniaca) प्रुनस अरमेनिका
- धरेक (Melia azedarach) मीलिया अजैडेरेक

4) फल देने वाली प्रजातियां

- दाडू (Punica granatum) पयूनिका ग्रेनेटॅम
- काफल (Myrica nagi) मइरिका नागी
- जामुन (Syzigium cumini) षाइजीजीयम कुमीनाई
- आम्बला (Emlica officinalis) ऐम्बलिका आफिसीनेलिस
- आम (Mangifera indica) मेंजिफेरा इण्डिका
- चुली (Prunus armeniaca) प्रुनस अरमेनिका
- हरड़ (Terminalia chebula) टरमीनेलिया चैबुला
- बिल (Aegle marmelos) इगल मारमीलोस

GLOSSARY OF BOTANICAL NAMES

S No	Family	Botanical Name	Local Vernacular Name
1	Acanthaceae	*Adhatoda zeylanica (=A. vasica)*	Basuti
2	Acanthaceae	*Strobilanthes auriculata*	Kapur minngar
3	Agavaceae	*Agave americana*	Ram ban
4	Amaranthaceae	*Deeringia amaranthoides (=D. celosioides)*	Bhirang
5	Anacardiceae	*Lannea coromandelica*	Kehmal
6	Anacardiceae	*Mangifera indica*	Am
7	Anacardiceae	*Pistacia integerrima*	Kakrain
8	Anonaceae	*Miliusa velutina*	Chopar chila
9	Apocynceae	*Carissa opaca*	Garuna
10	Apocynceae	*Holarrhena pubescens (=H. antidysenterica)*	Keor
11	Apocynceae	*Ichinocarpus frutescens (=Quirivelia frutescens)*	Bakkarbel
12	Apocynceae	*Nerium oleander (=N. odorum)*	Ghanira gandheela
13	Apocynceae	*Vallaris solanacea (=V. heynei)*	Dudh bel
14	Apocynceae	*Wrightia arborea (=W. tomentosa)*	Khalawa
15	Arecaceae (=Palmae)	*Phoenix sylvestris*	Khajoor
16	Asclepiadaceae	*Calotropis procera*	Ak
17	Asclepiadaceae	*Cryptolepis buchananii*	Jaman khumb
18	Asclepiadaceae	*Dregia volubilis (=Wattakaka volubilis)*	Mund bel
19	Asclepiadaceae	*Periploca calophylla*	Sarpri
20	Asclepiadaceae	*Tylophora hirsute*	Terni
21	Asteraceae (=Compositae)	*Ageratum conyzoides*	Gha buti, Neela phulnu
22	Bignoniaceae	*Oroxylum indicum*	Tatplanga
23	Bignoniaceae	*Stereospermum chelonoides*	Padal
24	Bombacaceae	*Bombax cieba*	Simal

S No	Family	Botanical Name	Local Vernacular Name
25	Cactaceae	*Opuntia elatior*	Chhittar Chhun
26	Caeselpinaceae	*Bauhinia malabarica*	Kachnar, Karal
27	Caeselpinaceae	*Bauhinia purpurea*	Kachnar
28	Caeselpinaceae	*Bauhinia vahlii*	Taur
29	Caeselpinaceae	*Bauhinia variegata*	Kachnar, Karal
30	Caeselpinaceae	*Caesalpinia decapetala*	Ralan, Arlu
31	Caeselpinaceae	*Cassia fistula*	Kaniar, Amaltas, Alis
32	Caeselpinaceae	*Cassia occidentalis*	Chakunda
33	Caeselpinaceae	*Cassia tora*	Panwar
34	Cannabinaceae	*Cannabis sativa*	Bhang
35	Capparaceae	*Capparis sepiaria*	Hiun garna
36	Capparaceae	*Crataeva religiosa*	Barna
37	Celastraceae	*Cassine glauca*	Mirgu
38	Celastraceae	*Celastrus paniculatus*	Sankhiran
39	Celastraceae	*Euonymus pendulus*	Bharmela
40	Celastraceae	*Maytenus royleana (=Gymnosporia royleana)*	Bhadrun
41	Combretaceae	*Anogeissus latifolus*	Dhao. Chhal
42	Combretaceae	*Terminalia alata (=T. tomentosa)*	Asian Sain
43	Combretaceae	*Terminalia arjuna*	Arjan
44	Combretaceae	*Terminalia bellirica*	Bahera
45	Combretaceae	*Terminalia chebula*	Harar
46	Convolvulaceae	*Argyreia nasirii (=Lettsmia thomsonii)*	
47	Convolvulaceae	*Ipomoea turpethum*	
48	Convolvulaceae	*Porana paniculata*	Faindal
49	Cuscutaceae	*Cuscuta reflexa*	Agas bel
50	Dioscoreaceae	*Dioscorea belophylla*	
51	Dioscoreaceae	*Dioscorea bulbifera*	

S No	Family	Botanical Name	Local Vernacular Name
52	Dioscoreaceae	*Dioscorea deltoides*	Jung kinch, Shingli Mingli
53	Dipterocarpaceae	*Shorea robusta*	Sal
54	Ebenaceae	*Diospyros chloroxylon*	Kinnu
55	Ebenaceae	*Diospyros cordifolia*	Kala dhao
56	Ebenaceae	*Diospyros montana*	Kendu
57	Ehretiaceae (=Cordiaceae)	*Cordia dichotoma (=C. myxa)*	Lasura
58	Ehretiaceae (=Cordiaceae)	*Cordial vestita*	Kumbhi
59	Ehretiaceae (=Cordiaceae)	*Ehretia acuminata*	Sakar
60	Ehretiaceae (=Cordiaceae)	*Ehretia laevis*	Chamorar
61	Euphorbiaceae	*Antidesma acidum*	Amla
62	Euphorbiaceae	*Bischofia javanica*	Marak
63	Euphorbiaceae	*Bridelia squamosa*	Gaddi
64	Euphorbiaceae	*Drypetes roxburghii (=Purtranjiva roxburghii)*	Putajen
65	Euphorbiaceae	*Euphorbia royleana*	Kuri Thor, Chhun
66	Euphorbiaceae	*Glochidion velutinum*	Chamar-saman
67	Euphorbiaceae	*Jatropha curcas*	Jamnota
68	Euphorbiaceae	*Mallotus philippensis*	Kamal
69	Euphorbiaceae	*Phyllanthus emblica (=Emblica officinalis)*	Amla
70	Fabaceae	*Abrus precatorius*	Rattak, Ratti
71	Fabaceae	*Butea monosperma*	Dhak, Palash
72	Fabaceae	*Cajanus volubilis (=Atylosia crassa)*	Bantaur
73	Fabaceae	*Dalbergia sissoo*	Shisham, Tali
74	Fabaceae	*Desmodium motorium*	Dudli
75	Fabaceae	*Desmodium velutinum*	Jagru

S No	Family	Botanical Name	Local Vernacular Name
76	Fabaceae	*Erythrina glabrescens*	Pariara Paliaro
77	Fabaceae	*Flemingia semialata*	Bara Solpan
78	Fabaceae	*Indigofera dosua*	Kathi
79	Fabaceae	*Milletia extensa*	Salangan
80	Fabaceae	*Mucuna pruriens*	Gajal bel
81	Fabaceae	*Ougeinia ougeinensis*	Sandan, Sanan
82	Fabaceae	*Pongamia pinnata (=Derris indica)*	Sukhchain
83	Fabaceae	*Pueraria tuberose*	Salod
84	Flacourtiaceae	*Casearia elliptica*	Chilla
85	Flacourtiaceae	*Flacourtia indica (=F. ramontchi)*	Kangu
86	Flacourtiaceae	*Xylosoma longifolium*	Chirandi
87	Juglandaceae	*Engelhardtia spicata var. colebrookiana*	Samma
88	Lamiaceae (=Labiatae)	*Colebrookia oppositifolia*	Dusen
89	Lamiaceae (=Labiatae)	*Pogostemon plectranthoides*	Kali basuti
90	Lamiaceae (=Labiatae)	*Roylea cinearea*	Kararoi Tila pati
91	Lauraceae	*Persea gamblei*	Badrol
92	Liliaceae	*Asparagus racemosus*	Satmuli, Musli
93	Liliaceae	*Reinwardtia indica*	Basant
94	Loranthaceae	*Dendrophthoe falcate*	Parand
95	Lythraceae	*Woodfordia fruticosa (=W. floribunda)*	Dhawin, dhawi
96	Malpighiaceae	*Aspidopterys wallichii*	Jugter Dhur bel
97	Malpighiaceae	*Hiptage benghalensis (=H. madablota)*	Malti wan
98	Malvaceae	*Urena lobata*	Unga
99	Meliaceae	*Azadirachta indica*	Nim
100	Meliaceae	*Melia azedarach*	Drek, Dek, Bakain
101	Meliaceae	*Toona ciliata*	Tun Tun

S No	Family	Botanical Name	Local Vernacular Name
102	Menispermaceae	*Cocculus laurifarius*	Paror
103	Menispermaceae	*Stephania elegans*	Batindu
104	Mimosaceae	*Acacia catechu*	Khair
105	Mimosaceae	*Acacia leucophloea*	Reru, Riur
106	Mimosaceae	*Acacia modesta*	Phalai
107	Mimosaceae	*Acacia nilotica spp. Indica*	Kikar
108	Mimosaceae	*Albizia chinensis*	Ohi
109	Mimosaceae	*Albizia lebbeck*	Siris, Sarin
110	Mimosaceae	*Albizia odoratissima*	Karmaru
111	Mimosaceae	*Mimosa himalayana*	Dargarhi
112	Moraceae	*Ficus benghalensis*	Barh, Bohar
113	Moraceae	*Ficus hispida*	Dagur
114	Moraceae	*Ficus nemoralis*	Dudla
115	Moraceae	*Ficus palmate*	Dura, Dogla
116	Moraceae	*Ficus racemosa (=F. glomerata)*	Rumbal
117	Moraceae	*Ficus religiosa*	Pipal
118	Moraceae	*Ficus rumphii*	Palakh
119	Moraceae	*Ficus sarmentosa (=F. foveolata)*	Rudhar
120	Moraceae	*Ficus semicordata (=F. cunia)*	Kandroi
121	Moraceae	*Ficus subincisa (=F. clavata)*	Karanda
122	Moraceae	*Ficus virens (=F. infectoria)*	Padari
123	Moraceae	*Morus alba*	Tut
124	Moraceae	*Morus australis*	Sia-tut
125	Moraceae	*Morus macroura (=M. laevigata)*	Shah-tut
126	Moraceae	*Morus serrata*	Karun (cultivated)
127	Moringaceae	*Moringa oleifera*	Sanan Suhanjua
128	Myrsinaceae	*Ardisia solanacea*	
129	Myrsinaceae	*Maesa indica*	Burkani

S No	Family	Botanical Name	Local Vernacular Name
130	Myrsinaceae	*Myrsine africana*	Chhota mendhru
131	Myrtaceae	*Careya arborea*	Handabhera
132	Myrtaceae	*Eugenia jambolana var. caryophyllifolia*	Kathaman
133	Myrtaceae	*Syzygium cumini*	Jaman
134	Oleaceae	*Jasminum arborescens*	Dhur-malti
135	Oleaceae	*Jasminum dispermum*	Sarain
136	Oleaceae	*Jasminum grandiflorum*	Malti
137	Oleaceae	*Jasminum multiflorum*	Banmalti
138	Oleaceae	*Linociera intermedia*	Masandaru
139	Oleaceae	*Nyctanthes arbor-tristis*	Kuri, Hurshjngar
140	Oleaceae	*Olea ferruginea*	Kao
141	Pinaceae (=Coniferae)	*Pinus roxburghii*	Chil
142	Poaceae(=Gramineae)	*Artistida adscensionis (=A. depressa)*	Lambi
143	Poaceae(=Gramineae)	*Bambusa arundinacea*	Magur (Cultivated)
144	Poaceae(=Gramineae)	*Chrysopogam montana*	Dholu
145	Poaceae(=Gramineae)	*Cymbopogam martini*	Makora gha
146	Poaceae(=Gramineae)	*Dendrocalamus hamiltonii*	Mohar, Mugger (Cult.)
147	Poaceae(=Gramineae)	*Dendrocalamus strictus*	Bans Bain
148	Poaceae(=Gramineae)	*Eulaliopsis binata*	Bhabar, Bagar
149	Poaceae(=Gramineae)	*Hetropogon contortus*	Lambu
150	Poaceae(=Gramineae)	*Saccharum spontaneum*	Kahi
151	Poaceae(=Gramineae)	*Sorghum nitidum*	Lunji
152	Punicaceae	*Punica granatum*	Anar, Doran
153	Raunnanculaceae	*Clematis gouriana*	Jhol
154	Raunnanculaceae	*Clematis grata*	Charki
155	Raunnanculaceae	*Clematis roylei (=C. nutans)*	Coibru, Machrun
156	Rhamnaceae	*Rhamnus triqueter*	Gulodan
157	Rhamnaceae	*Sageretia filiformis (=S. oppositifolia)*	Girgithan

S No	Family	Botanical Name	Local Vernacular Name
158	Rhamnaceae	*Zizyphus maruitiana (Z. jujuba)*	Ber
159	Rhamnaceae	*Zizyphus oenoplia*	Kokal-ber
160	Rosaceae	*Pyrus pashia*	Kainth
161	Rosaceae	*Rubus niveus (=R. lasiocarpus)*	Kala akha
162	Rosaceae	*Rubus paniculatus*	Akha
163	Rubiaceae	*Catunaregam spinosa (=Randia dumertorum)*	Rara
164	Rubiaceae	*Himalrandia tetrasperma (=Randia tetrasperma)*	Jindru
165	Rubiaceae	*Hymenodictyon orixense (=H. excelsum)*	Barthua
166	Rubiaceae	*Mitragyna parvifolia*	Kalan
167	Rubiaceae	*Spermadictyon sauveolens (=Hamiltonia suaveolens)*	Gullhain
168	Rubiaceae	*Wendlandia heynei*	Pansera
169	Rutaceae	*Aegle marmelos*	Bil
170	Rutaceae	*Murraya koenigii*	Gandhla
171	Rutaceae	*Murraya paniculata*	Nargan
172	Rutaceae	*Naringi crenulata (=Limonia acidissima)*	Barnahi Billan
173	Salicaceae	*Salix tetrasperma*	Badhla
174	Santalaceae	*Osyris wightiana*	Sason
175	Sapindaceae	*Dodonaea viscose*	Maindhor
176	Sapindaceae	*Sapindus mukorossi*	Ritha
177	Sapotaceae	*Madhuca indica*	Mahua (introduced)
178	Saurauiaceae	*Saurauia napaulensis*	Bhakara
179	Sterculiaceae	*Helicteres isora*	Maror phalli
180	Tiliaceae	*Grewia eriocarpa (=G. elastica)*	Phalsa
181	Tiliaceae	*Grewia optiva (g. oppositifolia)*	Biul, Dhaman
182	Tiliaceae	*Grewia serrulata (=G. laevigata)*	Dhamriana Damani
183	Ulmaceae	*Holoptelea integrifolia*	Rajain, Pardesi

S No	Family	Botanical Name	Local Vernacular Name
184	Ulmaceae	*Trema politoria*	Kasa Kuri
185	Urticaceae	*Boehmeria platyphylla*	Padara
186	Urticaceae	*Boehmeria rugulosa*	Ligga
187	Verbenaceae	*Callicarpa macrophylla*	
188	Verbenaceae	*Caryopteris odorata*	Ban-basuti
189	Verbenaceae	*Clerodendrum phlomidis*	Dhakkari
190	Verbenaceae	*Gmelina arborea*	Ban
191	Verbenaceae	*Lantana camara*	Ukkal Buti, Panjphulli
192	Verbenaceae	*Premna barbata*	Ginani
193	Verbenaceae	*Premna mucronata*	Bhankahar, Gin
194	Verbenaceae	*Tectona grandis*	Sagwan (introduced)
195	Verbenaceae	*Vitex negundo*	Bana
196	Vitaceae	*Ampelocissus latifolia*	Giddar dakh
197	Vitaceae	*Cayratia trifolia*	Chamar bel
198	Vitaceae	*Vitis flexuosa (=V. parvifolia)*	

LIST OF 50 SPECIES IN HIMACHAL PRADESH

S. No	Species	Local Name(s)	Habit	Uses	Med-icinal	Timber	NTFP
1	Cedrusdeodara	Devdar, Diar, Kelo	Tree	Firewood, timber, Med oil,	HIGH	HIGH	HIGH
2	Pinusroxburghii	Chir, Chil	Tree	Firewood, timber, resin		HIGH	HIGH
3	Pinuswallichiana	Kail	Tree	Firewood, timber		HIGH	HIGH
4	Pinusgerardiana	Chilgoza, Neoza	Tree	Edible nut, firewood			
5	Abiespindrow / spectabilis	Rai, Bhramitalish	Tree	Timber, furniture wood, Med	HIGH	HIGH	
6	Piceasmithiana	Tosh	Tree	Timber, furniture wood		HIGH	
7	Taxuswallichiana	Rakhal, Bimri, talish	Tree	Med; timber,	HIGH		
8	Quercusleucotricophora	Baan	Tree	Fodder, firewood, charcoal			HIGH
9	Quercusdilitata	Moru	Tree	Fodder, firewood, charcoal			HIGH
10	Quercussemicarpi-folia	Kharsu	Tree	Fodder, firewood, charcoal			
11	Quercusglauca		Tree	Fodder, firewood			
12	Shorearobusta	Sal	Tree	Med, tanins, timber, oil	HIGH	HIGH	HIGH
13	Terminaliabellerica	Behera, bhutavasah	Tree	Med: part of 'Trifla'	HIGH		
14	Terminaliachebula	Harad,	Tree	Med: part of 'Trifla'	HIGH		
15	Terminaliaarjuna	Arjun	Tree	Med	HIGH		
16	Phyllanthesemblica	Amla	Tree	Med: part of 'Trifla'; eaten raw or processed into many products	HIGH		
17	Bauhinia variegata	Kachnar	Tree	Fodder, flowers as vege, Med			HIGH
18	Aeglemarmelos	Bael, bilva,	Tree	Med	HIGH		

S. No	Species	Local Name(s)	Habit	Uses	Med-icinal	Timber	NTFP
		bil					
19	Acacia catechu	Khair	Tree	Med; Katha, fodder, firewood	HIGH		HIGH
20	Acacia nilotica	Kikar	Tree	Firewood, charcoal			HIGH
21	Anogeissuslatifolia	Dhawada	Tree	Med, fodder	HIGH		HIGH
22	Ficusreligiosa	Peepul	Tree	Med; Religious ceremonies, KEY STONE SPECIES			
23	Ficusbenghalensis	Barh, bargarh	Tree	Med: Religious ceremonies, KEY STONE SPECIES			
24	Ficusglomerata	Gular, cluster-fig	Tree	Med; Fruit edible, favourite of birds			
25	Celtisaustralis	Khirk	Tree	Important fodder			HIGH
26	Grewiaoptiva	Beul	Tree	Important fodder			HIGH
27	Prunuscerasoides	Paja	Tree	fruit edible, stones for necklaces, walking sticks			
28	Prunusarmeniaca	Chuli	Tree	Bitter apricot oil, high value, Med	HIGH		HIGH
29	Juglansregia	Akhrot	Tree	Fruit sold, oil valuable, Med	HIGH		HIGH
30	Punicagranatum	Dadru	Tree	Seasoning in food, chutneys			HIGH
31	Aesculusindica	Gela, gelu	Tree	Fruit eaten by Baboons			
32	Mangiferaindica	JungleeAam	Tree	Fruit edible, eaten by many wildlife species			
33	Ceibapentandra	Semul	Tree	Stuffing pillows, quilts			

S. No	Species	Local Name(s)	Habit	Uses	Med-icinal	Timber	NTFP
34	Corylusjacquemon-tii	Hazelnut	Tree	Nut edible, high value			HIGH
35	Hippophaesalicifol-ia	Nam-tar	S Tree	Med; juice, hedge, firewood	HIGH		HIGH
36	Acer caesium	Maple	Tree	Shuttle & bobbins, furniture			
37	Ailanthus altissima		Tree	Fodder, soil binder			
38	Robiniapsued-acacia	Robinia	Tree	Fodder, firewood, timber			HIGH
39	Alnusnepalensis	Kunish	Tree	Fodder, firewood			
40	Albiziachinensis	Oee	Tree	Fodder, Shade tree in tea gardens			
41	Betulautilis	Bhojpatra	Tree	stems used in roofing, bark as paper & in water proofing			
42	Cinamomumtamala	Tejpata	Tree	Med; leaves as seasoning in rice, curries	HIGH		HIGH
43	Dalbergiasissoo	Shisham	Tree	Timber, furniture wood		HIGH	
44	Toonaciliata	Toon	Tree	Timber, furniture wood		HIGH	
45	Rhododendron arboreum	Brass	Tree	Squash made from flower			HIGH
46	Rhododenroncamp anulatum	Gulabi Brass	Tree	Med, State Flower of HP,			
47	Salix alba	Willow	Tree	Fodder, firewood		HIGH	
48	Cassia fistula	Amaltas	Tree	Med; avenues,	HIGH		
49	Pyruspashia	Kainth	Tree	fruit edible, pear grafted on this species			

S. No	Species	Local Name(s)	Habit	Uses	Med-icinal	Timber	NTFP
50	Cupressustorulosa		Tree	timber durable, incense from leaves / bark			
51	Morus alba	Shetoot	Tree	fruit edible, leaves fed to silk worms			HIGH
52	Oleaferruginea	wild olive	Tree	wood prized for implements, fruit eaten, oil extracted			
53	Pistacia sub spintegerrima	Kakarsinghi	Tree	Med;	HIGH		
54	Mallotusphilppensis	Rohini	Tree	Med; fruit yield natural dye			
55	Buteamonosperma	Tesuphool	Tree	Med; fodder	HIGH		
56	Oroxylumindicum	TetuChhal	Tree	Med;	HIGH		HIGH
57	Sapindusmukorosi	Ritha	Tree	Med, soap nut	HIGH		HIGH

CHAPTER 1.1

गौण वन उपज

गैर–लकड़ी वन उत्पादों (एनटीएफपी) लकड़ी के अलावा कोई उत्पाद या सेवा है जो जंगलों में उत्पादित है। इनमें फलों और नट, सब्जियां, मछली और खेल, औषधीय पौधों, रेजिन, सुगंध और छाल और रेशे जैसे बांस, रतन, और कई अन्य हथेलियां और घास शामिल हैं।

पिछले दो दशकों में, सरकारों, संरक्षण और विकास एजेंसियों और गैर–सरकारी संगठनों ने उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में गरीब लोगों के लिए आय बढ़ाने और वन संरक्षण को बढ़ावा देने के तरीके के रूप में एनटीएफपी के विपणन और बिक्री को प्रोत्साहित किया है।

लेकिन विभिन्न उपयोगकर्ता एनटीएफपी को अलग तरह से परिभाषित करते हैं, उनकी रुचि और उद्देश्यों के आधार पर। सीआईएफओआर में, लोगों को वन संसाधनों का उपयोग करने और इन संसाधनों में सुधार करने में मदद करने पर जोर देने पर जोर दिया जाता है, जो कि दुनिया के ग्रामीण गरीबों की आजीविका के लिए करते हैं। तदनुसार, सीआईएफओआर एनटीएफपी की एक समावेशी परिभाषा का उपयोग करता है– जो कि लकड़ी के लकड़ी या ईंधन के लिए उपयोग किए जाने वाले लकड़ी के उत्पादों को भी शामिल करता है।

2.2.1 एनटीएफपी और लोगों को समझना

जटिल सामाजिक–आर्थिक और पारिस्थितिक वातावरण में एनटीएफपी का उपयोग और प्रबंधित किया जाता है। पारंपरिक वन समुदायों में, कई एनटीएफपी का उपयोग निर्वाह के लिए किया जा सकता है जबकि अन्य आय का मुख्य या एकमात्र स्रोत है। कुछ एनटीएफपी में महत्वपूर्ण सांस्कृतिक मूल्य है, जैसे कुल देवता, धूप और अन्य धार्मिक वस्तुओं। दूसरों के पास महत्वपूर्ण औषधीय मूल्य है और समुदाय के स्वास्थ्य और भलाई में योगदान करते हैं।

लेकिन जैसा कि वन क्षेत्र घटता है, मानव आबादी बढ़ती है, बाजार में बदलाव होता है, और पारंपरिक प्रबंधन संस्थान अपने अधिकार खो देते हैं, कई एनटीएफपी का टिकाऊ उत्पादन अब तक आश्वासन नहीं दे रहा है। उदाहरण के लिए, 1 9 80 और 1 9 0 के दशक में अंतर्राष्ट्रीय रतन की कीमतों में वृद्धि हुई, एशिया में वाणिज्यिक कंपनियां स्थानीय लोगों को उपलब्ध संसाधनों का इस्तेमाल करने के लिए किराए पर लिया। बड़े पैमाने पर अति–शोषण के परिणामस्वरूप और कई स्थानों पर संसाधन नष्ट हो गया, स्थानीय जैव विविधता को प्रभावित किया गया और लोगों को आय के महत्वपूर्ण स्रोत के बिना छोड़ दिया गया।

सीआईएफओआर के निष्कर्ष अपने समग्र संदर्भ में एनटीएफपी पर विचार करने के महत्व पर जोर देते हैं। जबकि वाणिज्यिक एनटीएफपी गरीब लोगों के लिए महत्वपूर्ण मूल्य का हो सकता है, लेकिन एनटीएफपी के संग्रह और कटाई के बाहर मौजूद बाधाओं को पहचानना महत्वपूर्ण है। गरीब लोग गरीब हैं क्योंकि उनके पास बाजार तक सीमित पहुंच, अपर्याप्त पूंजी और आम तौर पर कमजोर सौदा करने की शक्ति है। कुछ एनटीएफपी रोजगार और आय पैदा करने के अवसरों की पेशकश कर सकते हैं लेकिन इस क्षमता को साकार करने के लिए अन्य क्षेत्रों में भी निवेश की आवश्यकता होगी, जैसे सूक्ष्म–वित्त योजनाएं, परिवहन और प्रशिक्षण। यह समझना भी महत्वपूर्ण है कि कच्चे माल के उत्पादन से लेकर अंतिम बाजार तक पूरी एनटीएफपी श्रृंखला कैसे चलती है, बाधाओं को पहचानने और उनकी क्षमता को समझने के लिए ।

2.2.2 भारत में आर्थिक महत्व के छज्थ्च को निम्नलिखित श्रेणियों

में बांटा जा सकता है।

- खाद्य सुरक्षा के लिए एनटीएफपीरू शहद, मशरूम, खाद्य फलों और नट्स, पत्ते और रेजोमो
- लकड़ी और बायोमास के लिए एनटीएफपीरू ईंधन, फर्नीचर, खुजली, चारा और खाद के लिए उपयोगी
- दवाओं और पौधों के संरक्षण के लिए एनटीएफपीरू मानव फसलों, जानवरों और कृषि फसलों में कीटों और रोगों के नियंत्रण के लिए
- एआरमैटिक्स, डाईज और तिलहन के लिए एनटीएफपीरू औषधीय और औद्योगिक उपयोग के लिए

2.2.3 NTFPs (हिमाचल प्रदेश के गैर इमारती वन उत्पादन)

परिभाषा :–प्रकाष्ठ, ईंधन के अतिरिक्त सभी वन उपज गैर इमारती वन उत्पाद कहलाते हैं जिनकों वनों से प्राप्त किया जाता है। हिमाचल प्रदेश में निम्न रूप यह उपलब्ध हैं।

- तन्तु तथा रूई **(Fibres & Flosses)**
- चमड़ा रंगने के पदार्थ और रंग **(Tans & Dyes)**
- तेल **(Oil)**
- गोंद, लीसा, तेलयुक्त तथा गोंदयुक्त लीसा **(Gums, Resins, Oleo-Resins& Gum resins)**
- औषधियां, मसाले, खाद्य पदार्थ तथा विष इत्यादि **(Drugs, Spices, Edible products & Poison)**
- घास, बांस तथा बेतें **(Grass, Bamboos & Canes)**
- पशु, खनिज तथा विविध पदार्थ **(Animals, Minerals & Miscellaneous Products)**

छज्थ्े एक महत्वपूर्ण वन सम्पदा है। इस वन सम्पदा का वन में बसने वाले आदिवासियों तथा लोगों की सामाजिक व आर्थिक दशा सुधारने में महत्वपूर्ण योगदान है।

- वन विभाग का **40%** राजस्व **NTFPs** से मिलता है।
- **50%** रोजगार भारतीय वानिकी सेक्टर में NTFPs से मिलता है।
- **70%** ˙ NTFPs महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, बिहार, उड़ीसा व आंध्र प्रदेश से इकट्ठा किया जाता है।˙ NTFPs एक महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है।
- **70%** आयत (वितमेज म्गचवतज) में छज्थ्े का योगदान है।

2.2.4 हिमाचल प्रदेश महत्वपूर्ण गैर इमारती वन उत्पादों (NTFPs) वाली प्रजातियों का विवरण :

हिमाचल प्रदेश को प्रकृति की ओर से विविध प्रकार के जलवायु व भौगोलिक ऊंचाईयों की देन है। अनेक प्रकार की ऊंचाईयों में वनस्पति से ढके हुए विशाल क्षेत्र हैं। इन क्षेत्रों में अनेक किस्म की गैर इमारती वन सम्पदाओं वाली प्रजातियां पाई जाती है। हिमाचल प्रदेश **NTFPs** प्रजातियों को जलवायु व धरातल से चार भागों में बांटा जा सकता है।

- निचले या शिवालिक क्षेत्र के **NTFPs**
- मध्यम ऊंचाई के क्षेत्रों की **NTFPs**
- समशीतोषण **(Temperate)** क्षेत्रों की **NTFPs**
- आल्पीय व शुष्क क्षेत्रों की **NTFPs**

(1) निचले या शिवालिक क्षेत्र के **NTFPs** :– इस क्षेत्रों में नाहन, राजगड़, वन मण्डल का कुछ भाग, कुलिहार, सोलन, बिलासपुर, हमीरपुर, सुकेत, ऊना, नुरपूर, देहरा व कांगड़ा के कुछ भाग आते हैं। इस क्षेत्र में प्रचुर मात्रा में छज्झे की प्रजातियां पाई जाती है। कुछ महत्वपूर्ण छज्झे की प्रजातियां निम्न प्रकार से हैं।

- टर्मिनेलिया बेलेरिका (बहेड़ा)
- एम्बलिका आफिशिनेलिस (आमला)
- पिस्टेशिया इन्टैग्रीमा (ककड़ सिंगी)
- अकेशिया अरेबिका (कीकर)
- अकेशिया कैटच्यु (खैर)
- रावौलफिया सरपैंटाइना (सर्पगन्धा)
- शोरिया रोबस्टा (साल)
- वायोला पजातियां (वनशफा)
- टिनोसपोरा कार्डिफोलिया (गलोय)
- वम्बूसा अरुण्डनेसिया (वांस)
- डैन्डरोकैलामस रिट्रक्टस (वांस)
- केशिया गाइगौशिया (बडी ऐलो)
- मधुका इंडिका (महुआ)
- बौहिनया परपुरिया (करयाल)
- सेपिन्डस मुकरोसाइ (रीठा)
- टर्मिनोलिया देबुला (हरड़)
- ग्रीविया आपटिवा (वीयुल)
- कैलामस टूनिस (बैन्त)

(2) मध्यम ऊंचाई के क्षेत्रों की **NTFPs** :– इस क्षेत्रों में वह सब क्षेत्र हैं जो लगभग 1700 मीटर तक ही ऊंचाई पर हैं। इस क्षेत्र में भी कई प्रकार के छज्झे पाए जात हैं। कुछ महत्वपूर्ण **NTFPs** इस क्षेत्र के निम्न प्रकार के हैं।

- वायोला प्रजातियां (वनशफा)
- डायस्कोरिया डैल्टआडिया (शिगली–मिंगली)
- एट्रोपा जाति (झरका)
- प्युलिका ग्रैनेटम (दाडू)
- पाईनस रौकसबर्घाई (चीड़)
- सैपिडंस मयुकोसाई (रीठा)


- मीराका नागी (काफल)
- रोडोडैण्ड्रौन आरवोरियम (बुराह)
- अरण्डूनेरिया फैलकाटा (निगाते)
- ग्रीवीया आपटिवा (बियुल)
- अमलतास

(3) समशीतोषण (ज्मउचमतंजम) क्षेत्रों की छज्थ्छे :– इस क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण छज्थ्छे मिलते हैं। इस क्षेत्र में रोहडू, शिमला, कोटगढ़, किन्नौर, सिराज, नाचन, चौपाल, सुकेत, मण्डी, कुल्लू, पारवती, चम्बा, चुराह, पालमपुर, डनहौजी इतयादि वन मण्डल आते है। इस क्षेत्र के महत्वपूर्ण छज्थ्छे की प्रजातियां निम्न प्रकार से हैं।

- जुगलॉस रीजिया (अखरोट)
- सिडरस दयोदारा (देवदार)
- अरण्डूनेरिया फैलकाटा (निगाते)
- पाईनस वैलिचियाना (कैल)
- जट्रोपा प्रजातियां (झरका)
- वायोला प्रजातियां (वनशफा)
- पोडोफायलम टैक्सैड्रम (वन ककड़ी)
- वैलेरियाना बैलेचाई (मुश्क वाला)
- डायसकोरिया डैल्टआइयडिस (शिगली–मिगली)
- जैंशियाना कुरू (कडू)
- टैक्सास बेकाटा (ब्रह्मी/रखाल)
- रोडोडैंड्रान आरबोरियम (बुरास)
- बरबैरिल प्रजातियां (रसौत)
- मौरचैला प्रजातियां (गुच्छी) इत्यादि ।

(4) आल्पीय व शुष्क क्षेत्रों की छज्थ्छे :– इस क्षेत्र में बहुत ऊंचे आल्पीय व किन्नौर, लाहौल–स्पीति के शुष्क शामिल हैं जो लगभग 3300 मीटर की ऊंचाई से ऊपर हैं। इस क्षेत्र में व्यापारिक दृ‍िट से कुछ महत्वपूर्ण छज्थ्छे की प्रजातियां पाई जाती हैं।

- सासुरिया लापा (कुठ)
- एकोनिटम चैसमैंयस (पतीश)
- जुरिनिया मैकोसिफैला (धूप)
- एट्रोपा बैलाडोना (झरका)
- पाइनस जीरारडियाना (चीलगोजा)
- एफिड्रा जीरारडियाना (सोमलता)
- कैरम–कैरवी (ज़ीरा)
- मौरचैला (गुच्छी)
- सीडरस एसकुलैन्टा (देवदार)




- **पाइनस बैलीचिआना (कैल) इत्यादि**

2.2.5 वृक्ष पातन एवम् लगुण उपकरण **(Felling and logging Impliments)** :–

वन की मुख्य एवम् उपयोगी उपज वृक्ष हैं। वृक्ष का उपयोग करने के लिए उसका पातन करना पड़ता हैं और उसके बाद रूपान्तरण।

वृक्ष पातन के लिए कई प्रकार के उपकरण (औजार) या हथियार काम में आते हैं। इसका चुनाव वृक्ष के आकार, मूल्य तथा पातन मजदूरों की दक्षता तथा स्वभाव पर निर्भर है।

वृक्ष पातन में निम्न लिखित हथियार काम में लाये जाते है–



पाठल खुखरी

(1) पाठल **(Billhook)** तथा खुखरी :– ये दोनो हथियार छोटे आकार के वृक्षों के पातन के काम में आते हैं। वृक्ष गिर जाने के बाद उनकी शाखायें भी इनसे काटी जाती हैं। गिराये जाने वाले वृक्षों के नीचे उपस्थित अग्रिम पुनरूत्पादन को बचाने के लिए वृक्षों को गिराने से पहले उनकी शाखाओं को इन हथियारों से काटा जाता हैं।

(2) कुल्हाड़ी **(Axe)** :– कुल्हाड़ी वृक्ष पातन का प्रमुख हथियार हैं और इसका प्रयोग भी प्रायः हर जगह हातेा हैं।

विभिन्न स्थानों में इसकी आकृति भिन्न–भिन्न होती हैं। प्रत्येक कुल्हाड़ी में निम्न दो भाग होते हैं।

(अ) लोहे का शीर्ष तथा

(ब) लकड़ी का बेंट।

कुल्हाड़ी का शीर्ष एक ओर चौकोर और दूसरी ओर पतली धार वाला होता हैं। चौकोर भाग में एक छेद जिसे आंख कहते हैं, होता हैं।जिसमें बेंट डालते हैं। इसके आगे कुल्हाड़ी फन्नी का रूप लेकर पतली और चौड़ी होती जाती हैं।
जिसका अन्त कुछ गोलाई ली हुई

धार में होता है। कुल्हाड़ी के इस भाग को फल कहते है। फल तेज धार वाला तथा अच्छे पानी का होना चाहिये।

वह न तो अधिक नर्म और न ही बहुत कड़कीला होना चाहिये। कुल्हाड़ी की आंख अण्डाकार या गोल होती हैं। अमरीकी कुल्हाड़ी में आंख अण्डाकार तथा भारत में कुल्हाड़ी की आंख गोल रखी जाती हैं।


साधारण कुल्हाड़ी का वजन 3/4 कि. ग्रा. से लेकर 2 कि. ग्रा. तक होता हैं ।

बेंट लकड़ी का होता है, और उसकी लम्बाई दो से तीन फीट (लगभग 0.6 मीटर से 0.9 मीटर) तक होती हैं। गोल आंख के लिये गोल तथा सीधे बेंट की आवश्यकता होती हैं और अण्डाकार आंख के लिये मुड़े हुये तथा चपटे बेंट की। बेंट के लिये बाकली (ऐनोगाईसिस लैटस्ट्रिक्टस), रोहनी (मैलोटस फिलीपिनेन्सिस) ीफोलिया), बांस (डेंड्रोकेलामस आदि उपयुक्त प्रजातियां हैं।

फाड़न पेड़ गिराने के अतिरिक्त कुल्हाड़ी गिराये गये पेड़ों की शाखायें काटने, छाल उतारने, मोटे पेड़ों को`, लठ्ठा बनाने, स्थूल रूपान्तरण करने तथा उन्मूलन के काम में भी लाई जाती हैं।

(3) आरा **(Saw):-** कुल्हाड़ी द्वारा पातन में वृक्ष का काफी प्रकाष्ठ नष्ट हो जाता हैं। इसलिये मूल्यवान प्रजातियों के पातन के लिये आरा काम में लाया जाता हैं।

फौलाद की पट्टी लकडी की मूंठ(टेन्डिल)



आरे की पट्टी एक भाग लठ्ठा आरा पेड़ गिराने, लठ्ठे बनाने तथा चिरान करने के काम आता है। आरा लकड़ी की मूंठ आरै फौलाद की पतली पट्टी से बनता हैं। लकड़ी की मूंठ एक सिरे या दोनो सिरों पर हो सकती हैं । छोटा आरा (आरी) में एक मूंठ होती हैं। बड़ा आरा चलाने के लिये दो व्यक्ति चाहिये। इसलिये इसमें दोनो सिरों पर मूंठ होती हैं। फौलाद की पट्टी का एक किनारा सीधा तथा दूसरा किनारा दांतेदार होता हैं । विभिन्न प्रकार के आरों में दांते विभिन्न प्रकार के होते है।

लकड़ी में आरे को आसानी से चलाने के लिये आरे के दांते पट्टी से अधिक स्थान घेरने वाले (मोटे) होने चाहिये। यह दो प्रकार से हो सकता है। एक रीति में तो दांते क्रमानुसार पटट्री के एक, और दूसरी ओर मोड़ देते है। इसको 'स्प्रिंग सेंटिग' कहते है। दूसरी रीति में आरे के दांत का सिरा पट्टी से मोटा बना दिया जाता है। इसकों 'स्वेज सेंटिग' कहते हैं ।


आरे के प्रकार –

उपयोग के अनुसार आरे दो प्रकार के होते हैं :–

(प) कटान आरे (Cross cut Saw) :– ये लठ्ठे बनाने या पेड़ गिराने के काम आते हैं। काष्ठ के तन्तुओं की समकोण (लम्बवत) दिशा में काटने के कारण ही इनको अंग्रेजी में ''क्रॉस कट सॉ'' कहते है और हिन्दी में कटान आरा कहते है। ऐसे आरों में दोनो दिशाओं में काटते है। इसलिये या तो हर दांत दोनो दिशाओं में दांते धार वाले होते हैं या दांते क्रमानुसार एक और दूसरी ओर धार वाले होते हैं। इनके दांते दूर–दूर और बीच में बड़े गलैट होते है।

जिनसे निकला हुआ बुरादा उनमें समा सके। इनमें कई प्रकार के दांते पाये जाते है। परन्तु साधारणतया पाये जाने वाले दांते व्ही आकार के, एम आकार के या भाले के आकार के होते है ।

कटान आरे साधारणतया लगभग 1.5 मीटर से 2.5 मीटर लम्बाई के मिलते है। कटान




विदेशी कटान आरे के रेकर दातें

आरा चलाने में लगे दो व्यक्ति बारी–बारी से आरे को एक ओर से दूसरी ओर खीचतें हैं।


आजकल रेकर दांते वाले विदेशी आरें भी काम में आने लगे है। इनमें दो तिकोने दांतों के बाद एक रेकर दांता होता हैं। तिकोने दांते तन्तु काटते हैं आरै रेकर दांता उनको अलग करता हैं और बुरादे को कर्फ से बाहर निकालता हैं । इनके गलैट बड़े होते हैं इस कारण ये बड़ी सफाई से काम करते हैं।

(पप)

(अ) चौखट वाला चिरान आरा ;थ्तंउम ॅूद्ध :– इसमें चौखट के अन्दर आरा लगा रहता है। चौखट की लम्बाई अधिक और चौड़ाई कम होती हैं और आरा लम्बाई में लगा रहता हैं।



(ब) <u>दिल्ली वाला आरा</u> **(Delhi Saw)** :– यह आरा गोलाई लिये होता है। इसमें चौखट नहीं होती।



चिरान करने के लिये सबसे पहले लट्ठे पर सूत डाला (निशान लगाया) जाता है, ताकि चिरान टेड़ा मेड़ा न हो। सूत डालने के बाद लट्ठे को आड़ा खड़ा करके चिरान होता है।

<u>अच्छे आरे के गुण –</u>

अच्छें आरे में निम्नलिखित गुण होने चाहिये :–

(1) उसकी पट्टी पतली, कड़ी और लचकदार होनी चाहिये, जिससे वह मोड़कर छोड़ने पर अपनी जगह आ जावे।

(2)उसे सब स्थानों पर समान रूप से मुडना चाहिये और बजाने पर टन की आवाज होनी चाहिये ।

(3)उसका फौलाद न बहुत कड़कीला होना चाहिये कि दांते टूट जावे और न बहुत नर्म कि दांते मुड जावे ।


(4)आरा अच्छे सन्तुलन वाला होना चाहिये और उसकी मूंठ, पट्टी पर मजबूती से लगी होना चाहिये ।

<u>आरे का अनुरक्षण</u> :–

(1) जब आरे काम में न आ रहें हों तो उन्हें ग्रीस लगाकर गोदाम में चौड़ी अलमारी के खाने में या सीमेन्ट के रैंक पर समतल दशा में एक दूसरे के ऊपर रखना चाहिये।

(2) उन्हें लटकाना नहीं चाहियें क्योंकि इस दशा में वे गिर सकते हैं या सिर में लग सकते हैं।

(3) रस्से, तार, फन्नी :– पेड़ गिराने की दिशा पर नियंत्रण रखने के लिये पेड़ गिराने में फन्नी, तार तथा रस्से का प्रयोग किया जाता हैं। पेड़ गिराते समय जब आरें से काटा जाता है, तो जिस ओर पेड़ गिराना हो उसकी विपरीत दिशा से काट के स्थान पर फन्नी ठोकी जाती हैं। फन्नी (छेनी) लोहे की होती हैं। एक ओर पतली तथा दूसरी ओर मोटी होती है। पेड़ को एक निश्चित दिशा में गिराने के अतिरिक्त फन्नी मोटे लठ्ठे को फाड़ने के काम में भी लाई जाती है। यदि पेड़ एक ओर झुका हुआ हो और उसको



विभिन्न प्रकार की फन्नियां

किसी निश्चित दिशा में गिराना हो तो वृक्ष के ऊपरी भाग को रस्से या तार से बॉधकर उस ओर खीचते है जिससे लगभग आधा काटा हुआ वृक्ष उस ओर खिच जाता है।

2.2.6 वृक्ष पातन के सामान्य नियम (General Rules For Felling)

वृक्ष पातन प्रकाष्ठ व्यापार का महत्वपूर्ण अंग है। क्योंकि यह लाभदायक रूपान्तरण का प्रारंभिक चरण हैं। वृक्ष पातन के दो आधारभूत सिद्धांत निम्नानुसार हैं–

(1) वन निकासी करने के लिये अधिकतम तथा अच्छे प्रकाष्ठ का उत्पादन।

(2) आसपास के शेष खड़े वृक्ष को न्यूनतम हानि हो।

इन सिद्धांतों को पूरा करने के लिये निम्न लिखित नियमों का पालन करना चाहिये–

(1) वृक्षों को भूमि के जितने पास सम्भव हो काटना चाहिये। यदि वृक्ष ऊॅचा काटा जायेगा, तो वृक्ष से मिलने वाली प्रकाष्ठ में कमी होगी।

(2) वृक्षों को इस प्रकार और ऐसी दिशा में गिराना चाहियें कि वे स्वयं अपने आपको तथा आसपास शेष खड़े वृक्षों को न्यूनतम हानि पहुॅचावे।

(3) वृक्षों को ऐसी जगह गिराना चाहिये जहां उनका चिरान करना और जहां उनका निकालना सम्भव हो।

(4) ऑधी या तेज हवा के समय वृक्ष पातन नहीं करना चाहिये अन्यथा वृक्ष गिरने की दिशा पर नियंत्रण नहीं रहता है।

(5) पर्वतीय ढालों पर वृक्षपातन ऊपर से नीचे की ओर बढाना चाहिये इससे वृक्ष लुढ़कने का डर कम हो जाता हैं, क्योंकि बिना कटे वृक्ष उसको रोक लेते है।

(6) जहां तक सम्भव हो वृक्षपातन संकेन्द्रित होना चाहिये। ऐसा करने से सम्बन्धित कर्मचारी एवम् वरिष्ठों द्वारा निरीक्षण करना सुविधाजनक होता हैं।


(7) जिन वृक्ष प्रजातियों से कॉपिस लेना हो उनका पातन इस प्रकार करना चाहिये कि ठूँठ या उसकी छाल न कटे।

वृक्षपातन की विधियां **(Modes of Felling)**


वृक्ष पातन की विधि वृक्ष के आकार और मजदूरों के अनुभव पर निर्भर होती है। सामान्यतया नीचे लिखी पांच विधियों में से किसी एक या अधिक का प्रयोग होता हैं ।

(1) पाठल या बिलहुक तथा खुखरी द्वारा :– पाठल या बिलहुक तथा खुखरी से केवल वालवृक्ष गिराये जाते है। इन हथियारों से एक चोट एक ओर से और दूसरी चोट दूसरी ओर से वालवृक्ष ा को काटने के लिये काफी होती हैं।

(2) केवल कुल्हाड़ी द्वारा :– केवल कुल्हाड़ी द्वारा वृक्षक या बड़े वृक्ष गिराये जाते हैं। इस विधि में वृक्ष को जिस ओर गिराना हो उस ओर भूमि से लगभग 1 जाता हैं। इस घाव की आकृति ऐसे कोण के समान डेसीमीटर से 2 डेसीमीटर ऊपर वृक्ष पर एक घाव बनाया होती हैंजिसके नीचे वाली भुजा समतल हो। इस घाव को इतना बड़ा बनाते हैं कि वृक्ष का 2/3 से र बड़े वृक्षों में 3/4 भाग कट जाता है। इसके बाद पहले घाव के नीचे वाले तल से लगभग 1 डेसीमीटर ऊपर और पहले घाव के विपरीत दिशा में दूसरा घाव इस प्रकार बनाया जाता हैं कि दोनो घावों का नीचे वाला तल समान्तर हो, जैसे ही ऊपर वाला घाव नीचे वाले घाव के पास पहुॅचता हैं वृक्ष नीचे वाले घाव की और गिर पडता है। इस विधि का सबसे बड़ा लाभ है कि इस विधि से वृक्ष गिराने वाले मजदूर हर जगह मिल जाते हैं। कुल्हाड़ी से वृक्ष गिराने के लिए केवल एक मजदूर से भी काम चल जाता हैं । खड़े वृक्षों को काटने की सबसे सरल विधि यही हैं। इस विधि की सबसे बड़ी हानि यह हैं, कि इस विधि में प्रकाष्ठ बहुत बर्बाद होता है।


केवल कुल्हाड़ी द्वारा पातन

(3) आरे तथा कुल्हाड़ी द्वारा :– कुल्हाड़ी और आरे दोनो के द्वारा वृक्ष गिराने के लिए पहले जिस ओर वृक्ष गिराना हैं, उस ओर कुल्हाड़ी से वैसा ही घाव बनाते हैं जैसा कि केवल कुल्हाड़ी से वृक्ष गिराने के लिए बनाया जाता है। केवल अन्तर इतना ही होता है कि यह घाव छोटा होता हैं और वृक्ष का लगभग एक चौथाई भाग काटता हैं। फिर दूसरी ओर से वृक्ष आरे से काटा जाता हैं। आरे का काट कुल्हाड़ी के घाव के नीचे वाली समतल रेखा से लगभग 1/2 डेंसीमीटर ऊपर से शुरू होकर कुल्हाड़ी के घाव में मिल जाता है। वृक्ष के अन्दर आरे के समा जाने के बाद पीछे से फन्नी ठोक दी जाती हैं जिससे आरा चलाने में कठिनाई न हों। जैसे–जैसे आरा कुल्हाड़ी के काट की ओर बढता हैं, पीछे से फन्नी ठोकी जाती हैं। अन्त में आरे का घाव कुल्हाड़ी के घाव के पास पहुॅचने पर फन्नी को और ठोके जाने पर वृक्ष कुल्हाड़ी के घाव की ओर गिर जाता है। इस विधि का लाभ यह हैं कि इसमें ''केवल कुल्हाडी की विधि'' में बर्बाद होने वाले प्रकाष्ठ की अपेक्षा कम प्रकाष्ठ बर्बाद होता हैं ।


आरे तथा कुल्हाड़ी द्वारा पातन

(4) केवल आरे द्वारा :– इस विधि से वृक्ष पातन करने के लिये जिस ओर वृक्ष गिराना हो उसकी विपरीत दिशा से आरे से काटा जाता हैं। आरे के वृक्ष के अन्दर समा जाने के बाद पीछे से फन्नी ठोकी


केवल आरे द्वारा पातन

जाती है। ताकि आरा चलाने में कठिनाई न हो। जैसे–जैसे आरा आगे बढता हैं, पीछे से फन्नियां ठोकी जाती है। इस प्रकार अन्त में वृक्ष गिर जाता हैं। इस विधि का लाभ यह है कि इसमें प्रकाष्ठ बिल्कुल बर्बाद नहीं होता। इस विधि से वृक्ष गिराने के लिये अनुभवी मजदूर चाहिये ।

(5) <u>पॉवर चैन सॉ द्वारा</u> – पावर चैन सॉ मुख्य रूप से पातन एवं अनुप्रस्थ काट के लिये प्रयोग किया जाता है । मुख्य रूप से एक आदमी द्वारा बिजली चलित यंत्र है , यह यंत्र अधिकतर यूरोपीय देशों में लाया जाता है क्योकि वहां मानवीय श्रम की उपलब्धता कम है ।



पावर चैन सॉ के लाभ –

(प) कम समय में तनों को काटा जा सकता है।

(पप) हल्का एवं उपयोग में आसान है।

(पपप) तने के फटने की संभावना बहुत कम रहती है।

(पअ) पातन में प्रकाष्ठ की हानि बहुत कम होती है।

(अ) आरे के विभिन्न भाग सरलता से बदले जा सकते है ।

(अप) इसके उपयोग से ठूंठ की ऊचाई न्यूनतम रखी जा सकती है।

(अपप) पावर चैन सॉ के उपयोग से धन, समय एवं श्रमिकों की बचत होती है ।

पावर चैन सॉ की हानियां –

(प) ऊबड खाबड जमीन और घनी वनस्पतियों में पावर चैन सॉ के परिवहन में कठिनाई होती है ।



(पप) इसके प्रयोग में दक्ष (कुशल) श्रमिकों की आवश्यकता होती है ।

(iii) यांत्रिक उपकरण होने से खराब होने पर स्थानीय रूप से इसका सुधार होना संभव नही है ।

परम्परागत पातन विधि के दोष :–

हमारे देश मे अभी तक जिस प्रकार पातन होता हैं उसके परिणाम स्वरूप–

(1) ठूँठ के ऊँचा होने और कुल्हाड़ी के घाव के चौड़ा होने के कारण बहुत प्रकाष्ठ नष्ट होता हैं।

(2) झुकें हुये वृक्ष के पातन की दिशा पर नियंत्रण न होने से वृक्ष टूट जाते हैं।

(3) वृक्षों के पातन की दिशा पर नियंत्रण न होने से वे एक दूसरे के ऊपर गिरकर टूट जाते हैं।

(4) वृक्ष पातन में तनें के सबसे नीचे वाला भाग फट जाता है।

इन दोषों के कारण खड़े वृक्ष के आयतन का लगभग 10 प्रतिशत प्रकाष्ठ नष्ट हो जाता हैं। इन नुकसान को कम करने का एक मात्र उपाय यही है, कि वृक्षों का पातन आधुनिक लौगिंग उपकरणों से आधुनिक स्विस तकनीक से किया जावे।

<u>आधुनिक पातन , लौगिंग उपकरण</u> :–

(1) कुल्हाड़ी :–

(अ) पातन कुल्हाडी **(Felling Axe)-** पातन के लिये ।

(ब) ट्रिमिंग कुल्हाड़ी **(Trimming Axe)-** गिरे वृक्षों की शाखा काटने के लिये

(स) प्रूनिंग कुल्हाडी **(pruning Axe)-** खड़े वृक्षों की शाखायें काटने के लिये



(2) आरें :–

(अ) रेकर दांतो वाला कटान आरा **(Cross cut Saw)-** पेड गिराने के लिए ।

(ब) धनुषाकार आरा **(Bow Saw)-** शाखा काटने के लिये ।

(3) विलहुकः– वृक्षों के नीचे की झाड़ी काटने के लिये।

(4) पातन फन्नी (छेनी)।

(5) लम्बाई नापने की लकड़ी।

(6) स्पेड :– छाल उतारने के लिये।

(7) तार रस्सा (स्टेम टाइटनर) :– तने को कसने के लिये।

(8) दिशा लकड़ी।

(9) केन्ट हुक :– लठ्ठें लुड़काने के लिये।

(10) केबल क्लेम्प :– रस्से तार , केबल को स्थिर जगह में बांधने के लिये।

(11) पिकरून :– छोटे पतले लठ्ठों को सरकाने के लिये।

(12) क्लिवर :– लठ्ठे फाड़ने के लिये।

(13) आरा तेज करने के लिये उपकरण।

(14) केबल पुलर या टेन्शनर :– ये उपकरण वृक्ष को अपने झुकाव के विपरीत दिशा में खीचने के काम आता है।

(15) एकल हुक।

(16) कुन्तल हुक।

(17) सैफ्टी बेल्ट और कैम्पून :– वृक्ष पर चढ़ने के लिये।

(18) चोकर रोप :– लठ्ठें के चारों और लपेटने के काम आती है, जिससे लठ्ठा खीचा जा सकें।

आरा मशीन से चिरान (Machine Sawing)

प्रकाष्ठ के रूप में काष्ठ का उपयोग तभी हो सकता है जब लठ्ठो का चिरान किया जावे । चिरान करने से जितना काष्ठ कम बर्बाद होगा उतना ही अधिक लाभ होगा। अतः लठ्ठो का उचित और अधिकतम चिरान करना उनके उपयोग का सबसे प्रथम चरण है। चिरान मजदूरों और मशीनों द्वारा हो सकता है। बढते हुये मूल्य और महत्व को देखकर प्रकाष्ठ व्यापारी अधिकाधिक मशीनों के पक्ष में हो चले है एवं बढती हुई मजदूरी से भी मशीन से चिरान की ओर झुकाव बढ़ा है। आरा मशीनों से चिरान सस्ता होता है और इसमें पतले से पतला गोल प्रकाष्ठ चीरा जा सकता है । इस प्रकार किसी दिये गये गोल प्रकाष्ठ में से अधिकतम चिरान प्रकाष्ठ निकल जाता है।

आधुनिक वृक्ष पातन तकनीक :–

वृक्ष पातन प्रारंभ करने से पूर्व आवश्यक उपकरण पातन क्षेत्र में ले जाकर सुरक्षित स्थान पर रख लेना चाहिए ।

किसी भी वृक्ष को गिराने के पहले उसकी गिराने की दिशा निम्नानुसार निश्चित करनी चाहिये –

(1) वृक्ष को गिराने और हाटने से शेष वन तथा पुनरूत्पादन को न्यूनतम क्षति हो।

(2) वृक्ष को गिराने में उस वृक्ष को क्षति ना पहुॅचे इसलिये पर्वतीय प्रदेश में वृक्ष को पहाड़ के ऊपर की ओर गिराना चाहिये। उसे चट्टानों पर, नालों के आरपार, या गिरें वृक्षों पर नहीं गिराना चाहिये।

(3) गिरें हुए वृक्ष के लठ्ठें बनाने आदि के काम में कोई कठिनाई पैदा न हों ।

पातन की दिशा निश्चित कर लेने के बाद वृक्ष के नीचे की झाड़ी आदि काट देने चाहिये जिससे वृक्ष पातन में कठिनाई ना हो। वृक्ष का पातन काट, वृक्ष की धुरी के समकोण पर होनी चाहिये, जिससे तन्तु आसानी से कटें। वृक्ष गिराने के लिये वृक्ष पर काट के दो घाव बनाये जाते हैं :–

(अ) निचला और (ब) इसकी विपरीत दिशा मे परन्तु कुछ ऊपर । निचले काट का चिन्ह नीचे से नीचे स्थान पर होना चाहिये।
पातन का निचला घाव कुल्हाड़ी से बनाया जा सकता है। परन्तु कटान आरे से बनाना अच्छा होता है, यह घाव वृक्ष के व्यास के लगभग एक तिहाई भाग तक अन्दर जाता है। इस घाव के नीचे का तल समतल होता है, और अन्दर का किनारा जो अवपातन तट कहलाता है एक सीधी रेखा में होता है। इससे वृक्ष अवपातन तट पर से गिरकर ठूॅठ से अलग हो जाता है। निचला घाव काटना शुरू करने से पहले अवपातन तट का स्थान वृक्ष के तनें पर चिन्हित कर देना चाहिये।

निचला घाव बन जानें के बाद विपरीत दिशा से ऊपर की ओर काट बनाया जाता है। ऊपर का काट कटान आरें से किया जाता है। यह काट निचले धाव से दो या तीन सेंटीमीटर ऊपर बनाया जाता है।जब कटान आरा अपने फल की चौड़ाई के दुगने से कुछ अधिक काट लेता हैं, तो फन्नी ठोकी जाती है। फन्नी काट के मध्य में पातन दिशा में ठोकी जाती है। फन्नी ठोकने के बाद कटान आगे बढ़ाया जाता हैं। कटान करते समय इस बात का ध्यान रखा जाता है, कि कटान के दोनो छोर हर समय अवपातन तट से समान दूरी पर रहें । यदि ऐसा मालूम हो कि वृक्ष अपनी पातन दिशा से हट कर गिरेंगा तो पातन दिशा के जिस ओर गिरने की सम्भावना हो उस तरफ अधिक कटान कर देना चाहिये जिससे दूसरी ओर का बिना कटा भाग वृक्ष को निश्चित पातन दिशा की ओर खीच ले । कटान के कुछ ओर बढ़ने पर मध्य फन्नी के दोनों और एक–एक फन्नी उसके समान्तर ठोकी जाती है। जैसे–जैसे काट अवपातन तट के पास आता है वैसे–वैसे कटान सतर्कता के साथ करना चाहिये। जब बहुत थोड़ा भाग बिना कटा रह जावे तो फन्नियों को ठोक कर वृक्ष को निश्चित दिशा में गिराया जा सकता है।

यदि वृक्ष के निचले भाग के फटने का डर हो तो काट से थोड़ा ऊपर तने को बांधने वाले उपकरण स्टेम टाईटनर से तने के निचले भाग को कस देना चाहिये। यदि वृक्ष को अपने झुकाव की विपरीत दिशा में गिराना हो तो केबल पुलर, कुन्तल हुक तथा तार रस्से का उपयोग किया जाना चाहिये।

इस काम को अधिक सरल करने के लिये वृक्ष के झुकाव की ओर की शाखाओं को वृक्ष पर चढ़ कर काट देना चाहिये।

इसके लिये सैफ्टी वेल्ट और केम्पून काम में लाये जाते है। इससे वृक्ष पर चढ़ना सरल होता है, और गिरने का डर नहीं रहता। इन शाखाओं के काटने से झुकाव की दिशा का बोझ कम होने से वृक्ष झुकाव की विपरीत दिशा में आसानी से खींचा जा सकता है।

वृक्ष पातन में सावधानियां :–

वृक्ष पातन में यदि सावधानी न रखी जावे तो मजदूरों को चोट लग सकती है। इसलिये निम्नानुसार सावधानियां रखना अत्यंत आवश्यक है :–

(1) वृक्ष पातन शुरू करने से पहले उसके छत्र को अच्छी तरह देख लेना चाहिये कि उसमें किसी अन्य वृक्ष की टूटी हुई शाखा तो उलझी हुई नहीं हैं अन्यथा वह वृक्ष पातन करते समय पातन करने वाले श्रमिक पर गिर सकती है ।

(2) जहां वृक्ष गिरने की दिशा पर संदेह हो वहां रस्सों या केबल टेन्शनर का उपयोग करना चाहिये ।

(3) जब वृक्ष बड़ा हो तो दो मजदूर एक ही काट पर लगाना चाहिये, अलग–अलग काट पर नहीं।

अन्यथा दो दिशाओं से काटने में दोनो काट पर बराबर हो सकते है, और इस प्रकार वृक्ष के गिरने की दिशा पर नियंत्रण नहीं रहता।

(4) वृक्ष को काटने वालों को वृक्ष गिरने से पूर्व भाग कर खड़े होने के लिए सुरक्षित स्थान को निश्चित कर लेना चाहियें और वृक्ष गिरने से पूर्व आसपास काम करने वालें अन्य मजदूरों को सचेत कर देना चाहिये।

(5) वृक्ष के गिरते समय उसकी जड़, ठूँठ के पास हथियार नहीं छोड़ना चाहिये।

(6) अटके हुये वृक्षों को उनके ऊपर कूंदकर या उनको हिलाकर गिराना बहुत खतरनाक है , इसके लिए वृक्ष के नीचले भाग से दो या ढ़ाई मीटर का एक टुकडा काट देना चाहिए इससे अटका वृक्ष गिर सकता है ।

2.2.7 पातन का समय (Felling Season)

वृक्ष पातन का समय जलवायु, स्थानीय दशाओं तथा मजदूरों के मिलने के समय पर निर्भर रहता है। पर्वतीय भागों में वृक्ष पातन केवल ग्रीष्म ऋतु तथा वर्षा के बाद हिमपात के शुरू होने के पूर्व अर्थात मार्च से जून, अक्टूबर तथा नवम्वर माह में ही किये जा सकते है। शीत ऋतु में हिमपात होने के कारण वृक्ष पातन नहीं हो सकता। यहॉ वर्षा ऋतु में भी वृक्ष पातन नहीं होता, क्योंकि लट्ठ लुढकाने से मृदा क्षरण की संम्भावनाएं बढ़ जाती है। साथ ही वन को भी नुकसान होता है।


मैदानी तथा पहाड़ी भागों में वृक्ष पातन केवल शीत ऋतु में अर्थात अक्टूबर से मार्च तक होता है। यहां ग्रीष्म ऋतु में पातन नहीं होता क्योकि जंगल में आग का डर बढ़ जाता है, तथा वृक्ष में रस की अधिकता होने से गिराये गये वृक्ष की लकड़ी मे कीड़ा बहुत जल्दी लगता हैं। इस ऋतु में वन में पानी का आभाव गर्मी की अधिकता और मजदूरों का आभाव भी रहता हैं।

वर्षा ऋतु में भी यहां पातन नहीं होता क्योंकि नदी नाले चढ़ जाते हैं वनों में आना जाना बन्द हो जाता है, तथा मनुष्य खेती में मजदूर किसी भी कीमत पर नहीं मिलते है।

2.2.8 ''वृक्षों का रूपान्तरण''(Conversion)

काष्ठ का रूपांतरण का कार्य मुख्यतः दो भागो में बांटा जा सकता है – 1– साधारण रूपांतरण – यह वनों में किया जाता है ।

2– लकडी का चिरान के रूप में रूपांतरण । साधारण रूपांतरण के नियम –



- लकडी जितनी अधिक मूल्यवान हो रूपांतरण उतनी ही अधिक सावधानी पूर्वक करना चाहिए।
- जहां तक संभव हो आरे का ही प्रयोग किया जाना चाहिए , कुल्हाडी का नही ।
- कटे हुये वृक्ष की समस्त शाखाये छांट कर जलाऊ और इमारती भाग अलग–अलग कर देना चाहिए
- तने पर निशान लगाकर उसके लट्ठे बना लेना चाहिए । लट्ठे की लंबाई बाजार की मांग, लकडी का उपयोग औरपरिवहन की रीति पर निर्भर करती है । साधारणतया लट्ठे अधिक से अधिक लम्बे और सीधे बनना चाहिए ।
- जहां पर लकडी में कीड़े लगने का भय रहता है वहां पर लट्ठों की छाल निकाल देना चाहिए।
- वृक्ष का रूपांतरण लट्ठा, बल्ली , डेंगरी एवं खोड़ के रूप में किया जाता है ।

लगुण (Logging) :–

दोहन में सबसे महत्वपूर्ण कार्य है लगुण अर्थात निशान लगाना है।

यदि लगुण का सही अनुभव कर्मचारी को नहीं है तो वृक्ष के लठ्ठे गलत बन जायेंगे और लकडी नष्ट हो जायेगी तथा बाजार मूल्य कम मिलेगा। अतः कुछ लॉगिंग के तरीके निम्नानुसार है –

(1) सर्वप्रथम गिरे हुये वृक्ष को एक नजर देखे की वृक्ष के कितने टुकडे सीधे एवं दोष रहित कहां से बनाये जा सकते है।
(2) वृक्ष के आखिरी सिरे से निर्धारित नाप का लठ्ठा बनाते जावें।
(3) निशान देने का कार्य वृक्ष के आखिरी सिरे से करें।
(4) लट्ठा बनाने में सर्वप्रथम यह ध्यान दे की लट्ठा लम्बा से लम्बा , सीधा, गांठ रहित हो। ऐसे लट्ठे का बाजार मूल्य अधिक मिलता है।
(5) चूंकि वृक्ष का मोटा सिरा जिस में अधिकतर बट्रेस व दोषयुक्त होता है , अतः आखिर में जो नाप बचे उसे दोष युक्त लठ्ठे में उपयोग करें।
(6) लठ्ठे की नाप बाजार मांग के अनुसार होना चाहिये 1.80, 2.10, 2.40, 2.80, 3.10, 3.40, 3.70, 4.00, 6.00, मीटर एवं इन मापों से दुगुने नाप के।
(7) वृक्ष की डगालों से जो छोटी एवं पतली होती है , उनसे आर.टी.एल. बनाये जा सकते है।

मापन एवं अभिलेखन :–

लगुण कार्य के पश्चात लट्ठे का माप लिया जाता है । इस बात का पूर्ण ध्यान रखा जायेगा कि मापन के समय लट्ठे , बल्ली , डेंगरी की मध्य छाल निकाल कर माप किया जावे एवं मापन के स्थान पर. का चिन्ह लगाया जाये

(1) गोलाई नापते समय 02 से.मी. की छूट सूखत के लिए दी जायेगी । कुल लंबाई के मध्य से छाल निकाल कर गोलाई से.मी. में नापी जाती है । यदि लट्ठे की लंबाई के मध्य में गठान हो तो गोलाई कम ब्यास वाले सिरे की ओर गठान छोड़कर नापी जायेगी

(2) लट्ठे की लंबाई मीटर में ली जायेगी । लंबाई एक सिरे के छोटे कोने से दूसरे सिरे के छोटे कोने तक नापी जायेगी।

(3) समस्त लट्ठो, बल्लियों व डेंगरी के दोनो सिरों पर गेरू लगाया जायेगा एवं पतले सिरे पर माप अंकित किया जायेगा। अभिलेखन में ठूंठ पर वृक्ष का मार्किंग नम्बर , पातन क्रमांक एवं प्राप्त लट्ठो, बल्लियों एवं डेंगरी की कुल संख्या अंकित की जायेगी । लट्ठे पर जंगल नम्बर , लम्बाई,गोलाई आयतन पतले सिरे पर लिखा जायेगा।

(4) क्षतिग्रस्त वृक्षों के अभिलेखन में मार्किंग नम्बर की जगह डी–1, डी–2, डी–3 अंकित किया जायेगा। इसी प्रकार से ठूंठ पर भी अभिलेखन किया जायेगा।

(5) निकासी पथ निर्माण में गैर मार्क शुदा काटे गये वृक्षों का अभिलेखन आर–1, आर–2, आर–3 से किया जायेगा एवं ठूंठ पर यही अंकित किया जायेगा।

(6) लट्ठों के दोनो सिरों तथा ठूंठ पर पासिंग हैमर (फैलिंग हैमर) लगाया जायेगा।

(7) मापन के साथ–साथ ही पातन रजिस्टर की भी पूर्ति की जायेगी।

(8) लट्ठा , डेंगरी, बल्ली आदि की गोलाई मध्य छाल निकाल कर ही ली जायेगी।

2.2.9 रूपान्तरित प्रकाष्ठ (Converted Timbers)

कूप से डिपो भेजी जाने वाली रूपान्तरित प्रकाष्ठ को मुख्यतः निम्न प्रकार बांटा जाता हैं :–

1. डेंगरी
2. बल्ली
3. लट्ठा

संग्रथित काष्ठ तथा सुधारा हुआ काष्ठ (Composite wood and improved wood)

काष्ठ में पाये जाने वाले दोष और उसकी जलग्रहिता उसके उपयोग के विस्तार में बाधा उपस्थित करते हैं। अतः काष्ठ को अधिक उपयोगी बनाने का एक ही उपाय हैं कि उसके दोषों को पूर्ण रूप से या कम से कम आंशिक रूप में दूर कर दिया जावे। दोषों को दूर कर काष्ठों के विभिन्न टुकड़ों को सग्रंथित करने से निर्दोष काष्ठ तैयार किया जा सकता हैं। ऐसे काष्ठ को संग्रथित काष्ठ कहते हैं। अर्थात '' संग्रथित काष्ठ उस काष्ठ को कहते है जो केवल प्राकृतिक काष्ठ के दोषहीन टुकड़ों को जोड़कर बनाया गया हो या काष्ठ और धातुओं या प्लास्टिक के मिश्रण से बनाया गया हो। ''जैसे प्लाईबुड, लेमीनेटेड काष्ठ, कोर बोर्ड, सेण्डबिच बोर्ड, फाइबर बोर्ड, पार्टीकल बोर्ड।

काष्ठ में विभिन्न प्रकार के उपचार देने से उसके गुण बढ़ जाते हैं ऐसे काष्ठ को सुधारा हुआ काष्ठ कहते हैं। अर्थात '' सुधारा हुआ काष्ठ उस काष्ठ को कहते है जिसकों विभिन्न उपचारों द्वारा अधिक बलशाली बनाने के साथ विमा या आकृति स्थायित्व (डायमेंसनल स्टेबिलीटी) प्रदान किया गया हो। '' जैसे इम्प्रेग बुड, कम्प्रेस्ड बुड, कम्प्रैग बुड।

2.2.10 प्रकाष्ठ श्रेणीकरण (GRADING)

विक्रय गोदामों में लट्ठें तीन श्रेणियों (अर्थात् प्लाइबुड श्रेणी, प्रथम श्रेणी और द्वितीय श्रेणी) में विभाजित किए जाते हैं। इन श्रेणियों में स्वीकार्य दोषों की सीमाएँ नीचे लिखी हैं :–

(1) लम्बाई :– प्लाइबुड श्रेणी के लिए लम्बाई 1.5 मीटर या उससे अधिक होनी चाहिए। प्रथम और द्वितीय श्रेणी के लिए लम्बाई 2 मीटर या उससे अधिक होनी चाहिए।

(2) गोलाई :– प्लाइबुड श्रेणी के लिए गोलाई 120 सें. मी. या उससे अधिक होनी चाहिए। प्रथम और द्वितीय श्रेणी के लिए गोलाई 45 सें. मी. या उससे अधिक होनी चाहिए।

(3) टेढ़ापन :– प्लाइबुड श्रेणी में प्रति 3 मीटर लम्बाई में 10 से.मी. से कम टेढ़ापन स्वीकार्य होता है।प्रथम श्रेणी में प्रति 3 मीटर लम्बाई में वह 15 सें.मी. और द्वितीय श्रेणी में 20 से.मी. ते स्वीकार्य होता हैं।

(4) शुण्डाकारिता :– प्लाइबुड श्रेणी के लिए प्रति 3 मी. लम्बाई में और 30 सें.मी. व्यास में 2.5 सें.मी. तक की कमी स्वीकार्य हैं। प्रथम और द्वितीय श्रेणी में यह कमी 5 सें.मी. तक हो सकती है।

(5) खोखलापन या गाभे में सड़न :– प्लाइबुड श्रेणी में ये दोष 5 सें.मी. व्यास तक और यदि लट्ठा गॉठ रहित हो तो 10 सें.मी. व्यास तक स्वीकार्य होते हैं। प्रथम श्रेणी के लिए गोलाई के आधार पर इस दोष की दो स्वीकार्य सीमाएँ हैं। यदि लट्ठा 0.5 मी. से 1.2 मी. गोलाई का हो तो व्यास के 10 प्रतिशत तक और यदि लट्ठा 1.2 मी. या अधिक गोलाई का हो

तो व्यास के 25 प्रतिशत तक यह दोष स्वीकार्य होता है। द्वितीय श्रेणी में यह दोष लट्ठे के व्यास का 25 प्रतिशत तक स्वीकार्य होता है।

(6) आंशिक वलय तार :– प्लाइबुड श्रेणी में यह दोष तभी स्वीकार्य होता है। जब लट्ठे के मध्य में 5 सें.मी. के अन्दर हो। प्रथम और द्वितीय श्रेणी में यह दोष तभी स्वीकार होता है। जब तार लट्ठे के व्यास के 0.25 से अधिक न हो और उसके मध्य में स्थित हो।

(7) गॉठ :– प्लाइबुड श्रेणी में जीवित या मृत गॉठ 5 सें.मी. व्यास तक की स्वीकार होती हैं। प्रथम श्रेणी में प्रति 3 मीटर लम्बाई में 3 जीवित गॉठे तथा मृत गॉठ 10 सें.मी. व्यास से अधिक न हों। द्वितीय श्रेणी के लिए जीवित गॉठ कोई दोष नहीं होती। मृत गॉठ 15 सें.मी. व्यास से अधिक न हो।

(8) नालियॉ :– प्लाइबुड श्रेणी में 1.25 सें.मी. गहराई तक की नाली कोई दोष नहीं। 2.5 सें.मी. गहरी दो नालियॉ लट्ठे की आधी लम्बाई तक स्वीकार्य होती हैं। प्रथम और द्वितीय श्रेणी में क्रमशः 2.5 सें.मी. तथा 5 सें.मी. गहरी नाली कोई दोष नहीं। इन दोनों श्रेणियों में केवल 3 नालियॉ स्वीकार्य होती हैं।

लट्ठों का वर्गीकरण

लट्ठे 6 वर्गो मे वर्गीकृत किए जाते हैं। प्रत्येक वर्ग की विशिष्टियॉ नीचे लिखी हैं

प्रथम वर्ग :–

(1) खोखलापन :– केवल एक सिरे पर लट्ठे के व्यास के 10 प्रतिशत व्यास तक।
(2) टेढ़ापन :– लट्ठे की प्रति 3 मीटर लम्बाई में 10 सें.मी. तक।
(3) गॉठ :– प्रति 3 मीटर लम्बाई में 3 जीवित तथा 3 मृत गॉठे।
(4) नालियॉ :– 2.5 सें.मी. नालियॉ कोई दोष नहीं, 3 नालियॉ जिनकी गहराई का योग 10 सें. मी. से अधिक न हो, स्वीकार्य, यदि उनमें से कोई 5 सें.मी. से अधिक गहरी न हों।
(5) शुण्डाकारिता :– लट्ठे की प्रति 3 मी. लम्बाई और 30 सें.मी. व्यास में 5 सें.मी. की कमी।

द्वितीय वर्ग :–

(1) खोखलापन :– केवल एक सिरे पर लट्ठे के व्यास के 20 प्रतिशत व्यास तक,
(2) टेढ़ापन :– लट्ठें की प्रति 3 मी. लम्बाई में 20 सें.मी. तक,
(3) गॉठें :– जीवित गॉठ कोई दोष नहीं, लट्ठे की प्रति 3 मी. लम्बाई में 4 मृत गॉठें।
(4) नालियॉ :– 5 सें.मी. गहरी नालियॉ कोई दोष नहीं, 3नालियॉ जिनकी गहराई का योग 15 सें.मी. से अधिक न हों, स्वीकार्य, यदि उनमें से कोई 10 सें.मी. से अधिक न हों।
(5) शुण्डाकारिता :– लट्ठें के प्रति 3 मी. लम्बाई और 30 सें.मी. व्यास में 5 सें.मी. तक की कमी।

तृतीय वर्ग :–

(1) खोखलापन :– केवल एक सिरें पर लट्ठे के 30 प्रतिशत व्यास तक।
(2) टेढ़ापन :– लट्ठे की 3 प्रति मी. लम्बाई में 30 सें.मी. तक।
(3) गॉठ :– जीवित गॉठ कोई दोष नहीं, लट्ठे की प्रति 3 मी. लम्बाई से 5 मृत गॉठें।

(4) नालियॉ :– 10सें.मी. गहरी नालियॉ कोई दोष नहीं, 3नालियॉ जिनकी गहराई का योग 15 सें.मी. हो, स्वीकार्य,

(5) शुण्डाकारिता :– लट्ठे की प्रति 3 मी. लम्बाई और 30 सें.मी. व्यास में 8 सें.मी. तक की कमी।

चतुर्थ वर्ग :–

(1) खोखलापन :– दोनों सिरों में लट्ठे के व्यास के 40 प्रतिशत व्यास तक।

(2) टेढ़ापन :– लट्ठे की 3 प्रति मी. लम्बाई में 30 सें.मी. तक।

(3) गॉठ :– जीवित गॉठ कोई दोष नहीं, लट्ठे की प्रति 3 मी. लम्बाई से 5 मृत गॉठें।

(4) नालियॉ :– 15सें.मी. गहरी नालियॉ कोई दोष नहीं, 10 सें.मी. से 15 सें.मी. गहरी 3 नालियॉ स्वीकार्य,

(5) शुण्डाकारिता :– लट्ठे की प्रति 3 मी. लम्बाई और 30 सें.मी. व्यास में 8 सें.मी. तक की कमी।

पंचम वर्ग :–

(1) खोखलापन :– दोनों सिरों में लट्ठे के व्यास के 40 प्रतिशत व्यास तक।

(2) टेढ़ापन :– लट्ठे की 3 प्रति मी. लम्बाई में 40 सें.मी. तक।

(3) गॉठ, नालियॉ, तथा शुण्डाकारिता :– कोई सीमा नहीं।

षष्ठम वर्ग :–

खोखलापन :– लट्ठे के व्यास से 50 प्रतिशत व्यास से अधिक।

प्रकीर्ण (मिश्रित प्रजाति) लट्ठे

प्रकीर्ण (मिश्रित) प्रजातियों के लट्ठे तीन वर्गो में वगीकृत किए जाते हैं। इन में प्रथम दो वर्गो में दोषों की स्वीकार्य सीमाऍ वहीं है जो सागौन लट्ठों के लिए हैं। शेष लट्ठे तृतीय वर्ग में आते हैं।

2.2.11 प्रकाष्ठ निर्वर्तन (Disposal of Timber)

वनो से वनोपज का निर्वर्तन का कार्य राज्य शासन का वन विभाग करता है इसमें वृक्षों की मार्किंग, पातन, परिवहन, संग्रहण, तथा विक्रय सम्मिलित है

वनो से वनोपज निकालने (विदोहन) की कार्य पद्वति :– वनों में कटाई हेतु क्षेत्रीय वनमण्डल के कर्मचारियों द्वारा उस वनक्षेत्र में कार्यआयोजना अनुसार लागू उपचार विधि के अनुसार वृक्षों की मार्किंग की जाती है।

मार्किंग उपरांत कूपों को उत्पादन वनमण्डल को कटाई हेतु मार्किंग रिकार्ड सहित हस्तांतरित किया जाता है। उत्पादन वनमण्डल के कर्मचारी श्रमिक लगाकर वृक्षों की कटाई तथा लगुण कार्य करते है। इसके बाद काष्ठ शासकीय वाहनों अथवा प्रायवेट परिवहन ठेकेदारों से किलोमीटर की दर निर्धारित कर डिपों में परिवहन कर एकत्र करते है। डिपों में श्रेणीवार थप्पीकरण कर समय–समय पर घोष विक्रय द्वारा नीलाम किया जाता है।

जलाऊ चट्ठो के मामलों में कूप से सीधे जलाऊ चट्ठो की नीलामी भी की जाती है। किन्तु कुछ वनमण्डलों में जलाऊ चट्ठे भी जलाऊ डिपो लाकर डिपो से ही नीलाम किये जाते है।

वनोपज विक्रय की विधि :— डिपो में श्रेणीवार थप्पीकरण होने के बाद लॉट बनाये जाते है। विगत 3 नीलामों की औसत दर के अनुसार लॉटो की अपसेट प्राईज उत्पादन वनमण्डल द्वारा निर्धारित की जाती है तथा नीलाम की दिनांक निश्चित कर समाचार पत्रों के माध्यम से क्रेताओं को नीलाम की सूचना दी जाती है नीलाम दिनांक को उपस्थित क्रेताओ द्वारा सत्यांकार राशि (ई.एम.डी.) जमा की जाती है तभी वे बोली लगाने के पात्र होते है। पात्र बोली दार प्रत्येक लॉट की कीमत की बोली लगाकर आपस में प्रतिस्पर्धा करते है तथा सबसे ऊंची बोली लगाने वाले क्रेता की बोली वनमण्डलाधिकारी द्वारा स्वीकृत की जाती है। विक्रित लॉट का 25 प्रतिशत मूल्य बैंक ड्राफ्ट के रूप में तत्काल जमा करा ली जाती है तथा शेष संपूर्ण राशि का ड्राफ्ट प्राप्त होने पर उस खरीदे गये लॉट का परिदान देने का आदेश किया जाता है।

यह कार्यवाही पूर्ण होने पर डिपो अधिकारी परिवहन अनुज्ञा पत्र (टी.पी.) जारी कर क्रेता द्वारा खरीदे गये लॉट को अपने गंतव्य स्थान तक ले जाने की अनुमति देता है।

परिवहन

वन मे प्रकाष्ठ ओर ईंधन के तैयार हो जाने के बाद उनके परिवहन का प्रबन्ध करना पड़ता है। प्रकाष्ठ परिवहन (1)थल मार्ग से,(2) आकाश मार्ग से,(3)जल मार्ग से किया ला सकता है।

1 थल मार्ग से

वन ऊपज को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने के लिए थल मार्ग सबसे महत्वपूर्ण साधन हैं । आकाश मार्ग का उपयोग करने पर भी थल मार्ग का उपयोग करना पड़ता हैं परन्तु अधिकांश परिवहन आकाश मार्ग से या जल मार्ग से होने के कारण वह आकाश मार्ग या जल मार्ग परिवहन के नाम से पुकारा जाता हैं। जब वन–ऊपज थल मार्ग से ले जायी जाती हैं तो उसके लिए (क)साधारण वटिया या रास्ते,(ख) बिशेष रूप से बनाए गए मार्ग,या(ग) विशेष रूप से बनायी गयी नालियों मे से किसी एक संचार साधन का प्रयोग किया जाता है।

(क) साधारण बटिया या रास्ता

वन के अन्दर प्रकाष्ठ या अन्य वन–उपज को थोड़ी दूर ले जाने के लिए साधरण बटिया या पगडण्डी या रास्तों से भी काम चल जाता है। साधारण रास्तों से तात्पर्य उन रास्तों या मार्गों से है। जिनके बनाने के लिए कोई श्रम या धन व्यय नहीं करना पड़ता । यह परिवहन नीचे लिखी रीतियों से किया जाती है।

i) मनुष्य की पीठ पर – यह प्रकाष्ठ के परिवहन का सबसे महँगा ढंग है और इस कारण सीमित क्षेत्रों में सीमित दूरी के लिए उपयोग में लाया जाता है। उदाहरण के लिए, पर्वतों में हर जगह सड़कें, ढुलान नालियाँ या तारपथ स्टेशन नहीं बन सकते। वृक्ष से इन स्थानों पर प्रकाष्ठ को ले जाने के लिए पर्वतों में मनुष्य द्वारा ढुलान के अतिरिक्त और कोई साधन नहीं है। इस कार्य के लिए, उत्तर प्रदेश में गोरखे,गढवाली तथा स्थानीय मजदूर भी लगाये जाते है। इस ढुलाई की मजदूरी घनफल के हिसाब से दी जाती है और इसका भाव ढुलाई की दूरी पर निर्भर करता हैं । जब दूरी इतनी अधिक हो कि मजदूर एक बार में प्रकाष्ठ वहाँ न ले जा सके तो इस दूरी को एक से अधिक भागों में

बाँटकर बीच में जगह–जगह प्रकाष्ठ इकट्ठा करने की चौकियाँ बना देते हैं। इस प्रकार के ढुलान से प्रकाष्ठ को बहुत कम नुकसान होता हैं। इसका एक लाभ यह भी है कि इसके लिए किसी रास्ते के बनाने की जरूरत नहीं होती । मजदूर जहाँ से सुविधा देखते हैं वहीं से वन–उपज को ले जाते हैं और उनके लगातार चलने से एक बटिया या पगडण्डी बन जाती हैं ।

ii) पशुओं की पीठ पर –जहाँ कुछ चौड़ी बटिया या रास्ते बन सकते हैं वहाँ यह ढुलान पशुओं की पीठ पर किया जाता हैं। इस काम में खच्चर, घोड़े बैल,भैंसे, ऊँट आदि काम में लाये जाते है। खच्चर पर्वतों में, घोड़े, बैल तथा भैंसे, पहाड़ी प्रदेश में और ऊँट मैदानों में काम में लाए जाते है। मनुष्य के द्वारा ढुलान करन की अपेक्षा यह ढुलान की सस्ती रीति है परन्तु प्रकाष्ठ के एक ओर झुके रहने और जमीन पर घिसटने के कारण, उसको बहुत नुकसान हो जाता है। साथ ही बहुत समय तक प्रकाष्ठ की रगड़ लगाने से भूमि में नालियाँ सी बन जाती है। और समतल मैदानों को छोड़कर अन्य स्थानों मे इससे मृदा–क्षरण की सम्भावनाएँ बढ जाती है।

(iii) लुढ़कान द्वारा –जब भारी लट्ठों को वन में कुछ दूर ले जाना होता है तो उन्हें लुढ़काना पड़ता है। यह काम बिना वृक्ष ,ठूँठ और चट्टानों वाले स्थानों मे आसानी से किया जा सकता है। मैदानों में लट्ठों को लुढकाना के लिए गोल बल्लियों के टुकड़े काम में लाए जाते हैं। जिस दिशा में लट्ठों को लुढकाना है, उसकी समकोण दिशा में5या 6 बल्लियों के टुकडों को थोडी–थोडी दूर पर बिछाकर उनके ऊपर लट्ठा रख दिया जाता है और फिर लकड़ी के डण्डों या कैण्ड हुक आदि की सहायता से उसे लुढ़काया लाता हैं । जैसे–जैसे लट्ठा आगे बढ़ता है, पीछे छूटे हुए बल्लियों के टुकडों को आगे बिछा देते है। मध्य प्रदेश,महाराष्ट्र आदि में लुढ़कान हाथी द्वारा भी किया जाता है। ढालदार स्थानों में लुढ़काना कठिन होता हैं और इसलिए केवल मन्द ढाल मैं ही किया जाता हैं। इसके लिए 20 में 1 का ढाल सबसे अच्छा होता है। परन्तु 10 में 1 से अधिक ढाल में,लुढकान कभी नहीं करना चाहिए। पर्वतों पर सुरक्षित लुढकान करने के लिए लुढकान बटियें बनानी पडती है और वे बहुत महँगी होती हैं। इसलिए उनको बनाने से पहले उनके प्रस्ताविन मार्ग को अच्छी तरह देखकर और सोचकर बनाना चाहिए ।

यदि ढाल कुछ अधिक दिखायी दे तो स्नबिंग विच नामक उपकरण का उपयोग करना चाहिए ।कुछ पहाड़ी वनों में प्रपाती या अति कठिन ढालों पर प्रकाष्ठ को लुढकाने की बुरी रीति प्रचलित है। इससे प्रकाष्ठ को तो नुकसान होता ही हैं पर साथ में वन भूमि तथा पुनरूत्पादन को भी नुकसान होता हैं । इस लुढकान से मृदा –क्षरण होने लगता है और लुढकाने वाली जगह में पुनरूत्पादन नष्ट हो जाता है।

iv) पशुओं द्वारा खींचना –कभी–कभी वनों में ढुलान करने के लिए प्रकाष्ठ को पशुओं

द्वारा खींचा जाता है। प्रकाष्ठ को खींचने के लिए हाथी ,भैसे ,या बैल काम में लाए जाते है। प्रकाष्ठ को इस प्रकार खींचने के लिए मामूली–सा रास्ता वृक्षों को काट कर

या खाली जगह में बनाया जाता है। इस रास्ते में आने वाले पुराने ठुँठों को भी उखाडना पड़ना है। इस मार्ग को बनाने में इस बात का ध्यान रखा जाता है कि प्रकाष्ठ खींचते समय पशुओं को चढाई न पडे । जिस प्रकार लुढकाने में बल्लियों के टुकडों

का प्रयोग लुढकाने के कार्य को सरल बना देता है उसी प्रकार खींचने का काम भी बल्लियो के टुकड़े प्रकाष्ठ के नीचे लगाने से सरल हो जाता हैं।

प्रकाष्ठ को खींचने के लिए उसे तार या सन के रस्सों से बाँधना पड़ता है। रस्सों को फिसलने से रोकने के लिए या तो लोहे की कील प्रकाष्ठ में गाड़ दी जाती हैया प्रकाष्ठ के सिरे में एक छेद करके रस्सा उसमें से डाला जाता है। इस छेद को खिंचान छिद्र कहते हैं। इस छिद्र के बनाने से प्रकाष्ठ व्यर्थ जाता है।इस नुकसान को वचाने के लिए कभी–कभी लट्ठों के अन्त में किसी शाखा का ठुँठ छोड़ देते है। और छिद्र उसमें बना दिया जाता है। कभी–कभी ऐसा फन्दा या हुक प्रयोग में लाया जाता है जिसमें रस्से के खिंचने से रस्से की गाँठ प्रकाष्ठ पर मजबुत हो जाती है। प्रकाष्ठ को जमीन में गड़ने से या उसे खोदने से रोकने के लिए प्रकाष्ठ का खींचना प्रकाष्ठ के ढुलान की अच्छी रीति नहीं हैंक्योंकि इससे प्रकाष्ठ को बहुत नुकसान पहुँचता है।

(अ) बैलगाड़ी के द्वारा –ऊपर लिखी रीतियों के अतिरिक्त प्रकाष्ठ की साधारण बटियों

या रास्तों से ढुलान करने की एक अन्य रीति बैलगाड़ी का उपयोग जिनमें मोटर सड़के नहीं है, काम में लाया जाता है। इस रीति का यह भी लाभ हैकि जिन स्थानों मे हर ठुँठ तक ट्रक नहीं जा सकती वहाँ इस रीति से मोटर सडक तक ढुलान कर लिया जाता है क्योंकि बैलगाड़ी को किसी विशेष रास्ते की आवश्यकता नहीं होती । इस रीति से लट्ठे ढुलान करना हो तो गाड़ी को लट्ठे की लम्बाई में लगाकर आड़ी खड़ा कर देते हैं और लट्ठा उसके अन्दर लूढकाकर गाड़ी को सीधा कर लेते हैं। कभी–कभी लट्ठा बैलगाडी के नीचे भी लटका दिया जाता है। पर यह तभी सम्भव है, जब मार्ग में ठूँठ आदि न हों । यद्यपि यह मनुष्यों या पशुओं द्वारा ढुलान करने की अपेक्षा सस्ता और कम समय लगने वाला साधन है तथापि मोटर द्वारा निकासी करने की अपेक्षा महँगा और अधिक समय लगने वाला साधन है।

बैलगाड़ी द्वारा ढुलान या निकाासी करने का सबसे बड़ा लाभ यह है कि प्रकाष्ठ का नाप ठीक प्रकार से हो जाता है और किसी विशेष रास्ते की जरूरत नहीं होती। यूरोप में चार पहियों वाली और न्यूमैटिक टायर वाली गाड़िया प्रकाष्ठ परिवहन के काम में आती है। इससे एक लाभ तो यह होता हैकि उनको अलग–अलग ले जाकर ढुलान के स्थान पर जोड़ा जा सकता है। दूसरा लाभ यह है कि गाड़ी की लम्बाई ,उनको पास या दूर जोडकर ,कम या अधिक की जा सकती है। इसका तीसरा लाभ यह हैकि गाड़ी कम चौड़ी जगहों में मोड़ी जा सकती हैं और वह मार्ग के कठिन मोड़ पर आसानी से धुसाई जा सकती हैं । इस गाड़ी में हाथ से चलाये जाने वाले यांत्रिक ब्रेक भी होते हैं।इससे ये गाड़ियाँ पर्वतीय स्थानों में प्रकाष्ठ परिवहन के लिए बहुत उपयोगी हैं। इन गाड़ियों से प्रकाष्ठ नीचे की ओर लाया जाता है और चढ़ाई पर केवल खाली गाड़ियाँ वापस ले जायी जाती है।

इसके लिए 24 मीटर चौड़ा और अधिकतम 12ः ढाल वाला रास्ता चाहिए । ढाल के एक–सा होने में ब्रेकों का उपयोग सरल हो जाता है।ये गाड़ियाँ 3 टन बोझ ले जाती हैं । हमारे देश में भी ऐसी दो–तीन गाड़िया प्रयोग के रू‍प में काम में लायी ला रही है।

(ख) विशेष रूप से बनाये गये मार्गों द्वारा

विशेष रूप से बनाये गये मार्गों द्वारा प्रकाष्ठ नीचे लिखे साधनों द्वारा निकाली किया जाता है:

(i) मीटर ट्रकों द्वारा –द्वितीय महायुद्ध की प्रकाष्ठ सम्बन्धी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वनों में मोटर सड़कों का एक जाल–सा बिछाया गया। मोटर ट्रकों को उस समय इस काम में लगाने से मोटर मालिकों के लिए काम का एक नया द्वार खुल गया और उस महायुद्ध के बाद वे अधिकाधिक संख्या में वन–उपज परिवहन का काम करने लगे। वास्तव में ईंधन को उचित दर पर परिवहन करके बाजार की बढ़ती हुई आवश्यकताओं को पूरा करने का श्रेय मोटर ट्रकों को ही है। जब तक निकासी बैलगाडियों से होती रही या जहाँ अब भी निकासी केवल उसी साधन से होती है, वहाँ वन से ईंधन आदि नहीं निकल पाता क्योंकि बैलगाड़ियों द्वारा निकासी करने में खर्च

अधिक होता है। इस प्रकार मोटर ट्रकों के उपयोग से वन–उपज के सम्पूर्ण उपयोगी में महत्वपूर्ण योगदान मिला है।

इस साधन के लाभ नीचे लिखे है:

(क) समतल वनों में ट्रक प्रकाष्ठ को ठूँठ के पास से उठा लेते हैं।ऊँचे–नीचे तल वाले वनों में प्रकाष्ठ को निकटतम मोटर मार्ग तक ढोना पड़ता है। इस प्रकार इस साधन में प्रकाष्ठ परिवहन के लिए कन्धा या अन्य कियी प्रकार के ढुलान की बहूत कम आवश्यकता होती है।

(ख) इस साधन में बहुत अधिक पूँजी की आवश्यकता नहीं होती और एक बार पूँजी लगाने पर वह वर्षों। तक काम आती है क्योंकि इसमें अवमूल्यन कम होता है। वास्तव में कम व्यय में ठूँठ से बाजार तक प्रकाष्ठ पहुँचाने का यह सबसे द्रूत साधन है।

(ग) ट्रकों के द्वारा प्रकाष्ठ परिवहन उन स्थानों में भी हो सकता है। जहाँ पातन बिखरा हुआ हो और इस कारण रेल,ट्रैम या अन्य साधन उपयोग में लाना महँगा हो।

(घ) मोटर ट्रकों से प्रकाष्ठ और ईंधन ही की निकासी नहीं होती वरन् घास,पत्थर,बजरी आदि गोण वन –उपज की भी निकासी होती है। जब वन–उपज न हो तो ये बाजार में और किसी काम पर लगायेंजा सकते हैं और इस प्रकार वर्ष भर काम पर लगे रहते हैं।

(ड)इस साधन में प्रकाष्ठ का लट्ठों के रूप में निकासी होना सम्भव है। इस कारण आरा मशीनों पर चिरान सम्भव है। इससे लाभ यह होता है कि गोल प्रकाष्ठ से अधिकतम चिरान मिल जाता है।

इस साधन में नीचे लिखी कठिनाइयाँ तथा हानियाँ भी हैं:

(क) इस साधन मेंवन–उपज केवल उन्ही स्थानों से निकासी की जा सकती है जो मोटर पर हैं। मोटर ट्रक हर स्थान पर नहीं जा सकता, इस कारण वन–उपज को सड़कों तक

ढुलान करना पड़ता है।

(ख) वन में जिन रास्तों पर मोटर ट्रक चलती है उन पर फिर पुनरूत्पादन नहीं हो सकता क्योंकि मोटर ट्रकों के बोझ से जमीन बहुत सख्त हो जाती है।

(ग) मोटर ट्रकों से अधिक लम्बे प्रकाष्ठ की निकासी सम्भव नहीं होती।

(ii) टैक्टर तथा स्काईलाइन केन द्वारा – मोटर ट्रकों के लिए 4 मीटर या कम से कम 3,5 मीटर चौडें मार्ग चाहिए । साथ ही वे अधिक ढाल पर भी नहीं चढ़ पाते। इस कारण मोटर ट्रकों का उपयोग समतल या साधारण पहाडी प्रदेशों तक सीमित है। पर्वतीय स्थानों में, जहाँ ढ़ाल खड़े होते हैं और चौड़े मार्ग बनाना कठिन हो और महँगा होता है, ट्रैक्टर इस काम को बड़ी सरलता से करते हैं। स्विट्जरलैड में बना पर्वतीय ट्रैक्टर 2.6 मीटर चौड़े पर्वतीय मार्गों पर बीढ लेकर बड़ी सरलता से चलता है। इस ट्रैक्टर के साथ दो पहिए वाला एक ट्रेलर लगा रहता है जिस पर प्रकाष्ठ लादा जाता है। परन्तु ट्रैक्टर थोड़ी दूरी के ही लिए काम में लाया जा सकता है क्योंकि इसमें व्यय अधिक होता है। इस कारण ट्रैक्टर मोटर ट्रकों के सहयोगी के रूप में केवल मोटर मार्गो तक माल ढोने के काम ही लिया जाता है। ट्रैक्टर के लाभ और यह भी है औा वह यह कि ट्रैक्टर मार्ग से कुछ दूर पड़े प्रकाष्ठ को यन्त्रों द्वारा लादा जा सकता है। जहाँ मोटर ट्रक उपयोग में लाया जा रहा हो वहाँ मोअर मार्ग पर थोड़ी दूरी पर पड़े प्रकाष्ठ को मनुष्यों द्वारा ढोना पडत्रता है। परन्तु जहाँ ट्रैक्टर काम में लाया जा रहा हो वहाँ ट्रैक्टर मार्ग से कुछ दूर पड़े प्रकाष्ठ को ट्रैक्टर पर लादने के लिए उसमें कैप्टसन विंच लगाकर उसके द्वारा थोड़ी दूरी में काम करने वाला स्काईलाइन केन चलाया जा सकता है और सड़क के नीचे 300 से 400 मीअर की दूरी तक पके डेढ़ टन वज़न तक के लट्ठे ऊपर खींचकर ट्रेलर पर लादे जा सकते हैं।

(iii) अधिक दूरी पर काम करने वाले स्काईलाइन केन द्वारा :– बहुत खड़े ढाल वाले पर्वतीय प्रदेश में या चट्टानों वाले विषम पर्वतों में जहाँ अधिक सड़के न बनायी जा सकती हों वहाँ पर एक मोटर सड़क बनाकर उसके दोनों ओर से 2,000 मीटर की दूरी तक से अधिक दूरी तक काम करने वाले स्काईलाइन केन द्वारा प्रकाष्ठ ऊपर या नीचे पहुँचाया जा सकता है। इस केन का मुख्य तार उपयुक्त फासले पर स्थित दो स्थानों पर लगा दिया जाता है।

आकाश में जाते हुए इस मुख्य तार के दोनों ओर 40 मीटर की दूरी पर पड़े लट्ठे केन के कांटे में फँसाये जा सकते है और इस प्रकार ठूंठ के पास से ही उठाये जा सकते हैं। कांटे में फाँसने के बाद प्रकाष्ठ ऊपर या नीचे की ओर ले जाया जा सकता है। इस प्रकार एक ही सड़क से काम चल जाता है। इस प्रकार का उक पाँच टन का अधिक दूरी तक काम करने वाला वाइसन स्काईलाइन केन काश्मीर की केरन घाटी में, जहाँ से अभी तक प्रकाष्ठ की निकासी उचित मूल्य पर असम्भव समझी जाती थी, उपयोगी सिद्ध हुआ है।

(iv) ट्रैमवे :– समतल या मन्द ढाल वाले स्थानों में ट्रैमवे भी प्रकाष्ठ के ढुलान का काम करती है। ट्रैमवे छोटे गेज की रेलगाड़ी होती है जिसकी चालक शक्ति पशु, मनुष्य या एंकजन होते हैं या जो कभी–कभी ढाल पर अनपी ही गति से चलती है। इसकी गाड़ियों में बगल में पहिये होते हैं जो रेल पटरी पर चलते हैं। पटरी प्रकाष्ठ की या प्रकाष्ठ पर लोहे की पत्ती लगी हुई या लोहे की होती है। पटरी स्लीपरों पर जड़ी रहती है। ट्रैमवे तभी लाभदायक सिद्ध हो सकती है काफी उपज ढुलान करने की हो। यह स्थायी या वहन योग्य दोनों प्रकार की होती है। भारत के वनों में ट्रैमवे उत्तर प्रदेश, असम, तमिलनाडू आदि प्रान्तों में काम में लाया जा रही है।

(अ) रेल :– वनों में वन उपज की निकासी के लिए कभी–कभी रेलगाड़ियों का भी उपयोग किया जाता है। रेल में चालक शक्ति एंजिल से मिलती है। इसकी पटरी भी लोहे की होती है और साधारण रेत के समान प्रकाष्ठ के स्लीपरों पर जड़ी रहती है। पटरियों की दूरी साधारणतया 2 फुट (लगभग 0.6 मीटर) होती है परन्तु कभी–कभी मीटर गेर रेल भी काम में लायी जाती है। मीटर गेज रेल का लाभ यह है कि उसका व्यय तो 2 फुअ गेज वानी रेल से कुद ही अधिक होता है परन्तु परिवहन शक्ति बहुत अधिक होती है।

ट्रेम या रेल के लाभदायक सिद्ध होने के लिए वन–उपज की अणिक और स्थायी माँग होनेी चाहिए तथा रेल या ट्रैम की पटरियों के पास वन–उपज की काफी बड़ी मात्रा परिवहन के लिए होनी चाहिए।

कभी–कभी प्रकाष्ठ का परिवहन विशेष रूप से बनायी गयी नालियों के द्वारा होता है। नालियां दो प्रकारकी होती है :

(1) भूमि में बनी हुई नालियां : प्रकाष्ठ के परिवहन के लिए पर्वतीय प्रदेशों में ढालों पर थोड़ी–सी मिट्टी हटा कर नाली बनायी जाती है। उपस्थित नालों या गहरी भूमि का लाभ उठाकर उन्हें कुछ सुधार करके नालियों के रूप में काम में लाया जाता है। परन्तु नालों में बड़े–बड़े पत्थर या चट्टाने या मार्ग में आने वाले वृक्षों या ठूँठों को साफ करके ही प्राकृतिक नालों या गहरे स्थानों का उपयोग किया जा सकता है। ऐसी नालियों का ढाल की दशा में प्रकाष्ट्र की परिवहन गति पर कोई नियन्त्रण नहीं रहता।

साधारणतया ढाल 20^0 से 40^0 तक के पाये जाते हैं परन्तु 24^0 से अधिक ढाल में प्रकाष्ठ की गति को रोकने के लिए दीवालें बनाइ जाती है। दीवालें लट्ठों को खड़ा गाड़कर उनके ऊपर की ओर झाड़ी लगाकर मिट्टी भर देने के बन जाती है। भूमि में बनी नालियां साधारणतया लट्ठों के परिवहन के लिए काम में जायी जाती हैं चिरान प्रकाष्ठ के लिए इस देश में दनका प्रयोग नहीं किया गया है। कभी–कभी ये नालियां ईंधन के परिवहन में भी लायी जाती है।

लाभ –लट्ठों का परिवहन अपने ही भार से हो जाता हैइसमें आदमी की, पशुओं की या चालक शक्ति की अवश्यकता नहीं होती।

हानिः–परिवहन की इस रीति में प्रका□ठ को बहुत नुकसान पहुँचता है। नाली का ढाल भूमि के ढाल पर निर्भर होता हैं और उसे आवश्यकता के अनुसार कम या अधिक करना सम्भव नहीं होता । इससे भृदा–क्षरण की सम्भावनाएँ बढ़ जाती है।

(2) प्रकाष्ठ की बनी नालियाँ– भूमि में बनी नालियों के ढाल पर नियन्त्रण न होने के कारण प्रका□ठ का परिवहन सन्तोषजनक नहीं होता। इस दो□ा को दूर करने के लिए प्रका□ठ की नालियाँ वनायी जाती है। ये दो प्रकार की होती हैंः (प)सूखी नाली तथा (पप) जल नाली

(प) सूखी नाली –प्रकाष्ठ की बनी सूखी नाली लट्ठों ,बल्लियों या तख्तों को नाली के रू‍प में जोड़कर बनायी जाती है। इस नाली में भी अपने भार से ही प्रकाष्ठ का परिवहन होता है। ये नालियाँ चिरान प्रकाष्ठ के परिवहन के काम में आती है।

लाभ–इन नालियों का सबसे बडा लाभ यह है। कि आवश्यकता के अनुसार ढाल बनाया जा सकता है और प्रकाष्ठ को नुकसान कम होता हैं परन्तु फिर भी वह उसका मूल्य कम करन के लिए काफी होता है। इन नालियों से दूसरी हानि यह होती हैंकि सूखे मौसम के लिए बनाए गए ढाल पर वर्षा के बाद प्रकाष्ठ की गति बहुत तेज हो जाती है।

(पप) जल नाली – जल नाली प्रकाष्ठ की एक आयतकार नाली है जिनमें पानी की सहायता से चिरान प्रकाष्ठ का परिवहन किया जाता है। सि चिरान प्रकाष्ठ का परिवहन करना होता है उसी के थोडे से भाग से यह बनायी जाती हैऔर जब परिवहन समाप्त होने वाला होता है तो नाली में जगा चिरान प्रकाष्ठ भी ऊपर की ओर से नाली मे बहा दिया जाता है। इस प्रकार धीरे–धीरे ऊपर की ओर से नाली में लगे प्रकाष्ठ का परिवहन भी हो जाता है। नाली में लगा प्रकाष्ठ इस प्रकार जोड़ा जाता हैं कि उसमें से पानी न निकल सके। दसके लिए काई घास का प्रयोग किया जाता है। नाली प्रकाष्ठ के कई टुकड़ों को मिलाकर बनायी जाती है और प्रत्येक टुकड़े की लम्बाई उसमें काम में आने वाले प्रकाष्ठ की लम्बाई होती है। दो टुकड़ों का जोड़ गोल प्रकाष्ठ में उस आकार के बनाये गये खाँचे में होता है।

कभी–कभी नाली को मज़बूत बनाने के लिए ऐसा खाँचेदार गोल प्रकाष्ठ नाली में लगे चिरान प्रकाष्ठ के टुकड़ों के बीच में भी लगाया जाता है। परिवहन की इस रीति की सफलता नाली में पानी के लगातार बहने पर निर्भर होती है। पानी न होने पर परिवहन बन्द हो जाता है। पानी जितना अधिक हो उतना ही अच्छा होता है क्योंकि अधिक ढाल वाली नालियों में पानी का अधिकतम प्रकाष्ठ के बहने की गति को कम करती है और कम ढाल नालियों में वह उसके बहने की गति को बढाती है। प्रकाष्ठ की बनी नाली में से पानी का चूना रोकना कठिन होता है। इसलिए चूने में होने वाली पानी की कमी को पूरा करने का प्रबन्ध होना चाहिए। इसके लिए सबसे अच्छा तरीका यह है कि पूरी नाली की लम्बाई कुछ भागों में बाँट देना चाहिए। प्रत्येक भाग 200 मीटर से लेकर आधा किलोमीटर या उससे कुछ अधिक होना चाहिए। प्रत्येक भाग के शुरू और अन्त में पानी के कुण्ड होने चाहिए। एक भाग के अन्त का कुण्ड अगले भाग के शुरू के कुण्ड का काम कर सकता है। जल कुण्डों से जुड़ी हुई नाली में पानी की अक्षुण्ण धारा ही नहीं बहती वर्‍न प्रकाष्ठ के परिवहन की गति पर नियन्त्रण रहता है और एक भाग के टूट जाने पर भी अन्य भागों में परिवहन का काम जारी रहता है।

जल नालियाँ महँगी होती हैं। इस कारण उनका संरेखण भली प्रकार सर्वेक्षण करके बनाना चाहिए। उन्हें बाढ़ के तल के ऊपर बनाना चाहिए जिससे अचानक वर्षा से होने वाली बाढ़ उन्हें तोड़ न सके। यदि पानी बराबर बहता रहे तो इन नालियों में आधी डिग्री का ढाल भी काम दे देता है। साधारणतया इनका ढाल 5^0 से 25^0 तक रखा जाता है। 25^0 से अधिक ढाल में परिवहन किये जाने वाले प्रकाष्ठ के उछल कर नाली के बसहर निकल जाने की सम्भावनाएं बहुत बढ़ जाती हैं। अस्थिर या कच्ची भूमि पर जाने

पर जल नालियाँ नहीं बनानी चाहिए। जल नालियों के संरेखण में तेज़ मोड़ भी नहीं आने देना चाहिए। संरेखण निश्चित करते समय जल कुण्ड के स्थानों को ध्यान में रखना वाहिए।

संरेखण हो जाने के बाद जल नाली निमार्ण या बनाने का काम शुरू करना चाहिए। अनुभवी मिस्त्रियों को लगाकर कठिन और सरल स्थानों पर एक साथ काम चलाना चाहिए। परिवहन किए जाने वालें प्रकाष्ठ के बड़े से बड़े आकार से नाली कुछ बड़ी होनी चाहिए परन्तु वह उसकी चौड़ाई से 25 से0 मी0 से अधिक चौड़ी नहीं होनी चाहिए। नाली की चौड़ाई हर स्थान पर समान होनी चाहिए। मोड़ों पर उसे चौड़ा नहीं बनाना चाहिए। मोडों पर प्रकाष्ठ को अटकने से रोकने के लिए मोड़ो का ब्यास बढ़ा देना चाहिए ।

मोड़ो पर या ढाल के अधिक होने की दशा में खाँचेदार गोल प्रकाष्ठ के अधिक तथा प्रकील के उपयोग से नाली का संरेखण पहाड़ के ढाल की दिशा में न हो तो नाली के लिए पत्थरों का आधार बनाना चाहिए । संरेखण में यदि कोई गहरा स्थान आ जाय तो उसे पार करके के लिए नाली के नीचे खाँचेदार प्रकाष्ठ में पाये लगाने चाहिए।

जल पानी में प्रकाष्ठ डालने से पहले प्रतिदिन सुबह को उसका निरीक्षण कर लेना चाहिए और उसके दोषों को दूर कर लेना चाहिए । यदि दिन के मध्य में कुछ देर को काम रोककर यह एक बार और किया जाय तो और भी अच्छा है। कड़ियों या स्लीपरो को नाली में एक के बाद एक शीघ्रता से नहीं डालना चाहिए।क्योंकि इससे अटकाव या भीड़ हो जाती है। प्रति मिनट में चार कड़ियो या स्लीपरों से अधिक नहीं बहाना चाहिए ।

लाभ–प्रकाष्ठ परिवहन की वह रीति मजदूरों के कन्धों पर प्रकाष्ठ ढुलवाने से सस्ती है। कन्धा ढुलान या अन्य किसी रीति की अपेक्षा इस रीति से प्रकाष्ठ परिवहन शीघ्र होता है।

हानि – कन्धा ढुलान या तार मार्ग से ढुलान की अपेक्षा इस रीति से प्रकाष्ठ को अधिक नुकसान होता है और जो प्रकाष्ठ नाली में लगाया जाता हैं उसे और भी अधिक नुकसान होता है। यह रीति उन स्थानों पर भी काम में नहीं लायी जा सकती जहाँ पानी का कमी हो या वह बिलकुल न हो।

लदान–

भूमि मार्ग के प्रकाष्ठ परिवहन के साध्नों मे प्रकाष्ठ को उन साधनों में लादना पड़ता है। हमारे देश में यह लदान अधिकतर मनुष्यों द्वारा किया जाता है। ईधन या पतली बल्लियों के लादने में तो कोई कठिनाई नहीं होती परन्तु लट्ठों के लदान में श्रम के साथ यत्न भी लगाना पड़ता है। बैलगाड़ियों में लट्ठा लादने के लिए बैलगाड़ियों को आड़ा खड़ा करके लट्ठा उसमें सरका कर फिर गाड़ी को सीधा कर लेते है। ट्रकों में लट्ठें लादनें के लिए ट्रक में बल्ली के दो–तीन टुकड़े थोड़ी–थोड़ी दूर पर आड़े रख देते है। फिर लट्ठे को ट्रक के पिछे लम्बाई में रख देते है। इस स्थिति में लट्ठे को लुढकाकर या बल्लियों के टुकडों की सहायता से सरकाकर लाया जाता है। एक बार जब लट्ठा ट्रक के पीछे लम्बाई मे आ गया तो उसका ट्रक की ओर का सिरा चार या पाँच मजदूर मिलकर उठाकर ट्रक में रखें बल्ली के टुकड़ें पर रख देते है।

इसके बाद काम आसान हो जाता है क्योंकि जब दूसरी और के लट्ठे को उठाकर यदि आगे धक्का दिया जाता हैं तो वह बल्लियों के टुकड़ों पर सरकता हुआ अन्दर चला जाता हैा लदान की यह रीति उन ट्रकों मे काम में लायी जाती है जिनमें पीछे लकड़ी का ढाँचा बना होता है। जिन ट्रकों में ढाँचा नहीं होता उनमें लट्ठे लादने के लिए लट्ठे उनके बगल में ढालदार दशा में खड़े किये जातें है। और इन पर लुढ़काते हुए लट्ठा ऊपर चढ़ा दिया जाता है। इस प्रकार 5या 6 मजदूर ट्रकों में लट्ठे लाद देते है। लब एक निश्चित स्थान से हमेशा लट्ठे भरने हों तो ट्रकों की ऊँचाई का एक प्लेटफार्म बनाया जा सकता है। जो ट्रक भरने की जगह विपरीत दिशा में ढालदार हो। इस ढाल पर लट्ठे कैण्ट हुक की सहायता से लुढ़काकर लाये जाते हैं और दूसरी ओर नीचे खड़ी ट्रक में सरका दिये जाते है।

पश्चिमी देशों में लुट्ठे लादने के लिए विभिन्न प्रकार के यन्त्र काम में लाये जाते है। हमारे देश में अभी इनका उपयोग शूरू नहीं हुआ है परन्तु केन द्वारा रेलगाड़ियों मे लट्ठों का लदान बहूत स्थानों पर होता हैं।

कुछ समय पूर्व अस्थाना और सेठी ने वन संस्थान देहरादून में किये गये प्रयोगी से सिद्ध मिया है कि ट्रकों में लट्ठों का लदान ग्रीफ केवल पुलर की सहायता से किया जा सकता है। उन्होने यह भी सिद्ध किया कि लादान की उनकी नीति मानवीय श्रम की अपेक्षा सस्ती है।मनुष्यो द्वारा किये गये लदान में साधारण्यता 20पै0 प्रति क्विटल आता है। इसके विपरीत ,उनकी रीति में व्यय केवल 2 पैसे प्रति क्विटल आता है। लट्ठा जितना भारी होता है, मनुष्यों द्वारा लदान का प्रति क्विटल व्यय उतना ही बढ़ जाता है, परन्तु उनकी रीति में प्रति क्विटल व्यय घटता है। अस्थाना और सेठी की लादान रीति संक्षिप्त में लिखी हैं जिस ट्रक में लट्ठे लादने हो उसे लट्ठो की लम्बाई के समान्तर उनसे 5 मिटर दूर किया जाता हैं। ट्रक बिना ढ़ाँचें का होना चाहिए। ट्रक की उसकी दिशा में ,जो लट्ठों के विपरित हो ,किसी ठुँठ या वृक्ष पर ग्रिफ बाँधा जाता है। उसी वुक्ष या ठूँठ से एक लोहें का तार ,जिनमें सोलो कम्पलिग हो ,बाँधकर ट्रक के मध्य ऊपर से ले जाकर लट्ठे के मध्य के पास पहुँचाया जाता है। उसे भूमि पर रख दिया जाता है। उसके बाद लट्ठे को दक्का देकर तार से इतनी दूर ले जाते हैकि वह ऊपर निपट जाए । फिर एक अन्य तार ग्रिफ केवल पुलर में फँसा कर और ट्रक के उस पार ले जाकर लट्ठे के ऊपर पहले तार के सोलो कंपलिग़ में फंसा देते हैं।लट्ठे की दिशा में ट्रक के बगल पर दो स्लीपर ढालदार दशा में खड़े किये जातें है। अब ग्रीफ पुलर से दूसरा तार खींचने से लट्ठे ढालदार दशा में खड़े स्लीपरों पर होकर ट्रक पर खिंच आते है। केवल दो आदमी उसकी दिशा पर नियन्त्रण रखते हैं।

आकाश मार्ग से

जिन पर्वतों में थल मार्ग से प्रका□ठ परिवहन कठिन और अधिक व्यय कराने वाला हो वहाँ इस्पात या फौलाद के तार घाटियों के आर–पार एक कूट से दूसरी कूट तक आकाश में फैलाकर उनके द्वारा परिवहन किया जाता हैं । इसको आकाश तार मार्ग द्वारा प्रका□ठ परिवहन कहते हैं। प्रका□ठ परिवहन का यह साधन थल मार्ग की किसी रीति के साथ काम में लाया जाता है। इस रीति में फौलाद के तार या तारों को घाटी के आर–पार फैला

देते है। दोनों सिरों पर तारों को या तो वृक्षों में बाधँ दिया जाता है या जमीन में गाड़ दिया जाता हैं । इन स्थिर तारों के अतिरिक्त किसी ड्रम या चरखी में घूमने वाला तार भी काम में जाया जाता हैं । तारों पर घिर्रियाँ चलती हैं और उनमें वह तार लटका रहता है जिसमें प्रकाष्ठ बाँधा जाता हैं । तारों के द्वारा प्रकाष्ठ का परिवहन दो प्रकार से होता हैं :

(1) गुरूत्वाकर्षण द्वारा ,तथा(2)बिजली की शक्ति द्वारा ।

गुरूत्वाकर्षण तार मार्गो में प्रकाष्ठ अपने वजन के कारण ढाल में बँधे तारों पर केवल ऊपर से नीचे ओर नीचे से ऊपर अर्थात दोनों ओर परिवहन किया जा सकता हैं । इसके विपरीत बिजली की शक्ति से चालित तार मार्गों में प्रकाष्ठ ऊपर से नीचे तथा नीचे से ऊपर अर्थात दोनों ओर परिवहन किया जा सकता है। डीनैल्ड गुरूत्वाकर्षण तार मार्ग हमारे देश में हिमाचल प्रदेश तथा उतर प्रदेश के पर्वतीय वनों में प्रचलित हैं । बिजली शक्ति से चालित तार मार्ग कोयला या अन्य उधोगों में तो हमारे देशमें भी काम में आता है परन्तु प्रकाष्ठ के परिवहन के लिए वन में काम में नहीं लाया जाता । प्रकाष्ठ के परिवहन में बिजली चालित तार मार्ग भाकड़ा बाँध पर काम में लाया जाता है।

डीनैल्ड गुरूत्वाकर्षण तार मार्ग

डीनैल्ड गुरूत्वाकर्षण तार मार्ग स्लीपर और कड़ियों के परिवहन के लिए काम में लाया जाता हैं इस तार मार्ग की विशेषता यह हैं कि यह बहन योग्य हैं और बहुत कम खर्चें पर लगाया जा सकता हैं । इस प्रकार चिरान का परिवहन कम खर्च में हो जाता हैं । इस तार मार्ग को लगाने के लिए किसी विशेष इन्जीनियरिंग के ज्ञान का आवश्यकता नहीं है। इसमें तीन तार पथ का काम करने के लिए लगाये जाते हैं ।

यह तार एक ही क्षैतिज तल मे 61से0मी0 की दूरी पर एक–दूसरे के सकानान्तर लगाये जाते है। पथ के से तीनो तार दोनों सिरों पर काष्ठ के सादे ट्रैसल पर आधारित रहते है।ऊपर के स्टेशन पर ट्रैसल के पीछे तार एक काष्ठ के लट्ठे से बाँधकर जमीन में गाड़ दिया जाता हैं । नीचें के स्टेशन पर तार को जितना आवश्यक हो , उतना खींचकर ट्रैसल के पीछे जमीप में गड़े बड़े खूँटों या पेड़ों से बाँध देते हैं पथ के मध्य तार ऊपर और तीचे के स्टेशनों पर स्थित नालीदार ड्रमों या चरखी पर घूमता है। अस नियन्त्रण तार की गति नीचे के स्टेशन पर स्थित हाथ से चलाये जाने वाले ब्रेक से नियन्त्रित हो जाती हैं क्योंकि प्रकाष्ठ नियन्त्रण तार से भी बँधा रहता हैं।

प्रकाष्ठ पथ तारों के नीचे उनकी दिशा की समकोण दिशा में लटका रहता हैं ।वह पथ तारों पर चलने वालों घिर्रियों से तारों द्वारा लटकाया जाता है। एक तार प्रकाष्ठ के मध्य में बाँधकर अनन्त नियन्त्रण तार से बाँध दिया जाता है। जब बोझ ऊपर के नीचे के स्टेशन से छोडा जाता है तो वह अपने बोझ के कारण नीचे की और जाता हैं । नीचे के स्टेशन पर पहुँचने से पहले लीवर चालित एक हैण्ड ब्रैक नियन्त्रण तार के ड्रम को दबाकर उस तार की गति को कम करता है। इससे प्रकाष्ठ की गति भी कम होजाती है। और वह धीरे–धीरे नीचे के स्टेशन पर आकर रूक जाता है। इस जगह उसे खोलकर निकाल लेते हैं और खाली घिर्रियां आदि नियन्त्रण तार में बाँध दी जाती है। इतनी देर में ऊपर के स्टेशन पर नया बोझ पहुँच जाती है।ओर उनमें नया बोझ बाँधा जाता है।

ब्रेक की उपस्थिति में काफी ढाल पर भी प्रकाष्ठ परिवहन किया जा सकता है। अभी तक प्रकाष्ठ परिवहन 45^0 के अधिकतम ढाल पर किया गया हैं । परन्तु इतने ढाल पर प्रकाष्ठ परिवहन करना ठीक नही। गति ओर व्यय को ध्यान में रखतें हुए 750 मीटर से 1,050मीटर लम्बाई पर और 22^0से 35^0 के ढाल पर प्रकाष्ठ परिवहन सबसे अच्छा होता है।

कौरोलैफ के तार द्वारा प्रकाष्ठ परिवहन –गुरूत्वाकर्षण के सिद्धान्त पर ही कौरोलैफ ने काष्ठ या अन्य गौण वन उपजों के परिवहन का एक नया तरीका कैनेडा में चलाया । इस रीति का उतर प्रदेश और बिहार में सफल परीक्षण किया गया है। इस रीति में एस 0डब्लू 0 जी 0 मोटाई का एक तार450 मीटर तक के विस्तार में दो वृक्षों पर बाँध दिया जाता है। ढाल 20:से 65: तक हो सकता है। पथ के इस तार से पतले तारों द्वारा लकडी का एक खटोला लटका रहता हैं ं इस खटोले पर 300 किलोग्राम तक काष्ठ या अन्य वन उपज लादी जा सकती हैं छोड़ने पर यह खटोला अपने आप नीचे चला जाता है और नीचे के स्टेशन पर लगे मोटर टायर से टकराकर वहाँ बोझ गिरा देता है। यह रीति काष्ठ, ईंधन तथा घास के परिवहन के लिए उपयुक्त है।

बिजली की शक्ति से चालित तार मार्ग :– जैसा कि पहले बताया गया है, हमारे देश में बिजली की शक्ति से चालित तार मार्ग कोयला खानों अादि में तो काम में आते हैं परन्तु वनों में नहीं। बिजली की शक्ति द्वारा चालित तार मार्ग द्वारा प्रकाष्ठ का परिवहन वन के बाहर कहीं–कहीं किया जाता है। उदाहरण के कलए भाकड़ा बांध को पार करने के लिए बिजली की शक्ति से चालित तार मार्ग द्वारा गोविन्द सागर से नंगल स्टेशन तक ले जाया जाता है। वनों में प्रकाष्ठ परिवहन के लिए ट्रैक्टर शक्ति से चालित तार मार्गों का उपयोग परीक्षण के लिए हमारे देश में कहीं–कहीं चला है। इनका वर्णन ट्रैक्टर द्वारा परिवहन के साथ कर दिया गया है।

2 जलमार्ग से

जलमार्ग काष्ठ परिवहन का बहुत पुराना साधन है। जब परिवहन की लम्बाई अधिक हो तो सबसे सस्ता साधन है परन्तु फिर भी थोड़ी दूरी के लिए वह कभी–कभात्री ट्रक या रेलगाड़ी के परिवहन की तुलना में छज्ञेड़ दिया जाता है। इसका मुख्य कारण यह है कि ट्रक वृक्षों के ठूँठ तक पहुँच जाते हैं और वे जल की अपेक्षा अधिक द्रुतगामी होते हैं। इसके अतिरिक्त इन साणनों में प्रकाष्ठ को नुकसान ही कम नहीं होता वरन् उसकी चोरी भी बहुत कम हो जाती है। इतना सब होते हुए भी जल मार्ग से प्रकाष्ठ का परिवहन हमेशा एक महत्वपूर्ण साधन रहा है और रहेगा परन्तु नदी घाटी योजना में बनने वाले बांध इस परिवहन में बाधा उपस्थित कर उसकी दूरी को सीमित करने लगे हैं। हमारे देश में जल से परिवहन दो प्रकार से होता है।

(1) बहान, तथा

(2) बेड़ा बहान ।

बहान में प्रकाष्ठ के टुकड़े एक–एक करके पानी में डाले जाते हैं और वे पानी की धारा के साथ अपने आप मनुष्य के नयन्त्रण के बिना बहते हैं। इसके विपरित बेड़ा बहान में प्रकाष्ठ के टुकड़े आपस में बांध कर बेड़े के रूप में बनाये जाते हैं और फिर इन बेड़ों को नाविक

खेकर मण्डियों तक ले जाते हैं। बहान उन नालों में या नदियों के उन भागों में किया जाता है जो बहुत सेंकरे, कम गहरे और चट्टानी या पथरीले होते हैं और जिनमें पानी बहुत तेज़ बहता है। जहाँ नदियां चौड़ी गहरी और चट्टान रहित या बिना पत्थर वाली होती हैं और जिनमें पानी मन्द गति से बहता है वहाँ बेड़ा चलाया जाता है। साराशं यह है कि बहान नदियों के ऊपरी भागों में अर्थात जब तक वे पहाड़ों में रहती हैं, होता है और बेड़ा बहान नदियों के निचले भागों में अर्थात जब वे मैदान में आ जाती हैं, होता है।

बहान

दि प्रकाष्ठ इतना भारी नहीं है कि पानी में डूब जाय तो गोल और चिरान दोनों प्रकार का प्रकाष्ठ नालों में बहाया जा सकता है। बहान के लिए ठीक होने के लिए नाले में नीचे लिखे गुण होने चाहिएः

(1) नाले का ढाल लगभग एक–सा होना चाहिए। बहान के लिए सबसे अच्छा ढाल 70 में से लेकर 200 में 1 होता है।

(2) बहान प्रकाष्ठ के लिए पर्याप्त गहराई।

(3) बहान प्रकाष्ठ को मोड़ों पर निकल जाने के लिए पर्याप्त चौड़ाई।

(4) नालों में बाधाओं आदि का न होना। जहाँ चट्टानें आदि होती हैं तो उनको बारूद से तोड़ना पड़ता है। नालों में मुख्यतया नीचे लिखी बाधाएं होती हैंः

(क) रैपिड – नदी का वह भाग जहाँ नदी तल उभरी हुई चट्टानों से भरा हो और

ढाल अधिक हो। इस स्थानों में चट्टानों को बारूद से तोड़ना पड़ता है।

(ख) तल से उठी हुई या किनारों से बाहर निकली हुई चट्टान या उखड़ा हुआ वृक्ष

– इनको भी बारूद से तोड़ना पड़ता है।

(ग) रूका पानी तथा नालों की शाखाएं – रूका पानी से तात्पर्य उस स्थान से है जहाँ नालों के किनारे पर गहराई होने के कारण पानी वहीं पर घूमता रहता है। ऐसे स्थानों में प्रकाष्ठ अटक जाता है। इसी प्रकार मुख्य नालों में छोटी–छोटी शाखाएं होती है जो मुख्य नाले से निकल कर थोड़ी दूरी पर फिर उसी में मिल जाती है। इनमें भी पानी की कमी के कारण प्रकाष्ठ अटक जाता है। प्रकाष्ठ को इनमें फँसने से बचाने के लिए लट्ठों की एक पंक्ति से उनका रसस्ता बन्द कर देना चाहिए। लट्ठों की यह पंक्ति किनारों पर खड़े वृक्षों से बाँधी रहनी चाहिए।

लट्ठा बहान – हमारे देश में अधिकतर चिरान प्रकाष्ठ का बहान होता है परन्तु कभी–कभी लट्ठों का भी बहान किया जाता है। उदाहरण के लिए, लट्ठों का बहान हिमाचल प्रदेश में कई वर्षो से हो रहा है। लट्ठों का बहान वर्षा के अन्त में जब वर्षा का जल कम होने लगता है तब किया जाता है।

इस समय बहान करने में यह ध्यान रखा जाता है कि वर्षा समाप्त हो जाये परन्तु उसका पानी नदी में ही हो जिससे पानी की अधिकता से लट्ठे आसानी से बहाये जा सके। इस समय का चुनाव अनुभवी व्यक्तियों द्वारा किया जाना चाहिए क्योंकि लट्ठे बहान प्रारम्भ करने के बाद वर्षा जोरों से हो रही हो तो नदी में बाढ़ आ जाती है

और लट्ठे बह जाते हैं। यदि वर्षा बन्द होने के बहुत बाद लट्ठे बहाये जावे तो वर्षा का जल निकल जाता है और पानी की कमी से लट्ठे जगह–जगह अटक जाते हैं। जो नदियां हिमपोषित हो अर्थात जिनका उद्‌गमन स्थान हिमाच्छादित पर्वत हो उनमें ग्रीष्म ऋतु में बर्फ पिघलने से पानी बढ़ता है। ऐसी नदियों में ग्रीष्म ऋतु के शुरू में भी लट्ठे बहाये जाते हैं। यह बहान उस समय तक किया जाता है जब तक लट्ठों के बूम पर पहुँचने के समय तक वर्षा का भय न हो । यदि अधिक देर तक बहान किया जावे तो वर्षा के शुरू हो जाने से नदी में बाढ़ आ जाती है और लट्ठों के बह जाने का भय हो जाता है। साथ ही, बूम के तोड़ दिये जाने पर लट्ठों के पकड़ने में कठिनाई होती है। वर्षा के जल के अधिक हाने पर भी कुछ लट्ठे रास्ते में अटक जाते हैं और उन्हें बहाने के लिए मज़दूर लगाने पड़ते हैं।

चिरान प्रकाष्ठ का बहान – चिरान प्रकाष्ठ का बहान दो भागों में विभाजित किया जा सकता है : (1) छोटे नालों या नालों की शाखाओं में बहान, तथा (2) बड़े नालों तथा प्रमुख धाराओं में बहान।

(1) छोटे नालों या नालों की शाखाओं में बहान – छोटे नालों या नालों की शाखाओं में पानी बहुत कम होता है। ग्रीष्म ऋतु में तो पानी नाममात्र को होता है परन्तु वर्षा ऋतु में भी वह कम होता है। इसके साथ–साथ ऐसे नालों में बाधाएं भी बहुत होती हैं। कहीं–कहीं तो नाले का तल बिल्कुल चट्टानी होता है और इस कारण से वर्षा ऋतु में भी प्रकाष्ठ का बहान असम्भव–सा होता है।

ऐसी दशा में यदि बहान करना हो तो चिरान प्रकाष्ठ को मिलाकर नाली बना ली जाती है। यह नाली उन सब स्थानों में बना दी जाती है जहाँ बाधाएं होती है। यदि बाधा स्थान बहुत लम्बा होता है तो यह नाली कई टुकड़ों में बनाकर जोड़ दी जाती है। ऐसी नाली को पहाड़ों में 'पथरू' कहते हैं और इस बहान को 'पथरू बहान या टैलैस्कोपिक बहान कहते हैं।

नाली के शुरू में नाले में बाँध बनाकर पानी इकट्‌ठा किया जाता है जिससक पानी की सहायता से नाली में प्रकाष्ठ बहाया जा सके। इसी प्रकार नाली के अन्त में एक कुण्ड बना दिया जाता जिससे प्रकाष्ठ पानी में गिरे और उसके किनारों को नुकसान न पहुँचे । नालों में प्रपात के आने पर भी ऐसी ही नाली बनाकर प्रकाष्ठ को आसानी से बहाया जाता है। ऐसी दशा में नाली प्रपात के सिरे से शुरू होती है और साधारण ढाल पर जाकर नाले में प्रपात की जड़ से दूर मिला दी जाती है। पथरू बहान के प्रारम्भिक स्थान से शुरू होकर नाले में नीचे की ओर जाता है। जब ऊपर का सब प्रकाष्ठ बहा दिया जाता है तो उस भाग के पथरू को तोड़ कर उसमें लगा चिरान प्रकाष्ठ भी बहा दिया जाता है। इस प्रकार समस्त घाल बड़े नालों में पहुँच जाता है। हमारे पर्वतों की दशाओं में इस बहान में प्रकाष्ठ परिवहन साधारणतया 200 से 400 मीटर प्रतिदिन होता है।

साधारणतया टैलैस्कोपिक बहान – उन स्थानों में काम में लाना चाहिए जहाँ नाले बहुत लम्बे हों और उनका ढाल साधारण या मन्द हो, और जहाँ कन्धा ढुलान या जल नाली के द्वारा प्रकाष्ठ परिवहन बहुत महँगा पड़ता हो, और जहाँ ढाल की कमी के कारण तारमार्ग का लगाना सम्भव न हो। परन्तु हिमालय में नालों का ढाल इतना बदलता रहता है कि टैलैस्कोपिक बहान को जल नाली या तार मार्ग या दोनों से मिलाकर काम में लाना पड़ता है।

पथरू बहान के दोष – बड़ी सावधानी और सतर्कता से काम करने के पर भी चिरान के किनारों को नुकसान हो ही जाता है। यदि नाले का ढाल बहुत अधिक हो तो पथरू बनाना सम्भव नहीं होता। यदि अचानक बाढ़ आ जाये तो पथरू टूट जाता है और चिरान को बहुत नुकसान होता है।

(2) बड़े नालों तथा प्रमुख धाराओं में बहान –बड़े नालों तथा प्रमुख धाराओं में पानी अधिक होता है। इस कारण प्रकाष्ठ पानी धारा के साथ अपने आप बहता है। परन्तु इस दशा में भी बहुत –सा प्रकाष्ठ किनारों पर या बाधाओं के पास अटक जाता है। इसलिए मज़दूरों का दल अटके हुए प्रकाष्ठ को फिर से बहाने के लिए लगाया जाता है। यह मज़दूर दल तीन भागों में बंटा रहता है। दल का एक भाग बहान के आगे वाले सिरे के साथ–साथ चलता है और प्रकष्ठ को विशेष स्थानों पर अटकने से रोकता है। एक प्रकार से यह अग्रगामी दल बहाये गये प्रकाष्ठ के सबसे आगे वाले स्लीपरों का पथ–प्रदर्शन करता है। इसके पीछे मज़दूर सारे घाल की लम्बाई में बिखरे रहते हैं और वह प्रकाष्ठ को चोरी होने से नहीं रोकते वरन् अटके हुए स्लीपरों तथा अन्य चिरान प्रकाष्ठ को फिर से बहाते हैं। अन्त में एक दल सबसे पीछे रहता है। इसका काम यह है कि पिदे कोई प्रकाष्ठ न छूटे। इस दल के मज़दूर बकरी या भैंसों कही हवा भरी खालों पर तैरते हुए प्रकाष्ठ को बहाते रहते हैं। यह दल बहाये गये प्रकाष्ठ के बिलकुल पीछे–पीछे चलता है और इसके पीछे नदी में कोई प्रकाष्ठ नहीं रह जाता। नाले को प्रकाष्ठ रहित कर देने के करण इस दल को सफाई दल और उसके काम को सफाई कहते हैं बहान के लिए नदी से प्रकाष्ठ डालने की लौंचिग कहते हैं। बहान की सफलता या असफलता लौचिंग के ठीक समय पर किये जाने पर निर्भर होती है। यदि लौचिंग वर्षा ऋतु के समाप्त होने से बहुत पहले कर दिया जाये ता अधिकाशं बाढ़ में बह जाता है। यदि वर्षा समाप्त होने के बाद लौचिंग किया गया हो तो पानी की कमी के कारण प्रकाष्ठ या तो मार्ग में ही अटक जाता है या बहुत धीरे–धीरे बहता है।

फलस्वरूप वह मण्डी में बहुत देर से पहुँचता है और इस कारण उसका अच्छा मूल्य नहीं मिल पाता। नदियों या बड़े नालों में प्रकाष्ठ एक दिन में 1.5 कि0 मी0 से लेकर 3 कि0 मी0 तक बह जाता है।

बूम (Boom)

जब बहाया गया प्रकाष्ठ नदी के उस भाग में पहुँच जाता है जो मैदान में होता है तो उसका एक–एक स्लीपर के रूप में बहाया जाना कठिन होता है क्योंकि इस भाग में नदी चौड़ी, गहरी और मन्द गति से बहने वाली होती है। ऐसी दशा में एक–एक चिरान प्रकाष्ठ का उलग बहना चोरी और व्यय दोनों को बढ़ाता है। जब नदी चौड़ी, गहरी और मन्द गति से बहने वाली हो तो सबसे अच्छा यह रहता है कि कई स्लीपरों या कड़ियाँ एक साथ बाँधकर बेड़े के रूप में बना दी जायें। इसके लिए अलग–अलग बहने वाले प्रकाष्ठ को पकड़ना आवश्यक होता है। अस कारण जब नदी मैदान में पहुँच जाती है तो उसमें बूम बनाकर बहान प्रकाष्ठ को पकड़ा जाता है।

बूम डच भाषा का एक शब्द है जिसका अर्थ है तैरती हुई बाधा। इस प्रकार बूम प्रकाष्ठ के टुकड़ों को जोड़कर मनुष्यों द्वारा बनाया हुआ ऐसा कृत्रिम अवरोध है जो नदी में बहते हुए प्रकाष्ठ को आगे बहने से रोकता है जिससे वह वहाँ पर एकत्रित किया जा सके।

बूम नीचे लिखे दो उद्देश्यों से बनाया जाता है:

(1) एक–एक करके बहने वाले प्रकाष्ठ को किनारे पर एकत्र करके थल मार्ग द्वारा मण्डियों को भेजना।

(2) एक–एक करके बहने वाले प्रकाष्ठ को एकत्र करके बेड़े बनाना और उन बेड़ों को अच्छी देख–रेख में नदी द्वारा मण्डियों को भेजना।

रूके हुए पानी या नालों की शाखाओं में बहान प्रकाष्ठ को जाने से रोकने के लिए लट्ठों की पंक्ति भी एक प्रकार का बूम है जो एक विशेष परिस्थिति में नदी के मैदान में आये बिना ही पहाड़ों में बहती नदी में बनाया जाता है।

बूम निम्नलिखित दो प्रकार के होते हैं:

(1) स्थायी बूम – वह बूम हैं जो वर्ष भर अपने स्थान पर लगा रहता है। ऐसे बूम

यूरोप में पाये जाते हैं क्योंकि वहाँ वर्ष के भिन्न–भिन्न भागों में नदियों में पानी की मात्रा में बहुत अधिक अन्तर नहीं होता।

(2) अस्थायी बूम – वह बूम है वहाँ वर्ष के कुछ महीने ही नदी में काम करता है और जब नदी में पानी चढ़ने लगता है तो तोड़ दिया जाता है। हमारे देश के बूम इसी प्रकार के

2.2.12 आगार (Depot)

काष्ठागार शासकीय काष्ठ विक्रय का वह स्थान है जहां कूपों से विदोहन कर विक्री योग्य काष्ठ श्रेणी वार थप्पीकरण कर रखा जाता है तथा जिसका विक्रय खुली नीलामी (उद्घोष विक्रय) द्वारा समय समय पर क्रेताओं को किया जाता है ।

आगारों के विभिन्न प्रकार (Various Types of Depots)

आगार या डिपों का वर्गीकरण निम्नलिखित प्रकार से किया जाता हैं –

(1) स्थिति और उद्देश्य के आधार पर –

(क) वन आगार :– परिवहन से पहले प्रकाष्ठ या अन्य किसी भी वनउपज का वन में संग्रहण करना पड़ता हैं। वन मे जहॉ वनउपज संग्रहण करके रखी जाती हैं, वह स्थान वन आगार कहलाता है। परिवहन की सुविधा के अनुसार वनउपज की चोरी से सुरक्षा की समस्या को ध्यान में रखकर वन में एक या एक से अधिक आगार बनाये जाते हैं। ऐसे आगार अस्थाई होते है, और वनउपज की जॉच, गिनती और परिवहन सुविधा के लिए बनाये जाते है।

(ख) अभिवहन आगार :– कभी–कभी वनउपज को अभिवहन मार्ग मे संग्रहण करना पड़ता है। ऐसे स्थान जहॉ अभिवहन की जा रही वनउपज को संग्रहण किया जाता है, अभिवहन आगार कहलाते है। ये आगार भी साधारणतः अस्थाई होते है और भूमि द्वारा अभिवहन की जा रही वनउपज को एकत्र करने उनकी जॉच और परीक्षा करने या जल द्वारा अभिवहन की जा रही वनउपज को पकड़ने, एकत्र करने, जॉचने और बेड़े के रूप में बहाने के लिए बनाये जाते हैं।

(ग) विक्रय आगार :– विक्रय आगार वे आगार होते हैं, जहॉ प्रकाष्ठ या अन्य कोई वनउपज विक्रय होने तक संग्रहण की जाती हैं। ये आगार मोटर मार्गो या रेल्वे स्टेशन के पास होते है। बिक्री साधारणतः नीलामी द्वारा होती हैं। ये आगार स्थाई होते हैं, और इस लिए जिस स्थान पर उन्हें बनाना हो वह स्थान या तो वन विभाग का होना चाहिए या उसे खरीद लेना चाहिए।

अन्नत काल तक किराया देने से यह सस्ता होता हैं।

(2) वनउपज के आधार पर –
क्योंकि वनउपज के आधार पर आगार काष्ठागार, बांसागार, ईधन आगार, लीसा आगार, आदि में विभाजित किये जाते है।

आगार का प्रबन्ध :– आगारों (विक्रय काष्ठागारों या अन्य किसी भी वनोपज आगार) के अच्छें प्रबन्ध के लिए नीचे लिखी बातों पर ध्यान देना चाहिए–

जब फल तोड़े जाते हैं तो पूर्ण पके हुये नही रहते हैं, कुछ दिन रखे रहने पर फल पूरी तरह पक जाते हैं। अतः आवश्यकतानुसार फलों के पूर्व से पक जाने पर ही बीजों को निकाला जाना चाहिये।

➢ *फल से बीजों को निकालना –*

सूखे फलों जैसे – बबूल, खैर, सुबबूल आदि की फलियॉ के चटकने से कुछ अलग हो जाते हैं, और सूखी फल्लियों को एकत्र कर डंडे से मारने पर बीज अलग–अलग हो जाते हैं।

गीले फलों से बीज निकालने के लिये फलों को हाथ से मसलकर, बीज को पानी से धोकर गूदे से अलग किया जाता है। उदाहरणार्थ – आम, जामुन, नीम आदि में।

➢ *बीजों को सुखाना –*

बीजों को भली–भांति सुखाकर रखना आवश्यक होता है कुछ बीज जैसे नीम, साल आदि को तेज धूप में सुखाने पर उनकी अंकुरण क्षमता कम हो जाती है अतः उन्हें छाया में सुखाते हैं। बबूल, खैर, सागवान आदि प्रजाति के बीजों को धूप में सुखाया जाता है। बीजों को सुखाने के लिये साफ, स्वच्छ व पक्के प्लेटफार्म का उपयोग किया जाता है।

➢ *बीजों की ग्रेडिंग –*

बीजों की ग्रेडिंग मुख्य रूप से आकार के आधार पर की जाती है। इसके लिये आवश्यक है कि विभिन्न आकार की छन्नी का प्रयोग किया जाये और छन्नी से छानकर बड़े, मध्यम और छोटे आकार के बीजों को अलग–अलग ग्रेड में रखा जायें।

➢ **बीज भंडारण (Seed Storage)**

बीज एकत्रित तथा उपचारित करने के पश्चात यदि तुरंत उपयोग कर लिया जाता है तो भंडारण की आवश्यकता नही पड़ती है, परंतु यदि पर्याप्त मात्रा में विभिन्न प्रजातियों का बीज एकत्र किया जाता है, तो बीज भंडारण की समुचित व्यवस्था करना आवश्यक होता है। भंडारण की दृष्टि से बीजों को दो श्रेणियों में बॉटा गया है –

1. आर्थोडाक्स बीज
2. रिकैलसीट्रेन्ट बीज

1. आर्थोडाक्स बीज (Orthodox Seed)

- आर्थोडाक्स बीज वे बीज है जिनकों 5ः जल रहने तक बिना अंकुरण क्षमता को प्रभावित किये सुखाया जा सकता है।
- इन्हें दीर्घ अवधि तक कम तापमान पर संग्रहित रखा जा सकता है।
- उदाहरण–सागवान, बबूल, खैर, प्रोसोपिस, सिरस, सिस्सू आदि प्रजाति के बीज।

2. रिकैलसीट्रेन्ट बीज (Recalcitrant Seed)

- ये ऐसे बीज है जिन्हें यदि 20–40ः जल की मात्रा से कम सुखाया जाता है तो उनकी अंकुरण क्षमता नष्ट हो जाती है।
- इन बीजों को दीर्घ अवधि तक भंडारित नही किया जा सकता है।
- उदारहण – आम, जामुन, नीम, महुआ, साल, बकायन आदि।
- इन बीजों की अंकुरण क्षमता 1–2 सप्ताह बाद ही कम होने लगती है, अतः इन्हें तुरंत उपयोग करना चाहिये।

➢ *बीजों के भंडारण में ध्यान देने योग्य बातें –*

- बीज भली–भांति सूखे होना चाहिए। पर्याप्त सूखे बीज कीड़े–मकोड़े व फफूँद आदि से सुरक्षित रहते हैं।
- लंबी अवधि के भंडारण डीप फ्रिज या कोल्ड स्टोरेज में किया जाना चाहिए।
- भंडारण के पूर्व बीजों को सुखाने के पश्चात् फफूँदनाशक व कीटनाशक दवायें या नीम से बनी दवायें मिलानी चाहिये।
- बीज भंडारण के लिये वायुरोधी बर्तनों का उपयोग करना चाहिय। जैसे–टीन के बने ड्रम जिसमें वायुरोधी ढक्कन हो का उपयोग करना चाहिए।
- बीज भंडार गृह में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था होनी चाहिये।
- बीज भंडारण करते समय बीज का पूर्ण विवरण एक रैक में लिखा होना चाहिए, जिसमें प्रजाति एकत्र करने का स्थल, दिनांक, एकत्र करने वाले कर्मचारी का नाम आदि की जानकारी दी जानी चाहिए।
- भंडारण में बीज के आकार को ध्यान में रखते हुये व्यवस्था करनी चाहिये।

➢ **उत्तम भंडारण होने पर महत्वपूर्ण प्रजातियों की अंकुरण क्षमता की अवधि**

क्र.	*प्रजाति*	*अंकुरण क्षमता की अधिकतम अवधि*
1.	*खैर*	*1 वर्ष*
2.	*बबूल*	*4 से 5 वर्ष*
3.	*काला सिरस*	*1 से 2 वर्ष*
4.	*नीम*	*1 सप्ताह*
5.	*सिस्सू*	*1 वर्ष*
6.	*सफेद सिरस*	*5 वर्ष*
7.	*सुबबूल*	*5 वर्ष*
8.	*करंज*	*1 वर्ष*
9.	*आम*	*2 सप्ताह*
10.	*महुआ*	*3 माह*
11	*सागवान*	*3 वर्ष*
12.	*साल*	*2 सप्ताह*
13.	*यूकेलिप्टस*	*1 वर्ष*
14.	*खमरे*	*3 माह*
15.	*बांस*	*1 वर्ष*
16.	*आंवला*	*2 वर्ष*

➢ **रोपणी के लिये स्थल चयन** (Selection of Site)

रोपणी के लिये स्थान का चयन करते समय निम्न कारकों का ध्यान रखना चाहिये –

➢ **स्थिति** (Location)

रोपणी, रोपण क्षेत्र, बाजार, सड़क आदि सभी से नजदीक होना चाहिए ताकि परिवहन व्यय कम हो।

➢ **पहुँच मार्ग** (Accessibility)

रोपणी तक सड़क या अन्य मार्ग से आसानी से पहुँचा जा सके ऐसे स्थल पर रोपणी बनाई जानी चाहिए।

➢ **स्थलाकृति ;ज्वचवहतंचीलद्ध**

स्थल लगभग समतल या बहुत हल्के ढाल वाला होना चाहिए, क्योंकि अत्यधिक उबड़–खाबड़ स्थल होने पर उसके समतलीकरण आदि पर अधिक व्यय होता है।

➢ **मृदा की स्थिती (Soil Condition)**

रोपणी के स्थान का चुनाव करते समय मृदा में निम्न गुण होना चाहिये –

- मृदा अच्छे जल निकास वाली हो।
- मृदा बालुई दुमट से दुमट प्रकार की हो।
- मृदा में पोषक तत्व व ह्यूमस पर्याप्त मात्रा में हो।
- मृदा बहुत हल्की अम्लीय से उदासीन प्रकार की हो अर्थात् मृदा का **pH** 6 से 7 के मध्य हो।
- कोनीफेरस प्रजातियों के लिये **pH** 5 से 5.5 वाली मृदा अच्छी होती है।

ऐसा स्थान जहॉ पर पानी का स्तर (Water table) ऊॅचा हो एवं क्ले मृदा या चट्टानी अधोस्तर हो पर रोपणी नही बनाना चाहिये।

➢ **पानी का स्त्रोत (Water Source)**

पर्याप्त मात्रा में वर्ष भर पानी की उपलब्धता रोपणी के लिये बहुत आवश्यक है। अतः रोपणी के लिये स्थल का चयन करते समय यह अवश्य ध्यान रखना चाहिये कि वहॉ पर बारहमासी पानी का स्त्रोत – नदी, कुऑ, बॉध आदि अवश्य हो। इसके साथ ही यह भी आवश्यक है कि पानी अच्छी गुणवत्ता का हो ।

- पानी का p^H मान 7 या उससे थोड़ा कम हो।
- पानी में Ca, Mg या K के कार्बोनेट्स अधिक मात्रा में न हो।

➢ **श्रमिक (Labour)**

रोपणी के स्थान के आस–पास के क्षेत्र में पर्याप्त संस्था में कुशल, एवं अकुशल श्रमिकों की उपलब्धता होना अति आवश्यक है।

➢ **समुद्र तल से ऊँचाई ;।सपजपजनकमद्ध**

रोपणी के लिये स्थान का चयन करते समय किस प्रजाति के लिये रोपणी तैयार की जा रही है, और वह प्रजाति सामान्यतः किस समुद्रतल से उंचाई की सीमा में आती है उसका ध्यान रखना आवश्ययक है, अर्थात् यदि कोई प्रजाति जैसे पाइनस आदि अधिक ऊँचाई वाले क्षेत्र ों में पाई जाती है तो उनके लिये रोपणी भी उसी ऊँचाई वाले क्षेत्र में बनाई जाना चाहिये।

➢ वर्मी कम्पोस्ट (Vermi compost)

जैविक कृषि कम्पोस्ट एवं वर्मीकम्पोस्ट बनाने की विधियॉ एवं नर्सरी में उर्वरक प्रबन्धन

एक स्वस्थ मिटटी में 25ः हवा, 25ः पानी, 45ः मिनरलस,3–5ः जैव पदार्थ एवं 1ः जीवाणु होते हैं। भूमि पर लगातार कृषि करने से अनिवार्य पौषक तत्वों की मात्रा में कमी आ जाती है। इस कमी को पिछले कुछ दषकों से रासायनिक उर्वरकों द्वारा पूरा किया जा सकता है। आज पंजाब में नाइट्रोजन खाद की अधिक मात्रा में प्रयोग से पानी तथा मिटटी में नाइट्रेट की मात्रा काफी बढ़ गई है। जिसका सीधा असर हमारी अगली पीढ़ी पर पड़ रहा है। बल्यु बेवी सिन्ड्रोम नाम की बीमारी से काफी बच्चे ग्रसित हो गए हैं। इस बीमारी के कारण बच्चे अनीमिया का षिकार होकर मृत्यु को प्राप्त होते हैं। इन्हीं रासायनिक वस्तुओं के इस्तेमाल से कैंसर जैसे भयावह रोगों की चपेट में बहुत सारे लोग आते जा रहे हैं। इन सभी बातों को देखते हुए एक बार पुनः जैविक कृषि की बात की जा रही है। जैविक कृषि से अभिप्राय यह है कि केवल जैव उर्वरक,कंपोस्ट,देसी खाट,वर्मीकम्पोस्ट इत्यादि द्वारा ही मृदा की उर्वरा षक्ति में बढ़ौतरी की जाती है। फसलों में किसी भी प्रकार की कीटनाषक या फफूंदीनाषक नहीं ड़ाला जाता बल्कि जैविक विधि द्वारा ही इन बीमारियों की रोकथाम के उपाय किये जाते हैं।

किसी भी जैव पदार्थ को आसानी से कम्पोस्ट में तबदील किया जा सकता है। वैसे तो कुदरत अपने आप ही सभी जैविक पदार्थों को धीरे धीरे कंपोस्ट में तबदील कर देती है। परन्तु उसमें काफी समय लगता है तथा बहुत मात्रा में उर्वरक तत्व नष्ट हो जाते हैं। इस प्रक्रिया को वातावरण के विभिन्न कारकों की मात्रा को संतुलित करके षीघ्र पूरा किया जा सकता है। वातावरण के विभिन्न कारक हैः–

- हवा
- नमी
- कार्बन एवं नाईट्रोजन की उचित मात्रा
- जैविक पदार्थ
- समय

कृषि फसल को तत्व भी इन जैविक खादों से सीधे मिल जाते हैं परन्तु रासायनिक खादों के अत्यधिक प्रयोग से मृदा की संरचना पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। हरा खाद या गोबर खाद या किसी भी जैविक खाद में यह विष्वास है कि वे भूमि को आवष्यक तत्व तो प्रदान करते ही हैं परन्तु मृदा की संरचना भी बनाये रखते हैं,जिससे भूमि में भूरक्षण कम होता है और मृदा की जल अवषोषण क्षमता बढ़ जाती है।

उपरोक्त कारणों एवं रासायनिक उर्वरकों की बढ़ती हुई कीमतों एवं प्रदूषण को ध्यान में रखते हुए कम्पोस्ट एवं वर्मीकम्पोस्ट का महत्त्व दिन प्रतिदिन अधिक अनुभव किया जा रहा है।

कम्पोस्ट खाद बनाने की विधि इन्दौर या बरकले विधिः– गोबर का खाद के रूप में प्रयोग हमारे ग्रमीण क्षेत्रों में षताब्दियों से परम्परागत रूप से किया जा रहा है परन्तु वैज्ञानिक विधि से बनाए गए कम्पोस्ट में उर्वरक तत्वों की मात्रा अधिक होती है। नीचे दर्षित विधि इन्दौर या बरकले कम्पोस्ब खाद के नाम से जानी जाती है। इस विधि के अंतर्गत 9इंच दीवाल की मोटाई का 12–15 फुट लम्बा 5फुट चौड़ा और जमीन की सतह से 3–6फुट ऊँचा टांका कम्पोस्ट बीन बनाया जाता है। टांका ईंट को मिटटी से जुड़ाई कर बनाया जाता है और उसे हवादार बनाने हेतु ईंट के प्रत्येक दो रददों के बाद के रददे के छेद,नीचे के रददे के छेदों के बीच में हो। सबसे ऊपरी रददा मिटटी के बजाय सीमेंट से जोंड़ें एवं टांके का फर्ष बिछाकर पक्का करें। टांके के अंदर बाहर की दीवारें एवं फर्ष को गोबर मिटटी से लीप दें एवं टांका सूखने के पष्चात ही प्रयोग करें। ऊँचाई वाले क्षेत्रों में हवा के लिए छिद्रों वाले पी0वी0सी0. पाईपों का प्रयोग भी किया जाता है ताकि टांका कम्पोस्ट के अन्दर तापमान बना रहे और उसमें रात के समय गिरावट की कम सम्भावना हो।

टांका भरने की विधिः– एक टांके को भरने के लिए निम्नानुसार सामग्री एकत्रित कर लें क्योंकि टांके को एक या दो दिन में एक साथ भरना आवष्यक हैः–

1. वनस्पति पदार्थ पत्ते,टहनियॉ,छिलके – लगभग 1500किलो
डन्ठल इत्यादि बिना पत्थर व कांच के
2. गोबर गैस संयंत्रकी स्लरी –लगभग 100किलो
8से10टोकर
3. छनी हुई मिटटी –120 टोकने
4. आवष्यक तानुसार पानी –1500से2000लीटर

टांके को परत दर परत भरा जाता है,और परत के क्रम में फेरबदल न करें। भरने के पूर्व टांके को गोबर के घोल से छिड़के ताकि टांके का फर्ष एवं दीवारें अच्छी तरह भीग जायें।

पहली परत में 6 इंच ऊॅचाई तक वनस्पति पदार्थ भर दें। दूसरी परत में गोबर का घोल पहली परत पर छिड़कें ताकि यह परत पूरी तरह भीग जाए। तीसरी परत में छनी हुई लगभग 50से60किलो मिटटी समतल बिछा दें व उस पर थोड़ा पानी छिड़क दें।
इस प्रकार से उपरोक्त क्रम को अपनाते हुए पूरा टांका भर ले और टांके के ऊपरी सतह से लगभग डेढ़ फुट ऊॅचाई तक परतें झोंपड़ीनुमा आकार में भरें। लगभग 11से 12परत इस प्रकार से अवष्य होगी। अब टांके का ऊपरी भाग मिटटी व गोबर के मिश्रण से सील कर दें। दरारें पड़े तो उन्हें भीलीप दें। 15से20 दिनों पष्चात टांके से भरी हुई सामग्री सिकुड़कर 8से10इंच बैठ जाएगी। इसे पुनःक्रम से परतवार भरेंऔर सील कर दें। लगभग 3से4माह के पष्चात खाद पक जाएगा परन्तु इस अवधिमें खाद में आद्रता बनाई रखी जानी चाहिए। इस हेतु टांके के ऊपर या छेदों से पानी का छिड़काव करते रहें,खाद में 50% नमी बनी रहनी चाहिए। पकी हुई खाद को दुर्गन्ध रहित व रंग में भूरी होगी,को छान लें। लगभग 175 घनफुट मोटा कच्चा माल प्राप्त होगा। इसको पुनः टांके के भरने में काम लिया जा सकता है।
केचुए द्वारा बनाई प्राकृतिक खाद वर्मीकम्पोस्ट के बारे में:– संसार में केंचुए की 3000प्रजातियॉ हैं, परन्तु इनमें से केवल आधा दर्जन ही खेती बाड़ी के लिए उपयोगी हैं। आईसेनिया फोटिडा लाल रंग का केचुआ है जो कि पष्चिम हिमालय की अर्ध समषीतोषण वातावरण में अपने आप को ठीक प्रकार से ढाल चुका है। हिमालय के कई क्षेत्रों में इस प्रजाति का केंचुआ सफलतापूर्ण प्राकृतिक खाद बनाने में प्रयोग में लाया जा रहा है। आईसेनिया फोटिडा बहुत ही चुस्तण छटपटाने बाला लाल रंग का केंचुआ है जिसके शरीर के निचले भाग में क्रमानुससार पीले व लाल रंग की धारियॉ होती हैं। जब आप इस केंचुए को उठाते हो तब यह छटपटाता,ऐंठता बाहर की ओर तेजी से मुड़ते हुउ निकलने की कोषिष करता है। इस केंचुए को बहुत सारे जैविक पदार्थ जैसे कि पषुओं की खाद तथा वनस्पति वस्तुओं से भरपूर रसोई घर से बची हुई सामग्री चाहिए।
वर्मीकम्पोस्ट के बारे में :– गली सड़ी सब्जियों, गोबर, खरगोष के मल को खाकर यह अपने पाचन मार्ग में पीसता है। इस तरह सभी पदार्थ पाचन मार्ग से गुजरने के उपरान्त तथा पूरी तरह केंचुए के पचाने के बाद चाय की पत्ती की तरह बारीक दाने के रूप में बाहर निकालते हैं। यह प्रायः काले या गहरे भूरे रंग के होते हैं जो या तो गंधरहित है या इनमें ताजी मिटटी जैसी गध होती है।
वर्मीकम्पोस्ट प्राकृतिक जैविक खाद है तथा इसकी रसासन संरचना परम्परागत गडढे की खाद या जीवाणुओं द्वारा सड़ा कर बनाई हुई खाद से कहीं अधिक अच्छी है।
नाईट्रोजन,फास्फोरस व पोटाषियम की तीन मूल तरीकों से बनी हुई खाद में संरचनाः

	वर्मीकम्पोस्ट	पषुओं की खाद	जीवाणुओं द्वारा तैयार की खाद
नाईट्रोजन	2–1 से 2–6	1–1 से 1–5	1–2से1–5
फास्फोरस	1–5 से 1–7	0–7से 0–8	0–7से0–9
पोटाषियम	1–4 से1–6	0–6से0–7	0–6से0–7

वर्मीकम्पोस्ट तैयार करना
ऐसी सख्त सतह बाली जगह चुनिए जिसमें अधिकतम समय तक छाया रहती हो। अगर ऐसा स्थान न मिल सके तब धरातल के लिए ईटें,पत्थर भी प्रयोग में लाये जा सकते हैं या क्रमवार प्लास्टिक/एच0 डी0 पी0 ई0 के थैले भी प्रयोग में लाये जा सकते हैं। पत्थरों,ईटों खाली टुकड़ों को इस तरह रखें कि ये 15–20 से0. मी0. तक जमीन की सतह से ऊॅचा रहे।

डनको सीमेंट का पलस्तर नहीं करना चाहिए। कम्पोस्टिंग बाली जगह की चौड़ाई 75–90 सेमी तक रखनी चाहिए जबकि लम्बाई इच्छानुसार घटाई जा सकती है।

नोटः– यहॉ जमीन खोदने या वर्मीकम्पोस्ट के लिए गडढा बनाने की कोई आवष्यक ता नहीं है यह स्थान आयताकारनुमा जमीन की सतह से ऊपर उठा हुआ होना चाहिए। इस वजह से वर्मीकम्पोस्ट के स्थान बनाने में खर्चा नहीं होता और साथ ही वर्षा का पानी उठे हुए सतह की वजह से बाहर निकल जाता है।

गडढे को भरना एक किनारे से षुरू करिए। गडढे में कुछ गड़ा हुआ घास अथवा वनस्पति पदार्थ रखिए व इसको गाय के गोबर/खरगोष के गाबर/ भेड़ के गोबर से भर दीजिए व इसे दोबारा सड़े गले हुए घास या वनस्पति पदार्थ से ढक दीजिए। वैसे तो घास व गोबर का अनुपात 7:3 होना चाहिए,इसे कभी भी हरी अवस्था में गडढे में नहीं डालना चाहिए। वनस्पति पदार्थ को गडढे के बाहर ही सड़ा लेना चाहिए क्योंकि अगर हम उसे हरा ही डाल दे ंतो इससे पैदा होने बाली गर्मी से केंचुओं के माने की आंषका बनी रहती है।

कुछ लोग इसमें ताजा गाय का गोबर डालते हैं पर ऐसा नहीं करना चाहिए क्योंकि ताजे गोबर से गर्मी पैदा होती है और केंचुए के मरने की आंषका बनी रहती है,अगर ताजा गोबर डालना ही है तो वर्मीकम्पोस्ट के स्थान से इसे बाहर गीला करके डालना चाहिए।

जब गोबर व सड़े हुए घास इत्यादि को डाल दिया जाता है उसके बाद केंचुओं को इसके ऊपर बराबर–बराबर मात्रा में डाल देना चाहिए। कुछ ही क्षणों में यह केंचुए गडढे में लुप्त हो जाऐंगें और छोटे छोटे सुराख ही उस जगह पर नजर आऐंगें। तत्पष्चात गडढे को पानी छिड़क कर गीला ही रखना चाहिए। इसमें 40–50 प्रतिषत तक नमी रहनी चाहिए। सर्दियों में हफते में एक बार व गर्मियों में पानी छिड़कने की मात्रा आवष्यक तानुसार बढ़ा देनी चाहिए।

इसके अलावा और कुछ करने की जरूरत नहीं है। 8से10हफते बाद केंचुए ने गडढे में सारा वनस्पति पदार्थ खा लिया होगा। जब हम घास की ऊपरी सतह को हटाएगें तो हमें पता चलेगा कि सारा गडढा दानेदार पाउडर जैसे पदार्थ में बदल गया है जिससे हम वर्मीकम्पोस्ट कहते हैं। इस जब वर्मीकम्पोस्ट स्थान से बाहर निकाल लेना चाहिए।

उसके बाद तैयार कम्पोस्ट पदार्थ को धूप में ढेरियॉ लगाकर रख दें व इसे सुखाएं। केंचुए ढेरियों के बिल्कुल नीचे चले जायेंगें। ऊपर बाला हिस्सा केंचुआ रहित हो जाएगा। फिर आप इसे धूप में सुखा सकते हैं। इस प्रक्रिया को बार–बार करने से केंचुए अलग हो जाते हैं। इन केंचुओं को फिर नए वर्मीकम्पोस्ट स्थान में प्रयोग किया जा सकता है। तैयार किए गए खाद को तब तक धूप में सूखाना चाहिए जब तक इसमें 10प्रतिषत नमी रह जाए। इस खाद को 3मि0मि0 सुराख बाली छननी से छानना चाहिए। तैयारषुदा वर्मीकम्पोस्ट खाद दानेदार चायपत्ती की तरह नजर आती है। वर्मीकम्पोस्ट खाद को स्टोर भी किया जा सकता है या इसे सीधे खेतों में प्रयोग किया जा सकता है।

➢ क्यारियॉ (या बेड) तैयार करना (Bed Preparation)

क्यारियॉ या नर्सरी बेड – नर्सरी में वह तैयार किया गया स्थान होता है जहॉ पर बीजों को बोया जाता है या प्रत्यारोपण किया जाता है या कटिंग आदि लगाई जाती है।

नर्सरी बेड तैयार करने में निम्न बातों का ध्यान रखना चाहिए –

1. बेड का आकार एवं माप
2. बेड के प्रकार
3. बेड की सतह तैयार करना

➢ **बेड का आकार एवं माप (Shape & Size of Beds)**

सामान्यतः आयताकार आकार के बेड ही बनाये जाते हैं, जो कि अन्य आकार के बेड्स की तुलना में बनाने व रख–रखाव करने में सुविधा जनक होते हैं।

बेड की चौड़ाई 1 मी. से लेकर 1.5 मी. तक रखते हैं। बेड की चौड़ाई इतनी होनी चाहिए कि बेड के दोनो ओर बैठकर संपूर्ण बेड में निदाई कार्य किया जा सकें। बेड की लंबाई 10 मी. से लेकर 12.5 मी. तक रख सकते हैं, परंतु साधारणतः 10उ ग 1उ माप के बेड बनाये जाते हैं।

➢ **बेड के प्रकार** (Types of Beds)

➢ **बेड या क्यारियॉ बनावट के आधार पर मुख्यतः तीन प्रकार की होती है**

1 **रेज्ड बेड** (Raised bed)

- ➢ इस प्रकार के बेड भूमि सतह से 10–15 से.मी. ऊॅचे होते हैं।
- ➢ इस प्रकार के बेड अधिक वर्षा वाले क्षेत्रों में बनाये जाते हैं ताकि अधिक पानी के इकट्ठा होने से पौधों की सुरक्षा की जा सके।

2 **संकन बेड** (Sunken bed)

- ➢ इस प्रकार के बेड भूमि सतह से 10–15 से.मी. नीचे होते हैं।

- इस प्रकार के बेड कम वर्षा वाले क्षेत्र ों मे, अधिक से अधिक पानी को रोकने के उद्देश्य से बनाये जाते हैं।

3 समतल बेड (Flat Bed)

- इस प्रकार के बेड भूमि के सतह के समान ही होते हैं और सामान्य बारिश वाले क्षेत्रों में बनाये जाते हैं।

- **उपयोग के आधार पर भी बेड तीन प्रकार के होते हैं –**

1 अंकुरण बेड (Germination beds)

- इस प्रकार के बेड में बीज अंकुरण के लिये व्यवस्था होती है चाहे वह रेजड हो या संकन।
- इन बेड्स का मुख्य उद्देश्य बीजों के अंकुरण द्वारा प्रतिरोपण हेतु छोटे–छोटे पौधे प्राप्त करना।

2 प्रत्यारोपण बेड (Transplating beds)

- अंकुरण बेड से प्राप्त पौधों में से अच्छे स्वस्थ पौधे चुनकर अन्य बेड्स में अंतराल पर प्रतिरोपित किये जाते हैं, जिससे कि उनकी मोटाई में अच्छे से वृद्वि हो सके। इस प्रकार के बेड्स भी संकन या रेजड् हो सकते हैं।


3 थैलियों को रखने के लिये क्यारियॉ –

- इस प्रकार के बेड्स में पौधे थैलियों में प्रतिरोपित करने के बाद रखे जाते हैं, जहॉ पर उन्हें पानी दिया जाता है और समय–समय पर उनकी जगह बदली जाती हैं। पौधों की ऊॅचाई में वृद्वि के साथ–साथ उनका व्यास बढ़ने हेतु उनको क्यारी में अंतराल पर रखना चाहिए। इसके लिये दो पंक्तियों के बीच कंटग बॉस के टुकड़े, ईट या पत्थर रखते हैं। इन बेड्स की गइराई थैलियों की लंबाई के बराबर होना चाहिये। बेड्स के नीचे के भाग पर थैलियॉ रखने के पूर्व 300 से 500 गेज की पॉलाथीन शीट रखी जाना चाहिये, जिसमें थैलियों के पौधों की जड़ नीचे की जमीन में न जा पाये।

- **बेड की सतह तैयार करना –**

बेड जहॉ पर तैयार करना होता है, वहॉ की मृदा अच्दी तरह से इस प्रकार तैयार की जाती है कि बीजों के अंकुरण व पौधों की वृद्वि के लिये अधिकतम अनुकूल हो।

- जिस माप का बेड बनाना हो उस माप की जगह की मृदा की लगभग 40–45 से.मी. गहराई तक खुदाई करे।
- खुदी हुई मृदा को बाहर निकालकर 15–20 दिनों के लिये मौसम की क्रिया हेतु वैसे ही छोड़ देना चाहिये ।
- बड़े–बड़े पत्थर, बोल्डर आदि मिट्टी में से अलग कर देना चाहिये।
- बेड में सबसे नीचे छोटे–छोटे कंकड़ व नदी की धुली हुई रेत लगभग 10 से.मी. ऊॅचाई तक भरना चाहिये।
- उसके ऊपर 15 से.मी. ऊॅचाई तक बिना छनी मिट्टी बिछाकर उसके ऊपर 10 से.मी. जंगल से लायी ह्यूमस युक्त मिट्टी सुखाकर एवं छानकर डालना चाहिये।
- भाग कम्पोस्ट या सूखी खाद चार गुनी मिट्टी में मिलाकर इसमें 100 ग्राम / बेड 5: एल्ड्रेक्स, मिलाकर खोदे हुये बेड के भाग में डालकर बेड की सतहो समतल बनाना चाहिये।



➢ रूट – ट्रेनर (Root Trainer)

सामान्यतः रूट–ट्रेनर एक उच्च घनत्व पॉली एथलीन या उच्च घनत्व पॉली प्रापिलीन पदार्थ का बना दोनों सिरो से खुला शंकु आकृति का पात्रा होता है। रूट–ट्रेनर के अंदर छः लंबवत् उभार होते हैं जो कि ऊपरी भाग से नीचे तक पहुँचते हैं, जिनका मुख्य कार्य उत्पादित मूलों को नीचे की ओर दिशा देना है। ये रूट–ट्रेनर स्टैंड पर भूमि से लगभग 50 से.मी. ऊचाई पर रखे जाते हैं, जिससे इनका निचला भाग वायु के स्वतंत्रा प्रवाह हेतु खुला रहता है। वायु का स्वतंत्रा प्रवाह इस प्रकार उत्पादित प्राथमिक मूलों का वायु–कर्तन कर देती है, जिससे कि पार्श्व मूलों का बेहतर विकास होता है।

➢ **प्रकार** –

रूट–ट्रेनर अपने आकार एवं संख्या एवं आयतन के आधार पर कई प्रकार के होते हैं। ये सामान्यतः 150 सीसी से 500 सीसी तक के आयतन एवं 20 से 40 सेल प्रति रूट–ट्रेनर ट्रे वाले होते हैं।

रूट–ट्रेनर के लाभ –

- ➢ कम स्थान की आवश्यकता होती है।
- ➢ कम पॉटिंग मिश्रण लगता है।
- ➢ वायु संचरण पर्याप्त रहता है।
- ➢ नीचे से निकलने वाली मूलों का वायुकर्तन हो जाता है।
- ➢ पार्श्व / अस्थानिक मूलों के विकसित होने के कारण स्वस्थ एवं संतुलित मूल तंत्र विकसित होता है।
- ➢ इस प्रकार उत्पादित पौधे रोपण क्षेत्र में अतिशीघ्र स्थापित हो जाते हैं।
- ➢ उपयोग सुविधाजनक, परिवहन आसान है।
- ➢ टिकाऊ एवं पुनः उपयोग योग्य।
- ➢ पॉटिंग मिश्रण का व्यय, रूट–ट्रेनर की भराई, निंदाई, सिंचाई एवं परिवहन व्यय कम होता है
- ➢ अस्वस्थ पौधों का बदलाव एवं श्रेणीकरण काफी आसान होता है।

➢ **रूट–ट्रेनर में पॉटिंग मिश्रण भरना** –

1. प्रांरभ में थोड़े से पॉटिंग मिश्रण में पानी डालकर उसके छोटे गोले बना लिये जाते हैं।
2. प्रांरभ में सेल में एक गोला डालकर उसके ऊपर सूखा पॉटिंग मिश्रण ऊपर तक भर दिया जाता है।
3. इसके बाद ऊपर से पॉटिंग मिश्रण के हल्के से ऊँगलियॉ से दबा दिया जाता है। इस रूट–ट्रेनर में बीज बुवाई से पूर्व सिंचाई की जाती है।

➢ कलिंग **(Culling)**

एक सफल रोपण हेतु अच्छी गुणवत्ता वाले पौधे एवं एक रूप पौधे आवश्यक हैं। वनों के विभिन्न स्त्रोातों से संग्राहित बीजों से लगाये गये पौधों में काफी भिन्नता होती है, जिन्हें दूर कर अच्छे गुणवत्ता वाले एक रूप पौधों को रोपण के लिये चुनना चाहिए। पौधों की जनसंख्या में तारतम्यता या एकरूपता स्थापित करने हेतु अनावश्यक पौधों को विधिवत हटाने की प्रक्रिया कलिंग (Culling) कहलाती है।

कलिंग दो स्थिति में की जाती है –

➢ **अंकुरण कंलिग** –

अंकुरण क्यारियों में ही अंकुरित पौधों की कलिंग रूट–ट्रेनर में प्रत्यारोपण के पूर्व की जाती है। अधिकांशतः इसी प्रकार की कलिंग की जाती है। इसमें अधिकतम अंकुरण काल के दौरान अंकुरित पौधों में से प्रत्यारोपण हेतु केवल उत्कृष्ट पौधों को ही चुनना चाहिए व शेष पौधों को नष्ट कर देना चाहिये ।

➢ **पौध कलिंग** –

अंकुरण कलिंग में हर संभव सतर्कता बरतने के बावजूद भी रूट–ट्रेनर में प्रत्यारोपित किये गये पौधे वृद्वि (विशेषकर ऊचाई में) भिन्नता प्रदर्शित करते हैं अतः भिन्नता में और कमी लाने एवं रोपित पौधों में अधिकतम एकरूपता प्राप्त करने के लिये रूट–ट्रेनर में प्रत्यारोपित पौधों में भी अत्यंत न्यून मात्रा में कलिंग की जाती है।

➢ **बीज उपचारण** (Seed Treatment)

बीज रोपणी में बोने के पूर्व उनका उपचारण किया जाना अच्छा रहता है। बीज उपचारण निम्न उद्देश्यों की पूर्ति के लिये किया जाता है –

1. बीजों में सुप्तावस्था या डार्मेसी को समाप्त करने एवं शीघ्र अंकुरण हेतु
2. बीजों को कीड़ो–मकोड़ों, जंतुओं विभिन्न बीमारियों एवं प्रतिकूल परिस्थितियॉ से सुरक्षा हेतु।
3. बीजों में एकरूपता बढ़ाने हेतु।

बीजों में सुप्तावस्था की वजह से वे बेड्स में बोने के बाद भी समस्त अनुकूल परिस्थितयॉ होने के बावजूद भी अंकुरित नही होते हैं। बीजों की सुप्तावस्था या (Dormancy) वह शरीर क्रियात्मक अवस्था है जिसमें बीज, समस्त अनुकूल परिस्थितियॉ होते हुये भी अंकुरित नही होता है।

बीजों में सुप्तावस्था निम्न कारणों से होती है –

- कठोर बीज आवरण
- अविकसित भ्रूण
- चयापचय क्रियाओं व एन्जाइम क्रियाओं का अभाव
- इस प्रकार की स्थितियों में बीजों की सुप्तावस्था को समाप्त करने एवं शीघ्र अंकुरण हेतु बीजों को निम्न प्रकार से उपचारित किया जाता है –

➢ **बीज आवरण का उपचार**

बीज आवरण को घिसना, रगडना, छेदना व काटना, जिससे कठोर बीज आवरण जल को अवशोषित कर सकें। इस प्रकार का उपचारण निम्न प्रजातियों में किया जाता है –

खैर (Acacia catechu) अर्जुन (Terminalia arjuna)

बबूल (A. nilotica) काला सिरस (Albizzia lebbeck)

अमलताश (Cassia fistula) गुलमोहर (Delonix regia) vkfn

➢ **पानी में डुबाना**

24 से 48 घंटे तक बीजों को पानी में डुबाकर रखा जाता है –

बबूल (A. nilotica) केसिया सायमियk (Cassia siamia)

अंजन (Hardwickia binata) सुबबूल (Leucaena Leucocoephala)

काला सिरस (Albizzia lebbeck) सफेद सिरस (Albizzia procera)

प्रोसोपिस ;च्तवेवचपे रनसपसिवतंद्ध आदि।

➢ **बारी–बारी से पानी में भिगोना व सुखाना** (Alternate Wetting and Drying)

दो तीन दिनों तक पानी में डुबाना व एक सप्ताह तक सुखाना इस प्रकार 3–4 बार करना। सागौन प्रजाति में यह विधि बहुत उपयोगी है।

➢ **गरम पानी में उपचारित करना** (Hot Water Treatment)

पानी गरम कर उसको ऑच से उतारकर उसमें बीजों को 6–12 घंटे तक डुबाकर रखना, यह विधि सुबबूल, सिरस, केस्टर, बबूल आदि के बीजों के उपचारण में उपयोगी हैं।

➢ **आंशिक किण्वन** (Partial Fermentation)

सागवान के बीजों को गोबर के घोल में मिलाकर सड़ाते हैं।

➢ **अम्ल** (Acid)

➢ कुछ रसायन जैसे सल्फ्यूरिक अम्ल आदि कठोर बीज आवरण वाले बीजों को उपचारित करने

शीत स्तरीकरण (Cold Stratification)

यह विधि उन बीजों के उपचार में प्रयुक्त होती है जिसमें भ्रूण पूरी तरह विकसित नही होते हैं, इसमें बीजों को जल अवशोषित करने वाले माध्यम जैसे पीट या वर्मीकुलाइट पर बहुत कम ताप पर 20 से 60 दिनों के लिय रखते हैं। इस प्रकार अधिक आर्द्रता व कम तापमान के कारण बीज मे जैव रासायनिक परिवर्तन होते हैं।

यह निम्न प्रजातियों के बीज उपचारण में उपयोगी विधि है –

एबीज (Abies), देवदार (Cedrus), फर आदि ।

➢ **अन्य रासायनिक पदार्थ**

जैसे हाइड्रोजन पराक्साइट, जिवरेलिक अम्ल, साइट्रिक अम्ल आदि बीजों की सुप्तावस्था समाप्त करने में प्रयुक्त होते हैं।

सारणी – कुछ प्रमुख उपचारण विधियॉ एवं उपचारित प्रजातियॉ

क्र.	बीज उपचारण की विधि	प्रजाति
1.	कोई उपचारण आवश्यक नही या कुछ घंटे बीज को पानी में भिगोना	हल्दू, एबीज, धावड़ा, नीम, खैर, महारूख, सिस्सू, नीलगिरी, चिरोल, लेंडिया, आम, मुनगा, आंवला, अर्जुन, पलाश, कपोक, खमेर, साल, बॉस, बहेड़ा, पाइनस, आदि
2.	24 से 48 घंटे तक गरम पानी में डुबाकर रखना	आस्ट्रेलियन बबूल, बबूल, काला सिरस, सफेद सिरस, सुबबूल, अमलतास प्रोसोपिस, इमली, अकेसिया की अन्य प्रजातियॉ
3.	सामान्य पानी में 24 से 48 घंटे तक डुबाना	अंजन, करंज, चंदन, हर्रा, पार्किनसोनिया आदि।
4.	सामान्य पानी में 72 घंटे डुबाना	महानीम
5.	ठंडे पानी में डुबाना	देवदार
6.	बारी–बारी से भिगोना एवं सुखाना या गोबर के साथ मिलाकर 10–15 दिन सड़ाना	सागवान

➢ **बीजों को सुरक्षा प्रदान करना**

बीजों की सतह पर रासायनिक पदार्थ जैसे – कीटनाशक, कवकनाशी या विभिन्न प्रकार के खाद एवं उर्वरक तथा हार्मोन आदि को लगाया जाता है –

- ➢ खाद एवं उर्वरक तथा वृद्वि हार्मोन आदि को बीजों पर लेप करने से बीज से अंकुरित पौधे की वृद्वि अच्छी होती है।
- ➢ कवकनाशी एवं कीटनाशी पदार्थो के लगाने बीजों की कीड़े–मकोड़े व फफूँद आदि से सुरक्षा होती है।
- ➢ छोटे बीज आदि उपचारण से थोडे बड़े व भारी हो जाते हैं, जिससे छिड़काव विधि द्वारा बुआई में सुविधा होती है।

➢ बीज बोना (Seed Sowing)

रोपणी में बेड में बीज बोते समय निम्न के बारे मे जानकारी आवश्यक है –

1. बोआई की विधि (Method of Sowing)
2. बोने का अंतराल (Spacement)
3. बोने की गहराई (Depth of Sowing)
4. बीजों की आवश्यक मात्रा (Quantity of Seeds Required)
5. बीज बोने का समय (Time of Sowing)

➢ **बोआई की विधियॉ** (Method of Sowing)

बीजोपचार के बाद बीज बोने की प्रमुख विधियॉ निम्न हैं –

1. **छिड़काव बोआई** (Broadcasting Method) – इस विधि में उपयुक्त संख्या में बीजों को बेड पर हाथ से "छिड़क" देते हैं व बाद में हल्के हाथ से मिट्टी फैला देते हैं। बहुत बारीक या छोटे आकार के बीजों जैसे – हल्दू, नीलगिरी आदि के बीज रेत या मिट्टी के साथ मिलाकर छिड़काव किये जाते हैं। इस विधि में बीजों के बीच का अंतराल व बोने की गहराई नियंत्रित नही रहती है।
2. **डिबलिंग** (Dibbling) – इस विधि में किसी लकड़ी या पेग द्वारा बेड में उपयुक्त गहराई का गड्ढा करते हैं और उसमें बीज डालकर मिट्टी से ढॅक देते हैं। यह विधि बड़े आकार के बीजों के लिये अच्छी है। इसमें बोने का अंतराल व गहराई दोनो नियंत्रित किये जा सकते हैं, परंतु बड़े क्षेत्र में बोआई करना हो तो यह विधि उपयोगी नही है। यह विधि बीजों को सीधे थैली में बोने के लिये उपयोग की जाती है।
3. **ड्रिलिंग** (Drilling) – यह बड़े व छोटे दोनो प्रकार के सबसे अच्छी विधि है। इसमें समय भी कम लगता है, और

बोने की गहराई व बीजों के बीच का अंतराल भी आवश्यकतानुसार रख सकते हैं। इस विधि में छोटे व बड़े आकार दोनों प्रकार के बीजों को आसानी से बोया जा सकता है। इस विधि में ड्रिल बोर्ड या ड्रिल ड्रम का उपयोग किया जाता है। इसमें बोर्ड के द्वारा छोटी छोटी नालियॉ जैसी बनाती है, जिसमें बीजों को बोया जाता है।

➢ **बोने का अंतराल** (Spacement)

बीज बोते समय उनके बीच का अंतराल एक बहुत महत्वपूर्ण बिंदु है, जिसका ध्यान रखा जाना अत्यंत आवश्यक है। यद्यपि बोने का अंतराल प्रजाति पर निर्भर करता है, परंतु सामान्यतः 15 बउ . 10 बउ का अंतर रखते हैं। बीजों को बहुत पास पास घना बोने पर अंकुरण कम होता है, वृद्धि अच्छी नही होती है तथा मृत्युदर भी बढ जाती है। यदि अंकुरण के तुरंत बाद पौधों को उखाड़ कर अन्यत्र जगह लगाया जाना हो तब उनमें अंतराल कम रखा जा सकता है पर इस स्थिति में भी बीजों के बीच का अंतराल 5 से.मी. से कम नही होना चाहिये।

➢ **बोने की गहराई** (Depth of Sowing)

यदि बीजों को बहुत गहराई में बो दिया जाय तो संभव है कि वे अंकुरित ही न हो, वही दूसरी ओर यदि बीज बहुत उथले रह जाये तो उन्हें पशु–पक्षियों एवं कीड़े–मकोड़े द्वारा हानि होने की संभावना रहती है। साथ ही यदि मृदा द्वारा अच्छे से ढॅके नही हो तो अंकुरित भी नही होते हैं। सामान्यतः बीज के ऊपर मृदा की मोटाई बीज के व्यास के बराबर होना चाहिए, परंतु छोटे आकार के बीजों के लिये बोते समय गहराई 2.5 से 5 मि.मी होना चाहिये। बोने की गहराई प्रजाति एवं मृदा प्रकार पर निर्भर करती हैं।

➢ **बीजों की आवश्यक मात्रा** (Quantity of Seeds Required)

प्रति बेड बुवाई हेतु वांछित बीजों की मात्रा निम्न सूत्रा से ज्ञात की जा सकती है–

$$W = \frac{A \times D}{P \times M} \times 100$$

जहॉ –

W = प्रति क्यारी बीजों की आवश्यक मात्रा (ग्राम)

A = बेड का क्षेत्र फल (वर्ग मीटर में)

D = बेड में वांछित प्रति वर्ग मीटर पौधों की संख्या

P = पौधों की अंकुरण क्षमता का प्रतिशत (प्लांट परसेंट)

M = प्रति ग्राम में बीजों की संख्या

सामान्यतः बोआई करते समय इस सूत्र से निकली मात्रा से अधिक बीज बोये जाते हैं।

महत्वपूर्ण प्रजातियों के 10 मी. 1 मी. के बेड में प्रति बेड बीजों की आवश्यक मात्रा

प्रजाति	बीजों की मात्रा प्रति बेड (ग्राम में)
काला सिरस	300
सफेद सिरस	300
सिस्सू	250
बॉस (छिलके सहित)	1000
आंवला	400
खमेर	2500
प्रोसेपिस	1000
करंज	2000

➢ **बीज बोने का समय** (Time of Sowing)

यह अति आवश्यक है कि सही समय पर ही बीज बेड में या थैली में बोया जाए, यह समय निम्न पर निर्भर करता है।

- बीजों की प्रजाति एवं पकने का समय
- बीजों की उपलब्धता
- बीजों की जीवित रहने की क्षमता
- रोपण के लिये आवश्यक पौधें का आकार
- वृद्वि दर

सही समय पर बोने का उद्देश्य यह है, कि बीज बोने के बाद अंकुरण शीघ्र हो और वृद्धि अच्छी हो। सामान्यतः अधिकांश प्रजातियों के 1 वर्ष की आयु के पौधे रोपण के लिये उपयुक्त होते हैं अतः बीज बोने का अनुकूल समय मार्च से जून होता है।

महत्वपूर्ण प्रजातियॉ और उनकी बोआई का अनुकूल समय

बोने का समय	प्रजातियॉ
जनवरी – मार्च	कैसुरिना, यूकेलिप्टस, सुबबूल, महानीम, ऑवला
अप्रैल – जून	खैर, काला सिरस, सफेद सिरस, बेल, कपोक, अमलतास, सिस्सू, शीशम, लेडिया, करंज, अर्जुन, सागवान, बॉस,
जुलाई – सितम्बर	धावड़ा, नीम, गुलमोहर, जामुन, खमेर, केसिया – सियामिया, अंजन, आम, शहतुत, महुआ, साल, बॉस,
अक्टूबर – दिसम्बर	पॉलीथीन बैग में सीधे बोआई यूकेलिप्टस, कैसुरिना

➢ **प्रत्यारोपण** (Transplanting)

रोपणी में पौधों का उनके जड़ एवं तने की अच्छी वृद्वि के लिये एक बेड (क्यारी) से दूसरे बेड में या अन्य किसी पात्रा में लगाने को प्रत्यारोपण या ट्रांसप्लाटिंग या प्रिकिंग आऊट ;च्तपबापदह ल्नजद्ध या लाइनिंग आऊट ;स्पदपदह ल्नजद्ध कहते हैं।

इससें निम्न लाभ होते हैं –

- जड़ों की वृद्वि अच्छे से होती है एवं अच्छी (झाड़ीनुमा) जड़े विकसित होती है।
- पौधों के बीच पर्याप्त अंतर रखा जाता है, जिससे उनका विकास अच्छे से होता है।
- पौधों को बाहय वातावरण के अनुकूल बनाता है।
- पौधे रोपण क्षेत्र में लगाने योग्य आकार ग्रहण कर लेते हैं।

प्रत्यारोपण के लिये पौधों को बेड से उखाड़कर या तो प्रत्यारोपण बेड में या अन्य पात्रा ;च्संदज ब्वदजंपदमतद्ध जैसे पॉलीथीन बैग, रूट ट्रेनर आदि में लगाया जाता है। रोपणी में कई प्रकार के पात्रा जैसे – दोना, मिट्टी के गमले, पॉलीथीन बैग सबसे अधिक उपयोग किये जाते रहे है परंतु वर्तमान में पॉलीथीन बैग के स्थान पर रूट ट्रेनर को प्राथमिकता दी जा रही है।

➢ प्रत्यारोपण की विधियॉ –

- जिस पॉलीथीन बैग या पात्रा में प्रतिरोपण करना हो उसमें मिट्टी खाद एवं रेत का 2:1:1 का मिश्रण भरते हैं या रूट ट्रेनर हो तो वर्मीकुलाइट, पीट आदि का भी उपयोग करते हैं।
- प्रतिरोपण करने के पूर्व थैली के मिश्रण को गीला कर लेते हैं।
- प्रतिरोपण किये जाने वाला पौधा 5–6 से.मी ऊॅचाई का व 2–3 पत्तियों से युक्त होना चाहिये।
- प्रतिरोपण करने वाले पौधों को बेड से निकालकर पानी भरी कटोरी में डालना चाहिए, जिससे कि धूप से सूख न जावें।
- यदि कुछ पौधें की जड़े अधिक लंबी हो तो पौधे उखाड़ने एवं धोने के बाद नीचे की जड़ अच्छी धार–दार चाकू से पौधा लकड़ी पर रखकर काटते हैं।
- थैली के मिश्रण को पूरी तरह गीला करने के बाद पेंसिल के आकार की लकड़ी से छिद्र करना चाहिये।
- पौधे को पत्तियॉ से पकड़कर छिद्र में सीधा ऐसे खड़ा करना चाहिये कि उसकी मूल संधि (कॉलर) मिश्रण के ऊपर के सतह के साथ हो। पौधा अधिक ऊपर या गहरा नही लगाना चाहिये।
- अंत में पौधा सही तरीके से खड़ा करने के बाद सूखी बारीक मिट्टी से छेद भरते हैं।
- इसके बाद सभी तरफ से हल्के–हल्के मिट्टी दबाते हैं जिससे कि पौधों की जड़ो के आस–पास कोई खाली जगह न रह पाये।
- इसके तुरंत बाद पौधे को बारीक छेद वाले झारे से पानी दिया जाता है।
- प्रतिरोपण के समय यह ध्यान रखना चाहिये कि अच्दे एवं स्वस्थ निरोगी पौधे ही लगाये जावें एंव टेढे–मेढे पौधों को अलग कर दिया जाय, यह कार्य श्सीडलिंग ग्रेडिंग कहलाता है।
- प्रतिरोपण के समय यह भी ध्यान आवश्यक रखना चाहिए कि पौधे की जड़े सीधी रहे एवं मुडें नही।

➢ **पौधों की सिंचाई** (Irrigation)

पौधे की उनकी आवश्यकता के अनुसार पानी देना चाहिए। बहुत अधिक और बहुत कम पानी देना, दोनों से ही बचना चाहिए।

➢ **विधियॉ** –

रोपणी में पानी देने के लिये निम्न विधियॉ उपयोग की जा सकती हैं –

1 एटमॉइजर द्वारा (By Atomizer)

एटमॉइजर एक प्रकार का पंप होता है, जिसमें छोटी–छोटी बूंदो के रूप में पानी दिया जाता है। यह उन प्रजातियों के लिये बहुत उपयोगी जिसके बीजों का आकार बहुत छोटा होता है। जैसे – यूकेलिप्टस, हल्दू आदि ।

2 झारे द्वारा (By Watering Cane)

झारे द्वारा पानी देने की विधि अधिकांश रोपणियों में प्रयुक्त होती है। इस विधि में पानी का उपयोग मितव्ययता से आवश्यकतानुसार किया जा सकता है, एवं यह बेड में लगे पौधों एवं पात्राों में लगे पौधों दोनों के लिये आसानी से उपयोग की जा सकती है।

3 रिसाव विधि द्वारा (By Percolation)

इस विधि में पानी को ऊँचे उठे हुये बेड्स के चारो तरफ भर देते हैं, जहॉ से पानी रिस कर पौधों के प्राप्त होता है।

4 बाढ़ विधि द्वारा (By Flooding)

यह विधि वहॉ प्रयुक्त होती है जहॉ पर कि सस्ता पानी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो, एवं समतल या संकन बेड बनाये जाते हैं। यह विधि बारीक एवं छोटे बीजों के लिये उपयोगी नही है।

5 फौवारा विधि द्वारा (By Sprinklering)

सामान्य रूप से पानी देने एवं पानी का मितव्ययता से उपयोग होने के कारण मंहगी होने के बावजूद यह विधि उपयोग में लायी जाती है।

टपकन सिंचाई विधि (Drip Irrigation System)

इस सिंचाई विधि में पौधों को धीरे–धीरे बूंद–बूंद पानी जड़ क्षेत्र में दिया जाता है।

इस विधि से सिंचाई के लिये निम्न यंत्रों की आवश्यकता होती हैं –

1- पंपिग इकाई –

जोकि लगभग **2.5 kg / sq. cm.** दबाव उत्पन्न कर सकें। इसके अतिरिक्त कितने क्षेत्र को सिंचित किया जाना है, उतनी शक्ति का पंप उपयोग किया जाता है।

2- पाईप लाईन – **PVC** पाईप या रबर की पाईप लाईन जिसमें ड्रिप टाईप नोजल लगी होती हैं जिनसे बूंद–बूंद करके धीर–धीरे पानी प्रवाहित होता है।

3- फिल्टर यूनिट – पानी में निलम्बित धूल, कण आदि अशुद्वियों को दूर करने हेतु।

4- प्रेसर गेज – प्रवाहित होने वाले पानी का दबाव मापने एवं नियंत्रित करने हेतु।

5- ओव्हर टैंक – पानी एकत्र कर प्रवाहित करने के लिये।

ड्रिप सिंचाई विधि में पानी की मात्रा नोजल के आकार व बहने वाले पानी के दबाव को परिवर्तित कर नियंत्रित किया जा सकता है।

विशेषताएँ –

इस विधि का मुख्य लाभ यह है कि पानी का अधिकतम उपयोग होता है और बहुत कम जगह की हानि होती है, क्योंकि वाष्पन व परकोलेशन के द्वारा होने वाली हानि नही होती है, अत यह शुष्क क्षेत्र ों, उद्यान, वृक्षारोपण आदि के लिये उपयोगी है।

कमियॉ –

- प्रारंभ में ड्रिप यूनिट लगाने में खर्च बहुत आता है।
- इसके रख–रखाव में भी अधिक खर्च होता है, साथ ही विशेषज्ञ की आवश्यकता पड़ती है।

ड्रिप सिंचाई देशी विधि से मिट्टी के घड़े (मटकों) की सहायता से की जा सकती है। इसके लिये छिद्र युक्त मटके पौधों के जड़ क्षेत्र के निकट रख देते हैं और पानी भरकर ऊपर से ढंक देते हैं, जिसमें से पानी रिसकर धीरे–धीरे पौधों को प्राप्त होते रहता हैं।

➢ **कितना पानी देना चाहिये ?**

इसके बारे में कोई सीधा नियम नही है। पानी कितना देना चाहिये यह प्रजाति, मृदा प्रकार, जलवायु आदि पर निर्भर करता है। सागवान की रोपणी में कम पानी की आवश्यकता होती है, जबकि यूकेलिप्टस एवं पॉपलर को अधिक सिंचाई की आवश्यकता होती है।

- ग्रीष्म ऋतु में शीत ऋतु की अपेक्षा अधिक पानी की आवश्यकता होती है।
- सामान्यतः 2 सिंचाई प्रतिमाह शीत ऋतु में एवं 3 से 5 सिंचाई ग्रीष्म ऋतु में देना चाहिये।

➢ **कब पानी देना चाहिये ?**

सामान्यतः सिंचाई दोपहर बाद करना चाहिए परंतु जहॉ पाला पड़ने या डेम्पिंग ऑफ की समस्या हो वहॉ पर प्रातः काल में पानी दिया जा सकता है। डेम्पिंग ऑफ **(Damping off)** एक बीमारी है जिससे पौधे के तने प्रभावित होते हैं एवं मृत हो जाते हैं, इससे सुरक्षा प्रदान करने के लिये पानी में एसिटिक एसिड या फॉर्मोल्डिहाइड या 4 : कापर सल्फेट मिलाकर सिंचाई करना चाहिये।

1.2.5.9.8 रूट–शूट तैयार करना (Stump Perparation)

पौधों की ऐसी कटिंग जिसमें रूट एवं शूट दोनों हो को स्टम्प कहते हैं। कई प्रजातियों जैसे सागवान, सिरस, सलई, मौयन, आंवला आदि के रोपण में स्टम्प रोपण अधिक उपयोगी एवं सफल हैं।

रूट–शूट स्टम्प कटिंग सामान्यतः उन प्रजातियों में सफल होते हैं जिनमें कॉपिस प्ररोह उत्पन्न करने की क्षमता होती है। अन्य प्रजातियों में रूट–शूट कटिंग का रोपण में उपयोग नही किया जा सकता हैं।

➢ **रूट–शूट कटिंग तैयार करने के लिय निम्न प्रक्रिया अपनाई जाती हैं**

- स्टम्प तैयार करने के लिये बेड / पॉलीथीन बैग में से ऐसा पौधा चुनते हैं जो लगभग 1) से 2 वर्ष को हो जिसकी कॉलर गोलाई लगभग अंगूठे के बराबर (1.5 - 2.0cm) हो। और उसकी जड़ लगभग 30बउ हो।
- ऐसा पौधा चुनकर उसे सावधानीपूर्वक उखाड़ लेते हैं।
- इसके बाद तेज धार वाले चाकू से या प्रूनिंग सीजर से कॉलर से 3 से.मी. ऊपर तने के हिस्से को तथा कॉल्र से 20–22 से.मी. नीचे जड़ वाले हिस्से को काट देते हैं।
- इसके बाद सभी बगल वाली जड़ों आदि को काट देते हैं।
- आर्द्र क्षेत्रों में जड़ की लंबाई 15–16 से.मी. एवं शुष्क क्षेत्रों में 30 से.मी. रखना चाहिये।
- जड़ एवं तने के हिस्से काटते समय कटिंग थोड़ी तिरछी करते हैं।
- इस प्रकार यह रूट–शूट कटिंग (Stump) तैयार हो जाती है।

➢ **पौधों की जगह बदलना एवं जड़ों को काटना (Root Pruning)**

बहुत से पौधे थैली से बाहर शीघ्र ही जड़े फेकते हैं। यह जड़े बढ़कर जमीन में घुसती है। इस क्रिया को रोक लगाने के लिये थैलियों को क्यारी में ;ठमकद्ध में कम से कम एक माह के अंतराल में एक जगह से उठाकर अन्य स्थान पर रखना चाहिए, यदि जड़े बाहर निकली हो तो उन्हे तेज धार वाली कैंची से काट देना चाहिए। थैलियॉ उठाने एवं जड़ काटने का कार्य जड़े जमीन में गहरी घुसने के पहले करना आवश्यक है।

पौधों की सबसे बड़ी जड़ (टेप रूट) को नही बढ़ने देना चाहिए। यह बार–बार जगह बदलने एंव कड़े भाग वाली क्यारी (बेड) में रखने से रोका जा सकता है। यदि इसके बाद भी जड़ थैली से बाहर आती है तो धार–दार चाकू से उसे काट देना चाहिए, जिससे कि बाजू की दूसरी जड़े बढ़ेंगी जो कि पौधे की वृद्वि के लिये लाभदायक होती है। जब भी थैलियॉ एक स्थान से दूसरे स्थान पर रखते हैं, यह ध्यान रखना चाहिए कि थैली के अंदर का मिश्रण हिल न जाए, अर्थात् जड़ एवं थैली की मृदा अच्छी तरह संपर्क में बनी रहना चाहिए।

➢ **पौधों को सुदृढ़ बनाना (Hardening)**

रोपणी में पौधे रोपण हेतु रोपण क्षेत्र में ले जाये जाते हैं। रोपण क्षेत्र में प्रतिदिन सिंचाई करना प्रायः संभव नही होता है, और तेज धूप आदि में पौधे रहते हैं, अतः पौधों को इस प्रतिकूल वातावरण में जीवित रखने के लिये रोपणी में ही पानी की मात्रा / व छाया ;ठमकद्ध में कमी करना आवश्यक हैं, जिससे कि पौधे रोपण के बाद वर्षा के पानी के अभाव में भी जीवित रह सकें। यह प्रक्रिया हार्डनिंग (Hardening) कहलाती है। इसमें रोपण के 5–6 सप्ताह पहले पौधों को पानी देना धीरे–धीरे कम कर देते हैं, और बाहर आयी जड़ों की छॅटाई करते जाते हैं, इससे पौधों की वृद्वि कुछ समय के लिये रूक जावेगी।

➢ **बोये गये बीजों की सुरक्षा** (Protection of Seed Sown)

बेड में बोते समय या बोने के बाद बीजों को निम्न विधियों से सुरक्षा प्रदान की जाती है।

➢ **बेड को ढॅकना** (Covering Seed Bed)

बीज बोने के बाद बेड को तीव्र धूप, वर्षा, पक्षियों चूहे आदि से बचाने के लिये एवं अंकुरण शीघ्र होने के लिये बेड को कांटेदार झाडियॉ या अन्य वानस्पतिक पदार्थो से ढॅकते हैं।

➢ **सीड ड्रेसिंग** (Seed Dressing)

बीज को कुछ कवकनाशी पदार्थो जैसे वेविस्टिन, ब्लिटोक्स आदि के साथ मिलाने के बाद बोते हैं।

➢ **प्रतिकर्षी पदार्थो का प्रयोग** (Use of Repellent)

रेड लेड, केरोसीन या कपूर आदि पदार्थो का उपयोग करने से कई कीड़े–मकोड़े व पक्षियों से बीज सुरक्षित रहते हैं।

➢ **कीटनाशकों का प्रयोग** (Use of Insecticides)

जहॉ पर दीमक आदि का बहुत भय रहता है। वहॉ पर कीटनाशक जैसे – एल्ड्रेक्स, लिण्डेन, फालीडाल आदि का उपयोग किया जाता है।

➢ **पेलेटिंग** (Seed Pelleting)

कुछ प्रजातियों के बीजों को राख, मिट्टी गोबर आदि के साथ मिलाकर बोया जाता है। जिससे बीज पक्षियों और कीटों से सुरक्षित रहते हैं।

➢ **छाया करना** (Shading)

बेड के ऊपर छाया मुख्यतः –

- बेड को तीव्र सूर्य प्रकाश, धूप, बारिश, पाला, ओले आदि से सुरक्षा प्रदान करना
- छाया सामान्यतः अप्रैल से जून माह में की जाती है।
- छायाकरने के लिये घास, बॉस की चट्टाइयों, पत्तियों, पालीथीन शीट आदि का प्रयोग किया जाता है।

प्रतिरोपण करने के बाद पौधों के धूप से सूख जाने की संभावना रहती है। पौधों को बेड से थैलियों में प्रतिरोपण के तुरंत बाद कम से कम एक सप्ताह के लिये सघन छत कि नीचे रखना चाहिए। उसके बाद आंशिक छत रखकर धीरे–धीरे एक सप्ताह तक छत की सघनता कम करना चाहिय। उसके बाद छत पूर्णतया निकाल लेनी चाहिये।

➢ **निंदाई एवं गुडाई (Weeding & Soil Working)**

खरपतवार (Weed)

वह आवंछित पौधे होते हैं जो, मुख्य प्रजातियों के पौधों की वृद्वि को प्रभावित करते हैं। और विभिन्न वृद्वि कारको जैसे – पानी, पोषक तत्व, सूर्यप्रकाश एवं स्थान सभी के लिये मुख्य पौधों से प्रतियोगिता करते हैं और उन्हे हानि पहुॅचाते हैं।

खरपतवारों को उखाड़ना या नष्ट करना ही निंदाई (Weeding) कहलाता है।

प्रथम निंदाई अंकुरण होने के तुरंत बाद करना चाहिए। निंदाई में खरपतवारों को जड़ से उखाड़ना चाहिए परंतु यह ध्यान रखना चाहिये कि प्रमुख प्रजातियों के पौधों की जड़ों को नुकसान न हो। सुखी या नुकीली लकड़ी की मदद से निंदाई की जा सकती है।

बीज बोते समय यह सावधानी रखना चाहिये, कि खरपतवारों के बीज साथ में न मिलें। निंदाई के साथ ही साथ पौधे के आस–पास की मृदा को भी पलटना चाहिये जिससे कि मृदा में वायु का पर्याप्त संचार हो सके एवं यदि पौधे अधिक घने हो तो कुछ पौधों को निकाल देना चाहिये।

सामान्यतः रोपणी में निंदाई–गुड़ाई का कार्य हाथ से ही किया जाना है परंतु यदि बीज सीधी लाइन में बोये गये हो तो "हो (Hoe)" द्वारा यह कार्य किया जा सकता है।

➢ **खाद का प्रयोग** (Use of Fertilizers & Manure)

बेड्स में लगातार पौधे उगाते रहने से उनकी उर्वरता में समय के साथ–साथ कमी होने लगती है। इसलिये रोपणी में मृदा उर्वरता को बनाये रखने के लिये निम्न विधियॉ उपयोग की जानी चाहिये –

1. रोपणी के कुछ हिस्सों को खाली छोड़ना
2. अच्छे से सड़ी हुई थ्ल्ड या गोबर की खाद मिलाना
3. अच्छे से सड़ी हुई पत्तियॉ या जंगल की मृदा मिलाना
4. कम्पोस्ट खाद मिलाना
5. हरी खाद (Green Manuring) का उपयोग
6. रासायनिक उर्वरकों जैसे – यूरिया, डी. ए. पी. आदि का प्रयोग करना ।

जैविक खाद अधिक महत्वपूर्ण होते हैं क्योंकि यह मृदा पोषक तत्वों की पूर्ति तो करते ही है साथ–साथ उसकी भौतिक संरचना भी सुधारते हैं, और जैविक क्रियाओं में वृद्वि करते हैं।

थ्ल्ड . में सामान्यतः 0.5: N, 0.25: P, & 0.5: K एवं अन्य पदार्थ होते हैं। कम्पोस्ट में इससे लगभग दुगुनी मात्रा होती है। सामान्यतः एक हेक्टेयर में 30 से 40 टन जैविक खाद का उपयोग किया जाता है।

हरी खाद ;ळतममद डंदनतपदहद्ध के रूप में क्रोटोलेरिया, सिसबेनिया, कैनाविस आदि के पौधे उगाये जाते हैं, और हल की मदद से मिट्टी में मिला देते हैं।

➢ **कीटनाशकों का प्रयोग** (Insect Pest & Disease Control by Use of Pesticides)

पौधों को विभिन्न प्रकार के वायरस, बैक्टेरिया, फफूंद एवं कीडे–मकोड़ों द्वारा बहुत अधिक नुकसान पहुॅचाया जाता है। अतः पौधों की उनसे सुरक्षा करने के लिये उनकी हानिकारक अवस्था व उनको नियंत्रित या नष्ट करने वाले रसायनों का ज्ञान आवश्यक है।

विभिन्न प्रकार के कीट जैसे दीमक, बग, बीटल्स आदि रोपणी के छोटे–छोटे पौधों को काफी हानि पहुॅचाते हैं। इन पर नियंत्रण के लिये निम्न विधियॉ उपयोग की जाती है–

➢ **पौधों की प्रतिरोधक क्षमता विकसित करके** (Resistance Power)

रोपणी में विभिन्न कृषि क्रियाओं, निंदाई–गुड़ाई मल्चिंग, खाद आदि का प्रयोग करने से पौधों की वृद्वि अच्छे से होती है, एवं उनसमें प्रतिरोधक क्षमता विकसित होती है।

➢ **कीटनाशकों का उपयोग** (Use of Insecticides)

ऐसे रासायनिक (अकार्बनिक एंव कार्बनिक) तथा जैविक उत्पत्ति आधारित पदार्थ जिनका उपयोग विभिन्न कीड़े–मकोड़े को दूर भगाने याा नष्ट करने के लिये किया जाता हैं, कीटनाशक (Insecticides) कहलाते हैं।

इन कीटनाशकों को मुख्यतः दो भागों में विभाजित किया जा सकता हैं –

1. **रासायनिक कीटनाशक** (Chemical Insecticidesद्ध

ऐसे कीटनाशक जो कार्बनिक या अकार्बनिक रसायन होते हैं, रासायनिक कीटनाशक कहलाते हैं।

- अकार्बनिक कीटनाशक – उदा. लेड अर्सिनेट, सल्फर बोर्डेक्स मिश्रण, फॉर्मेल्डिहाइड, मर्करी यौगिक आदि।
- कार्बनिक कीटनाशक – DDT, BHC, ,ल्ड्रिन, नुवान, नुवाक्रान, कार्बोरिल, मेटासिल, एन्डोसल्फान, क्लोरोपायरीफॉस, फोरेट आदि।

2. **जैविक कीटनाशक** (Biological Insecticides)

ऐसे पदार्थ जो कि विभिन्न पौधों आदि से प्राप्त किये जाते हैं और कीटनाशी के रूप में प्रयुक्त होते हैं।

उदा. – निकोटिन – तंबाकू पौधे से
पायरेथ्रम – क्रायसेन्थेमम पौधे के पुष्प से
मार्गोसा – नीम पत्तियों से प्राप्त होते हैं।

इन विभिन्न प्रकार के कीटनाशकों का प्रयोग रोपणी में हानिकारक कीड़ों की रोकथाम के लिये किया जाता हैं।

रोपणी में कीटों के अतिरिक्त फफूॅद व वेक्टेरिया आदि से भी बहुत हानि होती है। रोपणी में डेम्पिंग ऑफ (Damping वद्धि बहुत ही सामान्य बीमारी है जिनमें छोटे पौधों के तने प्रभावित होते हैं। पौधों को कई प्रकार के कवक – Pythium, Rhizoctonia, Phytophthora, Fusarium आदि नुकसान पहुॅचाते हैं। डेम्पिंग ऑफ एवं रोपणी की अन्य बीमारियों से सुरक्षा के लिये निम्न उपाय किये जा सकते हैं।

- समुचित जल निकास का प्रबंध होना चाहिये।
- मृदा में अम्लीयता हो।
- मृदा में रेत आदि मिलाकर उसकी संरचना में सुधार किया जाता है।
- उपचारित बीजों का प्रयोग किया जावे।
- मृदा का फॉर्मोलिन आदि से निर्जीवीकरण (Sterilized) करके।
- विभिन्न प्रकार के फफूॅद नाशकों का प्रयोग कर जैसे – बोर्डो मिक्चर, केप्टोन 25/उ जिनेव 26 हउछ्ेउ बेविस्टिन आदि।

मृदा में रासायनिक कीटनाशकों एवं फफूॅदनाशकों का प्रयोग सावधानीपूर्वक करना चाहिए अन्यथा मृदा में पाये जाने वाले लाभदायक जीव जंतु जैसे – केंचुऍ, माइकोराइज (जड़ो के साथ में पाया जाने वाल लाभदायक फफूॅद) आदि नष्ट हो सकते हैं।

➢ वृक्षारोपण पंजी (Plantation Journal)

ेत्येक वृक्षारोण का एक निश्चित प्रारूप में अभिलेख रखा जाता है, जिसे वृक्षारोपण पंजी या (प्लांटेशन जर्नल) कहते हैं। इसमें नियमित रूप से जानकारी दिये गये प्रारूप में भरते हैं।

इस वृक्षारोपण पंजी में निम्न प्रारूप होते हैं, जिनमें विभिन्न जानकारियॉ संधारित की जाती हैं –

प्रारूप क्रमांक – 1 सामान्य जानकारी

1. वृक्षारोपण क्षेत्र का 1:15,000 माप पर मानचित्रा।
2. वृक्षारोपण क्षेत्र का नाम एवं संख्या
3. परिक्षेत्र .....
4. वनमंडल .....
5. रोपण का वर्ष .....
6. रोपण का रकबा (हेक्टेयर) .....

प्रारूप क्रमांक – 2 वृक्षारोपण अभिलेख

परिक्षेत्र .....
वनमंडल .....
वृत्त .....

1. वृक्षारोपण
   नाम .....
   संख्या .....
2. स्थिती – कूप एवं कक्ष क्रमांक .....
3. रोपण का माह / वर्ष .....
4. वृक्षारोपण का रकबा .....
5. क्षेत्र की चट्टानें .....
6. मृदा .....
7. वर्षा .....
8. तापमान .....
9. भौतिक विशेषताएँ
   ढाल, निकास, समुद्र तल से ऊँचाई आदि।
   <u>वृक्षारोपण क्षेत्र की तैयारी</u>
10. सीमांकन एवं ले–आऊट
11. निकाले गये वृक्षों का वर्णन
12. निकाले गये वृक्षों का मूल्य
13. पातन के बाद क्षेत्र की तैयारी
    - ➢ पातन अवशेष एकत्र करना
    - ➢ कचरा जलाना
    - ➢ रोपण अंतराल, स्टेकिंग
    - ➢ मृदा तैयारी
    - ➢ अन्य – गड्ढ़ों का आकार, सिंचाई समय, खाद
14. प्रथम वर्ष के कार्य – (जुलाई से जून के अंत तक)
    - ➢ अपनाई गयी तकनीक
    - ➢ रोपणी का नाम
    - ➢ परिवहन का साधन
    - ➢ पौधों की कुल संख्या जो रोपण में उपयोग की गई
    - ➢ रोपण की प्रक्रिया
    - ➢ रोपण का समय
    - ➢ भविष्य के लिये सुझाव
15. मृत पौधों को बदलना
    - ➢ मृत पौधों को बदलने का समय
    - ➢ मृत पौधों की संख्या एवं कारण
16. निंदाई समय विधि
    प्रथम
    द्वितीय

तृतीय

17. वृक्षारोपण की दशा – अक्टूबर / जनवरी / जुलाई
    - ➢ अधिकतम ऊँचाई
    - ➢ औसत ऊँचाई
    - ➢ औसत व्यास
    - ➢ जीवितता प्रतिशत
    - ➢ पौधे मृत होने का कारण
    - ➢ खरपतवार की स्थिती
18. टिप्पणी

<u>द्वितीय वर्ष</u>

19. मृत पौधों को बदलना
    - ➢ मृत पौधों को बदलने का समय
    - ➢ मृत पौधों की संख्या एवं कारण
20. निंदाई समय विधि

    प्रथम

    द्वितीय

    तृतीय
21. वृक्षारोपण की दशा – अक्टूबर / जनवरी / जुलाई
    - ➢ अधिकतम ऊँचाई
    - ➢ औसत ऊँचाई
    - ➢ औसत व्यास
    - ➢ जीवितता प्रतिशत
    - ➢ पौधे मृत होने का कारण
    - ➢ खरपतवार की स्थिती
22. टिप्पणी

<u>तृतीय वर्ष</u>

23 मृत पौधों को बदलना

24. निंदाई
25. वृक्षारोपण की दशा

आगामी वर्षो का इतिहास

वृक्षारोपण संख्या .....

परिक्षेत्र .....

वनमंडल .....

वृत्त .....

दिनांक	*विवरण – तृतीय वर्ष के बाद कराये गये कार्यो का विवरण कुल व्यय एवं व्यय / हेक्टेयर के साथ*	*हस्ताक्षर*

प्रारूप क्रमांक – 3 व्यय की जानकारी

नाम ..... संख्या .....परिक्षेत्र .....वनमंडल / वृत्त ..... रोपण वर्ष ..... रकबा (हे.) .....

क्र.	*कार्य का विवरण*	*अवधि से तक*	*कुल व्यय रू. पै.*	*व्यय / हे रू. पै.*	
1.	*वृक्षारोपण क्षेत्र की तैयारी* *ए सीमांकन एवं ले–आऊट*				

	प. प्रारूप क्र.–1, 2 के अन्य शीर्षक				

व्यय का सारांश

1. प्रति हैक्टेयर व्यय (पातन को छोड़कर)
2. प्रति हैक्टेयर व्यय (पातन सहित)
   - ➢ प्रथम वर्ष के अंत में
   - ➢ द्वितीय वर्ष .....
   - ➢ तृतीय वर्ष .....

प्रारूप क्रमांक – 4 निरीक्षण टिप्पणी

- ➢ उच्च तकनीकी रोपणी **(High Tech Nursery)**
- ➢ उच्च तकनीकी रोपणी


रोपणी में तकनीकी सुधार के द्वारा उत्कृष्ट गुणवत्ता के पौधे तैयार करने के लिये पारंपरिक रापेणी के स्थान पर उच्च तकनीकी वाली रोपणी वर्तमान में तैयार की जा रही है।एक मॉडल उच्च तकनीकी रोपणी निम्न प्रकार से तैयार की जाती है, और उसमें निम्न भाग होते हैं –

1. रोपणी के लिये 2.5 हेक्टर क्षेत्रफल का क्षेत्र मिट्टी, जल उपलब्धता, श्रमिकों की उपलब्धता, आवागमन सुविधा आदि की उपयुक्तता के आधार पर चयनित करते हैं। इस क्षेत्र की चारों ओर से बारबेड वायर व लोहे की जाली से फेंसिग की जाती है।
2. एक 10 × 1 वर्ग मी. आकार का कम्पोस्ट शेड, एक लाख पौधें की क्षमता वाली उच्च तकनीकी रोपणी में कम से कम 80 बेड होना चाहिये।
3. बीज सुखाने एवं उपचारण के लिये 10 × 4 मी. का खुला, पक्का प्लेट फार्म।
4. 10 × 5 वर्ग मी. आकार का कम्पोस्ट शेड।
5. 10 × 5 वर्ग मी. आकार का मिस्ट चेम्बर।
6. हार्डनिंग चेम्बर जो कि एग्रो शेड से बना हों।
7. एक पानी की टंकी एवं पंप तथा स्प्रिंकलर।
8. एक हेक्टेयर क्षेत्र का क्लोनल मल्टीप्लीकेशन क्षेत्र।
9. नर्सरी तकनीक के प्रदर्शन हेतु एक भवन।
10. चौकीदार आवास भवन आदि।
11. पॉलीप्रोपेगेटर क्षेत्र , टिशू कल्चर कक्ष आदि।
12. पॉलीथीन बैग के स्थान पर रूट–ट्रेनर का उपयोग।
13. एक आदर्श उच्च तकनीकी रोपणी को तीन हिस्सों में विभाजित किया जा सकता है

    प्रथम भाग – 10 × 1 वर्ग मी. के 80 बेड रहेंगे।

    द्वितीय भाग – कुल पौधा उत्पादन का 20: भाग प्रत्यारोपण के पश्चात् हार्डनिंग चेम्बर में रखे जायेंगे।

    तृतीय भाग – कुल उत्पादित पौधे का 80: भाग खुले क्षेत्र में रखा जायेगा।



चित्र :– एक आदर्श उच्च तकनीकी रोपणी

1.2.6.2 पॉटिंग मिश्रण **(Potting Medium)**

पॉटिंग मिश्रण का मुख्य कार्य पॉलीथीन या रूट–ट्रेनर में उगते पौधे की मूलभूत आवश्यकताओं (पोषक तत्वों) की पूर्ति करने के साथ इसे रोपण क्षेत्र में सफल प्रत्यारोपण के लिये तैयार करना है।

एक अच्छा पॉटिंग मिश्रण वजन में हल्का, संरध्र, पानी न रोकने वाला परंतु अच्छी जल धारण क्षमता वाला, गीला या सूखा होने पर एक आयतन रखने वाला, कीट, रोग एवं खरपतवार से मुक्त चाहिए। अधिक समय तक रखे रहने पर इसके भौतिक एवं रासायनिक गुणों में कोई परिवर्तन न आये, इसका रख–रखाव आसान हो।

➢ **कुछ अनुशंसित पौट मिश्रण** –

1 मृदा, रेत एवं गोबर खाद 2:1:1 अनुपात में।

2 मृदा, कम्पोस्ट एवं वर्मी कम्पोस्ट क्रमश 5:4:1 में।

3 मृदा, रेत, गोबर खाद, कार्बनिक कम्पोस्ट, कोयला दाना, धान की भूसी 2:2:1:4:5:5 4 वर्मीकुलाइट – एक कार्बनिक पॉटिंग माध्यम है।

➢ मिस्ट चेम्बर **(धूमिल कक्ष)** (Mist Chamber)

मिस्ट चेम्बर एक वानस्पतिक परिवर्धन इकाई है, जिसमें आर्द्रता 90 से 95 प्रतिशत तक एवं अधिकतम तापमान 30–350 सेन्टीग्रेड के मध्य नियंत्राण में रखा जाता हैं। इसमें चयनित क्लोन से प्राप्त नवजात कटिंग नियंत्रित वातावरण में वृद्वि हार्मोन आदि से उपचारित करने के बाद जड़ों में शीघ्र विकास हेतु रखी जाती हैं।

➢ **आकार** (Size)

मिस्ट चेम्बर का आकार सामान्यतः **8ण्25उ ग 3उ ग 2उ** होता है, जिसमें लोहे या एल्युमिनियम की फ्रेम पर पराबैंगनी उपचारित फाईबर रिइनफोर्स्ड प्लास्टिक (एफ.आर.पी.) शीट लगायी जाती है।

➢ **मिस्ट चेम्बर के भाग** (Parts of mist chamber)

I. **बफर कक्ष** (Buffer Chamber)

3उ × 2उ × 0ण्5उ आकार का बफर कक्ष प्रवेश हेतु होता है, इसका कार्य धूम्र कक्ष के दरवाजे खोलने बंद करने के अंदर विकसित आर्द्रता में कमी होने से रोकता है।

II. तैयारी बैंच –

स्टेनलेस स्टील की नाली से बनी एवं एल्यूमिनियम के ट्युबूलर सेक्शन पर रखी, दो बैंच होती है, जो कि बफर कक्ष में रहती हैं तथा पौधों की कटिंग बनाने एवं उन्हें विभिन्न उपचार देने के काम में आती है।

III. कूलिंग सिस्टम

धूम्र कक्ष के अंत में शीतल पैड (कूलिंग पैड) रहते हैं, जिन्हें नम रखने के लिये जल बहाव हेतु एक मोटर रहती है। जल के नियमित प्रदाय के लिये सिन्टेक्स की टंकी लगाई जाती है।

IV. धूमन व्यवस्था (Misting Arrangement)

इसमें उच्च वायु दबाव उत्पन्न करने वाली मोटर के सहायता से पानी को 6उउ छिद्र आकार के नोजल से बाहर फेंकते हैं, जिससे जल के अत्यंत महीन कण या धूम्र प्राप्त किये जाते हैं।

V. आर्द्रता उत्पन्न करने वाली व्यवस्था (Humidifier)

दाडू (प्यूनिका ग्रेनेटम)	अगस्त-सितम्बर	बीजों को फलों से निकालकर धूप में सुखा लें	-	बन्द डिब्बों में	1 वर्ष	ठण्डे पानी में 24 घण्टे तक भिगोएं	फरवरी-मार्च	ऊंची क्यारियों में 20 X 10 से.मी. की दूरी पर या पोलीथीन थैलियों में 1-2 बीज डालकर कर बिजाई करें।	60-70	1 वर्ष	कलमों द्वारा
मोरू (व्वरकस डिलाटाटा)	सितम्बर-अक्तूबर	बीजों का छिलका निकाल कर छांव में सुखाएं	500-600	बन्द डिब्बों में शुष्क व ठण्डे स्थान में रखें व अधिक समय तक भंडारण न करें	1 वर्ष	—"—	सितम्बर- अक्तूबर या (इकट्ठा करने के बाद	ऊंची क्यारियों में 20 X 15 से.मी. की दूरी पर बिजाई करें	80-95	1-1/½ वर्ष	-
खरशु (ख्वरकस केमिकापिफोलिया)	जून-अगस्त	—"—	170-200	बीज भण्डारण नहीं	-	-	जुलाई-अगस्त इकट्ठा करने के बाद	ऊंची क्यारियों में 20 X 10 से.मी. की दूरी पर बिजाई करें	-	2 वर्ष	-
रोबीनिया (रोबिनिया सूडोकेशिया)	सितम्बर-अक्तूबर	फलियों को धूप में सुखाकर बीज झाड़ कर इकट्ठा करे व धूप में सुखा लें	35,000-70,000	बन्द डिब्बों में ठण्डे स्थान में	1 वर्ष	ठण्डे पानी में 48 घंटे या गर्म पानी में 12 घंटे तक भिगोएं	मार्च-अप्रैल	ऊंची क्यारियों में 20 X 5 से.मी. की दूरी पर बिजाई करें	70-85	1 वर्ष	मूलरोह द्वारा
सुबबूल (ल्यूसिना ल्यूकोसिफेला)	वर्ष भर	फलियों को धूप में सुखायें व बीज अलग कर के सुखा लें	20,000-26,000	बंद डिब्बों में ठण्डे स्थान पर	1 वर्ष	ठण्डे पानी में 48 घंटे या गर्म पानी में 12 घंटे तक भिगोएं	-	पोलीथीन थैलियों में 1-2 बीज डालकर बिजाई करें	80-90	3-4 माह	-
आम (मैन्जीफरा इँडिका)	जून-जुलाई	बीज के उपर से गुदा निकालकर छांव में सुखा लें	50-60	बीज भण्डारण न करें	3 माह	-	जून-जुलाई	नीची क्यारियों मे 20 X 10 से.मी. की दूरी पर बुआई करें	80-90	1 वर्ष	-
दरेक/बकैन (मीलिया अजेडिरेक)	जनवरी-फरवरी	फलों को पानी में डालकर गुदा अलग कर लें व बीज को धूप में सुखा लें	1200-1500	बन्द डिब्बों में	2-3 वर्ष	ठण्डे पानी में एक सप्ताह तक भिगोएं	फरवरी-मार्च	नीची क्यारियों में 15X5 से.मी. की दूरी पर बुआई करें व जुलाई में 15 X 10 से.मी. की दूरी पर रोपाई करें	70-80	—"—	कलम व मूलरोह द्वारा
शहतूत (मोरस एल्बा)	मार्च-अप्रैल	फलों को पानी में डालकर गुदा अलग कर लें व बीज को धूप में सुखा लें	42,800-46,500	बन्द डिब्बों में	1-2 वर्ष	ठण्डे पानी में एक सप्ताह तक भिगोएं	-	ऊंची क्यारियों में बीज को राख के साथ मिलाकर बिजाई करें फिर जुलाई-अगस्त में 30 X20 से.मी. की दूरी पर क्यारियों में रोपाई करें।	60-70	—"—	1

प्रजाति (वैज्ञानिक नाम)	बीज इकट्ठा करने का समय	फलों से बीज निकालने का तरीका	बीज संख्या प्रति किलो	बीज भंडारण विधि	बीज भंडारण क्षमता	बीज उपचार	बीज बोने का समय	नर्सरी में बुवाई व अन्य प्रक्रियायें	अंकुरण क्षमता (%)	नर्सरी में पौध की अवधि	उगाने की अन्य विधि
काहू (ओलिया फेरूजिनिया)	अक्तूबर जनवरी	फलों को पानी में डाल कर गुदा अलग कर लें व बीज को धूप में सुखा लें।	9,000-10,000	बन्द डिब्बों में	1 वर्ष	—	फरवरी-मार्च	नीची क्यारियों में 10 x 10 से.मी. की दूरी पर बिजाई करे तथा जुलाई-अगस्त में पोलिथीन थैलियों में प्रतिरोपित करें	45-65	1½ से 2 वर्ष	—
रीठा (सैपिन्डस म्यूकोरोजाई)	अक्तूबर-जनवरी	बीजों के ऊपर से छिलका उतार कर धूप में सुखा लें	1400-1500	—	—	गोबर के गढ़े में एक सप्ताह तक रखें या उबलते पानी में 48 घण्टों तक भिगोएं	मार्च-अप्रैल	नीची क्यारियों में 25 x 15 से.मी. की दूरी पर लगाएं	40-50	1 वर्ष	—
साल (शोरीया रोबस्टा)	मई-जुलाई	बीज को छाया में सुखाएं	529 (फल)	बीज भंडारण न करें	2 सप्ताह	—	मई-जुलाई या इकट्ठा करने के तुरंत बाद	पोलिथीन थैलियों में 1-2 बीज डालकर बिजाई करें	75-90	1 वर्ष	—
जामुन (साइजिजीयम क्यूमिनी)	जून-अगस्त	बीज के ऊपर का गुदा निकालकर छांव में सुखाएं	1100-1300 (फल)	—"—	—	—	जून-जुलाई	नीची क्यारियों में 20 x 5 सेमी. की दूरी पर बिजाई करें	80-90	—"—	—
सैन (टरमीनेलिया टोमेंन्टोसा)	मार्च अप्रैल	फलों को धूप में सुखा लें	400-700 (फल)	बन्द डिब्बों	—"—	ठण्डे पानी में 24 घंटे तक भिगोएं या गोबर के गढ़े में डालें	मार्च-अप्रैल	ऊंची क्यारियों में 20 x 5 से.मी. की दूरी पर बिजाई करें	30-70	1-1/½ वर्ष	—
बहेड़ा (ट. बेलेरीका)	नवम्बर-फरवरी	फलों का गुदा निकालकर बीज अलग करें व धूप में सुखाएं	400-500	—"—	—"—	—"—	—"—	—"—	50-90	—"—	—
हरड़ (ट. चीबूला)	जनवरी-मार्च	—"—	140-220 (फल)	बन्द डिब्बो में	1-2 वर्ष	ठण्डे पानी में 48 घंटे तक भिगोएं	फरवरी-मई	—"—	50-60	1-2 वर्ष	—
तुन (तुना सीलिएटा)	मई-जून	फलों को छांव में सुखा कर बीज भूसे से अलग कर दें	3,50,000	खुष्क व ठंडे खुले स्थान में	1 वर्ष से कम	—	मई-जून	ऊंची क्यारियों में 20 सेमी. दूरी पर पंक्तियों में बिजाई करें व जुलाई अगस्त में 15 x 5 से.मी. की दूरी पर प्रतिरोपण करें	60-70	1 वर्ष	—
ढेऊ (आरटोकारपस-लंकूचा)	जुलाई-अगस्त	फलों से बीज निकाल कर छांव में सुखा लें	—	बीज भंडारण न करें	—"—	—	जुलाई-अगस्त	पोलिथीन थैलियों में 1-2 बीज डालकर बिजाई करें	—	1 वर्ष	—

CHAPTER 5

Plantation techniques

रोपण:– नर्सरी में तैयार किए पौधो को जंगल में तैयार मिट्टी मे लगाना रोपण कहलाता है।

रोपण का समय :– हिमाचल में प्रायः निम्न दो सीजन में रोपण किया जाता है।

1 बरसात में रोपण :– हिमाचल में ये रोपण का प्रमुख सीजन है क्योकि **वर्षा** अधिकतर बरसात में ही होती है, इसलिए रोपण जुलाई में वर्शा के षुरू होने पर किया जाता है। भूमि की तैयारी के कार्य अप्रैल–मई में पूरे कर दिये जाते हैं। सभी (Confier) प्रजातियों जैसे देवदार, रई, तोश, चीड़ आदि का रोपण बरसात में किया जाता है। प्रायः सभी सदाबहार प्रजातियों का रोपण बरसात में करना चाहिए।

2 सर्दियों में रोपण :– चौड़ी पत्ती वाले पौधों को जिनके पत्ते प्रायः सर्दी में गिर जाते हैं, उनका रोपण सर्दियों में करना लाभकारी रहता है। हिमाचल में अखरोट, खनौर, मैपल, बिऊंस, पापलर आदि प्रजातियों का रोपण सर्दियों में किया जाता है। (Confier) प्रजाति के लिए गडढे का आकार 30 घन सैंटीमीटर तथा चौड़ी पत्ती वाले के लिए 45 घन सैंटीमीटर रखा जाता है।

रोपण के प्रतिरूप (Pattern) :– निम्न प्रकार से रोपण मुख्य तौर पर किया जाता है।

1 लाईन में रोपण :– इस प्रकार के रोपण में निष्चित दूरी पर लाईनें बना दी जाती हैं तथा लाईनों में निष्चित दूरी पर पौध रोपण किया जाता है। प्रायः लाईनों की दूरी पौधों की आपसी दूरी से अधिक होती है अन्त में आयताकार **शक्ल** का रोपण बन जाता है।

2 वर्गाकार रोपण :– इस प्रकार के रोपण में लाईनों की दूरी लाईनों की दूरी उन लाईनों में लगाये गये पौधों की आपसी दूरी भी बराबर होती है, चार पौधे वर्ग के चार कोनों पर आते हैं।

3 त्रिभुजाकार रोपण :– इस में समबाहु के त्रिभुज आकार का रोपण किया जाता है तथा तीन पौधे, त्रिभुज के समान भुजाओं के तीन किनारों पर लगाये जाते हैं। पहाड़ी क्षेत्रों में ये रोपण अधिक प्रचलित है।

4 पंचक रोपण :– पंचक पांच बिन्दुओं ऐसे समूह को कहते हैं जिसमें चार बिन्दु एक वर्ग के चार कोनें पर होते हैं और पांचवा उसके केन्द्र में होता है अर्थात वर्गाकार रोपण के कन्द्र में एक अतिरिक्त पौधा आकर लगाया जाता है।

निराई :– रोपण के बाद पौधों की आग व चरान से सुरक्षा की जानी चाहिए, इसके लिए प्रभावी 4 तारों वाली कांटेदार बाड़ रोपण क्षेत्र के चारों ओर रोपण के साथ–साथ लगानी चाहिए समय अनुसार नियमित निराई एक सर्दियों में तथा एक बरसात से पहले 3 **वर्ष** तक की जानी चाहिए तथा रोपण में नियमित रूप से सर्दियों में नियन्त्रित रूप से व्यर्थ पदार्थों को जला देना चाहिए ताकि आग का खतरा न रहे।

क्षतिपूर्ति :– रोपण क्षेत्र या कृत्रिम उत्पादन में मरे हुए पौधों के स्थान पर नए सिरे से बीजाई या रोपण करना क्षतिपूर्ति कहलाता है। हिमाचल में प्रायः दूसरी बरसात में मरे हुए पौधों के स्थान पर नए पौधे लगाए जाते हैं तीन **वर्षो** तक क्षतिपूर्ति के रूप में रोपण किया जाता है।

Afforestation नए सिरे से ऐसे स्थानों पर वन लगाना जहां पहले से काफी समय से वनस्पति न हो Afforestation कहलाता है। ये निम्न उद्देष्यों से किया जाता है।

1) उद्योग धन्धों तथा **शहरी** जरूरत के लिए लकड़ी पैदा करना।
2) ग्रामीण क्षेत्रों में छोटी लकड़ी व ईंधन की **आवश्यकताओं** को पूरा करना।

3) पर्यावरण संरक्षण के लिए।
4) **कृषि** भूमि में भूमि कटाव रोकने के लिए।
5) नदी नालों के जल ग्रहण क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए।
6) सुन्दरता के लिए वृक्षारोपण।
7) अधिक से अधिक क्षेत्र वन के अधीन लाने के लिए ताकि वह नीति के अनुसार हिमाचल जैसे पहाड़ी क्षेत्र के 60 प्रतिषत वन का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।

सन् 2000 तक हिमाचल ने अपने वनों को 38.9: से 59% तक करने का संकल्प किया है तो सामाजिक वानिकी के रूप में गांव के चारों ओर, निजी व परती भूमि पर, बंजर भूमि सड़को के किनारे आदि रोपण करके ही प्राप्त किया जा सकता है तथा साझी वन योजना इस लक्ष्य में लाभकारी सिद्ध होगी।

रोपण के लिए किए जाने वाले कार्य

रोपण क्षेत्र के बाहर के कार्य	रोपण क्षेत्र के कार्य
1 ऐस्टीमेट बनाना	1 सीमांकन
2 सामान का इंडैंट	2 स्टाफ मैप बनाना
3 बीज का प्रबन्ध	3 छपान
4 नर्सरी की तैयारी	4 बिक्री या बोली Auction
5 पौधों का नर्सरी से रोपण से क्षेत्र तक परिवहन	5 गिरान तथा रूपान्तर व परिवहन
	6 साईट साफ करना
	7 भूमि की तैयारी
	8 बाड़ लगाना
	9 गड्ढे भरना
	10 रोपण करना
	11 निराई व सुरक्षा कार्य
	12 क्षतिपूर्ति

1 ऐस्टीमेट बनाना :– रोपण के दो वर्श पहले से ही प्रत्येक कार्य का व्यौरा देकर म्जपउंजम तैयार करना चाहिए। इससे`पजम बसमंत करने से लेकर भूमि की तैयारी, बाड़ लगाने बीज इकट्ठा करने , नर्सरी का खर्च तथा रोपण के खर्च का पूर्ण ब्यौरा रखना चाहिए।

उदाहरण :– 2 हैक्टेयर चीड़ का 2 मीटर × 2 मीटर की दूरी पर वर्गाकार रोपण का समय सारणी के अनुसार प्रत्येक कार्य का ब्यौरा देकर म्जपउंजम बनाए तथा बीज की मात्रा , थैली का संख्या, खंभों की संख्या तार बाड़ की मात्रा व नर्सरी क्षेत्र निकाले, यदि रोपण जुलाई में करना है।

$$\text{उत्तरः– (ए) पौधों की संख्या} = \frac{100 \times 100}{2 \times 2} = 2500 \text{ प्रति हैक्टेयर}$$

2 हैक्टेयर में पौधों की संख्या त्र $2500 \times 2 = 5000$ पौधे

10 प्रतिषत पौधों को नर्सरी में अधिक के लिए तैयार किया जाता है। ताकि जुताई तथा रोपण के दौरान हुई क्षति को पूरा किया जा सके।

$$\frac{5000 \times 10}{100} = 500 \text{ पौधे}$$

कुल पौधे चाहिए = $5000 + 500 = 5500$ पौधे

(बी) बीज की मात्रा : थैली में बीज डाले जाते हैं

बीज चाहिए = 5500×2 = 11000

बीज

चीड़ के बीज का भार = 9000 प्रति किलो

$$\text{तो बीज चाहिए} = \frac{11000}{9000} \text{ ..... } 1.23 \text{ किलो ग्राम}$$

अर्थात 1.5 किलो ग्राम

(सी) थैलियों की मात्रा :–

थैलियां चाहिए = 5500

1 किलो ग्राम में आती हैं = 325 (लगभग)

$$\text{कुल थैलियां चाहिए} = \frac{5500}{325} \text{ ..... } 19.23 \text{ किलो ग्राम}$$

अर्थात 20 किलो ग्राम

(डी) 2 हैक्टेयर के लिए बाड़ की तार व खम्बे :– (यदि आयताकार क्षेत्र है)

100 मीटर

200 मीटर 200 मीटर

100 मीटर

2 हैक्टेयर का परिमाप = 2×(200 + 100) = 600 मीटर

खम्बें, 3 मीटर की दूरी पर लगाए जायेंगे

$$\text{इसलिए खम्बें चाहिए} = \frac{600}{3} \text{ .....} = 200 \text{ खम्बें}$$

तार की मात्रा :–

एक तार के लिए तार की लम्बाई = 600 मीटर

चार तारें के लिए तार की लम्बाई = 600 × 4 =2400

रनिंग मीटर

7 रनिंग मीटर = 1 किलो ग्राम

1 रनिंग मीटर = 1/7 किलो ग्राम

2400 = 1 /7 ×2400

= 2400/7 = 342.85 किलो ग्राम

(डी) नर्सरी क्षेत्र :–

1. बेड़ में आती हैं = 1000 थैलियां

बेड़ का क्षेत्रफल 10 × 1 – 10 वर्ग मीटर

कुल बेड़ चाहिए = 6

कुल बेड़ों का क्षेत्रफल = 6 × 10 = 60 वर्ग मीटर

50: क्षेत्र रास्तों आदि के लिए = 60/20 = 30 वर्ग मीटर

इसलिए कुल नर्सरी क्षेत्र = 60 30 = 90 वर्ग मीटर

2. सामान का प्दकमदज :– रोपण के लिए जरूरी सामान, तार, खम्बे, बीज आदि का प्रबन्ध नर्सरी की तैयारी से एक वर्श पूर्व करना चाहिए। यदि सामान वन मडण्ल में उपलब्ध है तो वहां से पदकमदज

द्वारा मंगवाना चाहिए, अन्यथा रेट कान्ट्रैक्ट त्जम बवदजतंबज आदि के द्वारा सामान खरीदना चाहिए।

3. बीज का प्रबन्ध :– नर्सरी की तैयारी से एक वर्श पूर्व ही बीज का प्रबन्ध करना चाहिए। बीज निम्न साधनों से इकट्ठा करना चाहिए। 1 Plus tree से 2 Seed उद्यान से 3 रजिस्टर्ड नर्सरी से।
4. नर्सरी का तैयारी :– ये प्रजाति के अनुसार अलग– अलग रूप से किया जाता है। नर्सरी में बीजाई, निराई,सिंचाई समय के अनुसार करनी चाहिए।
5. पौधों का नर्सरी से परिवहन :– पौधों का परिवहन सावधानी से करना चाहिए ताकि पौधे रास्ते में न टूटें और पानी उड़ने से अधिक नुकसान न हो । परिवहन निम्न रूप से किया जाता है। 1 मनुश्य द्वारा 2 पषुओं पर पेटियों द्वारा 3 ट्रकों द्वारा।

रोपण क्षेत्र का कार्य

1. सीमांकन :– रोपण क्षेत्र का चुनाव सावधानी से करना चाहिए तथा इसकी सीमाओं का सही सीमांकन करके ज़मीन पर क्षेत्र लगाना चाहिए। क्षेत्र आयताकार या वर्गाकार छांटना चाहिए ताकि रोपण आसानी रहे और बाड़ लगाना आसान हो।
2. स्टाफ मैप बनाना :– यदि क्षेत्र में वन मौजूद हो तो क्षेत्र का स्टाफ मैप बनाना चाहिए। स्टाफ मैप के बनाते समय वनस्पति के साथ–साथ भूमि के प्रकार को भी दिखना चाहिए ताकि प्रजाति का सही चुनाव किया जा सके।
3. छपान :– यदि पी बी 1 हो या अन्स गिरान क्षेत्र हो तो बीज के लिए Mother या Standard छोड़ कर **शेष** पौधों का छपान करके छपान सूची बना दी जाती है। पहाड़ी क्षेत्रों में यह कार्य सितम्बर–अक्तुबर तक कर देना चाहिए।
4. बिक्री या बोली Auction :– प्रायः अब हिमाचल के लकड़ी निकासी के प्रत्येक कार्य वन निगम द्वारा किए जा रहे है। सर्दी में Lot वन निगम को Hand over कर देने चाहिए यदि बिक्री के लिए ।नबजपवद करनी हो तब भी सर्दियों मे ये कार्य पूरे होने चाहिए।
5. गिरान तथा रूपान्तर व परिवहन :– छपान वृक्षों का गिरान, रूपान्तरण तथा उनसे प्राप्त लकड़ी का परिवहन अप्रैल से अक्तुबर तक कर देनना चाहिए ताकि बर्फ से पहले लकड़ी वन से निकल जाये।
6. Site साफ करना :– जंगल में गिरन से बचे व्यर्थ पदार्थ , झाड़ियों आदि को काट कर सर्दी में जला दिया जाना चाहिए ताकि मार्च से पहले जंगल साफ हो जाये। मार्च में गड्ढे के निषान निष्चित दूरी पर लगाकर डण्डे ये बांस के टुकड़ों से stacking करनी चाहिए। पहाड़ी क्षेत्रों मे लाईनें कन्टूर के साथ–साथ बनानी चाहिए।
7. भूमि की तैयारी :– अप्रैल में गड्ढा खोदने का कार्य **शुरू** करना चाहिए तथा कोनिफर के लिए 30 घन सैंटीमीटर तथा चौड़ी पत्ती वाले के लिए 45 घन सैंटीमीटर का गड्ढा बनाना चाहिए। मिट्टी के डेले तोड़कर तथा पत्थर व जड़ें हटाकर मिट्टी को बाहर Weathering के लिए एक मास के लिए रखा जाता है। **जून** के महीने में गड्ढे फिर से भर दिये जाते हैं ताकि गड्ढों में पानी भरा रहे।
8. बाड़ लगाना :– गड्ढों के साथ–साथ बाड़ लगाने के कार्य भी करने चाहिए। हिमाचल प्रदेष के रोपण क्षेत्रों में अधिकतर कांटेदार तार की चार तारों वाली बाड़ लगाई जाती है। खम्बे लगभग तीन मीटर की दूरी पर लगाये जाते हैं। तार ज़मीन से 9 ईंच, 12 ईंच 15 ईंच व 18 ईंच की आपसी दूरी पर प्रायः लगाई जाती हैं ताकि पषुओं से रोपण क्षेत्र की सुरक्षा हो सके।
9. रोपण :– बरसात या सर्दियों में रोपण किया जाती है। रोपण करते समय जड़ें प्राकृतिक **दशा** में

रखनी चाहिए तथा जड़ का कोई भाग ज़मीन पर नहीं रहना चाहिए और तने का भाग भी जमीन पर नहीं रहना चाहिए, Coller जमीन से 4–5 सैंटीमीटर ऊपर ही रहना चाहिए।

10. निराई :– यदि बरसात में रोपण किया गया हो तो अक्तूबर में पहली निराई व अगले जून में दूसरी निराई व अक्तूबर में तीसरी निराई करनी चाहिए ताकि पौधों पर खरपतवार न उगे, जड़ों की स्पर्धा कम हो, पौधों को अच्छी रोषनी व खुराक मिले व पौधे अच्छी वृद्धि कर सके।

11. क्षतिपूर्ति :– जो पौधे मर जाते हैं उनके स्थान पर दूसरे **वर्ष** नए पौधे लगाने चाहिए। हिमाचल प्रदेष में रोपण क्षेत्रों में प्रायः तीन साल तक क्षतिपूर्ति की जाती है।

समय सारणी

रोपण क्षेत्र के बाहर के कार्य	रोपण क्षेत्र के कार्य
*प्रथम **वर्ष** के कार्य :*	
1 म्जपउंजम बनाना :अप्रैल से मार्च तक	1 सीमांकन : अगस्त
2 सामान का पदकमदज मार्च	2 **स्टा**क मैप बनानाः अगस्त
3 बीज का प्रबन्धः अप्रैल–मई	3 छपान : सितम्बर
4 नर्सरी की तैयारी : सितम्बर	4 बिक्री या Auction : जनवरी–फरवरी
	5 गिरान तथा रूपान्तर व परिवहन
द्वितिय वर्ष के कार्य :	
5 नर्सरी पौधों का परिवहन : जुलाई	1 Site साफ करना : जनवरी–फरवरी
	2 गड्ढे खोदना : मार्च–अप्रैल
	3 रोपण करना : जुलाई–अगस्त
*द्वितिय **वर्ष** के कार्य :*	
नर्सरी पौधों का परिवहन : जुलाई	1 निराई अक्तूबर–नवम्बर से मई–जून

वृक्षारोपण कार्यों का श्रेणीक्रम

1 जगह का चुनाव (Selection of Site for Plantation)

सामान्यतः वृक्षारोपण निम्न स्थानों पर किया जाता है–

I. बिगड़े वन क्षेत्रों में जहां पर की मृदा कम उपजाऊ व भू–क्षरण से प्रभावित होती है।

II. पड़त भूमि जहां पर कई कमियां होती है।

III. वन क्षेत्र जहां पर प्राकृतिक पुनरूत्पादन नहीं हो या वर्तमान प्रजाति में परिवर्तित करना।

IV. अन्य क्षेत्र जैसे – रेल्वे लाईन के किनारे, सड़क किनारे, कृषि–वानिकी के क्षेत्रों या शहरी क्षेत्रों में।

इन सभी स्थानों पर वृक्षारोपण की अपनी सीमायें हैं, परन्तु फिर भी वृक्षारोपण के लिये जगह का चुनाव करते समय निम्न बातों को ध्यान देना चाहिए–

I. वृक्षारोपण का स्थल आसानी से पहुंचने वाला हो।

II. मिट्टी की गहराई व गुणवत्ता रोपण की जाने वाली प्रजाति की वृद्धि के लिये अनुकूल हो।

III. पड़त भूमि, बिगड़े वन क्षेत्र या अन्य स्थानों पर वृक्षारोपण करते समय ऐसा स्थान चुनना चाहिए जहां पर इस प्रकार की जगहों का विकास करने वाले कारकों को दूर किया जा सके।

IV. वृक्षारोपण का स्थान चयन करने से पूर्व अन्य विभागों जैसे–सिंचाई, माइनिंग आदि से सम्पक्र कर देख लेना चाहिए कि रोपण क्षेत्र उनकी किसी परियोजना के अन्तर्गत् तो नहीं आ रहा है।

2 सीमांकन (Demarcation)

रोपण स्थल का चुनाव करने के बाद उस क्षेत्र की सीमा लाईन निर्धारित कर देते हैं 2 या 3 मी. चौड़ी पट्टी काटकर या प्राकृतिक संरचनाओं द्वारा अस्थायी मुनारों द्वारा वृक्षों पर गेरू के पट्टे लगाकर, वृक्षों में खांचे बनाकर, क्षेत्र की सीमा निर्धारित करते हैं।

3 संसाधन सर्वेक्षण एवं उपचार मानचित्र तैयार करना

वृक्षारोपण स्थल का चयन करने के **पश्चात्** क्षेत्र का रोपण के पूर्व सर्वेक्षण करके स्टॉक मेप, ट्रीटमेंट मेप 1:1500 पर तैयार करते है। सर्वेक्षण में भू–सतह, वनस्पति, मृदा एवं चट्टान, जल निकास स्थिति आदि के बारे में विस्तृत जानकारी एकत्र की जाती है। इस सर्वेक्षण के द्वारा–

I. क्षेत्र की मृदा, वनस्पति, भू–सतह की जानकारी कर ट्रीटमेंट यूनिट तैयार की जाती है।
II. यह **निश्चित** किया जाता है कि रोपण क्षेत्र को तैयार करने के लिये किस तरह का कार्य किये जाने की आवष्यकता है।
III. पातन करने योग्य वृक्षों को चिन्हित किया जाता है।
IV. यह निष्चित करते हैं कि किस क्षेत्र क्षेत्र में रोपण किया जाना है और किस क्षेत्र को खाली छोड़ना है और किस प्रजाति का रोपण करना उचित रहेगा।
V. रोपण क्षेत्र के अन्दर निरीक्षण पथ, सड़क मार्ग आदि की योजना तैयार की जाती है।

Geotagging or GeoTagging, is the process of adding geographical identification metadata to various media such as a geotagged photograph or video, websites, SMS messages, QR Codes[1] or RSS feeds and is a form of geospatial metadata. This data usually consists of latitude and longitude coordinates, though they can also include altitude, bearing, distance, accuracy data, and place names, and perhaps a time stamp.

Geotagging can help users find a wide variety of location-specific information from a device. For instance, someone can find images taken near a given location by entering latitude and longitude coordinates into a suitable image search engine. Geotagging-enabled information services can also potentially be used to find location-based news, websites, or other resources. Geotagging can tell users the location of the content of a given picture or other media or the point of view, and conversely on some media platforms show media relevant to a given location.

The related term geocoding refers to the process of taking non-coordinate based geographical identifiers, such as a street address, and finding associated geographic coordinates (or vice versa for reverse geocoding). Such techniques can be used together with geotagging to provide alternative search techniques.

4 रोपण क्षेत्र की तैयारी (Site Preparation)

रोपण के लिये किसी क्षेत्र में किये जाने वाले कार्य मुख्यतः पूर्व से उपस्थित वनस्पति
रोपित की जाने वाली प्रजाति एवं आर्थिक बजट पर निर्भर रहते हैं। सामान्यतः रोपण के लिये निम्न तैयारी की जाती है–

I. बाड़ बंदी (Fencing)

क्षेत्र को सुरक्षा करने के लिये विभिन्न प्रकार की फेंसिंग उपयोग की जा सकती है –

- CPT (Cattle Proof Trench & **पशु अवरोधक खंती)** – सामान्यतः 1.20x.90x.75 गहरी 60 सें.मी. चौड़ी आधार पर मिट्टी खुदाई कर ।
- CPW (Cattle Proof Wall) . पषु अवरोधक दीवार) – पत्थर की दीवार
- BWF(Barbed Wire Fencing) कंटिले तारों के साथ फेसिंग पोस्ट लगाकर

- LF (Live Fencing – **जीवित फेंसिग**) – बंड पर विभिन्न पौधे जैसे – प्रोसोपिस, खस, सीरस, रतनजोत आदि लगाना।

SF (Social Fencing) - सामाजिक फेंसिंगद्ध लोगों को जागरूक कर व उनका सहयोग प्राप्त कर

I. वृक्षों एवं झाड़ियों का पातन, रोपित की जाने वाली प्रजाति के अनुसार।

II. ठूंठों को उखाड़ना

III. क्चरा कूड़ा एवं कटाई के **अवशेषों** का साफ करना।

5 स्टेकिंग (Staking Out)

मृदा की तैयारी करने के पूर्व प्रजाति के अनुसार **आवश्यक** अंतराल पर खूंटी गाड़कर, गडढों के स्थान, लाईन आदि **निश्चित** कर लेते हैं, यह कार्य स्टेकिंग करना कहलाता है।

6 मृदा उपचार (Treatment of the Soil)

मृदा उपचार में दो कार्य शामिल किये जाते हैं–

1. मृदा की तैयारी
2. मृदा में कीटनाषी, खाद व उर्वरक मिलाना,

7 मृदा की तैयारी (Soil Working)

मृदा की तैयारी में किये जाने वाले कार्य रोपण क्षेत्र का रकबा, जलवायु, मृदा प्रकार,
भू–सतह, रोपित की जाने वाली प्रजाति पर निर्भर करते हैं। बड़े रोपण क्षेत्रों में ट्रेक्टर, बुलडोजर, सब–सॉइलर आदि से गहरी जुताई आदि की जाती है।

अच्छी मृदा तैयारी से–

1. खरपतवारों की वृद्धि नियंत्रित होती है।
2. श्रोपित पौधों की वृद्धि अच्छी होती है।
3. मृदा में हवा एवं पानीका संचरण अच्छा हो जाता है।

मृदा की तैयारी में निम्न कार्य किये जाते हैं–

I - गहरी जुताई (Deep Ploughing)

सब–सॉइलर या डिस्क–प्लाऊ के द्वारा संपूर्ण में गहरी जुताई लगभग सममतल या हल्के ढालू क्षेत्रों में की जा सकती है।

II . गड्ढे खोदना (Pit Digging)

प्रजाति व जलवायु मृदा आदि के आधार पर विभिन्न माप 30x30x30c.m./60x60x60 c.m./75x75x75c.m. के गड्ढे खोदे जाते हैं। गड्ढे विभिन्न आकार के हो सकते हैं, जो कि अलग–अलग जलवायु क्षेत्रों में उपयुक्त होते हैं –

- सामान्य गड्ढे– चिकनी या दुमट मिट्टी के क्षेत्र में।
- सॉसर आकर के गड्ढे– रेतीली मृदा में, शुष्क जलवायु वाले क्षेत्रों में।
- खंती– कम वर्षा वाले क्षेत्रों में।

III. **रिज–डिच**–यह आंषिक रूप से भरी हुई खंती होती है इसमें पौधे ढाल तरफ खंती के नीचले किनारे पर लगाते हैं। रिज नीचले तरफ और डिच ऊपर की आरे बनाते हैं।

2.1 मृदा में कीटनाशी खाद व उर्वरक मिलाना–

रोपण से पूर्व मृदा में **कीटनाशी** जैसे–एल्ड्रिन, फोरेट आदि या नीम की खली दीमक
आदि से सुरक्षा प्रदान करने हेतु मिलाते हैं, साथ ही थोड़ी मात्रा एन.पी.के. खाद या कोई जैविक खाद कम्पोस्ट थ्ल्ड आदि मिलाते हैं।

2..2 ऐसे क्षेत्रों में जहॉ पर मृदा की गुणवत्ता बहुत ही खराब हो या पथरीली, कंकड़ पत्थर युक्त भूमि हो, वहां पर गड्ढा करने के बाद से निकली मृदा के स्थान पर जंगल से लाई हुई अच्छी गुणवत्ता की मृदा उस गड्ढे में खाद व **कीटनाशी** मिलाकर भरते हैं।

1.2.7.8 पौधा परिवहन (Transportation of Plants)

➢ **परिवहन पूर्व तैयारी** (Preparation of Stock)

नर्सरी से रोपण स्थल तक पौधा लाने के पूर्व पौधों को तैयार करना पड़ता है, जिससे कि परिवहन में सुविधा हो और पौधों को किसी प्रकार की हानि न हो। वर्तमान में अधिकांषतः पॉलीथीन में रूट–ट्रेनर में पौधे उगाये जाते हैं, या स्टम्प के द्वारा रोपण किया जाता है तो इनके परिवहन में अधिक तैयारी की आवष्यकता नहीं होती है बस इतना ध्यान रखना होता है कि

पौधों की जड़ों और मृदा के बीच संबंध ढीला न पड़े और परिवहन के पूर्व थोड़ी सिंचाई कर देते हैं। ताकि परिवहन के दौरान पौधे मुर्झाये नहीं। स्टम्प और कटिंग को परिवहन के पूर्व बंडल बांध कर गीले बोरों में लपेटते हैं।

ष्यदि पौधे नर्सरी से बिना किसी पात्रा के बिना मृदा के नंगी पड़ों के साथ ले जाने हो तो उन्हें बेड से सावधानीपूर्वक निकालते हैं, जिसके लिये बेड की चौड़ाई में जड़ों की गहराई के बराबर गहरी खाई खोदते हैं, इसमें पौधों को सावधानीपूर्वक खाई में धकाते हैं और निकाल जाते हैं। इसके बाद मिट्टी साफ करते हैं और पौधों में सबसे ऊपरी सिरों की तीन–चार पत्तियॉ छोड़कर बाकी पत्तियों को तोड़ देते हैं, यह क्रिया स्ट्रिपलिंग कहलाती है। इससे पत्तियों के द्वारा वाष्पोत्सर्जन द्वारा होने वाली जल की हानि कम हो जाती है।

➢ परिवहन (Transportation)

रोपण किये जाने वाले पौधों को परिवहन के लिये तैयार करने के बाद उन्हें रोपण स्थल तक परिवहन किया जाता है। पौधों को बहुत सावधानीपूर्वक उठाते हैं और रखते हैं ताकि उन्हें किसी प्रकार की हानि न हो। पॉलीथीन बैग या अन्य पात्र वाले पौधों को किसी ट्रे या बॉक्स आदि में जमा कर ट्रक या ट्रेक्टर में अच्छे से रखते हैं, जिससे कि वे आपस में रगड़े नही । परिवहन के समय पौधें को अत्यधिक तेज धूप व तेज वर्षा से सुरक्षा प्रदान करनी चाहिए अन्यथा उन्हें नुकसान हो सकता है। रोपण स्थल पर पहुॅचने के बाद पौधों को छाया में एवं पानी के स्त्राोत के नजदीक रखना चाहिए जिससे आवश्यकता होने पर उन्हें पानी दिया जा सके।

➢ रोपण (Planting)

रोपणी में तैयार किये गये पौधों, कटिंग या स्टम्प को रोपण स्थल पर लगाने (रोपित करने) की क्रिया रोपण कहलाती है। किसी रोपण की सफलता जगह का चुनाव रोपण स्थल की तैयारी, उपयुक्त प्रजाति का चयन, उपयुक्त आकार एवं आयु के पौधों का चयन, खरपतवार नियंत्राण, चराई, आग आदि से सुरक्षा आदि पर निर्भर करती है।

सीधे बीज बोने की तुलना में रोपण से निम्न लाभ है –

- रोपण अनुकूलतम अंतराल पर किया जा सकता है, जिससे निंदाई और अन्य क्रियाऍ आसानी से कर सकते हैं।
- नर्सरी में तैयार पौधें रोपण के पश्चात वातावरण के साथ जल्दी से सामंजस्य स्थापित कर वृद्वि करने लगते हैं।
- बीज संग्रहण आदि खर्चीला कार्य है और इससे बीजो की कम मात्रा के उपयोग से या बीजों के बेकार गये बिना पर्याप्त पौधें तैयार हो जाते हैं।
- जिन प्रजातियों के अच्छे जीवित बीजों का उत्पादन कम होता है, उनमें कटिंग, स्टम्प आदि से रोपण करना ही एकमात्रा उत्तम विधि है।

  रोपण करते समय निम्न बातों की जानकारी आवश्यक है –
- रोपण का समय (Season of Planting)

रोपण का सही समय किसी रोपण की सफलता के लिये आवश्यक है। रोपण के लिये उपयुक्त समय प्रजाति, जलवायु, सिंचाई सुविधा, रोपण विधि पर निर्भर होता हे। सामान्यतः तीन विभिन्न ऋतुओं में रोपण किया जाता है –

I. मानसून पूर्व रोपण (Per Monsoon Planting)

यदि सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो तो यह रोपण के लिये बहुत ही उपयुक्त समय है क्योकि पौधों को पूरे वृद्वि काल का लाभ मिलता है। फरवरी–मार्च से लेकर मई–जून तक में सागवान, साल, मलबरी का स्टम्प द्वारा रोपण सफलतापूर्वक किया जा सकता है।

II. मानसून रोपण (Monsoon Planting)

जून–जुलाई माह में जब भूमि पर्याप्त गीली हो जावे तब अधिकांश प्रजातियों का रोपण किया जाता है।

III. शीत ऋतु रोपण (Winter Planting)

हिमालयीन क्षेत्र ों में बर्फ गिरने के पूर्व नवम्बर में रोपण कार्य किया जाता है। मुख्यतः टेम्परेट क्षेत्र की प्रजातियॉ Juglans regia, Acer spp., Prunus spp. आदि का रोपण किया जाता है।

➢ रोपण के समय पौधे की आयु एवं आकार

रोपण के समय पौधे का अनुकूलतम साइज मुख्यतः रोपण की विधि, रोपण स्थल की प्रकृति व रोपित की जाने वाली प्रजाति पर निर्भर होता है। पौधे का साइज – उसकी ऊॅचाई, कॉलर गोलाई एवं रूट–शूट अनुपात से निर्धारित करते हैं।

भारत में अधिकांश प्रजातियों के लिये 50–100 से.मी. ऊॅचाई एवं कॉलर गोलाई 15–25 से.मी. एवं 1) – 2 वर्ष की आयु अनुकूलतम मानी जाती है। कुछ प्रजातियॉ जैसे – देवदार, फर, स्प्रुस आदि में रोपण योग्य पौधे 2 से 4 वर्ष में तैयार हो पाते हैं।

➢ रोपण की विधि (Method of Planting)

रोपण के तरीके

(क) समस्त पौधारोपण (पूर्ण या Entire पौधारोपण)

(ख) स्टम्प रोपण

(क) समस्त पौधारोपणः– यह पौधारोपण का वह तरीका है जिसमें नर्सरी में तैयार पूरे के पूरे पौधे का वन में रोपण किया जाता है। ये निम्न प्रकार से किया जाता है ...

1 नंगी जड़ों के द्वारा समस्त पौधारोपण
2 गाची सहित रोपण
3 Tall Planting
4 पात्र में उगे पौधों का रोपण

1. नंगी जड़ों के द्वारा समस्त पौधारोपण :– नर्सरी में नंगी जड़ों वाले पौधे निकालने के लिए पहले बेड की अच्छी प्रकार से सिंचाई की जाती है, उसके बाद पौधों की लाईनों के बीच में जड़ों की लम्बाई के बराबर गहरी खाई खोदी जाती है तथा फावडे की मदद से मिट्टी सहित पूरी की पूरी पौधों की लाईन उखाड़ दी जाती है। फिर एक–एक करके पौधे मिट्टी से अनग करके 50 या 100 पौधों के बंडल बनाए जाते हैं तथा उनके बाहर गीली मिट्टी या बोरी आदि लपेटी जाती है ताकि परिवहन में पानी उड़ने पौधे सूख न जाएं। प्रत्येक दिन उतने ही पौधे निकाले जाने चाहिए जितनों का आसानी से परिवहन व रोपण किया जा सके। बंडलों को पेटियों या टोकरियों में सीधा रखना चाहिए ताकि परिवहन में पौधे न टूटें।

   रोपण में सावधानी :– गड्ढें का आकार इतना होना चाहिए कि सारी जड़ें बिना मुड़े इस में आ सके। पौधे को सीधा रखना चाहिए तथा जड़ व तने के (Joint) या (Collar) जमीन मे 3–4 इंच ऊपर रहना चाहिए किनारे की जड़ बिना मुड़े प्राकृतिक दषा में रखनी चाहिए। मिट्टी को भली प्रकार से दबाना चाहिए ताकि खाली स्थान न बचे व जड़ें मिट्टी के सम्पर्क में रहे। मिट्टी को हाथ पांव से अच्छी प्रकार से दबाना चाहिए। जड़ का कोई भाग जमीन पर नही रहना चाहिए तथा तने का कोई भाग जमीन में नही दबाना चाहिए।
2. गाची सहित रोपणः – जो पौधे नंगी जड़ों का झटका सहन नहीं कर पाते उनमें जड़ों के साथ– साथ मिट्टी की गाची सहित रोपण किया जाता है। इमें पौधे की जड़ों के साथ मिट्टी इस प्रकार निकाली जाती है कि जड़ों को कोई चोट न पहुंचे। नर्सरी में गाची बनाते समय बेड की पूरी सिंचाई करनी चाहिए। खुरपी से पौधे के चारों और निषान लगाकर खुदाई की जाती है तथा तेज़ हथियार से मुख्य जड़ें नीचे से काट दी जाती हैं। गाची के बाहर घास व सुतली आदि भी बांध दी जाती है तथा परिवहन टोकरियों द्वारा किया जाना चाहिए।

रोपण का तरीका	प्रजाति	पौध की ऊंचाई	रोपण के समय आयु
नंगी जड़ों के द्वारा रोपण	अखरोट, खनौर, मैपल,देवदार, रई, तोश	2 फुट से 3 फुट 9 ईंच	देवदार–डेढ से ढाई **वर्ष**, रई साढे तीन वर्श, तोश 4 से 6 वर्श, अखरोट, खनौर, मैपल 2 **वर्ष**
थैली वाले पौधे का रोपण	चीड़, खैर	9 ईंच 2 फुट	9 मास 6 मास

3. Tall Planting :– सड़कों के किनारे बाड़ आदि लगाना मुष्किल होता है बहां बहुत बड़े आकार के (Tall Planting) जो कई फूट ऊंचे होते हैं, लगाये जाते हैं। इन पौधों को नर्सरी में 7–8 साल तक बढ़ने दिया जाता है तथा गड्ढे का आकार डेढ से दो मीटर गहरा रखा जाता है। नर्सरा में ऐसे पौधों को उखाड़ने के लिए 26 गेज की चादरों का च्संदज म्गजतंबजवत बनाया जाता है, इसे नर्सरी में पौध के चारों ओर गाड़ा जाता है तथा नीचे से खोदकर ट्रैक्टर आदि की मदद से जड़ों के चारों ओर लगभग एक घन मीटर मिट्टी सहित निकाला जाता है। मिट्टी की रस्सी को गाची से बांधा जाता है ताकि परिवहन में खराव न हो। ऐसे पौधों को सड़क के किनारे रोपण (Tall Planting) कहलाता है।
4. पात्र में उगे पौधों का रोपण :– पात्रों में सबसे प्रचलित पात्र पौलीथीन की थैलियां हैं। इन्हें नर्सरी से वन तक परिवहन में सावधानी बरतनी चाहिए ताकि गाची खराव न हो। परिवहन टोकरियों व पेटियों द्वारा किया जाना चाहिए। परिवहन से पहले नर्सरी में सिंचाई की जानी चाहिए।

वन रोपण के समय गाची को ध्यान से थैली से काटकर अलग करना चाहिए तथा रोपण में मिट्टी दबाते समय गाची खराव नहीं होना चाहिए। थैली को ब्लेड से काटकर निकालना चाहिए। उसे गड्ढे में पौधे के चारों तरफ से मिट्टी या पत्थर से ढक कर रखना चाहिए। ये (डनसबीपदह) का कार्य करता है।

(2) मूलमुण्ड रोपण (Stump Planting) :– ये रूट–षूट कटिंग करने का तरीका है तथा चौड़ी पत्ती वाले पौधों के लिए अधिक उपयोगी है। इसमें नर्सरी से पौधा उखाड़ा जाता है तथा कैंची की मदद से जड़ को 8 इंच तथा तने को काटकर 1 इंच रखा जाता है। किनारें की जड़ों को भी काट दिया जाता है। इस प्रकार की रूट–षूट कटिंग के 100 के बंडल बनाकर मिट्टी तथा बोरी से ढक देते हैं।

लाभः

1 ये परिवहन में आसान रहते है।
2 परिवहन में पानी के उड़ने से नुकसान नहीं होता।
3 रोपण के लिए पहले से तैयार गड्ढे की आवष्यकता नहीं होती। केवल Crow bar या Planting Rod की ही मदद से छिद्र बनाकर Stump का रोपण कर दोनों ओर मिट्टी दबा देते हैं। इसलिए सस्त रहता है।

रोपण किये जाने वाले स्टॉक की प्रकृति पर रोपण की बहुत सी विधियॉ होती है।

- रोपण की विधियॉ

I. संपूर्ण रोपण (Entire Planting)

जब संपूर्ण पौधा जड़ो सहित बिना मिट्टी के या मिट्टी सहित रोपित किया जाता है तो उसे संपूर्ण रोपण कहते हैं।

II. स्टम्प रोपण (Stump Planting)

रोपणी में तैयार की गई रूट–शूट कटिंग (Stump) को फील्ड में लगाना स्टम्प रोपण कहलाता है –

- स्टम्प क्रो–बार द्वारा बनाये गये छेद में या 30×30×30 बण्उण के गड्ढे में लगाये जाते हैं।
- छेद जड़ों की लंबाई जितना ही गहरा होना चाहिये।
- रोपण करते समय कॉलर वाला भाग, गड्ढे से लगभग 1 से.मी. ऊपर रखते हैं और स्टम्प को थोडा तिरछा लगाते हैं।
- स्टम्प के ऊपर के कटे हुये भाग पर मोम आदि लगा देते हैं जिससे की पानी न जमा हो।

III. कटिंग रोपण (Branch Cutting Planting)

सामान्यतः 20–25 से.मी. लंबी, 1–2 से.मी. गोलाई वाली कटिंग रोपण के लिये प्रयुक्त की जाती है।


- कटिंग लगाते समय 2–3 से.मी. ऊपरी हिस्सा जिसमें एक दो कलिकायें हो जमीन से ऊपर रखते हैं शेष निचला हिस्सा मृदा के अंदर दबाते हैं।
- यह ध्यान रखना चाहिये पौधे या शाखा में जो हिस्सा ऊपर था वह लगाते समय भी ऊपर ही रहे।

- रोपण के सामान्य नियम (General Rules of Planting)

I. पौधे को गड्ढे में, खंती में या क्रो–बार छिद्र में इस प्रकार रखे कि –
  - जड़े को अंदर कॉलर तक की गहराई में रखें।
  - पौधों/स्टम्प में रोपणी में जो कॉलर सतह हो, उसी कॉलर तक पौधो को मृदा में दबाना चाहिये।

II. रोपण करते समय जड़ों या तनों को मुड़ने, टूटने या दबने से बचाना चाहिये।


III. सिर्फ अच्छी गुणवत्ता की मृदा / खाद ही जड़ों के संपर्क में आना चाहिये। बिना अच्छी प्रकार से सड़ा हुआ खाद उपयोग नही करना चाहिए, अन्यथा दीमक आदि कीटों का प्रकोप हो सकता है।



IV. मृदा को पौधे के चारों तरफ अच्छी प्रकार से हाथों एवं पैरों से दबाना चाहिए, जिससे कि मृदा एवं जड़ों के बीच संपर्क अच्छे से हो और उनके बीच कोई रिक्त स्थान न हो।

V. अपारगम्य पात्र जैसे – पॉलीथीन आदि को रोपण के पूर्व ही पृथक कर लेना चाहिये।

VI. स्थल की प्रकृति के अनुसार पौधों को गड्ढे में लगाना चाहिये। शुष्क क्षेत्र ों में पौधों को गहरा लगाना एवं गड्ढे को भी पूरा नही भरकर ऊपर थोड़ा सा खाली छोड़ देते हैं ताकि वर्षा जल एकत्र हो सके। आर्द्र क्षेत्र ों में रोपण



VII. उपरांत मिट्टी थोड़ा सा ऊपर चढ़ा देते हैं जिससे कि अधिक पानी एकत्र न हो।

VIII. पौधा गड्ढे में लगाने के उपरांत हल्की सी सिंचाई करते हैं।

1.2.7.9.4 रोपण तरीके (Planting Pattern)

रोपण करते समय निम्न चार प्रकार से पौधे फील्ड में लगाये जा सकते हैं –

I. आयताकार रोपण इसमें लाईन के बीच में अंतराल इस प्रकार होता है कि आयत का निर्माण होता है।


II. वर्गाकार रोपण . इसमें के पौधों के बीच में अंतराल एवं लाईन के बीच में अंतराल समान होता है।

III. त्रिभुजाकार रोपण त्रिभुज के कोनों पर पौधे रोपित किये जाते हैं।

IV. पंचक रोपण इसमें प्रत्येक वर्ग के केंद्र में भी एक अतिरिक्त पौधा लगाते हैं।

अधिकाशतः आयताकार एवं वर्गाकार तरीकों से रोपण किया जाता है। इस तरीके से लगाये गये पौधों की संख्या प्रति हेक्टेयर में निम्न सूत्र से ज्ञात कर सकते हैं –

$$\text{पौधो की संख्या / हैक्टेयर} = \frac{100 \times 100}{\text{अंतराल}}$$



अंतराल (Spacing)

दो पौधों के बीच की दूरी, अंतराल (Spacing) कहलाता है। किसी रोपण में पौधों के बीच का अंतराल निम्न कारकों पर निर्भर करता है –

I. प्रजाति की वृद्वि दर –

धीमे वृद्वि करने वाली प्रजातियों को तीव्र बढ़त वाली प्रजातियों की तुलना में कम अंतराल पर लगाते हैं।

II. वृद्वि आकृति –
कुछ प्रजातियॉ जिनका छत्रा अधिक बढा होता है, उनके मध्यम अंतराल अधिक रखते हैं।

III. व्यय –
कम अंतराल में रोपण करने पर पौधों की अधिक संख्या व अधिक मृदा उपचार करने पर पौधों की अधिक संख्या व अधिक मृदा उपचार की आवश्यकता होती है जिससे व्यय अधिक होता है।

IV. पोषक तत्वों एवं पानी की उपलब्धता – जहॉ पर पोषक तत्वों, आर्द्रता आदि की कमी हो वहॉ पर अंतराल अधिक रखना चाहिए।

V. खरपतवार –
कम अंतराल पर रोपण करने पर खरपतवारों की वृद्वि कम होती है परंतु जहॉ पर मशीन द्वार खरपतवार हटाना हो वहॉ पर अंतराल कम से कम 3 मी. होना जरूरी है।

VI. प्रबंध का उद्देश्य –
यदि रोपण का उद्देश्य जलाऊ एवं छोटी लकड़ी बल्ली आदि प्राप्त करना है तो कम अंतराल पर पौधे लगाये जाते हैं।

- जब बड़ी इमारती लकड़ी प्राप्त करना हो तो अधिक अंतराल पर रोपण किया जाता है।
- यदि अंतर वर्ती कृषि फसल लेनी हो तो भी अंतराल ज्यादा रखते हैं।
- यदि उद्देश्य अच्छा बिना या कम गंठान वाला तना प्राप्त करना हो तो प्रारंभ में कम अंतर पर पौधे लगाते हैं जिससे स्वयं कर्तन की वजह से शाखाये गिरती जाती है।

अतः किसी स्थान पर अनुकूलन अंतराल वह है, जिसके द्वारा वांछित आकार के वृक्षों से अधिकतम आयतन का उत्पादन हो सके एवं वृक्ष इतने घने हो कि संपूर्ण स्थल की क्षमता का उपभोग कर सके।

➢ सिंचाई (Irrigation)

सामान्यतः वृक्षारोपण बारिश में किया जाता है, अतः सिंचाई करने की आवश्यकता नही होती है परंतु यदि पानी की कमी हो तो पानी देने से प्रारंभिक वृद्वि दर व जीवितता प्रतिशत में वृद्वि होती है।
शुष्क अवधि में सिंचाई बहुत ही आवश्यक होती है।
कुछ प्रजातियों जैसे – कॅजुरिना (Casuarin) एवं प्रोसोपिस (Prosopis) के रोपण में पानी देना बहुत ही आवश्यक है।
वर्तमान में उच्च तकनीकी वृक्षारोण या सिंचित रोपण किये जा रहे है में आवश्यकतानुसार पानी दिया जाता है। ग्रीष्म ऋतु में प्रति सप्ताह 2–3 सिंचाई, शीत ऋतु में प्रति सप्ताह एक सिंचाई एवं वर्षा ऋतु में आवश्यकतानुसार सिंचाई की जाती हैं।
इसके अतिरिक्त पानी का बहुत ही बचत के साथ अधिकतम उपयोग – ड्रिप इरीगेशन (Drip Irrigation) विधि का उपयोग कर किया सकता है।

➢ खाद का उपयोग (Use of Fertilizers / Manures)

सामान्यतः वनक्षेत्रों में जहॉ पर पुनर्वनीकरण किया जा रहा है, वहॉ पर खाद प्रयोग नही किया जाता है, क्योंकि जंगल की मृदा में पर्याप्त पोषक तत्व होते हैं, परंतु बिगड़े वनक्षेत्रों पड़ती भूमि पर व अन्य भूमि पर वृक्षारोपण करते समय खाद देना आवश्यक होता है।
पौधे की प्रारंभिक वृद्वि अवस्था में रोपण के बाद तीन माह की अवधि में खाद देने पर अधिकतम वृद्वि प्राप्त की जा सकती है।

➢ खाद (Manures)

खाद वह कार्बनिक पदार्थ है जो कि पौधों या जीव जंतुओं से प्राप्त उत्पादों से तैयार होते हैं, जिनमें कि पौधें की वृद्वि के लिये आवश्यक पोषक तत्व होते हैं। कुछ प्रमुख खाद निम्न है – हरी खाद, गोबर खाद (FYM), कम्पोस्ट, खली, बोनमील, वर्मीकम्पोस्ट आदि।
खाद मृदा में मिलाने पर पौधों को पोषक तत्व प्रदान करती है। साथ ही मृदा की संरचना में सुधार कर जल अवशोषण क्षमता व जैविक गतिविधि भी बढ़ाते हैं।

➢ **उर्वरक (Fertilizers)**

उर्वरक वे रासायनिक पदार्थ है जो पौधों की वृद्वि के लिये आवश्यक पोषक तत्वों जैसे – नाइट्रोजन (N), फॉस्फोरस (P), पोटेशियम (K) आदि की कमी को पूरा करने के लिये मृदा में मिलाये जाते हैं। ये अकार्बनिक पदार्थो से प्राप्त किये जाते हैं। ये उर्वरक इनमें पाये जाने वाले तत्वों के आधार पर निम्न प्रकार के होते हैं –

I. नाइट्रोजिनस उर्वरक –
ये नाइट्रोजन (छ) तत्व प्रदान करते हैं। उदाहरण – यूरिया, अमोनियम सल्फेट, पोटेशियम नाइट्रेट, सोडियम नाइट्रेट आदि।

II. फॉस्फोरिक उर्वकर –
इनसे फास्फोरस (च) तत्व प्राप्त होता है। उदाहरण – बोन मील, सुपर फॉस्फेट, कैल्शिमय मेटा फॉस्फेट आदि।

III. पोटेशिम उर्वरक –
इनसे पोटेशिम (झ) तत्व प्राप्त होता है। उदाहरण – पोटेशिम सल्फेट, पोटेशिम क्लोराइड, लकड़ी की राख आदि।

IV. N-P उर्वरक –
उदाहरण – मोनो – डाइ अमोनियम फॉस्फेट (DAP)

➢ **जैव उर्वरक (Bio Fertilizers)**

सूक्ष्मजीव वे जीवाणु होते हैं जिन्हें फसल के साथ उपयोग करने पर वातावरण की H_2 को अवशोषित करने में सहायक होते हैं। उदाहरण – राइजोबियम कल्चर, एजोटोबैक्टर, बीज हरे शैवाल, माइकोराइजा, एजोस्थाइटिलियम।
इन्हें बोते समय बीज के साथ मिलाकर या मृदा में मिलाकर उपयोग किया जाता है।

➢ **उर्वरक का प्रयोग (Application of Fertilizers)**

उर्वरको एवं खाद का प्रयोग पानी में उपलब्धता एवं मृदा की गुणवत्ता पर निर्भर करता है –

➢ **उर्वरक / खाद देने की विधि (Method Of Fertilizers Application)**

I. **बेसल ड्रेसिंग** (Basal Dressing)

जब बीज बोने के पहले या रोपण करने के पूर्व उर्वरक देते हैं तो यह बेसल ड्रेसिंग कहलाता है। सामान्यतः बेड तैयार करते समय या रोपण के पूर्व गड्ढे की मृदा में उर्वरक मिलाते हैं।

II. **टॉप ड्रेसिंग** (Top Dressing)

जब पौधे वृद्वि करने लगते हैं, उस समय जो उर्वरक देते हैं वह टॉप ड्रेसिंग कहलाता है। इसके अंतर्गत उर्वरक / खाद को छिड़काव विधि (Broadcasting), स्थानीय विधि (Localised Placement) एवं स्प्रे विधि (चतंल) द्वारा देते हैं।

➢ **उर्वरक देने का समय (Time of Fertilizers Application)**

सामान्यतः जो आसानी से घुलने वाले और गतिशील तत्व होते हैं जैसे – नाइट्रेट, क्लोराइड, सल्फर आदि को जब अधिकतम आवश्यकता होती है उस समय देते हैं। जो तत्व आसानी से घुलते नही है एवं कम गतिशील होते हैं जैसे – फॉस्फोरस, अमोनियम, पोटेशिम, कैल्शिमय आदि को बोआई के समय या पूर्व देते हैं। उर्वरक को एक ही बार देने के बजाय यदि वर्ष में 3–4 बार में दिया जाय तो वह अधिक लाभदायक होता है। शुष्क मृदा में या अत्यधिक बारिश के समय *उर्वरक* को नही देना चाहिये।

➢ **मृत पौधों का बदलाव (Replacement of Casualties)**

रोपण के पश्चात बहुत से रोपित पौधे विभिन्न कारणों से मृत हो सकते हैं जिनमें से प्रमुख है –

- उथला रोपण, जड़ों का मुड़ना, मृदा का अच्छे से नही दबाना, खराब पौधों का रोपण, खराब मृदा स्थिती, कीटों या बीमारियों का प्रकोप एवं प्रतिकूल जलवायु अन्य प्रतिकूल जैविक कारक जैसे – आग, चराई, खरपतवार आदि।
- रोपण क्षेत्र में यदि मृत पौधों की संख्या अधिक होती है तो उनके स्थान पर अच्छे स्वस्थ पौधों को लगाया जाता है, जिसे बीटिंग अप (Beating Up) या (Casualties replacement) कहते हैं। मृत पौधों के स्थान पर लगाये जाने वाले पौधे स्वस्थ एवं औसत पौधों से अधिक ऊँचे होना चाहिये।
- मृत पौधों का बदलाव पौधों के मृत होने के कारणों का अच्छी प्रकार से सुनिश्चित करने के बाद उन कारणों को दूर करने के बाद करना चाहिए।

- मृत पौधे रोपण के समय अर्थात् बारिश के समय या यदि सिंचाई उपलब्ध हो तो वृद्वि काल में बदलना चाहिए।

- **वृक्षारोपण की फफूँद एवं कीटों से सुरक्षा** (Protection of Plantation from Disease & Insect pest)

वृक्षारोपण में वृक्ष कई प्रकार के हानिकारक कवकों एवं कीटों से प्रभावित हो सकता है। जिन पर नियंत्राण करना आवश्यक होता है अथवा पूरा वृक्षारोण ही चौपट हो सकता है।

- **कवकों से सुरक्षा के उपाय –**

कवकों के द्वारा कई प्रकार की बीमारियॉ जैसे रॉट (Rot), रस्ट (Rust), कैंकर (Canker) डेम्पिंग ऑफ (Damping Off) आदि होती हैं। जिनसे सुरक्षा के लिये निम्न उपाय किये जा सकते हैं –

- वृक्षारोपण क्षेत्र में उसके आस–पास सफाई रखना। बीमारी प्रभावित वृक्षों एवं उनके भागों तथा कवकों के फूल आदि को जला देना चाहिए।
- बीज संग्रहण एवं भंडारण के समय सुरक्षा रखना।
- कटाई, छंटाई के बाद कटे हुये स्थानों पर कवकनाशी पदार्थ जैसे – बोर्डो मिक्चर या अन्य दवा लगा देना चाहिए अन्यथा कटे हुये स्थानों से संक्रमण हो सकता है।
- एक ही प्रकार की प्रजाति को बड़े–बड़े क्षेत्र में रोपण से बचना चाहिये या छोटे–छोटे पैच में अलग–अलग प्रजाति लगाना चाहिए।
- रासायनिक दवाओं जैसे – कैप्टान, जिंक ऑक्साइड, ब्लिटोक्स, जिनेब, बेविस्टिन आदि का प्रयोग करना चाहिये।

- **कीटों से सुरक्षा के उपाय –**

विभिन्न प्रकार के कीट जंगल में रहते हैं जो वृक्षों की पत्तियॉ व कोमल तनो, जड़ो आदि को खाते हैं। कीटों से सुरक्षा के लिये निम्न विधियॉ प्रयुक्त की जाती है –

- कीटों को विभिन्न यांत्रिाक विधियॉ जैसे – लाइट ट्रेप, ग्रीस बैड आदि का उपयोग कर पकड़ते हैं, और मारते हैं।
- वृक्षारोपण में समुचित जल निकास व्यवस्था समय पर विरलन, कटाई, छंटाई आदि कार्य करना, समय पर खाद, पानी देना आदि कार्यो से पौधों की प्रतिरोधक क्षमता में वृद्वि की जाती है।
- प्रतिरोधी क्षमता वाली प्रजातियॉ विकसित करने की दिशा में कार्य करना और उन प्रजातियों का उपयोग करना।
- एक ही प्रकार की प्रजाति रोपित करने से बचना चाहिये।
- ऐसे जीव–जंतुओं की जनसंख्या में वृद्वि करना जो हानिकारक कीटों को नष्ट करते हों।
- रासायनिक दवाइयों जैसे – पायरेथ्रम, नीम खली, एल्ड्रेक्स, डाइएल्ड्रिन, मोनोक्रोटोफॉस, एन्डोसल्फास, लिन्डेन, फोरेट आदि का उपयोग करना।

- **ऊतक संवर्द्धन** (Tissue Culture)

कृत्रिम माध्यम कोशिकाओं से पौधे के विभिन्न भागों, ऊतकों एवं कोशिकाओं को विकसित करना ऊतक संवर्द्धन कहलाता है।

पौधों की कोशिकाओं में यह क्षमता होती है कि एक कोशिका संपूर्ण पौधे के रूप में विकसित हो सकती है, इस गुण को (Totipotency) कहते हैं। सर्वप्रथम कृत्रिम रूप से प्रयोगशाला में पौधों को विकसित करने का कार्य गॉथरेट एवं व्हाइट (1930 के दशक) में किया गया।

- **ऊतक संवर्द्धन की तकनीक**

I. **सतह निर्जीवीकरण** (Surface Sterilization)

पौधों का जो भाग कृत्रिम रूप से ऊतक संवर्द्धन में उपयोग किया जाता है, उसे एक्स प्लांट (Ex plant) कहते हैं। इस एक्स प्लांट को 1–2: सोडियम/कैल्शियम हायपोक्लोराइट घोल से उपचारित करते हैं, जिससे सतह पर उपस्थित सूक्ष्म जीवाणु आदि मृत हो जावें। बाद में इसे अच्छे से धो लेते हैं।

II. **पोषक माध्यम** (Nutrient Medium)

पोषक तत्वों युक्त ऐसा माध्यम जिसमें पौधें की कोशिकाओं आदि को विकसित किया जाता है, पोषक माध्यम (Nutrient Medium) कहलाता है। इस माध्यम में अकार्बनिक पदार्थ, सुक्रोस, विटामिन, हार्मोन्स जैसे – IAA, NAA आदि होते हैं।

इन माध्यम को उपयुक्त टेस्ट–ट्यूब, फ्लास्क आदि में रखकर सूक्ष्म जीवों को दूर करने हेतु उपचारित करते हैं, इसके बाद एक्स प्लांट को इस माध्यम से रख देते हैं। इन माध्यम में कोशिकाएं एक असंगठित समूह के रूप में विकसित होती है जिसे कैलस (Callus) कहते हैं।

III. **नियंत्रित वातावरण**

तापमान 18–25ºब तक रखते हैं। प्रकाश की आवश्यकता सामान्यतः नहीं होती है।

IV. **सहायक संवर्द्धन** (Sub Culture)

प्रत्येक 4–6 सप्ताह बाद कृत्रिम माध्यम में विकसित हो रहें कैलस को ताजे पोषक माध्यम में स्थानांतरित करते जाते हैं। इसके लिये कल्चर का थोड़ा सा भाग ही उपयोग किया जाता है।

V. **पौधे का पुनरूत्पादन एवं मृदा में स्थानांतरण** (Plant Regeneration & Transfer to soil)

ऊतक संवर्द्धन तकनीक द्वारा तने के अग्रभाग (अग्रस्थ कलिका & Shoot tip) 0.5–1 से.मी. आदि को कृत्रिम माध्यम में विकसित कर उसमें जड़े उत्पन्न की जाती है, और इस प्रकार वह पूर्ण विकसित पौधे के रूप में विकसित होता है। जड़ों के विकास को प्रेरित करने के लिये पोषक माध्यम में प्रयुक्त होने वाले वृद्वि हार्मोन के अनुपात के परिवर्तित करते हैं। जब ऑक्सिन की तुलना में काइनिन अधिक उपयोग करते हैं, तो तने का विकास होता है, जबकि काइनिन की तुलना में अधिक ऑक्सिन का उपयोग करने से जड़ों का विकास प्रेरित होता है।

इस प्रकार विकसित पौधों को मृदा में स्थानांतरित करते हैं। इसके बाद 1–2 सप्ताह ग्रीन हाऊस में रखते हैं, और इस प्रकार धीरे–धीरे इन्हें बाह्य वातावरण के अनुकूल बनाते हैं और अंततः यह बाहरी वातावरण में वृद्वि करने योग्य हो जाते हैं।

तने के अग्रभाग ैीववज जपचद्ध के समान ही कृत्रिम माध्यम में भ्रण, पराग कण, कोशिकाओं का ऊतकों से भी पूर्ण पौधे विकसित किये जा सकते हैं।

अतः इस तकनीक का मुख्य लाभ यह है कि अच्छे गुणों वाले चयनित एक पौधे से या शाखा से उसके समरूप कई पौधें तैयार किये जा सकते हैं।

DEPARTMENT OF FOREST FARMING AND CONSERVATION H.P.

TIME TABLE FOR FORESTRY WORKS

TYPE OF OPERATION

1. NURSERY OPERATIONS

I) PROCUREMENT OF MATERIAL & — LOWER HILLS, HIGH HILLS

II) PREPARATION OF BEDS, FILLING OF P. BAGS AND APPLICATION OF F.Y.M. — LOWER HILLS

III) SEED SOWING — HIGH HILLS, LOWER HILLS

IV) IRRIGATION WEEDING, HOEING & FERTILIZER APPLICATION — REGULARLY AT SUITABLE INTERVAL EXCEPT RAINY SEASON

2. PLANTING OPERATIONS

I) AREA SELECTION & CHOICE OF SPECIES — LOWER HILLS, HIGH HILLS

II) PREPARATION OF CLOSURE CASES — LOWER HILLS, HIGH HILLS

III) ADVANCE EARTH-WORK — LOWER HILLS, HIGH HILLS

IV) FENCING: B/WIRE, STONE WALL, FENCING, LIVE HEDGE — LOWER HILLS, HIGH HILLS

V) PLANTING (A) B/L SPECIES — LOWER HILLS, HIGH HILLS

(A) CONIFER SPECIES — LOWER HILLS, HIGH HILLS — BE TIMELY DONE

VI) SEED COLLECTION

3. ROAD AND BUILDING WORKS

I) REPAIR OF ROADS & BUILDINGS

II) SUBMISSION OF BUILDING PROGRAMME — FOR NEXT YEAR

III) PREPARATION OF ESTIMATE AT DIVISION LEVEL

IV) SUBMISSION OF ESTIMATE TO P.C.C.F OFFICE

V) APPROVAL OF ESTIMATE AT P.C.C.F. OFFICE/GOVT. LEVEL

VI) DIGGING OF BUILDING FOUNDATION AND CONSTRUCTION UPTO PLINTH LEVEL — BEFORE RAINS

VII) EXECUTION (COMPLETION)

4. SOIL CONSERVATION WORKS

I) SELECTION OF SITE & PREPARATION OF ESTIMATES

II) PROCUREMENT OF MATERIAL (INTER LINK CHAIN & G.I. WIRE)

III) EXECUTION

5. MARKING OF LOTS TO H.P.S.F.C.

I) MARKING OF LOTS: CHIL, KHAIR & B.L. Spp. HIGH CONIFER Spp.

II) RESIN BLAZES ENUMERATION

III) FUEL WOOD SUPPLY TO TRIBAL AREA

6. PROTECTION WORKS

I) FIRE PROTECTION/FIRE LINE FORMATION — LOWER HILLS, HIGH HILLS

7. TARGET/BUDGET DISTRIBUTION

I) FROM Pr. C.C.F. TO C.F.s.

ii) FROM C.F. TO D.F.O.s.

iii) PACE OF EXPENDITURE — BY 15TH 1st QUARTER 30%; 2nd QUARTER 55%; 3rd QUARTER 85%; 4th QUARTER 100%

8. ADMINISTRATION

I) SUBMISSION OF ACRs. — 1st JAN

II) SUBMISSION OF PROPERTY RETURNS

III) CONVENING OF MEETING — 4th WEEK, 3rd WEEK

A) C.F.s' IN DIRECTION OFFICE — 2nd LAST WEEK, 1st FORTNIGHT

B) DFOs' IN CIRCLES — 1st WEEK

IV) RECONCILIATION OF OUTSTANDING — LOWER HILLS, HIGH HILLS — 1st WEEK

V) APPROVAL OF FELLING PROGRAMME

ANNUAL SPREAD OF ACTIVITIES

APR	MAY	JUN	JUL	AUG	SEP	OCT	NOV	DEC	JAN	FEB	MAR

CALENDAR OF ACTIVITIES

APRIL

Seed sowing (H.H.), Area selection (H.H.), Preparation of closure cases (H.H.), Advance earth work & Fencing (H.H.), Estimate submission (B&R), Fire lines (LH), Allotment of budget & gergets from PCCF, ACRs, 1st CFs meeting at HQ and DFOs metting in Circles, Reconciliation of outstanding (H.H.) and approval of felling programmes.

MAY

Completion of closure cases (H.H.), Repairs (B&R), Approval of Estimates, Construction upto plinth level, Procurement of material and Execution of Soil Conservation works, Marking of plots (Khair/B.L./Chil), Distribution of budget and targets DFOs.

JUNE

Repairs (B&R), Approval of estimates, Construction upto plinth level, Execution of Soil Conservation works, Marking of Chil, Khair & B.L. lots of continue.

JULY

Planting of conifers (L.H.&H.H.), Reconciliation of outstanding (L.H.).

AUGUST

Planting operations in High and Lower Hills.

SEPTEMBER

Procurement of Nursery material, Preparation of beds, Filling of P. bags & FYM (L.H.&H.H.), Submission of building & roads programme of next year, Marking of H.L. conifer continued, Fuelwood supply to tribal area continued. Fire lines (H.H.).

NOVEMBER

Procurement of Nursery material continued, Preparation of beds Filling of P. bags & FYM continued (H.H.), Seed sowing (L.H.&H.H.), Execution of Soil Conservation works, Marking of H.L. conifer lots to be completed, Fuelwood supply to tribal areas to be completed, 2nd CFs Meeting at HQ and DFOs in Circles.

DECEMBER

Procurement of nursery material to be completed, Area and Species selection (L.H.), Completion of Soil Conservation Works, Enumeration of Resin blazes.

JANUARY

Preparation of beds, Filling of P. bags and FYM (L.H.), Preparation of closure cases (L.H.), Advance earth work, Fencing, Planting of B.L. species in lower hills, Completion of B&R works. Submission of property returns.

FEBRUARY

Continuation and completion of works initiated in January, Seed Sowing (L.H.), Planting of B.L. species (H.H.), Preparation of estimates for B&R and Soil Conservation Works.

MARCH

Completion of works initiated in January & February, Preparation of beds, filling of P. bags & FYM (H.H.), Seed sowing, Advance earth work & fencing (H.H.).

---

* **Irrigation, weeding, hoeing, fertilizer application to be done at suitable intervals, seed collection as per ripening of different seeds.**

** **H.H.-High Hills, LH-Lower Hills, B&R-Building & Roads.**
FYM-Farm Yard Manure, P.bags-Polythene bags, BL-Byand leaved Speices, H.L.-High level

वृक्षों का वनवर्धन

➢ सीड्रस देवदार

वितरण :– देवदार पश्चिमी हिमालय में जम्मु कश्मीर से लेकर उत्तर प्रदेश में गढ़वाल तक पाया जाता है। यद्यपि यह विभिन्न स्थानों पर 1200मीटर से 3000मीटर तुंगता तक पाया जाता है तथापि मीटर से 2400मी तुंगता में यह अधिकता से होता है।

जलवायुः– इसके प्राकृतवास में अधिकतम ताप 270से0 से से0 तक तथा न्यूनतम ताप 120 से0 से –40 से0 तक रहता है और वार्षिक वर्षा 1000मिमी से 1750मिमी तक होती है।परन्तु सह अपेक्षाकृत शुष्क घाटियों,जहॉ वार्षिक वर्षा मिमी से भी कम होती है,में भी होता है। इसके प्राकृतवास में शीत ऋतु में भारी हिमपात होता है।

मृदा :– देवदार ग्रेनाइट, नाइस, अभ्रक तथा अन्य शिस्ट, शेल, चूना पत्थर, क्वार्टजाइट तथा कनग्लौमरेट शैल समूहों से बनी मृदाओं में होता है। इसका श्रेष्ठ विकास गहरी,रन्ध्रयुक्त उपजाऊ मृदा में होता है। यह खराब जल निकास बाली दृढ़ मृदाओं में नहीं होता और उथली मृदाओं में यह अपनी पूरी ऊँचाई प्राप्त नहीं करता।

घटना विज्ञानः– इसमें नई सूचियॉ प्रतिवर्ष मार्च–अप्रैल में निकलती हैं और वे प्रौढ़ वृक्षों में छह वर्ष तक रहती है। उनमें से कुछ प्रतिवर्ष ग्रीष्म ऋतु,मुख्यतया मई में और कुछ शरद ऋतु में झड़ती है। मंजरी (कैटकिन) के रूप में नरफूल जून में निकलते हैं और सितम्बर के मध्य तक पराग बिखेर देते हैं। मादाफूल (शंकु) अगस्त में निकलते हैं और सितम्बर मध्य से अक्तूबर मध्य तक उनका परागण हो जाता है। इस समय वह सवा या ड़ेढ सेमी लंगे होते हैं और सूचियों के कारण दिखाई नहीं देते। अगले वर्ष वसन्त ऋतु में वे बढ़ना प्रारम्भ कर जुलाई में पूर्ण आकार के हो जाते हैं और अक्तूबर से नवम्बर तक पक जाते हैं। इस प्रकार मादा फूलों के परागण से शंकुओं के पकने तक साढ़े 12 से 13 महीने लग जाते हैं। पके शंकु भूरे रंग के 7.5सेमी से 10सेमी लम्बे और 5सेमी व्यास वाले अण्डाकार होते हैं। वे शाखाओं के ऊपर की ओर खड़ी दशा में लगे रहते हैं और पकले पर उनके शल्क और बीज ही गिरते हैं,केन्द्रीय डण्डी शाखा पर ही लगी रहती है।

वनवर्धनीय अभिलक्षणः– यद्यपि प्रारम्भिक कुछ वर्षों तक यह छाया सह लेता है तथापि बाद में सन्तोषजनक वृद्वि के लिए इसे ऊपर से पूरा प्रकाश चाहिए। आच्छादित रहने से उसकी ओजस्वी शिखा नष्ट हो जाती है और तब प्रकाश देने से कोई लाभ नहीं होता। सामान्यतया देवदार छाया सहिष्णु कहा जाता है परन्तु शीर्ष से पूर्ण प्रकाश सम्बधी उसकी आवश्यक ता को देखते हुए उसे प्रकाशापेक्षी कहना अधिक उपयुक्त है। देवदार प्रारम्भिक अवस्थाओं में सूखे के लिए संवेदी है परन्तु बाद में उसे सूखे से कोई डर नहीं होता। अपने प्राकृतवास में इसे तुषार से बिरले ही क्षति होती है परन्तु हिमपात से बहुधा क्षति होती है।इसका मूलतंत्र विशाल होता है अतः इसे वायु से कोई क्षति नहीं होती।

प्राकृतिक पुनरूत्पादन :– देवदार लगभग 25सेमी से 30सेमी व्यास प्राप्त करने के समय से अंकुरण क्षम बीज पैदा करता है परन्तु साधारण बीज वर्ष तीन वर्ष और अच्छे बीज वर्ष 5वर्ष के अन्तराल से आते हैं। इससे प्राकृतिक पुनरूत्पादन में समस्या उत्पन्न हो जाती है। क्योंकि बीज शल्क के साथ गिरता है,अतः वह वृक्ष के आसपास ही रहता है। बीज के अंकुति होने तथा जीवित रहने के लिए उसे खनिज मृदा पर गिरना चाहिए। यदि वन तल पर सूचियों का मोटा स्तर हो तो उसे नष्ट करने का प्रयत्न करना पड़ता है। यदि झाड़ियॉ सघन हों तो उन्हें भी हल्का करना पड़ता है। अंकुरण हिम पिघलने के बाद सामान्यतया मार्च अप्रैल में होता है परन्तु आगामी ग्रीष्म ऋतु तथा वर्षा के बाद शरद ऋतु में सूखे से बहुत बिजौल मरते हैं। पशु

पक्षी भी पुनरूत्पादन को बहुत नष्ट करते हैं। इस प्रकार देवदार का प्राकृतिक पुनरूत्पादन समान्यतया सन्तोष जनक नहीं होता।

देवदार वनों का सामान्यतया प्रबन्ध रक्षि वितान समान आयु पद्वति में किया जाता है। इस पद्वति में पुनरूत्पादन क्षेत्रों में प्राकृतिक पुनरूत्पादन को उत्प्रेरित करने के लिए सर्व प्रथम बीजार्थ पातन किया जाता है अर्थात उस क्षेत्र की बीज की आवश्यक ता को पूरे वाले वृक्षों को छोड़ कर अन्य का पातन कर दिया जाता है ताकि पर्याप्त प्रकाश वन तल पर पहुॅच सके और अंकुरण के लिए अनुकूल दशायें हों। इस बीजार्थ पातन में बीज वृक्ष छॉट कर रोके जाते हैं। सामान्यतया उत्तर,उत्तर पूर्व तथा उत्तर पश्चिम अभिमुख ढालों पर 45से 50बीज वृक्ष प्रति है(अर्थात वे 14 से 15 मी अन्तराल पर) और दक्षिण पूर्व तथा दक्षिण पश्चिम अभिमुख ढ़ालों प्श्र 60 बीज वृक्ष (अर्थात वे लगभग 13मी अन्तराल पर) रोके जाते हैं। ये बीज वृक्ष 40 से 50 सेमी या 50 से 60 सेमी व्यास के होते हैं।व्यास के साथ इनके गुणों तथा स्थिति का भी ध्यान रखा जाता है। बीज वृक्ष स्वस्थ,सुडौल,लम्बे,बेलनाकार तने तथा अच्छे छत्र विकास वाले होने चाहिए और उन्हें कूटों पर इस प्रकार वितरित होना कि उनके बीज पूरे क्षेत्र में पहुॅच जायें। जहॉ कैल देवदार के साथ मिश्रित दशा में हो वहॉ बीज वृक्षों का चयन देवदार के लिए अनुकूल बनाते हुए ऊपर लिखी विधि के अनुसार किया जाता है।ताकि कैल के प्राकृतिक पुनरूत्पादन के लिए प्रकाश पर्याप्त न हो। परन्तु जहॉ कैल अमिश्रित दशा में हो वहां कैल के पुनरूत्पादन के लिए ठंडे ढालों पर कैल के 25 वृक्ष तथा गर्म ढालो पर कैल के 50 बीज वृक्ष छोड़ जाते हैं।यदि इन बीज वृक्षों को छोड़कर शेष सब वृक्ष काट दिए जाये ंतो इसमें अग्रिम पुनरूत्पादन तथा पर्याप्त अप्रौढ़ वृक्षकों का बलिदान हो सकता है। अतः कुछ वर्षों से 20सेमी व्यास तक का समस्त और 20से 30 सेमी व्यास तक के कम से कम 0.1 है क्षेत्रफल समूहों में उपस्थित अग्रिम पुनरूत्पादन को भी रोक देते हैं। चाहे इससे नई सस्य समान आयु होने के बजाय विषम आयु हो जाती है। इस प्रकार वृक्षों रोके गए अग्रिम पुनरूत्पादन तथा अप्रौढ़ वृक्षों तथा चौड़ी पत्ती वाली प्रजातियों को छोड़ शेष वृक्ष गिरा दिए जाते हैं। यदि वह अच्छा बीज वर्ष हो तो अगले वर्ष तार बाड़ लगाकर उसे चराईके लिए बन्द कर दिया जाता है। यदि वह अच्छा बीज वर्ष न हो तो अच्छा बीज वर्ष आने तक उसे चराई लिए खुला छोड़ देते हैं। यदि चराई संभव न हो तो 3मीटर अन्तराल पर बनी कन्टूर पटिटयों में अच्छे बीज वर्ष में बीज गिरने से पूर्व वन तल साफ कर दिया जाता है अर्थात झाड़ियों काट दी जाती हैं और सूखी सूचियॉ हटा दी जाती है ताकि बीज खनिज मृदा पर गिरे। इसके बाद पुनरूत्पादन क्षेत्र चराई के लिए पूर्णतया बन्द कर दिया जाता है और आग से उसकी रक्षा कर दी जाती है। निराई तथा झाड़ी कटाई,जब आवश्यक हो,की जानी चाहिए। जब पुनरूत्पादन क्षेत्र पुनरूत्पादन क्षेत्र से पूर्णतया भर जाता है,पुनरूत्पादन स्थापित होकर इतना बड़ा हो जाता है िकवह बकरियों तथा भेड़ों की पहुॅच से बाहर हो जाए या कम से कम पशुओं द्वारा की जाने बाली क्षति से सुरक्षित हो जाए तो पुनरूत्पादन क्षेत्र चराईके लिए खोल दिया जाता है।

जब पुनरूत्पादन 4मी ऊॅचाई प्राप्त कर लेता है तब वह स्थापित समझा जाता है। यदि ऐसा पुनरूत्पादन क्षेत्र के प्रतिशत भाग में आ जाए तो अन्तिम पातन कर दिया जाता है अर्थात बीजार्थ पातन के समय रोके गए बीज वृक्ष हटा दिए जाते हैं परन्तु यदि किसी पुराने बीज वृक्ष के नीचे पुनरूत्पादन नहीं है या उसको केन्द्र मानकर 10मीटर व्यास के अन्दर कम से कम तीन देवदार वृक्षक नहीं हैं तो उसका पातन नहीं किया जाता । यदि किसी पुनरूत्पादन के क्षेत्र में पुनरूत्पाद न समान रू‍प में न आया हो और उसके आने की सम्भावना कम हो,तो जिन स्थानों पर पुनरूत्पादन न आया हो उन्हें कृत्रिम पुनरूत्पादन से भर दिया जाता है और जब यह पुनरूत्पादन स्थापित हो जाता है तो अन्तिम पातन कर दिया जाता है।

यदि पुनरूत्पादन क्षेत्र में ऐसे स्थल हों जो चटटानी हों और सर जहॉ ढाल खड़ा हो तो ऐसे स्थलों में प्रवरण पद्वति में पातन होता है क्योंकि स्थलाकृति संकेन्द्रित पातन के लिए उपयुक्त नहीं है। ऐसी दशा में केवल मृत या रोगी वृक्ष वे वृक्ष जिनके नीचे स्थापित पुनरूत्पादन है तथा वे अति प्रौढ़वृक्ष जो अगले दस वर्ष तक जीवित न रह सकें,निकाले जाते हैं। प्राकृतिक पुनरूत्पादन द्वारा ये स्थल भी धीरे धीरे पुनरूत्पादित होते रहते हैं।

कृत्रिम पुनरूत्पादन

बीज पकने का समयः— अक्तूबर नवम्बर

बीज भारः— 7 से 6बीज प्रतिग्रम अंकुरण प्रतिशत 70

बीज संग्रह करने की विधिः— बीज संग्रह करने के लिए शंकुओं को खुलने से पूर्व अर्थात सितम्बर अन्त या अक्तूबर प्रारम्भ में वृक्ष से ही एकत्र करना चाहिए। शंकु शरद ऋतु में गिराए गए वृक्षों से भी एकत्र किए जा सकते हैं। तत्पश्चात उन्हें धूप में तब तक रखा जाता है जब तक कि वे खुल न जाएं। शल्क और बीज उठाने से पूर्व यह बात ध्यान रखनी चाहिए कि देवदार शंकु के ऊपरी एक तिहाई भाग और निचले एक तिहाई भाग बीज अंकुरण योग्य नहीं होते। अतः इन भागों के शल्क और बीज छोड़कर शेष एकत्र करना चाहिए। एकत्रित शल्क तथा बीज किसी ऐसी चलनी जिसमें छिद्र इतने बड़े हों कि उनमें से बीज तो निकल जाएं पर शल्क न निकले,में छानना चाहिए और नीचे गिरे बीज संग्रह कर लेना चाहिए।

बीज भण्डारणः— देवदार के बीज में तेल होता है, अतः अगली बसन्त तक ही उसका भण्डारण हो सकता है।

पुनरूत्पादन विधियॉः— देवदार क्षेत्र में सीधे बीज बुवाई समस्त रोपण द्वारा पुनरूत्पादित किया जाता है।

क्षेत्र में सीधे बीज बुवाईः— बीज बुवाई द्वारा पुनरूत्पादित किए जाने के लिए पुनरूत्पादन क्षेत्र में सामान्यतया खण्डक बनाए जाते हैं। खण्डक सामान्यतया 45सेमी 75सेमी आकार के होते हैं और इनमें मृदा 15सेमी या 20सेमी गहरी खोदकर तथा ऋतुक्षरित करके भरी जाती है। कभी कभी 3मी अन्तराल पर समोच्च रेखाओं पर नालियॉ खोदी जाती हैं और मृदा को ऋतुक्षरित करके भरा जाता है। भरी मृदा की मेंड़ों पर बीज नवम्बर में हिमपात से पूर्व बोया जाता है और कॉटों आदि से ढ़क दिया जाता है।

रोपणी प्रविधिः— यदि समस्त रोपण करना हो तो बीज रोपणी में बोया जाता है। पर्वतों में रोपणी का स्थान सीढ़ीदार पटिटयों के रूप में बनाकर इन समतल पटिटयों में क्यारियॉ बनाई जाती हैं। पटिटयों की चौड़ाई इतनी होनी चाहिए कि उसमें एक क्यारी की चौड़ाई तथा दोनों ओर की पगडण्डियों की चौड़ाई आ जाए। क्यारयों की लम्बाई पूर्व पश्चिम दिशा में पाले और धूप से पौधों की रक्षा के लिए छाया करने की सुविधा रहती है। क्यारियॉ सामान्यतया मी लम्बी और 0.6मी चौड़ी बनाई जाती है। क्यारियों की मृदा तैयार करने के बाद उसमें पड़ोस के वन से एकत्र किया गया पूर्णतया सड़ा हुआ तथा गोबर के बाद मिला दी जाती है। कभी कभी कैलशियम अमोनियम नाइट्रेट 2.5 कि प्रति है,सुपर फौसफेट 1.25 क्वि प्रति हे,पोटैश्यिम नाइट्रेट 1.25क्वि प्रकत है तथा गोबर की खाद 20क्वि प्रति हे मिला दी जाती है। क्यारियों में बीज 10सेमी अन्तराल पर बनी पंक्तियों में बोया जाता है ओर उसे मृदा से ढककर लकड़ी के हल्के बेलन से दबा दिया जाता है। फिर क्यारी के ऊपर कांटे आदि ढक दिए जाते हैं ताकि फीजैन्ट बीज न खा सकें। बीज नवम्बी में हिमपात से पूर्व बोया जाता है। अंकुरण अगली बसनत ऋतु में होता है। मई—जून में बिजौलों को फौवारे से सींचना चाहिए और यदि आवश्यक हो तो

छादक लगाकर क्यारियों को छाया प्रदान करनी चाहिए। जुलाई में पौधों को नयी क्यारियों में 10 15 सेमी प्रतिरोपित किया जाता है। निराई आवश्यक तानुसार की जाती है। अगले वर्ष जुलाई में इन पौधों को दुबारा 15 25 सेमी पर प्रतिरोपित कर दिया जाता है। इसके बाद एक वर्ष तक निराई तथा सिंचाई आवश्यक तानुसार की जाती है। अगली जुलाई में जब पौधे पौने तीन वर्ष आयु के हो जाते हैं और उनकी ऊँचाई30से 35सेमी हो जाती है,वे रोपण योग्य हो जाते हैं।

समस्त रोपणः— समस्त रोपण के लिए 30 सेमी आकार के गडढे 2.5मी 2.5मी अन्तराल पर बनाए जाते है। इनमें रोपणी से निकले गए नंगी जड़ो वाले बिजौले लगा दिए जाते हैं। जुलाई में रोपण उन स्थानों पर किया जाता है जहॉ दक्षिण पश्चिम मानसून से वर्षा होती है। जिन स्थानों में दक्षिण पश्चिम मानसून नहीं पहुँचता,जैसे कश्मीर में,वहॉ रोपण बसन्त ऋतु में किया जाता है।

क्षतियॉः— देवदार को वन्य पशुओं से काफी क्षति होती है। भालू देवदार वृक्षकों तथा बाल वृक्षों की छाल अपने दांतों तथा पंजों से उतार देता है ताकि वह उसके नीचे प्रवाहित होने वाले रस को चाट सके। कहीं कहीं ये क्षति इतनी गम्भीर होती है कि वृक्ष मर जाते हैं। इसी प्रकार लंगूर भी देवदार की छाल उतारते हैं। लंगूर तथा भूरे बंदर अंकुरित हुए बिजौलों को भी उखाड़ देते है। सेही देवदार की छाल भूमि जल के पास काटती है। इन पशुओं के अतिरिक्त इकट्रपिस देवदार नामक कीट भी देवदार की पत्तियॉ खाकर वृद्वि पर बुरा प्रभाव ड़ालता है जिससे वृक्ष सूखने लगता है। कवकों (फंगस) में फोम्स अनोसस नामक कवक मृत जड़ों में रहता है और वहॉ से नये वृक्षों पर आकमण करता है।

वृद्विगतिः— देवदार की वृद्विगत साधारणतया मन्द है। वह 10वर्ष में 1.2 मी और 25वर्ष में लगभग 3मी ऊँचाई प्राप्त करता है। उसकी व्यास वृद्वि भी मन्द है। गुण श्रेणी के वन में यह 50सेमी सस्य व्यास,जो इसका समुपयोजन व्यास है,160वर्ष में प्राप्त करता है।

उपयोगः— देवदार पश्चिमी हिमालय में सबसे महत्तवपूर्ण प्रकाष्ठ वृक्ष है। इसका प्रकाष्ठ भवन—निर्माण,रेलपथ स्लीपर तथा रेल के डिब्बे,फर्नीचर तथा अन्य कार्यों में उपयोगी है। इसके काष्ठ से निकाला गया जेल भी साबुन उद्योग में काम आता है।

➢ ऐल्बिजिया प्रौसेरा(सफेद सिरस)

वितरणः— सफेद सिरस अधोहिमालय प्रदेश में यमुना के पूर्व में तथा पूर्वोत्तर भारत में असम,अरूणाचल प्रदेश,मेघालय ,नागालैण्ड,मणिपुर,मिजोरम,त्रिपुरा में पाया जाता है। यह मध्य तथा दक्षिण भारत में भी फैला हुआ है।

जलवायुः— इसके प्राकृतवास में अधिकतम ताप तक तथा न्यूनतम ताप तक रहता है और वार्षिक वर्षा 1000मि मी से 5000मिमी तक होती है।

मृदाः— सफेद सिरस नदियों के किनारे तथा दलदली स्थानों में भी होता है क्योंकि यह आर्द्रताप्रिय वृक्ष है।यह जलौढ़ मृदाओं को पसन्द करता है। मृतिका मृदाओं तथा साधारण ऊसरों में यह हो तो जाता है परन्तु इसकी ऊँचाई कम होती है।

वनवर्धनीय अभिलक्षणः— सफेद सिरस प्रकाशापेक्षी है और आच्छादन को सहन नहीं करता परन्तु प्राकृतिक अवस्थाओं में यह हल्की छाया सहन कर लेता है। यह तुषार कोमल हैऔर 1605 के तुषार मे इसे बहुत क्षति हुई। यह साधारण सूखा रोधी भी है। इसमें कॉपिस करने की क्षमता बहुत अच्छी है और यह मूल प्ररोह भी पैदा करता है।

प्राकृतिक पुनरूत्पादनः— सफेद सिरस का प्राकृतिक पुनरूत्पादन अच्छा होता है।

बीज पकने का समयः– जनवरी से मई, पकने पर फलियॉ गहरी भूरी या लगभग काली हो जाती है।

बीज भारः– एक किलोग्रम सूखी फलियों से 250 से 375 ग्रम साफ बीज मिलता है। एक किलोग्रम बीज में बीजों की संख्या 16000से 24000तक होती है।ही संग्रह की जानी चाहिए।तत्पश्चात इन्हें धूप में सुखाकर किसी छड़ी से पीटा जाता है। इससे फली का छिल टूट जाता है और बीज फटकर अलग कर लिया जाता है। इस बीज का भण्डारणकिया जा सकता है। साधारण्तया हवादार कमरे में बोरियों में रखकर तथा कभी–कभी चटाई पर फैलाकर बीज का एक वर्ष तक भण्डारण किया जा सकता है। परन्तु बन्द टीनों में भण्डारण लम्बी अवधि तक भी किया जा सकता है।

बीज उपचारः–सफेद सिरस के बीज को उपचार की आवश्यक ता होती है। बीज उपचार के लिए उबलते हुए पानी को आग से उतार कर उसमें बीज 24घंटे तक पड़ा रहने दिया जाता है। इससे अंकुरण शीघ्र हो जाता है।

पुनरूत्पादन विधियॉः– सफेद सिरस क्षेत्र में सीधे बीज–बुवाई,समस्त रोपण तथा मूलमुण्ड रोपण द्वारा पुनरूत्पादित किया जाता है। उत्तर प्रदेश में किये गए प्रयोगों से सिद्व हुआ है कि उत्तर जीविता तथा ऊॅचाई वृद्वि की दृष्टि से मूलमुण्ड रोपण की तुलना में समस्त रोपण अच्छी रीति है।

क्षेत्र में सीधे बीज बुवाईः– क्षेत्र में बीज बुवाई पक्तियों में की जाती है। उत्तर प्रदेश में नालियॉ 3मी से 4मी अन्तराल पर और असम में 2.3मी अन्तराल पर बनाई जाती है। इन नालियों के ऊपर बनी मेंड़ों पर बीज पंक्ति में बोया जाता है। नियमित निराई तथा प्रत्येक निराई में पौधों का अन्तराल कमशः बढ़ाने से पौधे तेजी से बढ़ते हैं।

रोपणी प्रविधिः– समस्त रोपण या मूलमुण्ड रोपण के लिए पौधे रोपणी में तैयार किए जाते हैं।इसके लिए रोपणी में 8सेमी अन्तराल में बने खॉचों में बीज अप्रैल मई में बोया जाता है। रोपणी के प्रतिवर्ग मीटर क्षेत्रफल के लिए 30ग्रम बीज पर्याप्त होता है। नियमित सिंचाई से अंकुरण चार दिन में प्रारम्भ हो जाता है और दो तीन सप्ताह में पूरा हो जाता है। अंकुरण के बाद जैसे ही पौधे बड़े होते हैं उनमें अन्तराल बढ़ाते रहना चाहिए। प्रयोगों से यह सिद्व हो चुका है कि एक पौधे को लगभग इष्टतम विकास के लिए 38सेमी स्थान चाहिए। अतः हर निराई के साथ पौधों में विरलन कर उन्हें पक्तियों में धीरे धीरे 5सेमी अन्तराल तक पहुॅचा देपा चाहिए। अप्रैल मई में बोये गए बीज के पौधे जुलाई अगस्त में 15सेमी ऊॅचाई प्राप्त कर लेते हैं और समस्त रोपण के योग्य हो जाते हैं। यदि अगले वर्ष मूलमुण्ड बनाने के लिए चाहिए तो जब पौधे 7.5सेमी ऊॅचाई प्राप्त कर लेते हैं तो उन्हें 25सेमी 25सेमी अन्तराल पर प्रतिरोपित करना चाहिए।बिहार में अन्तराल 38सेमी 38सेमी रखा जाता है।

उद्रोपणः– रोपणी में उगाए पौधों का समस्त रोपण नंगी जड़ों में भी हो सकता है या वह सपिण्ड रोपण भी हो सकता है। समस्त रोपण 30सेमी आकार के गडढों में 3मी 3मी अन्तराल पर जुलाई अगस्त में किया जाता है। उद्रोपण करते समय पौधों का वरण कर लेने से उत्तर जीविका बढ़ जाती है। वरण करने में कालर व्यास देखा जाता है। अध्ययनों से ज्ञात हुआ है कि 1.8सेमी कालर व्यास के पौधे रोपण तथा मूलमुण्ड दोनों कार्यों के लिए उचित होते हैं। वृद्वि गतिः– सफेद सिरस की वृद्वि तीव्र गति से होती है। कानपुर में 14 वर्ष के एक वृक्ष की ऊॅचाई21.3मी तथा आवक्ष ऊॅचाई परिधि 176 सेमी मापी गई है।

उपयोगः– सफेद सिरस का प्रकाष्ठ भवन निर्माण,बैलगाड़ी,ट्रक या बस के ढांचे औजारों के दस्ते,पैकिंग केस आदि बनाने के काम आता है। यह फर्नीचर के लिए उच्चकोटि का प्रकाष्ठ

है,यद्यपि ऐल्बिजिया लैबेक के समान अलंकारी नहीं है। यह अनेक कार्यों जैसे कुआं बनाने धान कूटने का मसूल आदि के लिए उपयोगी है। इसकी लकड़ी से श्रेष्ठ कोयला बनता है। इसके पत्ते पशुओं के लिए अच्छा चारा प्रदान करते हैं। इसकी छाल चमड़ा उद्योग में भी काम आती है और अकाल के समय पीसकर आटे के रूप में काम में लायी जाती है।

➢ पाइनस रौक्सबरघाई(चीड़,चील)

वितरणः– चीड़ हिमालय की बाहरी पहाड़ियों तथा उसकी प्रमुख घाटियों में और हिमालय से लगी शिवालिक पहाड़ियों पर पश्चिम में जम्मु कश्मीर से लेकर पूर्व में भूटान तक 450मी से 2250मी तुंगता तक पाया जाता है। परन्तु श्रेष्ठ चीड़ 1300मी से 2000मी तक होता है। इस प्राकृतवास के बाहर चीड़ राजस्थान में माउन्ट आबू,मध्यप्रदेश में सूपखर,महाराष्ट्र में गूरेघर में लगाया गया है। यह उत्तर भारत के कई नगरों में भी लगाया जाता है।

जलवायुः– चीड़ के प्राकृत वास में अधिकतम ताप 33 से0 से 40से0 तक और न्यूनतम ताप हिमांक से कुछ नीचे तक रहता है और वार्षिक वर्षा 600मिमी से लेकर 3000मिमी तक होती है। चीड़ पटटी के ऊपरी भागों में कभी कभी हिमपात भी होता है।

मृदाः– चीड़ बलुई पत्थर, क्वार्टजाइट, अभ्रक शिस्ट, नाइस तथा शेल आदि शैलों से बनी मृदा पर पाया जाता है। चीड़ का श्रेष्ठ विकास अच्छे जल निकास बाली रन्ध्रयुक्त गहरी मृदा में होता है। वह कठोर चूना पत्थर और उस पर बनी उथली मृदा को पसन्द नहीं करता।

घटना विज्ञानः– सामान्यतया चीड़ की सूचियॉ जनवरी में निकलती है और अगले वर्ष मई में झड़ती हैं अर्थात वे एक वर्ष पॉच महीने तक लगी रहती हैं। ओज पूर्ण वृक्षकों में वे कभी कभी दो या तीन वर्ष तक रहती हैं। इस कारण चीड़ सामान्यतया सदा हरित वृक्ष है परन्तु शुष्क और ऊष्ण स्थानों में पत्तियॉ इतनी जल्दी झड़ जाती है कि पतझड़ी दिखाई देने लगता है। नर फूल जनवरी में निकलते हैं और फरवरी से अप्रैल तक पराग बिखेरकर झड़ जाते हैं। मादा फूल फरवरी में निकलते है और अप्रैल तक उनका परागण होता है। परागण के एक महीने के अन्दर शंकु दो सेमी तक लंबे हो जाते हैं परन्तु सूचियों में छिपे रहने के कारण दिखाई नहीं देते। दूसरे वर्ष वे पूर्ण रूप से विकसित होते हैं और शीत ऋतु के प्रारम्भ होने तक भूरे होने लगते हैं तीसरे वर्ष बसन्त ऋतु में (अर्थात शंकुओं को निगलने के समय से 24से26 महीने के महीने बाद) वे पकने लगते हैं। वे अप्रैल मई में खुलते हैं परन्तु बीज तेज हवा में ही निकल पाता है।

वनवर्धनीय अभिलक्षण :– चीड़ तीव्र प्रकाशोपेक्षी है। यह अत्यन्त तुषाररोधी है। इनका मूल तंत्र विशाल होता है,इसलिए यह आंधियों में टूट भले ही जाए पर उखड़ता नहीं। चीड़ अपनी मोटी छाल के कारण अगिनरोधी भी है परन्तु तरूण वृक्षों तथा उन वृक्षों जिनमें लीसा टिपान हो रहा हो,अग्नि से बहुत क्षति होती है। लीसा घावों से उठती हुई लपटें तरूण वृक्षों के छत्रों से वृक्षकों और फिर प्रौढ़ वृक्षों के छत्रों को पकड़ लेती है। इस प्रकार एक साधारण सी तलाग्नि भी छत्राग्नि में बदल जाती है।

व्यावर्तित या ऐंठें हुए तंतुः– कुछ स्थलों पर चीड़ के तंतु वृक्ष के अक्ष के समान्तर न होकर ऐसे व्यर्तित या ऐंठें हुए होते है जैसे पेंच की चूड़ियॉ होती है। सामान्तया दो प्रकार का व्यावर्तन पाया जाता हैः 1)वामावर्त वयावर्तन या ऐंठन अर्थात ऐसी ऐंठन जिसमें तन्तु भूमितल से ऊपर जाते हुए दाएं हाथ से बाएं हाथ की तरफ घूम जाते हैं,और 2)दक्षिणावर्ती व्यावर्तन अर्थात जिसमें तन्तु बाएं हाथ से दाहिनी हाथ की ओर घूम जाते हैं। अभी तक व्यावर्तन के लिए उत्तरदायी किसी निश्चित कारण का पता नहीं चला है।

प्राकृतिक पुनरूत्पादन चीड़ का प्राकृतिक पुनरूत्नादन निम्नलिखित कारणों से प्रभावित होता है:

बीज उत्पादनः– चीड़ के वृक्ष कभी तो 30वर्ष की आयु से अंकुरण क्षम बीज देते हैं परन्तु कभी कभी काफी अधिक आयु तक बीज नहीं पैदा करते। जिन वृक्षों में गोलाकार या छतरी के समान छत्र होते हैं उनमें शंकु के समान छत्र वाले वृक्षों की तुलना में अधिक शंकु लगते हैं। इसलिए गोलाकार छत्र वाले वृक्षों को बीज वृक्षों के रूप में चयन करना चाहिए अंकुरण योग्य बीज पैदा करने की आयु के बाद भी चीड़ में साधारण बीज वर्ष तीन वर्ष के अन्तराल पर और अच्छे बीज वर्ष 4 से 5वर्ष के अनतराल पर आते हैं। इस प्रकार बीज उत्पादन की अपर्याप्तता अधिकांश पुनरूत्पादन क्षेत्रों में प्राकृतिक पुनरूत्पादन की असफलता का एक प्रमुख कारण है।

प्रकाशः– चीड़ अपने जीवन की प्रत्येक अवस्था में तीव्र प्रकाशोपेक्षी है। अनुभव से ज्ञात हुआ है कि उत्तर तथा उत्तरपूर्व अभिमुख ढालों पर 12से15 बीज वृक्ष प्रति है और दक्षिण तथा दक्षिण पश्चिम अभिमुख ढालों पर 20से 25बीज वृक्ष प्रति है प्र्याप्त होते हैं और उससे अधिक बीज वृक्ष छोड़ने से पुनरूत्पादन प्राप्त करने में बाधा होती है।

मृदा आवरण तथा अधोत्पत्तिः– आग और चराई से सुरक्षा के कारण यदि भूमितल पर सूचियों का मोटा स्तर हो तो अंकुरित होते हुए बिजौलों की जड़ें खनिज मृदा तक नहीं पहुॅच पाती और परिणामस्वरू ग्रीष्म ऋतु में वे सूख जाते हैं। पातनकर्कट भी पुनरूत्पादन में बाधक होता है। अतः अच्छे बीज बीजवर्ष आने तक मृदा आवरण को आग तथा चराई से साफ करते हुए रहना चाहिए।

अधोत्पत्ति घास,शाकीय तथा क्षुपीय पादपों की होती है। हल्की घास,विशेषकर गरम ढालों पर पुनरूत्पादन की रक्षा करती है परन्तु समतल स्थानों में घनी घास खराब जल निकास का परिणाम होती है और इसलिए पुनरूत्पादन में बाधक होती है। इसी प्रकार शाकीय या क्षुपीय अधोत्पत्ति अपनी सघनता तथा स्थान की दशा के अनुसार लाभकारी या हानिकारी हो सकती है। ऊष्ण तथा अस्थिर ढ़ालों पर हल्की शाकीय तथा क्षुपीय अधोत्पत्ति चीड़ पुनरूत्पादन की शुष्कन तथा मृदारक्षण से रक्षा करती है परन्तु आर्द्र ठण्डे ढ़ालों पर जब वह सधन हो जाती है तो पुनरूत्पादन में बाधक हो जाती है। बीजार्थ पातन के बाद बीज वर्ष के अभाव में यदि चीड़ पुनरूत्पादन शाीघ्र नहीं आता तो ऊर्ध्व वितान के खुलने से अधोत्पत्ति बढ़ने लगती है और ऐसी दशा में यह भविष्य में पुनरूत्पादन के लिए बाधक हो सकती है।

आग तथा चराईः– आग पुनरूत्पादन को नष्ट करती है परन्तु यदि किसी क्षेत्र को लम्बे समय तक आग से सुरक्षित रखा जाए तो उसमें सूचियों,पातन कर्कट तथा अधोत्पत्ति का ऐसा आवरण बन जाता है कि उसमें पुनरूत्पादन का स्थानातन्न सम्भव नहीं होता । अतः निष्कर्ष यह निकलता है कि चीड़ पुनरूत्पादन क्षेत्रों को जब पुनरूत्पादित करना हो तो पातन कर्कट जलाने के साथ–साथ समस्त क्षेत्र में नियंत्रित दाहन द्वारा सुचियों को नष्ट तथा झाड़ियों की सघनता कम कर देनी चाहिए। यह उस समय तक करते रहना चाहिए जब तक अच्छा बीज वर्ष में न आए। बीज गिरने के बाद उस क्षेत्र को आग से पुर्णतया सुरक्षित बना देना चाहिए। आग के समान चराई भी लाभदायक और हानिकारक दोनों हैं। अतः अच्छे बीज तक उसे होने देना चाहिए और जब बीज वन तल पर पहुॅच जाए तो उसे बन्द कर देना चाहिए।

प्राकृतिक पुनरूत्पादन उत्प्रेरित करने के लिए वनवर्धनीय उपचारः– समान आयु पद्वति मकं चीड़ पुनरूत्पादन क्षेत्रों में पुनरूत्पादन उत्प्रेरित करने के लिए सर्वप्रथम बीजार्थ का पातन किया जाता है। इस पातन में उत्तर पूर्व अभिमुख ठण्डे ढालों पर 12से 15 बीज वृक्ष प्रति है और दक्षिण तथा दक्षिण पश्चिम अभिमुख ऊष्ण ढालों पर 20से 25 बीज वृक्ष प्रति हे छोड़े जाते हैं। बीज वृक्ष छांटते समय उनके आकार आकृति,अन्य गुणों स्थिति तथा वितरण पर विचार किया

जाता है। बीज वृक्ष सामान्यतया 40से 50 या 50 से 60 सेमी व्यास के छॉटे जाते हैं। सीधे बेलनाकार तने,बिना ऐंठें तन्तु तथा यथासम्भव गोलाकार छत्र वाले वृक्ष ही बीज वृक्ष के रूप में छॉटे जाते हैं। बीज वृक्ष ढाल के ऊपरी भागों में तथा कूटों पर होने चाहिए और यथासम्भव वे समान रूप सक वितरित होने चाहिए। यदि उस क्षेत्र में अग्रिम पुनरूत्पादन उपस्थित हो तो 20 सेमी व्यास तक का समस्त अग्रिम पुनरूत्पादन भी रोका जाता है परन्तु बुरी आकृति बाला अग्रिम पुनरूत्पादन विरलन में निकाल दिया जाता है। दूसरे शब्दों में अच्छी आकृति का पुनरूत्पादन बीज वृक्ष तथा चौड़े पत्ते वाले वृक्षों को छोड़ शेष सब वृक्ष बीजार्थ पातन में निकाल दिये जाते हैं। जहॉ 20सेमी व्यास तक का अग्रिम पुनरूत्पादन समूह में हो वहॉ उसके ऊपर से सभी वृक्ष निकाल दिये जाते हैं। बीजार्थ पातन के बाद पातन कर्कट को छोटे–छोटे टुकड़ों में काटकर बीज वृक्षों तथा अग्रिम पुनरूत्पादन से दूर ढ़ेरों में एकत्रित किया जााता है और जाड़ों में जला दिया जाता है। इसके बाद वह क्षेत्र उस समय तक नियंत्रित दाहन द्वारा प्रतिवर्ष जला दिया जाता है और पशुओं द्वारा चराया जाता है जब तक कि अच्छे बीज के परिणामस्वरूप अच्छा बिजौला सस्य न प्राप्त हो जाए। इसके बाद वह चराई के लिए बन्द तथा आग से पुर्णतया सुरक्षित रखा जाता है। निराई तथा झाड़ी कटाई आवश्यक तानुसार किए जाते हैं। जब पुनरूत्पादन मंद ढालों पर ढाई से 3 मीटर ऊॅचा हो जाता है तो उस क्षेत्र में नियंत्रित दाहन प्रारम्भ कर दिया जाता है। वह क्षेत्र चराई के लिए तब खोला जाता है जब पुनरूत्पादन को उससे क्षति होने की सम्भावना न हो। जब पुनरूत्पादन को उससे क्षति होने की सम्भावना न हो। जब पुनरूत्पादन मंद ढालों पर 6–7मी और खड़े ढालों पर 6से10मीटर ऊॅचा हो जाता है तो रोके हुए बीज वृक्ष भी हटा दिए जाते हैं। जिन क्षेत्रों में विनाशकारी दावाग्नियॉ बहुत लगती हों,वहॉ 3से5बीज वृक्ष प्रति हे अन्तिम पातन में रोक लिए जाते हैं ताकि किसी विनाशकारी आग से पुनरूत्पादन के जलकर नष्ट होने की दशा में इन वृक्षों के बीजों से क्षेत्र दुबारा पुनरूत्पादित किया जा सके। यदि किसी कारण वश पूरा क्षेत्र पुनरूत्पादित न हो पाया हो तो उसे कृत्रिम पुनरूत्पादन से भर देते हैं।

कृत्रिम पुनरूत्पादन

बीज पकने का समयः– फरवरी–अप्रैल

बीज भारः– 8800से 12300बीज प्रति किलोग्रम या औसत रूप में 9से10बीज प्रतिग्रम

अंकुरण प्रतिशतः– 80से90

बीज संग्रह करने की विधिः– बीज संग्रह करने क लिए मध्य आयु के ओज पूर्ण तथा सीधे तने वाले वृक्षों जिनके तन्तु ऐंठे हुए न हों,से शंकु फरवरी से अप्रैल तक जब भी वे पकते हों,संग्रह किए जाते हैं। पातन में गिराये गए वृक्षों से शंकु दिसम्बर में भी संग्रह किए जा सकते हैं परन्तु प्रतिबन्ध यह है कि शंकु की लम्बाई 10से कम न हो। संग्रह करने के बाद शंकु धूप में सुखाये जाते हैं और सूखने पर डंडे से हल्का हल्का पीटकर तथा झाड़कर बीज निकाल लिया जाता है। तब बीज साफ कर लिया जाता है। 10सेमी या अधिक शंकुओं से 45बीज प्रति शंकु प्राप्त होते हैं और ऐसे 100 शंकुओं से लगभग 0.45किग्र साफ बीज प्राप्त होता है।

बीज भण्डारणः– चीड़ के बीज का भण्डारण किया जा सकता है। इसके लिए बीज को कोयले के चूरे में मिलाकर बन्द टीनों में रखना चाहिए।

पुनरूत्पादन विधियॉः– चीड़ क्षेत्र में सीधे बीज बुवाई तथा समस्त रोपण द्वारा पुनरूत्पादित किया जा सकता है।

क्षेत्र में सीधे बीज बुवाईः– चीड़ के कृत्रिम पुनरूत्पादन की सबसे सरल तथा सस्ती रीति है। यह बुवाई गडढों,कन्टूर नालियों या खण्डकों में की जाती है। उत्तरप्रदेश में गडढे या नालियॉ

बनाई जाती है। 30सेमी लम्बे,30सेमी चौड़े तथा 15से20सेमी गहरे गडढ़े 1.8मीटर×1.8मीटर अन्तराल पर बनाए जाते हैं। इनमें खुदी मिटटी ऋतुक्षरित करके भरी जाती है और तब दो तीन बीज प्रति गडढा बो दिए जाते हैं। बीजों को पक्षियों से बचाने के लिए उन्हें कीटों या झाड़ियों से ढक देते हैं। कन्टूर नालियॉ 3मी अन्तराल पर बनाई जाती है और ऋतुक्षरित मिटटी से बनाई गई मेंडों पर 60सेमी×45सेमी आकार के लगभग 20सेमी गहरे खण्डक 3मी×3मी अन्तराल पर बनाए जाते हैं और उनमें 25बीज प्रतिखण्डक के हिसाब से वर्षा प्रारम्भ होने पर बो दिए जाते हैं। बीज बुवाई में लगभग 3किग्र बीज प्रति हे लगता है और एक किग्र बीज क्षतिपुर्ति के लिए रखा जाता है। बुवाई के बाद खण्डक को कांटेदार झाड़ी से ढक देते हैं।

रोपणी प्राविधिः– आजकल चीड़ को पौलीथीन थैलियों में उगाकर रोपवन क्षेत्र में रोपित किया जाता है। इसके लिए रोपणी तैयार की जाती है। यदि रोपवन क्षेत्र में जल उपलब्द हो तो रोपणी उसमें ही बना ली जाती है अन्यथा उसके पास जितने सम्भव हो बनाई जाती है क्योंकि रोपणी दूर बनाने से थैलियों के परिवहन पर अधिक व्यय करना पड़ता है। एक हेक्टेयर उपवन में 3मी×3मी अन्तराल पर रोपण के लिए 10वर्गमीटर रोपणी पर्याप्त होती है।

पौलीथीन थैलियॉ भरनाः– 25सेमी×8सेमी आकार की 200गज की छिद्र बाली पौलीथीन थैलियॉ व्यय तथा रोपण सफलता की दृष्टि से श्रेष्ठ होती हैं। ऐसी थैलियों को भरने के लिए मिटटी खोदकर तथा चूर्ण बनाकर छानी जाती है ताकि पत्थर डले,जड़ें आदि निकाल दी जायें। इसमें सड़ी हुई गोबर की खादया वन से संग्रह किया हुआ ह्य मस इतना मिलाया जाता है कि मिटटी तथा खाद का अनुपात 2:1 का होजाए। यदि रोपणी चीड़ कटिबन्ध के बाहर हो तो चीड़ वन की कुछ मिटटी भी उसमें मिला देना चाहिए ताकि माइकोराइजा का प्रवेश हो जाए। इसके साथ ही प्रत्येक थैली की मिटटी में 5ग्रम कैलशियम अमानियम नाइट्रेट,2.5ग्रम सुपर फॉसफेट तथा 2.5 ग्रम पोटैशियम नाइट्रेट मिला देना चाहिए। तत्पश्चात थैलियों को इस प्रकार भरना चाहिए ताकि बाद में सिंचाई करने पर मिटटी बैठ न जाये।

बुवाईः– हिमाचल प्रदेश में उपचारित बीज मार्च के दूसरे पक्ष में बोया जाता है। इस विधि से 25 सेमी ऊँचा पौधा उसी जुलाईमें प्राप्त हो जाता है। बीज का उपचारित करने के लिए पहले बीज कुछ नमक मिले बाल्टी के पानी में डाला जाता है। तैरने वाले बीजों को अस्वीकार कर तली में बैठे बीजों को निकालकर गोबर में मिलाकर एक बोरी में लपेट देते हैं। ऐसा करने के दस दिन बाद बोरी को प्रति थैली की दर से लगा देते हैं। उत्तर प्रदेश में बीज बोने के बाद थैलियों को चीड़ सूचियों से ढ़कना पड़ता है और प्रतिदिन सिंचाई करनी पड़ती है। अंकुरित होने पर सूचियॉ हटा दी जाती है। इसके बाद दोनों प्रदेशों में हल्की सिंचाई प्रतिदिन की जाती है और निराई नियमित रूप से की जाती है।

समस्त रोपणः– समस्त रोपण के लिए रोपवन में 30सेमी आकार के गडढे 3मी×3मी अन्तराल पर मार्च से मई तक खोदे जाते हैं और ऋतु–क्षरित मिटटी से वर्षा से पूर्व भर दिये जाते हैं। वर्षा प्रारम्भ होने पर जुलाई में 40सेमी×35सेमी आकार की लकड़ी की ट्रे में पौधों से भरी पौलीथीन रोपणी से रोपवन लाई जाती हैं और प्रत्येक गडढे के पास एक थैली संभालकर रखी जाती है और पिण्ड सहित समस्त रोपण कर दिया जाता है। समस्त रोपण करते समय मिटटी भली प्रकार दबाई जाती है और भरी मिटटी का ढाल बाहर को कर दिया जाता है ताकि जल भरण न हो।

क्षतियॉ :– चीड़ को बीज उत्पादन के समय से ही अनेक स्त्रोतों से क्षति होने लगती है। उड़न गिलहरी,पक्षी तथा लंगूर शंकुओं को नष्ट करते हैं और कीटों के डिम्भ तथा इल्लियॉ उनमें छिद्र करती हैं। बीज तैयार होने पर मनुष्य भी बीज खाता है। बीज के अंकुरित होने पर कीट

बिजौलों को भूमि तल के पास काट देते हैं या लंगूर उन्हें उखाड़ देते हैं। बड़ा होने पर इप्स लौंगीफोलिया वृक्षकों तथा प्रौढ़ वृक्षों पर आक्रमण कर उनकी वृद्वि रोकता है।

वृद्विगति :– चीड़ की वृद्विगति मन्द है। वह तीसरे वर्ष के अन्त तक 30सेमी ऊँचाई प्राप्त करता है।

उपयोग :– चीड़ प्रकाष्ठ भवन निर्माण,फर्नीचर,पैकिंग केस,कागज निर्माण,रेल पथ स्लीपर आदि के काम आता है। आजकल तो इसका उपयोग फर्नीचर में बहुत बढ़ गया है क्योंकि ऊपर से आकर्षक प्लाई काष्ठ लगाकर वह सुन्दर दिखाई देने लगता है। चीड़ इस देश का सबसे अधिक लीसा देने बाला वृक्ष है। यद्यपि पर्वतीय क्षेत्रों में इसका काष्ठ जलाया जाता है पर यह अच्छा ईधन नहीं है।

➢ पाइनस वैलीचियाना (कैल)

वितरण– कैल हिमालय में पश्चिम में जम्मु–कश्मीर से लेकर भूटान तथा अरूणाचल प्रदेश तक पाया जाता है परन्तु यह उत्तर प्रदेश में कुमाऊं के कुछ भागों सिक्किम तथा पश्चिमी बंगाल में नहीं होता। यह मुख्यतया 1800मी से 3000मी तुंगता तक पाया जाता है परन्तु कभी–कभी यह 1200मी तुगता तक उतरकर चीड़ के साथ उगता है और कहीं 3600मी तुगता तक चढ़कर बर्च और ज्यूनीपर के साथ पाया जाता है परन्तु यहॉ उसकी ऊँचाई कम होती है और कहीं तो वह झाड़ी के समान दिखाई देता है। पश्चिमी हिमालय में 1800मी से 2500मी तुंगता तक यह बहुत प्रचुरता के साथ विस्तृत क्षेत्र ों में बहुधा सामूहिक दशा में पाया जाता है।

जलवायु – कैल के प्राकृतवास में अधिकतम ताप 38ह से. तथा न्यूनतम ताप–18ह से. रहता है और वार्षिक 1000मिमी तक होती है। इसके समस्त प्राकृतवास में शीत ऋतु में हिमपात होता है।

मृदा – कैल विभिन्न प्रकार के शैलों और उन पर निर्मित मृदाओं पर पाया जाता है। यह आर्द्र,रन्ध्रयुक्त,अच्छे जल निकास बाली गहरी मृदा में सबसे अच्छा होता है। कैल का सर्वोतम वन अभ्रकशिस्ट पर तथा उनसे बनी आर्द्र,गहरी मृदा में होता है। बहुत क्लिन्न तथा खराब जल निकास बाली मृदाओं में वह नहीं होता।

घटना विज्ञान – कैल में सूचियां एक वर्ष या उसके कुछ अधिक समय रहती हैं। नयी सूचियां मार्च या प्रारम्भिक अप्रैल में निकलती हैं और पुरानी सूचियां मई से जुलाई तक झड़ती हैं। पर फूल अप्रैल के अन्त से जून के प्रारम्भ तक अपना पराग बिखेरते हैं। मादा फूल अप्रैल में निकलते हैं और मई–जून में उनका परागण होता है परन्तु निषेचन अगले वर्ष के प्रारंभ में होता है। इस वर्ष जून से अगस्त तक शंकु अपने पूरे आकार को प्राप्त कर लेते हैं और सितम्बर के अन्त से नवम्बर तक पकते हैं। इस प्रकार मादा फूलों के प्रथम बार दिखने से उनके पकने तक लगभग 18महीने का समय लग जाता है।

वनवर्धनीय अभिलक्षण– कैल तीव्र प्रकाशापेक्षी है। तरूण अवस्था में यह छाया में रह तो लेता है परन्तु उसमें वृद्वि नहीं होती। इष्टतम वृद्वि के लिए इसे ऊपर से पूरा प्रकाश चाहिए। इसका मूलतंत्र विशाल होता है,अतः यह वायुरोधी होता है। अन्य शंकुधारियों की तुलना में कैल को हिमपात से भारी क्षति होती है। यद्यपि कैल क्षेत्र में सामान्यतया आग नहीं लगती तथापि ज बवह लगती है तो मोटी छाल के अभाव में उसे बहुत क्षति पहुंचती है।

प्राकृतिक पुनरूत्पादन – अनुकूल परिस्थितियों में कैल का पुनरूत्पादन अन्य शंकुधारियों की तुलना में बहुत प्रख्र मात्रा में होता है क्योंकि उसमें अंकुरण–क्षम बीज का उत्पादन 25या20वर्ष की आयु से लेकर उसमें ओजपूर्ण वृद्वि होने ते प्रचुर मात्रा में होता है। इसका पंखदार बीज

मातृ वक्षों से बहुत दूर तक विकीरित होता है और अनावरित मृदा,परित्यक्त कृषि क्षेत्र ों तथा जले हुए क्षेत्रों में उसका पुनरूत्पादन प्रचुर मात्रा में होता है। वन क्षेत्रों में वह झाड़ियों के नीचे भी उग जाता है।

प्राकृतिक पुनरूत्पादन उत्प्रेरित करने के लिए वनवर्धनीय उपचार –कैल के अमिश्रित वनों में उसका प्राकृतिक पुनरूत्पादन उत्प्रेरित करने के लिए अच्छे गुण वाले 30सेमी से 40सेमी व्यास के वृक्ष,जो कूटों तथा बाहुकूटों पर स्थित हों,छॉटे जाते हैं। उत्तर अभिमुख या समान ठण्डे ढ़ालों पर इनकी संख्या 25वृक्षप्रति है और दक्षिण अभिमुख या समान उष्ण ढ़ालों पर उनकी संख्या 50वृक्ष पति होती है। जहॉ देवदार तथा कैल मिश्रित दशा में हों,वहॉ वितान पहले साधारण खोला जाता है और जब देवदार पुनरूत्पादन आ जाए तो वितान अधिक खोला जाता है ताकि खाली स्थानों में कैल आ जाए। यह इसलिए किया जाता है क्योंकि देवदार कैल से अधिक मूल्यवान है।

कृत्रिम पुनरूत्पादन

बैज पकने का समय – अक्टूबर–नवम्बर

बीज भार–15से20 बीज प्रति ग्रम अंकुरण प्रतिशत –6070

बीज संग्रह करने की विधि–शंकुओं को पकने पर हल्का शाखा कटान द्वारा संग्रहीत किया जाता है। तत्पश्चात उनहें धूप में सुखाकर खुलने पर हल्का–सापीटने से बीज तथा शल्क मिल जाते हैं। इनको फटकने से साफ बीज मिल जाता है। बीज का भण्डारण सवा वर्ष तक हो सकता है।

पुनरूत्पादन विधियॉ –क्षेत्र में बीज बुवाई करके कैल पुनरूत्पादित किया जाता है।

बीज बुवाई – बीज बुवाई के लिए या तो 2मी या3मी अन्तराल पर कन्टूर नालियां खोदी जाती हैं या 30×30सेमी आकार के खण्डक 2मी×2मी अन्तराल पर बनाए जाते हैं। नालियों या खण्डकों की गहराई 20सेमी होती है। खुदी हुई मृदा ऋतुक्षरित हो जाने पर भर दी जाती है और उस पर वर्षा ऋतु के प्रारंभ में ईगुर (रेड लैड) लगाकर बीज बो दिया जाता है। बीज 15मिमी से गहरा नहीं बोना चाहिए। उत्तर प्रदेश में बुवाई 30सेमी आकार के गडढों में की जाती है।

क्षतियॉ – शंकुओं को प्शु तथा पक्षी बहुत क्षति पहुॅचाते हैं। कैल के वृक्ष तथा वृक्षकों को भालू तथा सेही छाल छीलकर बहुत क्षति पहुंचाते हैं। हिमपात तथा चराई से भी इसे बहुत क्षति होती है। मनुष्य शखा कटान द्वारा तथा वृक्ष के निचले भाग से मशाल के रूप में जलाने के लिए लकड़ी काटकर उसे क्षति पहुचाता है। कवकों में ट्रैमीटस पिनी नामक कवक बहुत क्षति पहुंचाता है।

वृद्वि गति – कैल अपेक्षाकृत कुछ तेज गति से बढ़ता है। वह 4वर्ष में 50सेमी 6वर्ष में 75और 8वर्ष में 155सेमी ऊॅचाई प्राप्त कर लेता है।

उपयोग – कैल का प्रकाष्ठ भवन निर्माण और फर्नीचर बनाने के काम आता है। वह रेल पथ स्लीपर,पैकिंग केस तथा पेन्सिल बनाने के काम भी आता है। कैल का लीसा चीड़ लीसा से उच्च कोटि का होता है।

➢ एम्बलिका आफीसिनेलिस (आंवला)

वितरण – आंवला अत्यन्त शुष्क क्षेत्रों को छोड़ अधिकांश भारत के मिश्रित पतझड़ी वनों में पाया जाता है। यह उद्यानों,ग्रमों तथा घर के आंगनों में फल के लिए लगाया जाता है। यह हिमालय में भी 1300मी तुंगता तक पाया जाता है।

जलवायु– बहुत विस्तृत क्षेत्र में पाए जाने के कारण विभिन्न भागों मे जलवायु की भिन्नता स्वाभाविक है। फिर भी इसके वितरण क्षेत्र में अधिकतम ताप 45ह्से. तथा न्यूनतम ताप 10ह से. होता है और वार्षिक वर्षा 750मिमी से 2000मिमी होती है।

मृदा– आंवले की मृदा सम्बन्धी कोई विशेष मांग नहीं है। यह कई राज्यों में निम्न कोटि की मृदाओं पर उगाया जाता है।

वनवर्धनीय अभिलक्षण–आंवला निश्चित रूप से प्रकाशापेक्षी है। यह तुषार तथा सूखे के लिए संवेदनशील है। इसमें कॉपिस करने की क्षमता अच्छी है।

प्राकृतिक पुनरूत्पादन– आंवले का फल हिरणों द्वारा खा लिया जाता है और गुठली जुगाली में निकाल दी जाती है। धून के प्रभाव में वह फट जाती है और बीज विकीरित हो जाता है। परन्तु इसका प्राकृतिक पुनरूत्पादन बहुत कम पाया जाता है क्योंकि 1. बीज की अंकुरण क्षमता कम है, 2. प्रारम्भिक अवस्थाओं में यह तुषार तथा सूखे के लिए बहुत संवेदनशील है तथा 3. इस पर कीट आक्रमण होता रहता है।

कृत्रिम उत्पादन

बीज पकने का समय – नवम्बर से फरवरी

बेज भार– 68से 89बीज प्रति ग्रम, अंकुरण प्रतिशत–40 एक अच्छे उगे वृक्ष से लगभग 200किग्र फल प्राप्त होते हैं।

बीज संग्रह करने की विधि – पके फल वृक्ष से झाड़ लिये जाते हैं। गुदा हटाकर वे धूप में रख दिये जाते हैं। इससे गुठली फट जाती है और बीज मुक्त हो जाता है। एक गुठली में 4से6बीज होते हैं। बीजों में अंकुरण क्षमता बहुत समय नहीं रहती।

पुनरूत्पादन विधियॉ–आंवला समस्त रोपण,कली लगाने तथा कलम रोपण विधियों से पुनरूत्पादित किया जा सकता है।

रोपणी प्रविधि– रोपणी में बीज ऊॅची बनी क्यारियों में मार्च में बोया जाता है। सिंचाई नियमित रूप से परन्तु मितव्ययता के साथ की जाती है। पौधों की कुछ महीने तक धूप तथा भारी वर्षा से रक्षा करनी चाहिए। यद्यपि पहली वर्षा तक पौधे रोपण योग्य हो जाते हैं तथापि दूसरी वर्षा में रोपण अच्छा रहता है। रोपण पिण्ड सहित किया जाता है। पिण्ड बनाने के वयय से बचने के लिए बीज पौलीथीन थैलियों में बोया जाता है और जब रोपण करना हो तब थैलियों को फाड़कर पिण्ड सहित पौधे का रोपण कर दिया जाता है।

जहॉ मुख्य उददेश्य बड़े आकार के फल प्राप्त करना होता है वहां कली लगाकर या उपरोपण द्वारा बनाए गए पौधों को रोपण किया जाता है।

उद्रोपण– 3मी×3मी अन्तराल पर बनाए गए 30सेमी आकार के गडढ़ों में उद्रोपण किया जाता है।

वृद्वि गति– आंवला पर्याप्त तीव्र गति से बढ़ने बाली प्रजाति है। बिजौलों की तुलना में कॉपिस प्ररोहों की वृद्वि गति काफी अधिक होती है। भण्डारा (महाराष्ट्र) में एक वर्षीय कॉपिस के एक अध्ययन में माध्य ऊॅचाई 2.2 भी पायी गयी।

उपयोग – आंवले का प्रकाष्ठ पानी में टिकाऊ होता है,अतः कुंआ बनाने के काम में लाया जाता है। इसका काष्ठ ईंधन के रूप में भी उपयोग किया जाता है। इसका कोयला अच्छा होता है। इसका फल अचार तथा मुरब्बों के रूप में खाया जाता है। फल का गुदा आयुर्वेद की महत्तवपूर्ण औषधि त्रिफला का एक भाग है। यह कई प्रकार के रोगों में लाभकारी है। आंवले के एक फल में इतना विटामिन सी होता है जितना 12संतरों में। इसकी छाल और पत्ते चमड़ा उद्योग में काम आते हैं।

➢ टर्मिनेलिया बेलीरिका (बहेड़ा)

वितरण– बहेड़ा पश्चिमी राजस्थान के अत्यन्त शुष्क भागों को छोड़ भारत के अधिकांश भागों के पतझड़ी वनों में पाया जाता है। यह एक ओर साल का और दूसरी ओर सागवान का सहचारी वृक्ष है। यह अकेले वृक्ष के रूप में यहा–वहां मिलता है,यह सामूहिक प्राकृतवास में अधिकतम ताप35ह्से. से लेकर 47ह्से. तक और न्यूनतम ताप 0ह्से. से 17ह से. तक रहता है और वार्षिक वर्षा 900मिमी से 3800मिमी तक होती है।

मृदा– देश के अधिकांश भागों में इसके पाए जाने से स्पष्ट है कि यह अनेक शैलों तथा उनसे बनी मृदाओं पर उग सकता है परन्तु इसका आकार जलवायु तथा मृदा के गुणों पर निर्भर करता है। यह ग्रैनाइट,नाइस,शिस्ट आदि शैलों पर तथा उनसे बनी मृदाओं में भली प्रकार होता है। यह दक्षिण प्रायः द्वीपीय ट्रैप शैल से बनी मृदा में होता है परन्तु कुछ बौना रह जाता है। यह लैटराइट पर भी पाया जाता है परन्तु यहां भी उसका आकार छोटा होता है। अधोहिमालय क्षेत्र तथा शिवालिक पहाड़ियों में यह बहुआ पत्थर,शेल,कनग्लौमरेट तथा भाबर के बोल्डर निक्षेपों पर भी होता है।

प्राकृतिक पुनरूत्पादन – यद्यपि ताजे बीज का अंकुरण प्रतिशत बहुत ऊँचा है तथापि गिरे हुए बीजों में कीटों द्वारा छिद्र बनाने से तथा गिलहरियों द्वारा गिरी खाने से अधिकांश बीज नष्ट हो जाता है। इसी कारण इसका प्राकृतिक पुनरूत्पादन छुट–पुट रूप में पाया जाता है।

कृत्रिम पुनरूत्पादन

बीज पकने का समय – नवम्बर से फरवरी

बेज भार – 423 फल(गूदारहित)प्रति किग्र

अंकुरण प्रतिशत– 86से100

बीज संग्रह करने की विधि – फल वृक्ष से ही संग्रह करना चाहिए। कीड़ा लगे तथा छिद्रों वाले फल अस्वीकार कर देना चाहिए। संग्रह करने के बाद फलों का गूदा निकालकर सुखा लेना चाहिए। यद्यपि डैन्ट का मत है कि बीज का भण्डारण एक वर्ष तक किया जाता है,ट्रुप का मत है एक वर्ष रखने से बीज का अंकुरण प्रतिशत बहुत कम हो जाता है।

पुनरूत्पादन विधियां – बहेड़ा का फल 3मी अन्तराल पर बनी नालियों की मेड़ों पर जून–जुलाई में बोया जाता है। पंक्ति बुवाई टांगिया रीति से भी की जाती है। फल को 24घण्टे तक पानी में डुबाए रखने से अंकुरण शीध्र होता है। सामान्यतया यह अन्य प्रजातियों के बीजों के साथ मिलाकर बोया जाता है।

रोपणी प्रविधि – रोपण सामग्री तैयार करने के लिए बहेड़ा का बीज सिंचित रोपणी में मार्च–अप्रैल में बोया जाता है। बीज 20सेमी अन्तराल पर बने खांचों में 5सेमी दूर बोया जाता है। बुवाई के बाद वह मिटटी से ढक दिया जाता है। सिंचाई नियमित रूप से की जाती है।

अंकुरण एक–दो महीने में हो जाता है। समस्त रोपण उसी वर्ष जुलाई में कर दिया जाता है। मूलमुण्ड बनाने हो तो बिजौलों को अगली वर्षा तक रोपणी में रखा जाता है।

समस्त रोपण– समस्त रोपण के लिए पौधे जुलाई में तैयार हो जाते हैं। रोपण 3मी×3मी अन्तराल पर बने30ह्सेमी आकार के गडढों में किया जाता है।

मूलमुण्ड रोपण– जब रोपणी के पौधों की आयु सवा वर्ष हो जाती है तो उनसे मूलमुण्ड बनाए जाते हैं। मूलमुण्ड रोपण 3मी×3मी अन्तराल पर बने 30ह्सेमी आकार के गडढ़ों में जुलाई में किया जाता है।

वृद्विगति – यह सामान्य गति से बढ़ने बाला वृक्ष है।

उपयोग– इसका प्रकाष्ठ प्लाई काष्ठ उद्योग,पैकिंग केस उद्योग,स्लेट फ्रेम बनाने तथा नाव बनाने आदि के काम आता है। इसके फलों से टैनिन प्राप्त होता है और पत्ते चारे के लिए काटे जाते हैं। इसका फल महत्तवपूर्ण आयुर्वेदिक औषधि त्रिफला में काम आता है।

➢ मोरस ऐल्बा(शहतूत,तूत,तूतड़ी)

थ्वतरण– शहतूत का मूल निवास चीन माना जाता है परन्तु यह भारत में प्राकृतिक रूप में कश्मीर से सिक्किम तक के अधोहिमालय क्षेत्र में पंजाब तथा पश्चिमी बंगाल के मैदानों और दक्षिण पठार के कुछ भागों में पाया जाता है। अपनी उपयोगिता के कारण यह जम्मु कश्मीर,हिमाचल प्रदेश,पंजाब,हरियाणा,उत्तर प्रदेश,पश्चिम बंगाल तथा केरल में विस्तृत रूप से और बिहार,उड़ीसा,मध्यप्रदेश,आन्ध्र प्रदेश,मणिपुर तथा असम में सीमित रूप में उगाया जाता है।

जलवायु – इसके प्राकृतवास में अधिकतम ताप48ह्से0 तक और न्यूनतम ताप हिमांक से नीचे चला जाता है। इसका इष्टतम विकास 1200मिमी से 2000मिमी तक वर्षा वाले स्थानों में होता है। परनतु यह 4500मिमी वर्षा तथा कुछ सिंचाई के साथ 900मिमी वाले क्षेत्रों में भी उगाया गया है।

मृदा– शहतूत विभिन्न प्रकार की मृदाओं जैसे बलुई दुमट,भारी मृत्तिका,दुमट,कंकरीली तथा पथरीली मृदाओं में हो जाता है परनतु इसके सर्वोत्तम विकास के लिए पर्याप्त आर्द्रता तथा पोषक तत्वों बाली गहरी दुमट,जिसका पी0 एएच0 मान 6.0से 7.5 के बीच में हो,चाहिए।

वनवर्धनीय अभिलक्षण – यह छाया सहिष्णु है और प्रारम्भिक अवस्थाओं में यह निम्न वितान में अच्छी तरह उगता है परन्तु बड़ा होने पर पूर्ण प्रकाश में इसकी वृद्वि अच्छी होती है। यह तुषाररोधी है परन्तु सूखे से इसे क्षति पहुंचती है। प्रारम्भिक अवस्था में इसमें कॉपिस देने की अच्छी क्षमता होती है परन्तु 30सेमी व्यास के बाद यह क्षमता क्षीण हो जाती है। यह पोलार्ड भी करता है। प्रारम्भ में इसकी जड़ें उथली रहती है परन्तु आयु बढ़ने पर यह गहरी जड़ें भी विकसित कर लेता है।

प्राकृतिक पुनरूत्पादन–पशुओं,पक्षियों या जल द्वारा विकीरित बीज अनुकूल स्थान पाकर अंकुरित हो जाता है। इस प्रकार इसका प्राकृतिक पुनरूत्पादन होता रहता है।

कृत्रिम पुनरूत्पादन –

बीज पकने का समय – मई–जून

बीज भार – 428से465 बीज प्रतिग्रम अंकुरण प्रतिशत –70

बीज संग्रह करने की विधि – फलों के पकने पर वृक्ष को हिलाकर फल पहले से साफ की गई भूमि पर झाड़ लेते हैं और उनमें से कच्चे और अविकसित फलों को छोड़ पके फल संग्रह कर लिये जाते हैं। गूदे से बीज निकालने के लिए या तो 1. पके फलों को धूप में सुखाकर छड़ी से पीटते हैं या 2. फलों को पानी वाले वर्तन में 25घण्टे डालकर फिर मसलते हैं और तब गूदा मिला पानी नितार कर साफ बीज धूप में सुखा लेते हैं या 3. पके फलों को कपड़े में रखकर निचोड़ते हैं और फिर धूप में सुखाकर मसलते हैं ताकि बचा हुआ सूखा गूदा झड़ जाए।

बीज भण्डारण–बीज का भण्डारण सील बन्द टीनों में किया जा सकता है परन्तु बारीक सूखी रेत में कई स्तरों में बीज रखना अच्छी विधि है।

पुनरूत्पादन विधियां – शहतूत क्षेत्र में सीधे बीज बुवाई,समस्त रोपण,मूलमुण्ड रोपण या शाखा कलम रोपण द्वारा पुनरूत्पादित किया जा सकता है।

क्षेत्र में सीधे बीज बुवाई – क्षेत्र में सीधे बीज बुवाई खुदी हुई नालियों की मेंड़ों पर की जाती है। यदि सिंचाई की सुबिधा हो तो सिंचाई नालियों के किनारे बीज बोया जाता है। कभी–कभी टांगिया रीति से भी बुवाई की जाती है।

रोपणी प्रविधि – रोपण सामग्री प्राप्त करने के लिए बीज उठे हुए तल बाली क्यारियों या बक्सों में 10सेमीसे15सेमी अन्तराल पर बने उथले खांचों में बोया जाता है। बोने से पूर्व बीज का उपचार किया जाता है। पंजाब में काली चींटियों से रक्षा के लिए बीज पर एक बोतल मिटटी का तेल प्रति37किग्र बीज की दर से मल दिया जाता है। कीड़ों से रक्षा के लिए क्यारियों पर चूना राख या श्वेत आर्सनिक भी छिड़का जाता है और उन पर छादक लगाए जाते हैं। बीज की समान बुवाई क लिए बीज में उतनी ही राख या रेत मिला ली जाती है और बोने के बाद लगभग 6मिमी मृदा के पतले स्तर से उसे ढक दिया जाता है। तत्पश्चात क्यारी को भूसे से ढककर नियमित रूप से सिंचाई की जाती है। अंकुरण एक सप्ताह में प्रारम्भ होकर डेढ़ महीने में पूरा होता है। अंकुरण प्ररम्भ होते ही भूसा हटा दिया जाता है।

समस्त रोपण – अगली वर्षा ऋतु में या उसके बाद शीत ऋतु में पौधे मृदा पिण्ड सहित निकाले जाते हैं। पिण्ड सहित निकालने से पूर्व शीर्ष के अंतिम चार पत्ते छोड़ शेष सब पत्ते तथा शाखाएं काट दी जाती हैं। मृदापिण्डों को घास से बांधकर रोपवन क्षेत्र में पहुचाया जाता है।

मूलमुण्ड रोपण – रोपणी में उगाए गए एक वर्षीय पौधों से 5सेमी प्ररोह तथा 25सेमी मूल रखते हुए मूलमुण्ड बनाए जाते हैं। मूलमुण्ड भी या तो वर्षा ऋतु प्रारम्भ होते ही या शीत ऋतु में लगाए जाते हैं। शीतकालीन मूलमुण्ड रोपण छाया में किया जाना चाहिए।

शाखाकलम रोपण– शाखा कलमें 30सेमी लम्बी तथा 1.5से 2.5सेमी व्यास की होती हैं और वे इस प्रकार गाड़ी जाती हैं कि कम से कम तीन कलियां भूमितल के बाहर अवश्य हों। वे नालियों की मेंड़ों,गडढों की ऊम्ंची भरी मृदा में या रोपण सब्बल द्वारा छिद्र में लगाई जाती हैं। सामान्यतया वे सीधी लगाई जाती हैं परन्तु कभी–कभी गडढ़ों में वे तिरछी भी लगाई जाती हैं। कभी–कभी वे अंकुरित कराके रोपित की जाती हैं।

अन्य वर्धी पुनरूत्पादन रीतियां – यदि फल के लिए वृक्ष उगाना हो तो उपयुक्त गुणों वाले वृक्षों या पौधों से कलिका लगाकर,उपरोपण करके या दाब लगाकर नये पौधे तैयार किए जाते हैं।

उद्रोपण अन्तराल – यदि पोलार्ड करके पत्तों का उत्पादन उद्येश्य हेा तो अंतराल कम रखा जाता है परन्तु यदि प्रकाष्ठ या फल उत्पादन उद्येश्य हो तो अन्तराल 3मी^{2}या4मी^{2} रखा जाता है।

क्षतियां – शहतूत को कई प्रकार के कीटों से क्षति पहुंचती है। कुछ रस चूसते हैं,कुछ तने में छिद्र करते हें और कुछ अन्य निष्पत्रण करते हैं। ग्लाईफोडज पाइलोएलिस तथा डायोकाइसिया औव्लीका नामक कीटों से किए गए निष्पत्रण से भारी क्षति होती है। इसको नियंत्रण में रखने के लिए 0.1प्रतिशत कारबेरिल या मैलाथियान का छिड़काव करना चाहिए और इस छिड़काव के एक महीने बाद ही पत्तों को काम में लाना चाहिए। ड्रोसीका सटैबिनाजाई नामक कीट के भारी आकमण से वृक्ष की शिखाएं सूख जाती हैं और कभी–कभी वह मर भी जाता है। इसके बचाव के लिएज ाड़ों में वृक्ष के नीचे भूमि को बार–बार रेक से उलट–पुलट देना चाहिए इससे अंडे नष्ट हो जाते हैं। यदि नये कीड़े निकल आए हो तो 300से500ग्रम एल्ड्रीन चूर्ण 5प्रतिशत प्रति वृक्ष छिड़कना चाहिए। प्रारम्भिक अवस्थाओं में शहतूत को चराई से भी बहुत क्षति होती है।

वृद्विगति– प्रारम्भिक कुछ वर्षों तक शहतूत तीव्रगति से बढ़ता है। उसके बाद उसकी वृद्वि गति कुछ मन्द हो जाती है। छांगा मांगा(पाकिस्तान) में वह 15वर्ष में 147सेमी परिधि प्राप्त करते देखा गया है।

उपयोग – शहतूत एक अत्यन्त उपयोगी वृक्ष है। इसका प्रकाष्ठ नाव,गाठ के वर्तन,फर्नीचर,खेल का सामान आदि बनाने के काम आता है। खेल के सामान में यह हाकी स्टिक और टैनिस तथा बैडमिन्टन रैकटों के बनाने के काम आता है। हाकी स्टिक के लिए तो इसका प्रकाष्ठ विदेशी प्रकाष्ठों से श्रेष्ठ माना जाता है। इसका काष्ठ अच्छा ईंधन है और इसके पत्ते पशुओं को उत्तम चारा देते हैं। परन्तु पत्तों का सबसे महत्तवपूर्ण उपयोग रेशम के कीड़े पालना है। भली प्रकार खाद और पानी देने पर एक हेक्टेयर रोपवन से एक वर्ष में पांच बार पत्ते तोड़कर 20से 30टन पत्तों की प्राप्ति मिल जाती है। इसके फल खाए जाते हैं और शर्बत जैम आदि भी बनाया जाता है। पतली टहनियां टोकरी बनाने के काम आती हैं और छाल तथा जड़ में औषधीय गुण हैं। रेशम के कीड़ों के पालने की क्षमता के कारण यह सामाजिक वानिकी के लिए श्रेष्ठ वृक्ष है।

➢ ऐकेशिया कैटैचू (खैर)

वितरण – ऐकेशिया कैटेचू अत्यन्त आर्द्र तथा अत्यन्त शुष्क प्रदेशों को छोड़ भारत के अधिकांश भागों में पाया जाता है। वह अधोहिमालय प्रदेश तथा बाहरी हिमालय में 1200मी ऊॅचाई तक पाया जाता है। नदियों के मैदान में पहुचने पर उनके किनारे तथा उनमें बने द्वीपों पर खैर सामूहिक रूप में पाया जाता है। इस प्रजाति में तीन उपप्रजातियां 1. कैटेचू 2. कैटेचुआयडीज तथा 3. सुन्दरा पहचानी जाती हैं। उपप्रजाति कैटेचू,जम्मु,हिमाचल प्रदेश,प्रजाब,हरियाणा,उत्तर प्रदेश,बिहार,आन्ध्र प्रदेश,उड़ीसा आदि में अधिकतर पायी जाती है। उप–प्रजति कैटेचुआयडीज,असम,पश्चिम बंगाल,सिक्किम तराई आदि में पायी जाती है। तीसरी उपप्रजाति सुन्दरा,जो अब ऐकेशिया चुन्द्रा के रूप में प्रजाति मान ली गई है,गुजरात,राजस्थान,दक्षिणी महाराष्ट्र आदि प्रदेशों में पाई जाती है।

जलवायु :– खैर के प्राकृत वास में अधिकतम ताप40ह्से0 से 500से0 तक और न्यूनतम ताप2.5ह्से0 तक रहता है और वार्षिक वर्षा 500मिमी से 2200 मिमी तक होती है परन्तु पूर्वी अधोहिमालय क्षेत्र में यह 3800मिमी वर्षा वाले स्थानों में भी उग जाता है।

मृदा :– खैर विभिन्न प्रकार की मृदाओं में उगता है परन्तु वह रेतीली तथा बजरीयुक्त जलौढ़ मृदाओं तथा दुमट मृदा में साधारणतया पाया जाता है। यह कृष्ण कपासी मृदा में भी उगता है। वह मुर्रम या कंकरयुक्त अनुपजाऊ तथा उथली मृदाओं तथा शुष्क,पथरीली मृदाओं में भी उग जाता है। अच्छा जल निकास इसके विकास के लिए आवश्यक है। इसीलिए कठोर मृत्तिका में जहां जल निकास खराब होता है,यह कम ऊँचाई का रह जाता है और जल्दी मर भी जाता है।

वनवर्धनीय अभिलक्षण :– खैर तीव्र प्रकाशापेक्षी है और भारी छाया नहीं सहता। भारी छाया में बिजौले एक वर्ष में ही मर जाते हैं। यद्यपि यह मरूदभिदी वृक्ष है तथापि असामान्य सूखे से इसे क्षति होती है। इसके बिजौले तुषार कोमल होते हैं और तुषार से कुछ वर्षों तक प्ररोह मरता रहता है। यह साधारण आकार तक अच्छा कॉपिस देता है। जअ जड़ें बाहर निकल आती हैं तो यह मूल प्ररोह भी पैदा करता है।

प्राकृतिक पुनरूत्पादन :– खैर बीज से तथा कॉपिस द्वारा प्राकृतिक रूप से पुनरूत्पादित होता रहता है। बीज द्वारा प्राकृतिक पुनरूत्पादन अनुकूल परिस्थितियों में ही संभव होता है। वर्षा ऋतु के प्रारम्भ होते ही अंकुरण तो बहुत होता है परन्तु खराब जल निकास,छाया आग आदि से उसका विकास प्रभावित होता है। खुले हुए,अच्छे जल निकास तथा चराई के लिए बन्द क्षेत्रों में बीज से प्राकृतिक पुनरूत्पादन प्रचुर मात्रा में होता है। खैर कॉपिस द्वारा भी पुनरूत्पादित होता है परन्तु इस रीति में भी छाया,चराई,आग उसके विकास को प्रभावित करती है। मिश्रित सस्यों में कॉपिस द्वारा पुनरूत्पादन छाया के कारण सफल नहीं होता परन्तु अमिश्रित सस्यों में यह रीति सफल हो जाती है,यदि कॉपिस की चराई से रक्षा की जा सके।

कृत्रिम पुनरूत्पादन

बीज पकने का समय :–दिसम्बर–जनवरी

बीजभार – लगभग बीज प्रतिग्रम एक किलाग्रम में 4590फलियां तक होती हैं। अंकुरण प्रतिशत –60से80

बीज संग्रह करने की विधि – बीज संग्रह करने के लिए पकी फलियों को जिनका रंग लाली लिये हुए काला होता है,हल्के शखा कटान द्वारा वृक्ष से ही संग्रह करना चाहिए। यह कार्य तब करना चाहिए जब फलियां पक गई हों परन्तु सूखने न लगी हों क्योंकि सूखना प्रारंभ होने के बाद उनपर कीटों का आकमण होने लगता है। फली संग्रह करने के बाद उन्हें कुछ दिन धूप में सुखाना चाहिए। बीज फलियों में मजबूती के साथ चिपटे रहते हैं,अतः उन्हें अलग करने के लिए फलियों को एक बड़ी चादर पर ढेर लगाकर डंडों से भली प्रकार पीटना चाहिए। तत्पश्चात बीज फंटककर अलग कर लिया जाता है। बीज का भण्डारण नहीं करना चाहिए क्योंकि कीड़ों के आकमण के अतिरिक्त उसकी अंकुरण शक्ति में भी बहुत कमी आ जाती है। वैसे भी खैर में प्रतिवर्ष प्रचुर मात्रा में बीज आता है और इसलिए ताजा बीज मिलने में कोई कठिनाई नहीं होती।

बीज उपचार– यद्यपि साधारण वर्षा से ही बीज अंकुरित होने लगता है और इसलिए कोई उपचार आवश्यक नहीं तथापि बुवाई से पूर्व24घ्ण्टे पानी में भिगोना लाभदायक होता है। यह तभी करना चाहिए जब वर्षा प्रारंभ होने के बाद बुवाई करना हो।

पुनरूत्पादन विधियां – खैर क्षेत्र में सीधे बीज बुवाई,समस्त रोपण तथा मूलमुण्ड रोपण द्वारा पुनरूत्पादित किया जाता है।

क्षेत्र में सीधे बीज बुवाई – खैर की बुवाई की सबसे सरल तथा सफल रीति पंक्ति बुवाई है। इसके लिए 30सेमी चौड़ी तथा 30सेमी गहरी नालियां 3मी से 4मी अन्तराल पर खोदी जाती हैं। खुदी हुई मृदा को डेढ़ या दो महीने तक ऋतुक्षरित होने के बाद नालियों में इस प्रकार भर दिया जाता है कि 10या 15सेमी ऊॅची मेंड बन जाए। इस मेंड पर बीज अमिश्रित या मिश्रित दशा में बा दिया जाता है। पंक्तियों के बीच में कृषि उपज उपजाई जा सकती है या वह सथान खाली भी रह सकता है। बीज बुवाई की सफलता निम्नलिखित बातों पर निर्भर करती है–

1. मृदा की प्रारंभिक तैयारी का भली प्रकार किया जाना और दो वर्ष तक उसे ढीली बनाए रखना।
2. दो वर्ष तक पर्याप्त तथा समय पर निराई करना।
3. प्रारम्भ से ही प्रचुर मात्रा में प्रकाश का प्रबन्ध करना
4. पशुओं तथा आग से सफलतापूर्वक रक्षा करना तथा
5. प्रथम कुछ वर्षों तक पाला तथा सूखा न पड़ना।

प्रक्ति बुवाई के अतिरिक्त,खैर की बीज बुवाई खण्डकों में भी की जाती है।

इसके लिए 45सेमी आकार के खण्डक 2.5मी×2.5मी अन्तराल पर बनाये जाते हैं। कभी–कभी 45सेमी चौड़ी पटिटयों में भी बुवाई की जाती है। पटिटयां भी 2.5मी अन्तराल पर बनाई जाती हैं। पटिटयों तथा खण्डकों में प्रतिवर्ग मीटर 50बीज बोये जाते हैं।

रोपणी प्रविधि– यदि रोपण करने का निश्चय किया गया हो तो बीज रोपणी क्यारियों में बोया जाता है। इसके लिए क्यारियों में 20सेमी अन्तराल पर खांचे बना लेते हैं और उनमें 2सेमी अन्तराल पर बीज बो दिया जाता है। बुवाई मार्च में ही कर दी जाती है। समुचित सिंचाईसे अंकुरण एक सप्ताह में होने लगता है। पौधों की निराई भली प्रकार की जाती है और इसके साथ ही पौधों का विरलन ऐसे कर दिया जाता है कि पक्ति में उनका अन्तराल 5सेमी हो जाए। यदि रोपणी में पौध उगाने का एद्येश्य 15महीने की आयु के पौधे से मूलमुण्ड 10से 15सेमी करना पड़ता है।

नंगी जड़ों के रोपण में जड़ के विकास में विघ्न पड़ता है और इससे पौधे की मृत्यु हो सकती है। इसका दूसरा विकल्प यह है कि बीज30सेमी लम्बी तथा15सेमी चौड़ी पौलीथीन थैलियों में बोये जाएं। प्रत्येक थैली में मिटटी तथा खाद 2:1के अनुपात में भरकर दो बीज प्रति थैली में बो दिये जाते हैं। समुचित सिंचाई तथा निराई से ये पौधे जुलाई में उद्रोपण योग्य हो जाते हैं।

उद्रोपण– किसी भी रीति से उगाये गये पौधे रोपवन में निर्धारित अन्तराल पर लगा दिये जाते हैं। यदि मूलमुण्ड लगाने का निश्चय किया गया हो तो 15महीने आयु के रोपणी में उगाये गये पौधों से मूलमुण्ड बनाए जाते हैं। मूलमुण्ड में प्ररोह भाग 2से5सेमी और जड़ का भाग23से30सेमी होता है। कालर पर व्यास 10से15मिमी होना चाहिए क्योंकि10मिमी से कम और 25मिमी से अधिक कालर व्यास वाले मूलमुण्ड सफल नहीं होते।

क्षतियां – खैर को प्रारम्भ से ही प्रतिकूल कारकों का सामना करना पड़ता है। अंकुरण के बाद खरपतवार,पाला तथा सूखा पर्याप्त पौधों को क्षति पहुंचाते हैं। रोपवन में ही चूहे,सेही तथा सुअर भी बहुत हानि पहुचाते हैं। बड़े कुछ होने पर गैनोडरमा ल्यूसीडम तथा फोम्स बेडियम नामक कवक(फंगस) बहुत हानि पहुचाते हैं।

वृद्वि गति – सामान्य

उपयोग – खैर काठ का सबसे अधिक उपयोग कत्था निर्माण के लिए होता है। इसके अतिरिक्त यह मूसल,हल,हथियारों के दस्ते,गाड़ियों के पहिए आदि बनाने के काम भी आता है। इसके पत्ते बकरियों तथा कभी–कभी पशुओं के लिए बहुत अच्छा चारा प्रदान करते हैं। इसकी गोंद भी वाणिज्यिक दृष्टि से महत्तवपूर्ण है।

➢ क्वैरकस ल्यूकोट्रीचोफोरा (बांज)

वितरण – बांज मुख्यतया हिमाचल प्रदेश तथा उत्तर प्रदेश में पाया जाता है। इन राज्यों में यह हिमालय की बाहरी पर्वतमालाओं पर सामान्यतया 1200मी तुंगता से 2400मी तुंगता तक पाया जाता है परनतु कभी–कभी बहुत नीचे तक उतर आता है। उदाहरण के लिए यह देहरादून वन में मन्थरों बाला में 580मी पर और गढ़वाल में रतवाढाव में 600मी तुंगता पर भी पाया जाता है। बीज सामान्यतया सामूहिक रूप से होता है परन्तु यह बहुधा चौड़ी पत्ती बाली प्रजातियों तथा शंकुधारियों के साथ भी मिला जुला पाया जाता है। शंकुधारियों में यह चीड़,कैल तथा देवदार के साथ मिलता है।

जलवायु – यद्यपि बांज सामान्यतया उपोष्ण तथा शीतोष्ण जलवायु में पाया जाता है तथापि उसका सामान्य प्राकृतवास शीतोष्ण जलवायु में पड़ता है। इस क्षेत्र में ताप 35ह्स0 से ऊपर बिरले ही जाता है और नीचे 8ह्से0 तक पहुच जाता है। इस क्षेत्र में सामान्य वर्षा 1000मिमी से 2000मिमी तक होती है।

मृदा– बांज अनेक प्रकार के शैल समूहों तथा उनसे उत्पन्न मृदाओं में होता है। शैल समूहों में शैल,नाइस,अभ्रक श्रिस्ट,क्वार्टजाइट तथा चूना पत्थर मुख्य हैं। यह शैल के अपघटन से बनी मृत्तिका मृदा में भी होता है और अभ्रक श्रिस्ट से बनी अभ्रकयुक्त बलुई मृदा में भी होता है।

वनवर्धनीय अभिलक्षण – बांज साधारण प्रकाशापेक्षी है,अपनी प्रारम्भिक अवस्थाओं में यह काफी छाया सह लेता है और मिश्रित वन दशाओं में यह जीवन पर्यन्त चीड़ के नीचे भली प्रकार उगता रहता है। इसका मूल तंत्र विशाल होता है और परिणामस्वरूप यह वायु दृढ़ हाता है। बांज केवल 60से90सेमी परिधि तक कॉपिस देता है। इससे बड़े आकार के वृक्ष कॉपिस नहीं देते। अपने प्राकृतवास में बांज साधारण तुषारों से क्षतिग्रस्त नहीं होता परन्तु असामान्य रूप से भारी तुषार,जैसा कि 1905में पड़ा था,से बहुत क्षति होती है।

प्राकृतिक पुनरूत्पादन – यद्यपि बांज के बीजों को पशु तथा पक्षी बहुत नष्ट करते हैं तथापि अच्छे बीज वर्ष बहुधा होते रहते हैं। इससे बांज क्षेत्रों में प्राकृतिक पुनरूत्पादन के लिए बीज पर्याप्त मात्रा में मिल जाता है। पका हुआ बीज जनवरी में गिरकर लुढ़कता हुआ गडढों में या झाड़ियों की आड़ में रूकता है और धीरे–धीरे पत्तों तथा मिटटी में दब जाता है। मानसून–पूर्व होने बाली वर्षा से ये बीज अंकुरित होते हैं। अंकुरण भारी छाया में होता है और बिजौले कुछ समय साधारण छाया सह लेते हैं। खुले स्थानों में धूप में पड़े एकार्न (बांज का फल) न तो फटते हैं और न अंकुरित होते हैं। अंकुरित बिजौलों को शरदकालीन सूखा तथा अगले वर्ष ग्रीष्म ऋतु में पड़ने वाले सूखे से बहुत क्षति होती है और अधिकांश मर जाते हैं। अंकुरण के अगले वर्ष ग्रीष्म कालीन वर्षा से बिजौलों के स्थापन में बहुत सहायता मिलती है। इन प्राकृतिक प्रभावों के अतिरिक्त चराई तथा घास कटाई का पुनरूत्पादन के स्थापन पर बुरा प्रभाव पड़ता है। अनियन्त्रित चराई तथा घास कटाई बांज का प्राकृतिक पुनरूत्पादन पूर्णतया नष्ट हो जाता है।

कृत्रिम पुनरूत्पादन
बीज पकने का समय– दिसम्बर– जनवरी

बीज भार – 485 से 815 प्रति किलोग्रम

बीज संग्रह करने की विधि – अच्छे फलों वाले वृक्षों को नवम्बर–दिसम्बर में छांटकर फल पकने पर वृक्ष से ही संग्रह करना चाहिए भूमि से फल कभी संग्रह नहीं करना चाहिए। संग्रह करने पर एकार्न की भली प्रकार जांच कर लेना चाहिए कि उसमें छेद तो नहीं है क्योंकि कैलैन्ड्रा ग्लैन्डियम नामक कीड़ा वृक्षों पर लगे एकार्न में या संग्रह के बाद उन पर आकमण कर छेद कर देता है और भ्रूण को नष्ट कर देता है। केवल अच्छे एकार्न जिनमें कीड़ों के छिद्र न हो संग्रह करना चाहिए अन्यथा पुनरूत्पादन असफल हो जाता है।

पुनरूत्पादन विधियां – बांज क्षेत्र में सीधे बीज बुवाई या समस्त रोपण द्वारा पुनरूत्पादित किया जा सकता है।

क्षेत्र में सीधे बीज बुवाई – बांज के पुनरूत्पादन के लिए 30सेमी×15सेमी आकार के खण्डक 3मी×3मी अन्तराल में बनाए जाते हैं। इन खण्डकों में मृदा अक्टूबर–नवम्बर में खोदकर ऋतुरक्षण के लिए बाहर रख दी जाती है और दो महीने ऋतुक्षरित करके जनवरी में भर दी जाती है। बुवाई फरवरी–मार्च में की जाती है और इसमें बीज 1या2सेमी गहरा बोया जाता है और मिटटी से ढक दिया जाता है। ऊष्ण तथा शुष्क ढ़ालों पर यथासम्भव रोपण करना चाहिए। इस पर भी सफलता अच्छी वर्षा पर निर्भर करती है। एक हेक्टेयर रोपवन में बुवाई के लिए 5किलोग्रम बीज पर्याप्त होता है।

रोपणी प्रविधि – समस्त रोपण के लिए पौध तैयार करने के लिए रोपणी बनाई जाती है। रोपणी में क्यारियां नवम्बर–दिसम्बर में बनाई जाती हैं। इन क्यारियों में 20से 25सेमी अन्तराल पर बने खांचों में ताजा तथा स्वस्थ बीज फरवरी–मार्च में एक या दो सेमी गहराई पर बो दिया जाता है। गिलहरियों,चूहों तथा पक्षियों से बीज की रक्षा के लिए क्यारी तल से कुछ ऊपर तार जाली लगा देनी चाहिए और उससे क्यारी को चारों तरफ से बनद कर देना चाहिए। इसके बाद नियमित रूप से सिंचाई की जाती है। अंकुरण एक से पांच महीने में पूरा होता हैं जब बिजौले 2से3सेमी ऊंचाई प्राप्त कर लेते हैं तो तार जाली हटा दी जाती है। अगले वर्ष वर्षा ऋतु में या तो पौधे रापणी में ही प्रतिरोपित कर दिए जाते हैं अथवा इन्हें पौलीथीन थैलियों में प्रतिरोपित कर दिया जाता है। प्रतिरोपित करने से पूर्व जड़ों को थोड़ा काट देना चाहिए। यदि प्रतिरोपण पौलीथीन थैलियों में करना हो तो 18सेमी×25सेमी आकार की 150गेज की छिद्रों बाली पौलीथीन थैलियों में मृदा तथा गोबर की खाद 8:1अनुपात में भरना चाहिए और यदि गोबर की खाद न मिले तो प्रत्येक थैली में कैलशियम अमोनियम नाइट्रेट 5ग्रम सुपर फास्फेट 2.5ग्रम तथा पोटेशियम नाइट्रेट 2.5ग्रम अर्थात कुल 10ग्रम रासायनिक खाद मिलानी चाहिए। इसके बाद नियमित रूप से सिंचाई तथा निराई की जाती है।

उद्रोपण – तीन–चार वर्ष बाद जब पौधे 25सेमी से 30सेमी ऊंचाई प्राप्त कर लेते हैं तो उन्हें 3मी×3मी अन्तराल पर बने 30सेमी आकार के गडढ़ों में उद्रापित कर दिया जाता है। उद्रोपण वर्षा ऋतु में किया जाता है। अतः इसके लिए गडढ़े मई में खोदकर मृदा को ऋतुरक्षण करने के लिए बाहर रख देना चाहिए। इसे जून में गडढ़ों में भर देना चाहिए और वर्षा अच्छी तरह प्रारम्भ होने के बाद उद्रोपण करना चाहिए। यदि पौलीथीन थैलियों के पौधों को लगाना हो तो उद्रोपण से पूर्व पौलीथीन थैली फाड़कर हटा देनी चाहिए।

क्षतियां – प्रारम्भिक अवस्थाओं में बांज को सूखे से बहुत क्षति होती है। इसके बाद चराई से उसकी वृद्वि पर बहुत प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। बड़ा होने पर चारे के लिए किए जाने वाले अनियन्त्रित भारी शाखा कटान से वृक्ष धीरे–धीरे मर जाते हैं।

वृद्वि गति – बांज की वृद्वि गति मन्द है। बीज बुवाई द्वारा उगाए गए पौधों की 4वर्ष की आयु में ऊंचाई 30सेमी और 6वर्ष में 52सेमी पाई गई है। इसकी तुलना में रोपणी में पौधे अपेक्षाकृत तेजी से बढ़ते हैं और 4वर्ष में 45सेमी ऊंचाई प्राप्त करते देखे गए हैं।

उपयोग – इसका प्रकाष्ठ कृषि उपकरणों तथा सस्ते भवनों के निर्माण में थोड़ा–बहुत काम में आता है परन्तु इसके काष्ठ का सबसे बड़ा उपयोग ईधन तथा कोयले की आपूर्ति है। इसकी पत्तियों की खाद पर्वतीय खेतों में काम में लायी जाती है। बांज के वन पर्वतीय क्षेत्रों में जल के संरक्षण के लिए बहुत उपयोगी माने जाते हैं।

➢ डैण्ड्रोकैलेमस स्ट्रिक्टस (बांस, लाठीबांस)

वितरण– डैण्ड्राकैलेमस स्ट्रिक्टस भारत के अधिकांश भागों में पाया जाने बाला बांस है। उत्तर भारत में यह पंजाब,राजस्थान,उत्तर प्रदेश तथा बिहार में पाया जाता है। हिमालय तथा शिवालक पहाड़ियों र यह900मी तुंगता तक होता है। मध्य तथा दक्षिणी पठार के शुष्क ढ़ालों पर भी साधारणतया पाया जाता है। इस प्रकार जहां उत्तर भारत के यह आर्द्र तथा आर्द्र तथा शुष्क शिवालिक साल तथा प्रकीर्ण वनों में पाया जाता है,वहां दक्षिण में यह आर्द्र पतझड़ी वनों के शुष्क भागों में पाया जाता है।

जलवायु – इसके प्राकृतवास में अधिकतम ताप 46ह्से0 और न्यूनतम ताप 0.6ह्से0 तक रहता है और वार्षिक वर्षा 800मिमी से5000मिमी तक होती है।

मृदा– यदि जल निकास अच्छा हो तो यह लगभग सभी प्रकार की मृदाओं में होता है। बोल्डरी अधोभूमि के ऊपर बलुई दुमट में इसका सर्वोत्तम विकास होता है क्योंकि इसमें जल निकास अच्छा होता है। महाराष्ट्र में यह जलौढ़ मृदाओं तथा लाल मृदाओं पर अच्छी तरह होता है। उड़ीसा में पुरी वन प्रभाग में यह बालू के टीलों पर सफलतापूर्वक उगाया गया है। गुजरात में इसके रोपवन बोल्डर युक्त मुर्रमी मृदा तथा मृत्तिका मृदा से बलुई मृदा तक में सामान्यतया लगाए जाते हैं। यह लैटराइटी मृदा में उगाने के लिए उत्तम प्रजाति है।

वनवर्धनीय अभिलक्षण– यद्यपि यह साल,सागवान तथा प्रकीर्ण वनों में एक निम्न वितान के रूप में पाया जाता है तथापि यह प्रकाशापेक्षी है। प्रारम्भिक अवस्थाओं में इसे धूप से कुछ रक्षा चाहिए। भारतीय बांसों में यह सबसे रोधी बांस है। यह इतना सूखारोधी है कि प्रायः द्वीपीय भारत में 1899–1900में पड़े भयंकर सूखे में भी इसको कोई क्षति नहीं हुई। अपने प्राकृतवास में यह तुषार रोधी भी है और उत्तर भारत में 1905में पड़े असामान्य तुषार को इसने अचछी तरह सह लिया था।

प्राकृतिक पुनरूत्पादन – डैण्ड्रोकैलेमस में छिटपुट पुष्पण प्रति दूसरे वर्ष होता है। इससे प्राकृतिक पुनरूत्पादन के लिए पर्याप्त बीज मिल जाता है। प्रतिकूल कारकों से बचे बीजों से बिजौले बनते हैं और ये बिजौले अनुकूल दशाओं में एक नया बीड़ बना देते हैं। पुराने बीड़ भी प्रतिवर्ष कुछ नए काण्ड पैदा करते हैं। इस प्रकार इस बांस का प्राकृतिक पुनरूत्पादन सन्तोषजनक है।

कृत्रिम पुनरूत्पादन

बीज पकने का समय – अप्रैल से जून

बीज भार – 32बीज प्रतिग्रम

अंकुरण प्रतिशत – 25से80

बीज संग्रह करने की विधि – बांस का बीज संग्रह करने के लिए सामान्यतया उसके पुष्प विन्यास को कपड़े पर झाड़ लिया जाता है। इस तरह बीज के साथ भूसी भी आ जाती है। फटकर भूसी अलग कर दी जाती है और साफ बीज संग्रह कर लिया जाता है। सील बन्द टीन में इस बीज का भण्डारण एक या दो वर्ष तक किया जा सकता है।

पुनरूत्पादन विधियां – डैण्ड्रोकैलेमस का कृत्रिम पुनरूत्पादन क्षेत्र में सीधे बीज बुवाई समस्त रोपण,प्रकन्द रोपण,ऑफसेट रोपण,काण्ड कलम रोपण तथा दाब लगाने के द्वारा किया जा सकता है।

क्षेत्र से सीधे बीज बुवाई – यह इसके कृत्रिक पुनरूत्पादन की सबसे सरल तथा सफल रीति है। बीज बुवाई पंक्तियों या खण्डकों में की जाती है। जब बुवाई पंक्तियों में करनी हो तो 30सेमी^{2} आकार की नालियां लगभग 4.5मी अन्तराल पर खोदी जाती हैं और ऋतुक्षरित होने के बाद मृदा को उनमें मेंड़ के रूप में भर दिया जाता है। वर्षा से थोड़ा पूर्व इन मेंड़ों पर बीज बोया जाता है। एक किलाग्रम बीज400मी पंक्ति लम्बाई के लिए पर्याप्त होता है। बीज को कृन्तकों तथा पक्षियों से बचाने का प्रयत्न करना पड़ता है। अंकुरण के बाद निराई नियमित रूप से की जाती है। यदि बीज की कमी हो तो बीज बुवाई 4.5मी×4.5मी अन्तराल पर बने 45सेमी^{2} आकार तथा 20सेमी गहरे खुदे खण्डकों में की जाती है।

रोपणी प्रविधि – समस्त रोपण के लिए रोपण सामग्री प्राप्त करने के लिए बीज रोपणी की क्यारियों में बोया जाता है। 12मी×1.2मी या 10मी×1मी आकार की क्यारियों को 30सेमी गहरा खोदकर मिटटी में से पतिर आदि निकाल दिए जाते हैं। तत्पश्चात मिटटी को कुछ समय ऋतुक्षरित करके तथा गोबर की भली प्रकार सड़ी हुई खाद मिलाकर ऊपर लिखे आकार की उठी हुई समतल क्यारिया बना लेते हैं। इन क्यारियों में 15या20सेमी अन्तराल पर बने खांचों में ताजा बीज जून में बो दिए जाते हैं और हल्की मिटटी से ढक दिया जाता है। 10मी×1मी या 12मी×1.2मी आकार की क्यारियों में कमशः400ग्रम या 500ग्रम साफ बीज प्रति क्यारी में बोया जाता है। नियमित सिंचाई से अंकुरण एक सप्ताह में प्रारंभ होकर 30से15दिन में पूरा हो जाता है। अंकुरण के बाद भी सिंचाई नियमित रूप से की जाती है। जब बिजौले 8सेमी ऊंचे हो जाते हैं तो उन्हें प्रतिरोपण क्यारियों में 15सेमी×25सेमी अन्तराल पर प्रतिरोपित कर देते हैं या 20सेमी×10सेमी आकार की पौलीथीन थैलियों में जिनमें मिटटी गोबर सड़ी हुई खाद तथा रेत 4:1:1 के अनुपात में मिलाकर भरी गई हो,प्रतिरोपित कर दिया जाता है। कहीं–कहीं बीज पौलीथीन थैलियों में सीधे ही बो दिया जाता है। जब बीज पौलीथीन थैलियों में बोया जाता है तो लगभग4बीज प्रति थैली बोये जाते हैं। प्रतिरोपण क्यारियों तथा पौलीथीन थैलियों में वर्षा ऋतु में निराई गुड़ाई और वर्षा के बाद आवश्यक तानुसार सिंचाई की जाती है। थैलियों को समय–समय पर सरकाया जाता है ताकि बिजौलों की जड़ें थैली फाड़कर भूमि में न चली जाएं।

समस्त रोपण– समस्त रोपण के लिए रोपवन क्षेत्र में फरवरी–मार्च में 30सेमी गहरे तथा 30से45सेमी लम्बे और इतने ही चौड़े गडढे खोदे जाते हैं और खुदी हुई मिटटी ऋतुक्षरण के लिए बगल में डाल दी जाती है। गडढों का अन्तराल विभिन्न राज्यों में भिन्न–भिन्न होता है। उत्तर प्रदेश में ही वे3मी×3मी से4.5मी×4.5मी अन्तराल पर बनाए जाते हैं। बिहार में वे 6मी×6मी अन्तराल पर बनाए जाते हैं। यदि दीमक का भय हो तो गडढे भरने से पूर्व उसमें 0.1प्रतिशत या 0.2प्रतिशत एल्ड्रीन या बी.एच.सी. के घोल का छिड़काव कर देना चाहिए। बिहार में 13लीटर पानी में 28.5मिली लीटर एल्ड्रैक्स 30ई.सी. के बनाए घोल को 20गडढ़ों में छिड़काव के लिए पर्याप्त माना जाता है। ऋतुक्षरित होने के बाद मृदा गडढ़ों मं भर दी जाती है। कहीं–कहीं

प्रत्येक गडढे की मिटटी में 100ग्रम रासायनिक खाद(अमोनियम सल्फेट तथा एकल सुपर फास्फेट बराबर मात्रा में)मिला दिया जाता है और तब मिटटी भरी जाती है। भरी मिटटी भूमि तल से कुछ ऊंची होनी चाहिए। जब वर्षा अच्छी तरह होने लगती है तो रोपणी में उगाए गए पौधे को क्यारी की कुछ मिटटी सहित उखाड़ लेते हैं। इस कार्य में यह साबधानी बरती जाती है कि जड़ें न दिखाई दें। तब इस पौधे का रोपवन में उद्रोपित कर दिया जाता है। रोपण के बाद मिटटी भली प्रकार दबाकर सहंत कर दी जाती है और उसका ढाल बाहर की ओर कर दिया जाता है जिससे गडढा जलक्रान्त न हो। यदि पौलीथीन थैलियों में उगाए गए पौधों का रोपण करना हो तो थैली फाड़कर पौधे को पिण्ड सहित रोपित कर दिया जाता है। इसके बाद तीन वर्ष तक निराई तथा गुड़ाई की जाती है।

वर्धी भागों से पुनरूत्पादन– डैण्ड्रोकैलेमस वर्धी भागों से भी पुनरूत्पादित किय जाता है। वर्धी भागों से निम्नलिखित रीतियों से पुनरूत्पादन किया जाता है–

प्रकन्द रोपण– प्रकन्द रोपण में जीवित प्रकन्द का लगभग30सेमी लम्बा भाग जिसमें एक–दो आंखें हों,0.5मी आकार के गडढों में गाड़ दिया जाता है। शुष्क ऋतु में सिंचाई अवश्य करनी चाहिए।

ऑफसेट रोपण– ऑफसेट उस रोपण सामग्री का कहते हैं जिसमें प्रकन्द के साथ एक या दो वर्षीय काण्ड का भी लगभग एक या सवा मीटर भाग जुड़ा हो। इसका तैयार करने के लिए अधिमान्यतः एक वर्षीय या अधिक से अधिक दो वर्षीय काण्ड का लगभग एक या सवा मीटर लम्बाई पर तिर्यक रूप से काट देते हैं और जिस प्रकन्द से वह पैदा हुआ हो उसे जड़ों सहित इतनी लम्बाई में निकाल लेते हैं कि उसमें कम से कम एक आंख हो। ऐसे ऑफसेटों को वर्षा ऋतु के प्रारम्भ होते ही पर्याप्त बड़े गडढे में इस प्रकार रोपित कर देते हैं कि दो–तीन पर्व संधियां मिटटी में दब जाएं पर आंख को कोई क्षति न पहुंचे। रोपण करने से पूर्व गडढे की मिटटी में गोबर की सड़ी हुई खाद पर्याप्त मात्रा में मिला लेना चाहिए और रोपण करते समय व िसमस्त मिटटी और यदि कुछ और आवश्यक हो तो बाहर की मिटटी लेकर गडढे में भरकर भली प्रकार दाब देना चाहिए जिससे न तो रोपण के स्थान पर जलभरण हो और न काण्ड का बाहर निकला भाग वायु या पशुओं की कठोर से हिल सके।

काण्ड कलम रोपण– काण्ड कलम बनाने के लिए एक से दो वर्षीय काण्ड इतनी लम्बाई मे काट लिये जाते हैं कि उनमें कम से कम दो पर्व सन्धियां हों। इन कलमों को गडढों में कुछ तिरछा खड़ा करके इस प्रकार रोपित करते हैं कि एक पर्व सन्धि मिटटी में दब जाए और दूसरी बाहर रहे। रोपण सेपमर्व कटे हुए भागों पर वृद्वि हारमोन इन्डोल ब्यूटीरिक अम्ल लगाने से वृद्वि और उत्तर जीविता की दृष्टि से परिणाम में सुधार हो जाता है।

उत्तर प्रदेश वन विभाग के अनुसंधान वृत्त ने काण्ड कलम रोपण में एक नयी विधि से सफलता पाई है। इस विधि में दो–तीन वर्ष पुराने काण्डों के पर्वों के मध्य से काटकर बनाई गई कलमों को रापणी में क्षैतिज दशा में फरवरी–मार्च में दबा देते हैं। फिर इनकी हल्की सिंचाई बार–बार की जाती है। पर्व सन्धियों से जड़ें 8से10सप्ताह में निकल आती हैं और ये कलमें एक वर्ष बाद उद्रोपण योग्य हो जाती हैं। इस विधि में बीड़ शीघ्रता से बनता है। यह भी देखा गया है कि काण्डों की तुलना में जड़ें जल्दी फूटती हैं। इसका सबसे बड़ा लाभ यह है कि काण्ड का निचला भाग बिकी के काम में लाया जा सकता है और ऊपरी भाग जिसका अपेक्षाकृत कम मूल्य होता है,पुनरूत्पादन के काम में लाया जा सकता है।

भूमि में दाब लगाना– इस विधि के लिए वर्षीय काण्ड में शाखा छंटाई इस प्रकार की जाती है कि कलियों को क्षति न पहुंचे।तत्पश्चात काण्ड को भूमितल के पास से कुछ काटकर झुकाते हैं और भूमि में उसे इस प्रकार दबाते हैं कि काण्ड की प्रत्येक ओर की कलियां पार्स्व स्थिति

में हों। इस स्थिति में काण्ड को रखकर खूंटी से बांध भी देते हैं। कुछ समय बाद पर्व सन्धियों से जड़ें तथा प्ररोह निकलने लगते हैं। तब पर्वों को काटकर रोपवन में रोपित कर देते हैं।

काण्ड तथा बीड़ का विकास – बांस के बीज के अंकुरित होने पर प्रारम्भ में मूलांकुर से छोटी–छोटी जड़ें और प्रांकुर से एक पतला प्ररोह निकलता है। धीरे–धीरे जड़ें गुच्छ का रूप धारण कर लेती हैं और कमशः गहराई की ओर जाते हुए ऊपर मुड़कर प्ररोह उत्पन्न करती हैं। गुच्छ रूप में ओन के बाद जड़ों में प्रकन्द बनना प्रारम्भ होता है। प्रकन्द भूमि के अन्दर रहने बाला तना होता है जिनसे जड़ें भी निकलती हैं और काण्ड रूपी प्ररोह भी निकलते हैं। प्रारम्भ में यह छोटा होता है पर धीरे–धीरे बढ़ता जाता है। जैसे–जैसे प्रकन्द बढ़ता है,वैसे–वैसे वह जड़ों तथा प्ररोहों को भी पैदा करता है। प्रकन्द का विकास तथा विभाजन और उनसे काण्ड का जन्म सबसे तरूण तथा नवीनतम प्रकन्द से सम्पन्न किया जाता है। सामान्यतया पुराना प्रकन्द नये प्रकन्द को जन्म नहीं काण्डों का जन्म देखा गया है। स्वंय बढ़ने तथा काण्ड उत्पादन का कार्य तरूण प्रकन्द में उत्पन्न होने बाली दो प्रकार की कलिकाएं करती हैं। एक प्रकार की कलिकाएं काण्डों को जन्म देती हैं। प्रकन्द में वृद्वि और विभाजन करने बाली ग्रीष्म ऋतु में बनती हैं और काण्डों को उत्पन्न करने बाली कलिकाएं शीत ऋतु में उत्पन्न होती हैं। काण्डों को उत्पन्न करने बाली कलिकाएं वर्षा प्रारम्भ होते ही प्रस्फुब्ति होकर बाहर निकलने लगती हैं और शीघ्रता से बढ़ती हैं। सामान्यतया नये काण्ड जुलाई से सितम्बर तक निकलते हैं परन्तु यदि वर्षा विलम्ब से आए और देर तक होती रहे तो काण्ड अक्टूबर के अन्त तक निकलते रहते हैं। इसी प्रकार यदि सिंचाई द्वारा ग्रीष्म ऋतु में आर्द्रता बनाई रखी जाए तो काण्ड मई में भी निकलने लगते हैं। इस प्रकार बढ़ता हुआ और विभाजित होता हुआ प्रकन्द कुछ वर्षों में उस प्रजाति के अनुरूप पूरे आकार का काण्ड उत्पादित करने लगता है। वह समय जिसमें यह होता है,पुनरूत्पादन के प्रकार और स्थान तथा जलवायु की अनुकूलता पर निर्भर करता है। सामान्यतया रोपवन में नियमित रूप से सिंचाई तथा निराई किए जाने के फलस्वरूप औसत रूप में पांच वर्ष में और प्राकृतिक पुनरूत्पादन में औसत रूप आठ वर्ष में पूरे आकार के काण्ड बनने लगते हैं। स्थान तथा जलवायु के अनुकूलता इस अवधि का प्रभावित करती है। प्रकन्द की वृद्वि और विभाजन से जब काण्ड पास–पास होते हैं तो वे एक समूह में दिखाई देते हैं। इस समूह का बीड़ कहते हैं। दूसरे शब्दों में बीड़ एक प्रकन्द समूह से निकले हुए काण्ड़ों के समुदाय को कहते हैं। प्राकृतिक पुनरूत्पादन में जहां बिजौले पास–पास हों वहां एक से अधिक बिजौलों के प्रकन्द मिलकर भी एक बीड़ बना लेते हें। काण्डों के बीड़ के रूप में दिखाई लगने के बाद भी बीड़ का विकास होता रहता है और वह प्रौढ़ तब समझा जाता है जब उसने अपनी प्रजाति के अनुरूप आकार प्राप्त कर लिया हो और पूरे आकार के काण्ड संख्या में उत्पन्न करने लगा हो। प्रतिवर्ष निकलने वाले काण्डों की संख्या बीड़ के आकार तथा ओज और बीड़ में पुराने काण्डों की संख्या के साथ–साथ वर्षा की मात्रा पर निर्भर करती है।डैण्ड्रोकैलेमस के अच्छे बीड़ों में यह संख्या 6से15तक या औसत रूप से 10हो सकती है। पुराने काण्ड 4से7वर्ष में मर जाते हैं।

बीड़ के समुचित विकास के लिए कुछ छाया चाहिए। समुचित छाया से तरूण बिजौलों की वृद्वि के लिए अनुकूल दशाएं बनती हैं,खरपतवार में कमी होती है,पाले से रक्षा होती है और वायु से होने बाली क्षति से भी रक्षा होती है। छाया की मात्रा जलवायु दशा पर निर्भर करती है। सामान्यतया हल्के छत्र बाली प्रजातियों के 75वृक्ष प्रति हेक्टेयर की छाया समुचित समझी जाती है।

बीड़ में संकुलता – जब प्रकन्द बाहर की ओर बढ़ता रहता है तो उसमें उसी ओर थोड़ी–थोड़ी दूरी पर काण्ड निकलते हैं और बीड़ खुला–खुला सा दिखाई देता है परन्तु कतिपय कारणों से प्रकन्द बाहर बढ़ने की बजाए अन्दर की ओर मुड़कर और इसलिए नये काण्ड बीड़ के अन्दर

की ओर निकलते हैं वहां वे पुराने काण्डों से उलझ जाते हैं। कभी–कभी टूटे हुए काण्डों के कॉपिस प्ररोहों से बीड़ अत्यधिक संघन या संकुल हो जाता है। ऐसे बीड़ संकुल कहलाते हैं। परिभाषा के रूप में संकुल बीड़ उस बीड़ को कहते हैं जिसमें काण्ड न केवल अत्यधिक सघन हों वरन इस प्रकार टेढ़े–मेढ़े और आपस में उलझे हुए हों कि उनका निकालना बहुत श्रम–साध्य तथा व्यय–साध्य हो। बीड़ों में संकुलता मुख्यतया मनुष्य के कतिपय कार्यों के करने या उनके न करने से होती है और ये कार्य निम्नलिखित हैं–

1. काण्डों को झुकाकर तोड़ना या आधा काटना–कभी–कभी मनुष्य अपने पशुओं की चराई के लिए काण्डों को एक या डेढ़ मी ऊंचाई से कुछ काटकर झुका देता है ताकि उसके पशु उसके पत्ते खा सकें। ऐसे झुकाए गए या काटे गए काण्डों में कॉपिस प्ररोह तथा मोटी शाखाएं निकल आती हैं जो बढ़ते हुए नए काण्डों में उलझकर उन्हें टेढ़ा–मेढ़ा कर देती हैं और इस प्रकार बीड़ को संकुल बना देती हैं।
2. प्रकन्द को क्षति या उसके विकास में बाधा पहुंचाना– बांस के उत्पन्न होते हुए काण्ड,अचार आदि बनाने के काम आते हैं। इस तरह की बड़ी मांग के कारण वे खोदे जाते हैं और इससे उनका प्रकन्द क्षतिग्रस्त हो जाता है। ऐसी दशा में बाहर बढ़ने की बजाए वह अन्दर की ओर नये प्रकन्द या काण्ड उत्पन्न करने लगता है। इससे बीड़ में संकुलता हो जाती है। कभी–कभी ऊपर की मिटटी बह जाने से तरूण प्रकन्द अनावरित हो जाता है और धूप से मर जाता है। इससे भी प्रकन्द पुराने भागों से नया प्रकन्द पैदा करने तथा उनसे बीड़ के अन्दर नये काण्ड उत्पन्न करने के लिए प्रेरित होता है। कभी–कभी बढ़ते हुए प्रकन्द के सामने बाधा आ जाने से वह इतना बेढ़ा हो जाता है कि नया काण्ड बीड़ के अन्दर की ओर झुका हुआ निकलता है। इससे भी संकुलता होती है।
3. मृत काण्डों को न हटाना– बीड़ बहुधा 5से7वर्ष में बाजार मे विकय योग्य काण्ड उत्पन्न करता है। उस समय तक प्रारम्भ में उत्पन्न हुए काण्ड मर जाते हैं और उनके समय से न निकलने से बीड़ में संकुलता पैदा हो जाती है।
4. कार्य का न किया जाना– बांस निकलने वाले मजदूरों को बांसों की संख्या से मजदूरी मिलती है। यदि काण्ड टेढ़े–मेढ़े तथा कुछ उलझे हों तो वे उन्हें नहीं निकलते क्योंकि उसमें समय लगाना पड़ता है। इस प्रकार काम न किए जाने से संकुलता और क्योंकि उसमें समय लगाना पड़ता है। इस प्रकार काम न किए जाने से संकुलता और बढ़ती है। कुछ समय बाद तो ऐसी स्थिति हो जाती है कि सम्पूर्ण बीड़ ही व्यर्थ हो जाता है।

वृद्वि गति– बांस में वृद्विगति बीड़ में प्रतिवर्ष उत्पन्न होने वाले नये काण्डों की संख्या और उनकी वृद्वि से आंकी जा सकती है। नये काण्डों की संख्या के विषय में पहले ही अनुमान दिया जा चुका है। जहां तक काण्डों में वृद्वि का प्रशन है,वह उनकी ऊंचाई वृद्वि से ही आंकी जा सकती है क्योंकि काण्डों में व्यास वृद्वि तो होती नहीं। वे जन्म से ही उस व्यास के होते हैं जो प्रकृति के द्वारा उस प्रजाति के लिए स्थान कारक के अनुरूप निर्धारित किया गया हो। जन्म के बाद तो उनमें ऊंचाई वृद्वि ही होती है और वे अपनी समस्त ऊंचाई दो से चार महीनों में प्राप्त कर लेते हैं। काण्डों की ऊंचाई वृद्वि का अनुमान मध्य प्रदेश में निर्धारित निम्नलिखित स्थान गुण श्रेणियों से हो जाता है–

प्रथम गुण श्रेणी–9मी से अधिक काण्ड ऊंचाई

द्वितीय गुण श्रेणी–6मी से9मी तक काण्ड ऊंचाई

तृतीय गुण श्रेणी– 6मी से कम काण्ड ऊंचाई

क्षतियां – चूहे,खरगोश,सेही,सुअर आदि बांस की प्रारम्भिक अवस्थाओं से ही क्षति पहुचाने लगते हैं। चूहे तो समूहिक पुष्पण के बाद ही उस क्षेत्र में इतने हो जाते हैं कि अधिकांश बीज नष्ट कर देते हैं। पालतू पशु चराई द्वारा बांस को बहुत क्षति पहुंचाता है। बांस के पत्ते उसका सबसे रूचिकर तथा स्वादिष्ट भोजन है,इसलिए बांस के वनों में वे बहुधा डेरा डाल देते हैं और बीड़ों को तहस–नहस कर देते हैं। मनुष्य भी अनियंत्रित तथा अवैध कटान से बांस वनों को नष्ट करता है। बांसों पर कई प्रकार के कीट भी आकमण करके उसकी वृद्वि पर प्रतिकूल प्रभाव ही नहीं डालते वरन काण्ड को मार देते हैं। बांस में अनेक प्रकार के कवक–जन्य रोग भी होते हैं।

उपयोग – संख्या तथा विविधता की दृष्टि से किसी उगाई जाने बाली वस्तु के इतने उपयोग नहीं होते जितने बांस के होते हैं। बांस सस्ते भवनों तथा छप्परों के निर्माण के काम आते हैं। सस्ते भवनों में जहां घास या खपरैल की छत पड़ती है वहां यह कार्य बांस के ढांचे के ऊपर किया जाता है। इन भवनों की दीवालें भी बांस की खपच्चियों के ढांचे पर गारे के लेप से बन जाती हैं। जहां भूकंप का भय हो वहां बांस की दीवाल निरापद रहती है। बरामदों के खुले भाग में बांस की जाफरी लगाई जाती है। छप्परों का तो पूरा निर्माण घास तथा बांस से होता है। पक्के महंगे मकानों को बनाने में काम आने बाली पाड़ बांस की बनती है। इसके अतिरिक्त ,टोकरियां,पेटियां,फर्नीचर,फूलदान,चिक,चटाई,छड़ीत्रछाते की डण्डियां,मछली पकड़ने की बन्सीत्रवाद्ययंत्र,धनुष बाण,हुक्का,उपकरणों के दस्ते,खिलौने,तम्बू के डण्डे,भाले,लाठी,चारपाई की पटिटयां,मसहरी के बांस आदि उससे ही बनते हैं। वह जीवन में ही उपयोगी नहीं मरने के बाद शव यात्रा के लिए अरथी भी उसकी ही बनती है।

इन उपयोगी वस्तुओं के अतिरिक्त बांस कागज उद्योग के लिए बहुत महत्तवपूर्ण कच्चा माल है। इससे अच्छे गुणों बाला छपाई का कागज ही नहीं बनता वरन सब प्रकार के कागज का निर्माण होता है।

बांस के बीज खाए जाते हैं। शंकु की आकृति के उसके अंकुरित होते हुए काण्ड अचार तथा शाक बनाने के काम आते हें। खांसी तथा दमा रोग में काम आने बाली आयुर्वेदिक औषधि बन्सलोचन इसी से प्राप्त होती है। इसके पत्ते पशुओं के लिए उत्तम चारा होते हें। यह सामाजिक वानिकी के लिए महत्तपूर्ण तथा लाभकारी पौधा है।

➢ शोरिया रोबस्टा(साल,सूखा)

वितरण– भारत में साल दो प्रमुख क्षेत्र ं:1. उत्तरी क्षेत्र तथा 2. मध्य भारतीय क्षेत्र में होता है। इन दोनों क्षेत्रों का गंगा का मैदान अलग करता है। उत्तर क्षेत्र की प्रमुख तथा अक्षुण्ण सालवन पटटी हरियाणा में कलेसर वन से प्रारम्भ होकर अधोहिमालय क्षेत्र में होती हुई असम मे दारंग जिले तक जाती है। इस क्षेत्र में साल कभी–कभी मैदानों में उतर आता है और कभी हिमालय की बाहरी घाटियों तथा पहाड़ियों पर 1220मी तुगता तक चढ़ जाता है। बह्मपुत्र के दक्षिण में साल नौगांव तथा कामरूप जिले में, मेघालय की खासी तथा जैन्तियां पहाड़ियों पर तथा त्रिपुरा में भी पाया जाता है। मध्य भारत क्षेत्र में साल बिहार में सन्थाल परगना से प्रारम्भ होकर दक्षिण तथा दक्षिण पश्चिम की ओर बढ़ता हुआ बिहार के पालामऊ,हजारीबाग तथा छोटानागपुर जिलों में,दक्षिणी बंगाल तथा उड़ीसा के कुछ भागों में तथा मध्य प्रदेश में विशेष रूप से शहडोल,सरगूजा,जबलपुर,मांडला,बालाघाट,बिलासपुर,रायगढ़,रायपुर तथा बस्तर जिलों में पाया जाता है।

जलवायु – इसके प्राकृतवास में अधिकतम ताप34ह्से0 से 47ह्से0 तक तथा न्यूनतम ताप 10ह्से0 तक रहता है और वार्षिक वर्षा 1020मिमी से लेकर 4600मिमी तक होती है।

मृदा– साल विभिन्न शैल समूहों से निर्मित विभिन्न प्रकार की मृदाओं में होता है। उदाहरण के लिए वह उत्तर प्रदेश में भूरी पहाड़ी मृदा,तराई मृदा और मध्य प्रदेश तथा असम में वह लाल बुलईमृदा,लाल तथा पीली मृदा,लैटराइट मृदा मिश्रित लाल तथा काली मृदा और गहरी काली मृदा में होता है।

वनवर्धनीय अभिलक्षण – साल प्रकाशापेक्षी है। यद्यपि वह अपने साथियों की तुलना में तुषार को अपेक्षाकृत अधिक सहता है तथापि भारी तुषार से उसे काफी क्षति होती है। कुण्ड तुषार में वृक्षकों को भी हानि होती है। यह सूखे के लिए बहुत संवेदी है। इसकी जड़ के क्षेत्र में एक नियत मात्रा से मृदा आर्द्रता के कम होने से साल मर जाता है। आर्द्रता की कमी वर्षा की कमी से भी हो सकती है और मृदा के भौतिक गुणों तथा आकारिकी के कारण भी। साल साधारण आकार तक अच्छा कॉपिस देता है। देहरादून में किए गए एक अध्ययन से ज्ञात हुआ कि 60से90सेमी परिधि के वृक्ष कॉपिस प्ररोहों की संख्या तथा उनकी ऊंचाई वृद्वि की दृष्टि से सर्वश्रेष्ठ परिणाम देते हैं। अन्य प्रजातियों की तुलना में यह आग के लिए अधिक रोधी है। पर्याप्त मात्रा में अधिक खाद्य भण्डार युक्त बीज पैदा करना,बड़े वृक्षों की छाया तथा अन्य प्रतिकूल कारकों में वर्षों जीवित रहना,रिक्त स्थान मिलने पर तेजी से बढ़ना,प्रारम्भिक अवस्थाओं में ओजपूर्वक कॉपिस करना,दीर्घ आयु आदि गुणों के कारण साल अपने प्राकृतवास में सबसे अधिक सामूहिक तथा आकामक प्रजाति है।

प्राकृतिक पुनरूत्पादन– बहुत विस्तृत क्षेत्र तथा विभिन्न जलवायु दशाओं में होने के कारण विभिन्न क्षेत्रों में साल के प्राकृतिक पुनरूत्पादन स्थिति तथा समस्याएं भी भिन्न हें। मोटे तौर पर कहा जा सकता है कि जहां मृदा स्वस्थाने निर्मित हुई है,जैसे पहाड़ी क्षेत्रों में वहां प्राकृतिक पुनरूत्पादन सन्तोषजनक है। परन्तु वाहित जलौढ़ मृदाओं में वह समस्याग्रस्त है। वहां नये बिजौले आ तो जाते हैं परन्तु उनको स्थापित होने में वर्षों लग जाते हैं। अंकुरण के बाद वर्षों तक प्ररोह मरण के कारण वे छोटी तथा लचीली अवस्था में रहते हैं। एक बार बड़े पत्तों बाली लचीली या छोटी काष्ठीय दशा प्राप्त हो जाए तो कुछ ही वर्षों में उसे स्थापित दशा में पहुंचाया जा सकता है। इस प्रकार अंकुरण से स्थापन तक साल पुनरूत्पादन निम्नलिखित दो स्पष्ट अवस्थाओं में विभाजित किया जा सकता है :

1) अंकुरण से बड़े पत्तों बाली लचीली या छोटी काष्ठीय अवस्था का पुनरूत्पादन

2) अवस्था 1) से स्थापित अवस्था तक का पुनरूत्पादन।

इन दोनों अवस्थाओं में साल पुनरूत्पादन को निम्नलिखित कारक विभिन्न जलवायु तथा मृदा दशाओं में भिन्न–भिन्न रूप से प्रभावित करते हैं।

1. मृदा कारक – पुनरूत्पादन की प्रथम अवस्था की दृष्टि से मृदा आर्द्रता बहुत महत्तवपूर्ण है क्योंकि आर्द्रता की कमी और अधिकता दोनों ही पुनरूत्पादन के लिए घातक होती है। परीक्षणों से ज्ञात हुआ है कि जब मृदा आर्द्रता,आर्द्रता धारण करने की क्षमता के 86प्रतिशत के लगभग हो तो बिजौलों की वृद्वि सबसे अच्छी होती है। पुनरूत्पादन की पथम अवस्था,जड़ छोटी होने के कारण,आर्द्रता में कमी या अधिकता से बहुत प्रभावित होती है। मृदा आर्द्रता,मृदागठन तथा मृदावातन से प्रभावित होती है। अतः दोनों का भी पुनरूत्पादन पर बहुत प्रभाव होता है। बलुई दुमट जिसकी अधोमृदा में कुछ बोल्डर हों,पुनरूत्पादन के लिए आवश्यक आर्द्रता का भण्डारण कर शेष गहरे स्तरों में जाने देती है। परिणामस्वरूप उसमें पुनरूत्पादन श्रेष्ठ होता है। परन्तु यदि उसमें रेत बढ़

जाए तो आर्द्रता धारण क्षमता कम होती है और पुनरूत्पादन भी कम होता है। मृदा वातन जड़ों को आक्सीजन ही उपलब्ध नहीं कराती वरन मृदा में जल के संचलन को नियंत्रित करती है। अच्छे वातन वाली मृदा में भारी वर्षा के समय अधिक जल मृदा के ऊपरी स्तरों से नीचे के स्तरों में चला जाता है और सूखे महीनों में पर्याप्त जल नीचे से ऊपर की ओर आता है। मृत्तिका की अधिकता तथा चराई से मृदा का वातन तथा चराई से मृदा का वातन खराब हो जाता है। मृदा के ऊपरी स्तरों में अच्छा वातन प्रथम चराई अवस्था के पुनरूत्पादन के लिए लाभकारी होता है। इनके अतिरिक्त मृदा तल के ऊपर पड़े पर्णकंट तथा ह्यूमस भी पुनरूत्पादन को प्रभावित करते हैं। यदि वनत ल पर साल के सूखे पत्तों का मोटा स्तर हो तो अंकुरित होते हुए बीज की जड़े खनिज मृदा तक नहीं जा पातीं और बिजौला शीघ्र मर जाता है। इसी प्रकार ह्यूमस की अधिकता पुनरूत्पादन को कम करती है। ये दोनों आर्द्र साल वनों में ही समस्या पैदा करते हैं।

2. प्रकाश कारक – साल के नये अंकुरित बिजौले को स्थापित अवस्था तक पहुचाने में प्रकाश कारक बहुत महत्तवपूर्ण है। सौर विकिरण बिजौजों में प्रकाश संशलेषण और मृदा निर्माण तथा कर्कट का अपघटन करने वाले जीवों की क्रियाशीलता बढ़ता है। वह वायु तथा मृदा का ताप बढ़ाता है और इसलिए अवस्था 1. तथा 2. के पुनरूत्पादन को ही नहीं वरन वृक्षकों को भी कमशः अधिकाधिक प्रकाश देना आवश्यक होता है। परन्तु अपेक्षित प्रकाश को वन तल तक पहुंचने में ऊर्ध्व वितान मुख्यतया साल का होता है। आर्द्र वनों में वह घना और शुष्क वनों में वह कुछ खुला होता है। प्रकाश को वन तल तक पहुंचाने के लिए सबसे पहले ऊर्ध्व वितान में छिद्र बनाने पड़ते हैं। छिद्रों की मात्रा अग्रिम पुनरूत्पादन की उपस्थिति,तुषार की सम्भावना तथा निम्नरोह की सघनता पर निर्भर करती है। मध्य वितान के वृक्ष भी प्रकाश में बाधक होते हैं अतः उन्हें भी आर्द्र वनों में धीरे–धीरे कम किया जाता है। सामान्यतया हल्के छत्र बाली प्रजातियां रोकी जाती हैं और नीचे से शाखाएं पैदा करने तथा घने छत्र बाली प्रजातियां जैसे मैलोटस तो पूरी तरह काट दी जाती हैं। निम्नरोह प्रकाश में बाधक होने के साथ–साथ बिजौलों से आर्द्रता तथा पोषक त्तवों के लिए स्पर्धा भी करता है। आर्द्र वनों में निम्नरोह झाड़ियों का होता है और उसे काटकर तथा या जलाकर अथवा खरपतवारनाशियों का प्रयोग करके कम किया जाता है परन्तु इसका लाभ तभी होता है जब यह कार्य साल बिजौलों की तीव्र वृद्वि के समय से पूर्व (अर्थात मई तथा अगस्त में) किया जावे। शुष्क वनों में निम्नरोह घास के रूप में होता है। उसे काटने के साथ–साथ झाड़ियों को रोकना चाहिए ताकि घास की सघनता कम हो।
3. पशुकारक – कुछ क्षेत्रों में चीतल तथा सांभर साल पुनरूत्पादन कर इतना पल्लव चारण करते हैं कि पुनरूत्पादन का स्थापन समस्या हो जाता है। इस क्षति को कम करने के लिए वन पशुरोधी बाड़ लगानी पड़ती है। कहीं–कहीं पालतू पशु भी बहुत क्षति पहुंचाते हैं। उसकी चराई से मृदा भी संहत हो जाती है। परिणामस्वरूप मृदा में जल प्रवेश न कर सकने के कारण मृदा आर्द्रता प्रभावित होती है। इस क्षति को बचाने के लिए पालतू पशुरोधी बाड़ लगानी पड़ती है।
4. आग– आग का प्रभाव भी आर्द्र तथा शुष्क वनों में भिन्न–भिन्न होता है। आर्द्र वनों में आग रक्षा से आर्द्रता ही नहीं बढ़ती वरन सदाहरित झाड़ियों की सघनता बढ़ती है तथा वनत ल पर पत्तों का मोटा स्तर बन जाता है। इससे पुनरूत्पादन के लिए प्रतिकूल दशाएं बन जाती हैं। शुष्क वनों में आग हानिकारक है क्योंकि उससे घास की सघनता बढ़ती है और उनकी जड़े बिजौलों की जड़ों के गहरे स्तरों तक जाने में बाधक होती

हैं। इसलिए आर्द्र वनों में पुनरूत्पादन लाने तथा उसे स्थापित अवस्था तक पहुंचाने के लिए आग का नियंत्रित प्रयोंग किया जाता है परन्तु शुष्क वनों में आग से रक्षा कठोरता के साथ की जाती है।

उपर्युक्त कारकों के विभिन्न प्रकार के वनों में भिन्न–भिन्न प्रभावों को देखते हुए विभिन्न वन प्रकारों में साल पुनरूत्पादन लोन तथा उसे कम–से–कम समय में स्थापित दशा में पहुंचाने के लिए भिन्न–भिन्न प्रविधियां नीचे दी जाती हैं :

1. उत्तर प्रदेश का आर्द्र भाबर साल – हलद्वानी रामनगर तथा दूहरादून में पाए जाने वाले इस वन प्रकार में पुनरूत्पादन लाना तथा उसे स्थापित दशा में पहुंचाना दोनों कठिन हैं। इस समस्या से निबटने के लिए निम्नलिखित प्रविधि का विकास किया गया है।

शीर्ष वितान में सामान्यतया कोई पातन आवश्यक नहीं होता क्योंकि भली प्रकार विरलन किए गए सस्य में पर्याप्त छिद्र होते हैं अर्थात वितान सघनना0.5से 0.6होती है। मध्य वितान में नीची शाखाओं तथा घने पत्तों बाली प्रजातियां जैसे मैलोटस में भारी कटान किया जाता है। इसके बाद मार्च–अप्रैल में एक हल्की आग लगा दी जाती है और तत्पश्चात वनत ल को एक हल्के चेन वाले ट्रैक्टर से जोत दिया जाता है। यदि वह अच्छा बीज वर्ष न हो तो पर्याप्त बीज किसी अन्य स्थान से लाकर बो दिया जाता है। यदि वन्य पशुओं से पल्लव चारण का भय हो तो दोहरी वनपशुरोधी बाड़ लगा दी जाती है। वर्षा ऋतु में अंकुरण होने पर समुचित निराई–गुड़ाई की जाती है। अगले। अगले तीन–चार वर्ष तक निराई–गुड़ाई प्रति वर्ष दो बार–1. अप्रैल–मई तथा 2.अगस्त में की जाती है। यदि पुनरूत्पादन सम्पूर्ण क्षेत्र में भली प्रकार न आया हो तो अच्छे बीज वर्ष ये पूर्व एक बार फिर हल्की आग लगा दी जाती है और पुनरूत्पादन क्षेत्रों के उन स्थानों पर जहां पुनरूत्पादन न हो,कुछ खोद दिया जाता है। चार वर्ष के बाद वर्षा ऋतु में झाड़ी कटाई नियमित रूप से प्रतिवर्ष की जाती है। जब पर्याप्त बिजौले बड़े पत्तों बाली लचीली अवस्था में पहुंच जाते हैं तो शीर्ष वितान को दो–तीन बार में धीरे–धीरे हटाया जाता है। इस प्रकार लगभग 20वर्ष में अर्थात एक–दो वर्षपुनरूत्पादन लाने में8या9वर्ष उसे बड़े पत्ते बाली लचीली अवस्था में पहुंचाने में और 10वर्ष उसे स्थापित दशा में पहुंचाने तथा शीर्ष वितान धीरे–धीरे हटाने में पूरा क्षेत्र पुनरूत्पादित हो जाता है।

1. मध्य प्रदेश का आर्द्र प्रायःद्वीपीय साल– रायपुनर,बालाघाट,मंडला,बस्तर आदि स्थानों में मिलने वाले वन प्रकार में पुनरूत्पादन क्षेत्र का निरीक्षण कर इसका एक उपचार मानचित्र बनाया जाता है। उसे निम्नलिखित वर्गों में विभाजित किया जाता है और उसमें वहां लिखे कार्य किए जाते हैं।

वर्ग क– वे क्षेत्र जिनमें स्थापित अग्रिम पुनरूत्पादन है। ऐसे क्षेत्रों में ऊर्ध्व वितान पूरा हटा दिया जाता है। तुषार क्षेत्रों में 45सेमी से90सेमी परिधि के 60से80वृक्ष प्रति हेक्टेयर तुषार आच्छादक के रूप में रोक लिये जाते हैं।

वर्ग ख– वे क्षेत्र जिनमें स्थापित पुनरूत्पादन कम है। यह वर्ग निम्नलिखित दो उपवर्गों में विभाजित किया जाता है।

वर्ग ख 1. – इस वर्ग में पुनरूत्पादन होता है परन्तु वह सब स्थापित अवस्था में नहीं होता। इस वर्ग में यदि कहीं स्थापित पुनरूत्पादन होता है तो वहां का ऊर्ध्व वितान पूर्णतया हटा दिया जाता है और स्थापित पुनरूत्पादन को भूमितल से काट देते है। अस्थापित पुनरूत्पादन वाले स्थानों में ऊर्ध्व वितान घ श्रेणी का विरलन किया जाता है और कुछ आच्छादित तथा अधोरहित वृक्ष घास को दबाने के लिए रोक लिये जाते हैं।

वर्ग ख2.–इस वर्ग में पुनरूत्पादन या तो अनुपस्थित होता है या बहुत विरल होता है। यदि कहीं पर स्थापित पुनरूत्पादन हो तो वह काट दिया जाता है। शेष स्थानों पर ग श्रेणी का विरलन किया जाता है। यहां भी कुछ आच्छादित वृक्ष घास दबाने के लिए रोके जाते हैं।
वर्ग – इस वर्ग में वे क्षेत्र होते हैं जहां तरूण वृक्षक सस्य होता है। इन्हें भविष्य सस्य के रूप में रोक लिया जाता है। यदि विरलन की आवश्यक ता हो तो वह कर दिया जाता है।
वर्ग घ – इस वर्ग में वे क्षेत्र होते हैं जहां साल वृक्षों की ऊंचाई 15मी से कम हो तथा जहां मृदारक्षण से प्रभावित खुला वन हो। इसमें कुछ कार्य नहीं किया जाता।
वर्ग ड. – इस वर्ग में वे क्षेत्र होते हैं जहां साल न हो। यदि मांग हो तो इनमें प्रवरण पद्वति से कार्य किया जाता है।

2. बिहार का आर्द्र प्रायःद्वीपीय साल– यह वन प्रकार सिंघभूम में पाया जाता है। यहां भी प्राकृतिक पुनरूत्पादन की कोई समस्या नहीं है। अतः अग्रिम पुनरूत्पादन को काट दिया जाता है और उसके ऊपर से30से40सेमी व्यास के 8से10ध्वज वृक्ष छोड़ ऊर्ध्व वितान के सब वृक्ष हटा दिये जाते हैं परन्तु सम आयु वृक्षकों के समूह भविष्यउपज के रूप में रोक लिये जाते हैं। पातन के अगले वर्ष सहायक वनवर्धन कार्य किए जाते हैं।

कृत्रिम पुनरूत्पादन

बीज पकने का समय – पश्चिमी बंगाल में मई–जून,उत्तर प्रदेश तथा बिहार में जून और मध्य प्रदेश में मई से जुलाई।

बीज भार– 575से1000 फल प्रतिग्रम

अंकुरण प्रतिशत – 75से90

बीज सग्रह करने की विधि –मध्य आयु के स्वस्थ और अच्छी आकृति के बीज वृक्षों के नीचे भूमि साफ कर दी जाती है और उसमें प्रतिदिन गिरने बाला बीज संग्रह किया जाता है। आवश्यक ता पड़ने पर वृक्ष को हिलाकर भी पके बीज झाड़े जाते हैं। क्योंकि बीज की अंकुरण क्षमता केवल एक सप्ताह रहती है,अतः ताजे बीज ही बोए जाते हैं परन्तु यदि वर्षा के बिलम्ब के कारण बीज का कुछ दिनों भण्डारण करना पड़े तो उसे अन्धकार पूर्ण छप्पर में सीमेन्ट फर्श पर रखकर दिन में एक बार बारीक फौवारे से पानी छिड़कना चाहिए। समस्त बीजों को आर्द्रता मिलने के लिए बीज को उलटना–पुलटना भी चाहिए।

पुनरूत्पादन विधियां – साल क्षेत्र में सीधे बीज बुवाई समस्त रोपण तथा मूलमुण्ड रोपण द्वारा पुनरूत्पादित किया जा सकता है।

क्षेत्र में सीधे बीज बुवाई–साल की बीज साल की बीज बुवाई पंक्तियों में की जाती है। सामान्यतया 3मी(बंगाल में2मी)अन्तराल पर नालियां खोदकर उसमें भरी मृदा की मेंड़ों पर बीज एक या दो पंक्तियों में बोया जाता है। पश्चिमी बंगाल पूर्वी उत्तर प्रदेश तथा त्रिपुरा में बीज बुवाई टौगिया रीति से की जाती है। उत्तर प्रदेश में जब टौंगियां रीति काम में लायी जाती है तो निशेष पातन के बाद एक वर्ष तक कृषकों को कृषि उपज पैदा करने दी जाती है और दूसरे वर्ष में कृषि उपजों के साथ साल उगाया जाता है। इसके लिए 45सेमी^{2} की नालियां 3मी अन्तराल पर खोदी जाती हैं। ऋतु क्षरण के बाद मृदा नालियों में भरकर मेंड़ बना दी जाती है। इस मेंड़ पर बीज दो पंक्तियों में – पहली पंक्ति मेंड़ के शीर्ष पर और दूसरी 7से10सेमी दूरी पर कुछ नीचे,बोया जाता है। बीज लेटी हुई दशा में लगभग 2.5सेमी गहरा और 6सेमी दूरी पर बोया जाता है और मृदा से ढक दिया जाता हैं अंकुरण के बाद तीन निराई जुलाई,अगस्त तथा सितम्बर में की जाती है। निराई गुड़ई अगले दो या तीन वर्ष तक की जाती है।

रोपणी प्रविधि – प्राकृतिक पुनरूत्पादन क्षेत्रों में स्थापित पुनरूत्पादन की कमी को पूरा करने के लिए साल को रोपण द्वारा उगाने का प्रयास किया गया है। इसके लिए साल का बील रोपणी की क्यारियों में 15सेमी अन्तराल पर बनी पंक्तियों में बोया जाता है। नियमित सिंचाई से एक सप्ताह में अंकुरण हो जाता है। अंकुरण होने के 4या5दिन में बिजौले को मिटटी ह्यूमस तथा रेत को 5:2:1 के अनुपात में मिलाकर इस मिश्र से भरी पौलीथीन थैलियों में प्रतिरोपित कर दिया जाता है। विकल्प के रूप में बुवाई सीधे पौलीथीन में भी की जाती है। पौलीथीन थैलियों में पौधे 2वर्ष तक रखे जाते हैं। पौलीथीन थैलियां समय–समय पर खिसकाई जाती हैं और यदि जड़ बाहर निकले तो उसे काट देते हैं। जाड़ों में पाले से रक्षा की जाती हैं।

बंगाल के लैटराइट क्षेत्र में रोपण के लिए साल दोनों में उगाया जाात है। ये दोनों साल के पत्तों से बनाए जाते हैं और वे 6से8सेमी व्यास तथा 22–23सेमी गहरे होते हैं। तालाबों की साद,मिटटी तथा गोबर की सड़ी हुई खाद 2:4:1के अनुपात में मिलाकर इन दोनों में भर दी जाती है। इन दोनों में साल के दो बीज प्रति दाने की दर से बोए जाते हैं। नियमित सिंचाई तथा निराई करते हुए और ग्रीष्म ऋतु में छाया में रखते हुए दोनों को अगली वर्षा तक रोपणी में रखते हैं और वर्षा भली प्रकार प्रारम्भ हो जाने पर इन एक वर्षीय पौधों को रोपवन में लगा देते हैं।

यदि उददेश्य मूलमुण्ड बनाना हो तो बीज रोपणी में 25से30सेमी अन्तराल पर बनी पंक्तियों में बोया जाता है। नियमित सिंचाई तथा निराई करके पौधा रोपणी की क्यारी में एक वर्ष(या कभी–कभी दो वर्ष) रखा जाता है। जब पौधे का कालर व्यास 0.6से1.8सेमी हो जाता है तो उसे उखाड़कर प्ररोह 3सेमी और मूल25सेमी (कभी–कभी 40 सेमी) रखते हुए शेष काट दिया जाता है। इस मूलमुण्ड को सीधे रोपवन में भी लगाया जाता है और कभी–कभी पौलीथीन थैलियों में मई में लगाकर और नियमित सिचाई द्वारा अंकुरित कराकर तब पुनरूत्पादन क्षेत्र में लगाया जाता है।

उद्रोपण– पौलीथीन थैलियों में उगाए गए दो वर्षीय पौधों का उद्रोपण देहरादून वन प्रभाग में 1मी×1मी अन्तराल होता है परन्तु लैन्सडाउन वन प्रभाग(उत्तर प्रदेश) में यह कार्य 2मी×2मी अन्तराल पर होता है। जिन गडढों में उद्रोपण होता है उनका आकार भी 30सेमी से 60सेमी तक भिन्न–भिन्न होता है।

क्षतियां – साल को सूखे,तुषार तथा आग से बहुत क्षति होती है। इनके अतिरिक्त साल को कुछ कीटों से भी बहुत क्षति होती है। कुछ कीट उसकी छाल तथा काष्ठ में छिद्र बनाकर उसे सुखा देते हैं,कुछ अन्य उसके पत्ते खा डालते हैं या रस चूसते हैं। इन सब में छाल और काष्ठ छिद्रक हौप्लोसिरैम्बिक्स स्पिनीकार्निस बहुत हानिकारक है। कवक भी साल को बहुत क्षति पहुंचाते हैं क्योंकि वे उसके सार काष्ठ तथा जड़ों में विगलन पैदा कर देते हैं। बड़े पशु जैसे सुअर,बन्दर,चीतल,सांभर,नीलगाय,हाथी आदि भी उसे बहुत क्षति पहुंचाते हैं।

वृद्वि गति – साल प्राकृतिक वनों में मन्द गति से बढ़ता है। तीन मीटर ऊंचाई प्राप्त करने में उसे 30या40वर्ष लग जाते हैं। रोपवनों में साल की वृद्विगति अपेक्षाकृत तेज होती है और साल कांपिस की वृद्विगति रोपवनों में उसकी वृद्विगति रोपवनों में उसकी वृद्वि से भी तेज होती है।

उपयोग– साल का प्रकाष्ठ टिकाऊ और बलशाली होने के कारण भवन निर्माण में बहुत काम आता है। इसके अतिरिक्त वह पुलों के निर्माण में,कृषि उपकरण बनाने बैलगाड़ी के विभिन्न भाग बनाने,रेल के डिब्बे तथा समुद्री जहाज बनाने के काम भी आता है। साल प्रकाष्ठ रेलपथ स्लीपरों के रूप में बहुत काम आता है। साल वृक्षक बल्ला तथा बल्ली के रूप में काम में लाये जाते हैं और इस रूप में वे बिजली के संचरण पथों तार तथा दूरभाष के खम्बों,ढूला तथा

खानों में काम में लाये जाते हैं। साल काष्ठ उत्तम ईंधन होता है। उसकी छाल भी ईंधन के रूप में काम में लायी जाती है। तरूण वृक्षों की छाल में टैनिन मात्रा पर्याप्त होती है। लकड़ी के बुरादे तथा रेजिन के साथ मिलाकर साल की छाया से भवन पटट बनाए जा सकते हैं। साल काष्ठ से रैंपिंग कागज तथा कागज तथा लेखन कागज आदि भी बनाया जाता है। साल के पत्ते दोनों तथा पत्तलों के रूप में भी काम में लाए जाते हैं। साल वृक्ष से डमार या राल नामक लीसा भी प्राप्त होता है। कुद समय से साल के बीजों का महत्तव उनकी तेल मात्रा के कारण बहुत बढ़ गया है और इस उद्येश्य से वे संग्रह किए जाते हैं। साल बीजों में 12से19प्रतिशत वसा होती है। वसा निकालने के बाद बीज से86–87प्रतिशत साल बीज चूर्ण मिल जाता है। यह पशु चारे में 20प्रतिशत मिलाकर पशुओं को खिलाया जा सकता है और उर्वरक के रूप में भी काम में लाया जा सकता है क्योंकि इसके नाइट्रोजन मात्रा 1.54प्रतिशत होती है जबकि गोबर की खाद में वह 0.6प्रतिशत ही होती है।

➢ शीशम (Dalbergia sissoo)

वितरण– शीशम अधोहिमालय प्रदेश में जम्मु से असम तक पाया जाता है। हिमालय की घाटियों में यह सामान्यतया 900मी तुंगता तक होता है परन्तु कभी–कभी 1500मी तुंगता तक भी पाया जाता है। मैदानों में यह जलौढ़ मृदाओं में प्राकृतिक रूप से उगता है। अपनी व्यापक अनुकूलन–शीलता तथा उपयोगिता के कारण अब यह भारत के अनेक भागों के उष्णदेशीय पतझड़ी वनों,कन्दरायुक्त भूमियों या अन्य प्रकार की निम्नीकृत मृदाओं के वनीकरण के लिए उपयोग में लाया जा रहा है।

जलवायु– इसके प्राकृतवास में अधिकतम ताप 39ह से0से49ह से0 तक तथा न्यूनतम ताप–4ह से0 से 6ह से0 तक रहता है और वार्षिक वर्षा 790मिमी से 4580मिमी तक होता है।

मृदा– शीशम अच्छे जल निकास बाली बलुई दुमट को पसन्द करता है। यह नदी के किनारे तथा उसके द्वीपों की पूर्णतया अनुर्वर जलौढ़ मृदाओं में अपने आप सामूहिक रूप से हो जाता है। परन्तु दृढ़ मृत्तिका मृदा उसके लिए उपयुक्त नहीं है। यदि मृत्तिका मृदा,मृत्तिका दुमट या ऊँचे जल–तल बाली मृदाओं में यह उगाया जाए तो उसे फयूजेरियम सोलनी कवक द्वारा म्लानि रोग(पसज कपेमेंम) हो जाता है। इसलिए शीशम के उगाने के लिए उपयुक्त स्थान का चयन बहुत महत्तवपूर्ण है।

वनवर्धनीय अभिलक्षण– शीशम तीव्र प्रकाशापेक्षी है। उसे प्रारम्भिक अवस्थाओं से ही ऊपर से पूरा प्रकाश चाहिए। प्रारम्भिक अवस्था से ही यह निश्चित रूप से तुषार–रोधी है। बिजौले तो सूखे से मर जाते हैं परन्तु वृक्ष अवस्था में यह सूखारोधी है। यह ओजपूर्वक कॉपिस देता है और मुक्त रूप से मूल प्ररोह पैदा करता है। यह आगरोधी नहीं है परन्तु कॉपिस तथा मूल प्ररोह देने की क्षमता से यह क्षति से बच जाता है।

प्राकृतिक पुनरूत्पादन– शीशम प्रतिवर्ष प्रचुर मात्रा में बीज पैदा करता है और वायु द्वारा विकीरत होकर बीज वृक्षों से काफी दूर तक फैल जाता है। वर्षा प्रारम्भ होते ही यह बीज अंकुरित होता है परन्तु उसकी उत्तर–जीविता बिजौले मर जाते हैं। शेष में से अधिकांश स्थान दशाओं पर निर्भर करती है। वृक्षों,झाड़ियों तथा घनी घास की छाया में अधिकांश सूखा,खरपतवार,आग और चराई से नष्ट हो जाते हैं। इस प्रकार शीशम का प्राकृतिक पुनरूत्पादन सीमित स्थानों में अनुकूल परिस्थितियों में होता है।

कृत्रिम पुनरूत्पादन

बीज पकने का समय– शीशम का बीज नवम्बर से पकने लगता है और इस कारण नवम्बर से मार्च तक संग्रह किया जा सकता है।

बीज भार– यन्ही 53000बीज प्रति किग्र। डेढ़ किलोग्रम फली से 1किग्र बीज मिलता है। एक वृक्ष में साफ बीज से तात्पर्य फली के छिलके सहित बीज से है।

अंकुरण प्रतिशत– 90से100%

बीज संग्रह करने की विधि– बीज संग्रह करने के लिए बीज वृक्षों के नीचे भूमि को साफ करके वृक्षों की शाखाओं पर डण्डा मारकर फलियां झाड़ ली जाती हैं और भूमि से वे संग्रह कर ली जाती है। इसके बाद फलियों को तीन–चार दिन तक धूप में भली प्रकार सुखाया जाता है और पत्तों तथा शाखाओं के टुकड़े बीन लिये जाते हैं। भली प्रकार सुखाया बीज बोरियों में रख लिया जाता है। बोने से पूर्व बीज को पीटने से उसके ऐसे दो–तीन टुकड़े हो जाते हैं जिनमें एक–एक बीज हो और यही टुकड़े छिलके सहित बो दिए जाते हैं।

पुनरूत्पादन विधियां– शीशम क्षेत्र में सीधे बीज बुवाई समस्त रोपण मूलमुण्ड रोपण मूलकलम रोपण तथा शाखा कलम रोपण द्वारा पुनरूत्पादित किया जा सकता है। प्रथम तीन रीतियों के एक तुलानात्मक अध्ययन में वन अनुसंधान संस्थान देहरादून ने मूलमुण्ड रोपण को सफलता तथा पौध ऊँचाई की दृष्टि से सबसे श्रेष्ठ पाया है।

क्षेत्र में सीधे बीज बुवाई– शीशम के कृत्रिम पुनरूत्पादन के लिए सीधे बीज बुवाई सबसे सरल तथा सफल रीति है। इसके लिए 3से5मी अन्तराल पर नालियां खोदी जाती हैं। नालियों का आकार और उनमें खुदी हुई मिटटी भरने की रीति वर्षा पर निर्भर करती है। यदि वर्षा सामान्य रूप से पर्याप्त हो तो नालियां 30सेमी^{2} आकार की हो सकती हैं और खुदी हुई मिटटी ऋतुरक्षण के बाद उनमें पूरी भरकर मेंड़ों के रूप में बना दी जाती हैं और उन पर बीज बो दिया जाता है। यदि वर्षा अनिश्चित हो तो नालियों के आकार 45सेमी चौड़ा तथा 30सेमी गहरा रखा जाता है और खुदी हुई मिटटी नालों में आड़े ढंग से आधे भाग में भरी जाती हैं तथा शेष मेंड़ के रूप में बना दी जाती है। समतल भूमियों में सीधे बुवाई टौंगिया रीति से भी की जा सकती है। जहां ट्रैक्टर उपलब्ध हों वहां पूरे क्षेत्र में जुताई करके नियत अन्तराल पर मेंड़ें बना दी जाती हैं। यदि भूमि ढालदार हो या कन्दरायुक्त हो तो नालियां कन्टूर पर खोदी जाती हैं। ऐसी दशा में नालियां60सेमी चौड़ी तथा 45सेमी गहरी बनाई जाती हैं। खुदी मिटटी कभी तो आड़ी दशा मे आधी भरी जाती है और शेष से मेंड़ बना दी जाती है और कभी नाली को खाली छोड़ पूरी मिटटी नीचे की ओर मेंड़ के रूप में जमा कर दी जाती हैं। पंक्ति बुवाई में एक किग्र शीशम बीज 120से140मी लम्बाई के लिए पर्याप्त होता है।

रोपणी प्रविधि– रोपण सामग्री के लिए बीज रोपणी 12मी×1.2मी आकार की क्यारियों में बोया जाता है। क्यारियों का तल अधिक वर्षा,सामान्य वर्षा तथा कम वर्षा बाले क्षेत्रों में भूमितल से कमशः ऊंचा उसके समान तल पर या कुछ नीचे होता है। क्यारियों में बीज खांचों में बोया जाता है। यदि पौध उसी वर्ष के लिए चाहिए तो खांचों का अन्तराल 15सेमी रखा जाता है अन्यथा वह 23से 30सेमी रखा जाता है। क्यारियों में बीज बुवाई फरवरी के मध्य से जून तक की जा सकती है। यदि पौधे उसी वर्ष चाहिए तो फरवरी–मार्च में बुवाई कर नियमित सिंचाई तथा निराई करके पौधे जुलाई तक रोपण योग्य बनाए जा सकते हैं। यदि पौधे बड़े चाहिए तो मार्च में बुवाई कर जुलाई में अन्य क्यारियों में प्रतिरोपित करके अगली वर्षा में पौधे उद्रोपण योग्य हो जाते हैं। यदि मार्गों के किनारे वृक्षावलियों के लिए और बड़े पौधे चाहिए तो उन्हें एक बार फिर प्रतिरोपित करना पड़ता है। बुवाई की इष्टतम गहराई 1.5सेमी तक होती है। बुवाई के बाद वर्षा ऋतु प्रारम्भ होने तक नियमित रूप से सिंचाई की जाती है। उत्तरी भारत में अंकुरण पूर्ण होने तक प्रति सप्ताह दो बार सिंचाई की आवश्यकता होती है। उसके बाद पौध के 10सेमी ऊंचा होने तक सप्ताह में एक बार और उसके बाद वर्षा प्रारम्भ होने तक

पन्द्रह दिन में एक बार सिंचाई करना आवश्यक होता है। वर्षा ऋतु में निराई नियमित रूप से की जाती है।

समस्त रोपण के लिए पौध की तैयारी– श्रम और व्यय दोनों अधिक होने के कारण समस्त रोपण केवल मार्गों के किनारे वृक्षावलियों या घास भूमि के वनीकरण के लिए ही किया जाता है। इसके लिए 15सेमी अन्तराल पर बने खांचों में मार्च में बोये बीज के पौधों को पहली वर्षा में 15×15सेमी अन्तराल और अगले वर्ष 25सेमी×25सेमी अन्तराल पर प्रतिरोपित करते हैं। तीसरे वर्ष पौधों के 2.5मी या अधिक बड़े होने पर उनका सपिण्ड रोपण कर दिया जाता है।

राजस्थान,हरियाणा तथा पंजाब की सूखा–सम्भाव्य मरूभूमि में समस्त रोपण के लिए रोपण ईंटों का प्रयोग किया जाात है। रोपण ईंटें बराबर भागों में मृत्तिका,खाद तथा स्थानीय मृदा मिलाकर रूण्डित पिरामिड आकृति की बनाई जाती है। इन ईंटों का आधार 20से22सेमी शीर्ष 10से15सेमी तथा ऊंचाई 30सेमी होती है। ईंटों के ऊपरी भाग में 4से5सेमी व्यास का तथा 10से15सेमी गहरा छेद होता है। इन ईंटों को छाया में सुखाकर,उनके छिद्र में कुछ मिटटी भरकर कुछ मृदासहित एक नव अंकुरित पौधा लगा दिया जाात है। पौधा ईंट में एक वर्ष रहता है और उसकी नियमित सिंचाई की जाती है। एक वर्ष बाद वर्षा ऋतु में उसे ईंट सहित उद्रोपित कर देते हैं।

मूलमुण्डों का आकार– मूलमुण्ड बनाने के लिए पहली वर्षा में ही पौधों को 30सेमी×25सेमी अन्तराल पर प्रतिरोपित कर देते हैं और दूसरी वर्षा में अपेक्षित कालर व्यास के पौधे निकालकर मूलमुण्ड बनाए जाते हैं। शीशम के मूलमुण्ड में प्ररोह 1सेमी से2.5सेमी,मूल 25सेमी तथा कालर व्यास 2सेमी होना चाहिए। यद्यपि कम कालर व्यास के मूलमुण्ड सफल नहीं होते हैं तथापि कालर व्यास जितना अधिक हो उतना अच्छा होता है। रेतीली मृदाओं में जड़ का भाग बढ़ा दिया जाता है।

उद्रोपण– शीशम का समस्त रोपण 30×30सेमी आकार के 3मी अन्तराल पर बने गडढ़ों में किया जाता है। सिंचित रोपवनों में मूलमुण्ड 3मी×1.8मी अन्तराल पर भी लगाए जाते हैं। उद्रोपण वर्षा पूरी तरह प्रारम्भ होने के बाद किया जाता है।

क्षतियां– शीशम के पौधों की कई कीट तथा कवक क्षति पहुंचाते हैं। प्लैकौप्टेरा रिफलैक्सा शीशम का पर्ण नाशक है और डाइकोमेरिस पत्तों को लपेटता है। इनके आकमण से वृद्वि में 25 प्रतिशत तक क्षति हो सकती है और तरूण पौधे बहुधा मर जाते हैं। इनसे बचाव के लिए 0.1प्रतिशत फेनीट्रोथियौन या कारबेरिल का छिड़काव करना चाहिए। फयूजेरियम सोलनी नामक कवक शीशम में म्लानिरोग पैदा कर देता है। पौलीपोरस गिलुअस नामक एक अन्य कवक भी शीशम को बहुत क्षति पहुंचाता है।

वृद्विगति–शीशम की वृद्वि सस्य के प्रकार तथा स्थानीय दशाओं के अनुसार भिन्न–भिन्न होती है। औसत रूप में यह सामान्य रूप से तेज होती है। पहले वर्ष के अंत तक यह 1.2से1.8मी और दूसरे वर्ष के अन्त तक 3से3.7मी ऊंचाई तक प्राप्त कर लेता है।

1 तेज वायु से वृक्षों का शाखाएं एवं तना टूट जाते हैं तथा कई बार वृक्ष जडों से उखड़ जाते हैं।

2 तेज वायु से फूल व फल नष्ट हो जाते हैं। जिससे पुनर्उत्पादन पर बुरा प्रभाव पड़ता है

3 समुद्र तटीय क्षेत्रें में तेज़ हवा रेत के कणों को अपने साथ उड़ा ले जाकर बिजौलों या छोटे वृक्षों को मार देती है ।

4 वायु के दबाब के कारण पर्वतों की चोटियों में वृक्षों की ऊंचाई कम हो जाती हैं तथा तना अण्डाकार हो जाता है।

5 तेज हवा से वृक्षों का तना अण्डाकार हो जाता है तथा झुक भी जाता है। वायु आग की क्षति को भी बढ़ाती हैं।

6 तेज वायु से पत्ते इत्यादि उड़कर के ह्यूमस स्त्रेंत को कम करते हैं।

क्षतियों से बचाव के उपाय :–

1 तेज वायु के प्रभाव से बचने के लिए गहरी जड़ों वाली प्रजातियां लगानी चाहिए तथा वायुक्षरण को रोकने के लिए रक्षिपट्टियां लगानी (Shelter belts) चाहिए।

2 रोपवनों या उद्यानों को तेज हवा से बवाने के लिए वायुरोधक (Wind breaks) Shelter इमसजे वृक्षों व झाड़ियों का पट्टी लगानी चाहिए। जिससे तेज हवा का रोपवनों पर होने वाला प्रभाव घटता है। रोपणी आदि की हवा से सुरक्षा के लिए जीवित बाड़ लगानी चाहिए।

3 तेज हवा वाले क्षेत्रें में यथा सम्भव प्रवरण पद्धति काम में लानी चाहिए। यदि रक्षिवितान पद्धति काम में लानी हो तो कूट की ओर अधिक बीज वृक्ष छोड़ने चाहिए क्योंकि यदि कुछ वृक्ष टूट भी जाएं तब भी पुनर्उत्पादन प्रभावित न हो।

8.1.5 पशुओं से होने वाली क्षति :–

समुदाय के वनों को सबसे अधिक क्षति पशुओं से होती है। वनों को क्षति पहुंचाने वाले पशु दो प्रमुख वर्गो में विभाजित किये जा सकते हैं।

1 पालतू पशु

2 वन्य पशु

पालतू पशु :– पालतू पशुओं में गाय, बैल, भैंस, भेड़–बकरी, घोड़े, गधे, ऊंट, हाथी आदि आते हैं। जिस परिवार के पास इनकी संख्या अधिक होती हैं वह उतना ही सम्पन्न माना जाता है। भारत वर्ष में यह संख्या बहुत अधिक है। तथा यह वनों को बहुत नुकसान पहुंचाते हैं। यह माना जाता है कि वन में चरने वाले पशुओं की संख्या इससे भी अधिक है। वन में चरने वाले पालतू पशु निम्नलिखि दो आधारों पर वर्गीकृत किये जा सकते हैंः

1 वन में रहने की अवधि के आधार पर :– इस आधार पर वह पशु आते हैं जो केवल दिन को ही जंगल में चरने के लिए छोड़े जाते हैं तथा शाम को घर आ जाते हैं। दूसरी श्रेणी में वह पशु आते हैं जो रात–दिन जंगलों में रहते हैं। ऐसे पशुओं में गुजरों की भैंसें, भेड़–बकरी, पालको तथा कभी–कभी गांव वालों के कुछ पशु भी आते हैं।

2 भोजन के आधार पर :– भोजन के आधार पर पालतू पशु दो श्रेणियों में बांटे जा सकते हैं। प्रथम में वह पशु आते हैं जो सामान्यता घास चरते हैं जैसे गाय, बैल, आदि। दूसरी श्रेणी के

पशु सामान्यता पल्लव चारण करते हैं जैसे भेड़–बकरी, हाथी आदि। घास चरने वाले पशुओं से क्षति :– घास चरने वाले पशु वनों में चराई करते हैं। हल्की नियमित चराई तो वनों के लिए अच्छी होती है लेकिन भारी अनियन्त्रित चराई से निम्न क्षतियां होती हैं–

1 बिजौलौ का नष्ट होना।
2 मिट्टी का कमज़ोर होना।
3 पानी का Run off बढ़ना
4 पोषक तथा स्वादिष्ट घास नष्ट होना।
5 घटिया प्रजातियों का बढ़ना।

उपाय :– इस बारे में निम्न उपाय करने चाहिए :

1 अधिक पशु रखने के विरूद्ध जनमत जागृत करना ।
2 वनों का कार्यात्मक वर्गाकरण।
3 चराई का विनियमन।
4 अतिरिक्त पशुओं पर भारी शुल्क।
5 वनों के बाहर सामाजिक वानिकी परियोजनाएं चलाना।
6 वनों में व घासनियों में अच्छे चारे वाली घास का उत्पादन करना।
7 समुदाय के सदस्यों को अधिक उत्पादन वाले पशुओं को घर में बांधकर पालने के लिए प्रोत्साहित करना।

वन्य पशु :– वन्य पशु प्रकृति के उतने ही घटक या भाग हैं जितने वृक्ष या अन्य वनस्पति। प्रकृति अपने विभिन्न घटकों में संतुलन बनाए रखती है और इस प्रकार प्रत्येक घटक दूसरे घटकों को हानि पहुंचाए बिना फलता–फूलता रहता है। वनों को वन्य पशुओं से होने वाली क्षति पशु प्रजाति तथा वन की व्यवस्था पर निर्भर करती है। कुछ पशु केवल तोड़–मोड़ करते हैं,कुछ पशु पत्ते चरते हैं, कुछ फल–फूल नष्ट करते हैं या पौधों की जड़ काटकर या मूल संधि के पास घिरान करके मार देते है। वनों को हाथी, सुअर, चीतल, साम्भर, नीलगाय, भालू, बन्दर, चूहा, सैई, खरगोश, पक्षी आदि नुकसान पहुंचाते हैं। इनसे बचाने के लिए चारों ओर तार बाड़ आदि जगा देनी चाहिए। सैई आदि को मारने के लिए धुआं उनके बिलों में करके बिल बन्द कर देना चाहिए तथा चूहों को दवाई आदि डालनी चाहिए। पक्षियों को ढोल आदि बजाकर उड़ा देना चाहिए तथा पौधशालाओं को ढककर रखना चाहिए।

8.1.6 कीटों से होने वाली क्षति

मनुष्य और पशुओं के बाद कीट भी वन को क्षति पहुंचाते हैं। प्रत्येक वन में कीट रहते हैं तथा यह पौधों को अलग–अलग किस्म से नुकसान पहुंचाते रहते हैं इनसे अधिक प्रकोप हो जाने पर विशेषज्ञों से सलाह लेनी चाहिए।

इन कीटों से होने वाली क्षति तथा उसके रक्षण के उपायों का वर्णन करने से पूर्व क्षति के निवारक उपायों का वर्णन करना बहुत अनिर्वाय है।

1 वन वर्धनीय उपाय :– वन वर्धनीय उपायों से तात्पर्य उन वर्धनीय प्रयोगो से है जिनमें कीटों के नुकसान को, सहने की सीमा के अन्दर रखा जाता है। इन उपायों में सबसे महत्वपर्ण सस्य संरचना है। वन चाहे कुदरती हो या मानव निर्मित उसमें उपस्थित प्रजातियां कीटों को भोजन देती हैं। अतः सस्य की संरचना ऐसी होनी चाहिए जिसमें क्षति कारक कीटों को कम से कम भोजन मिले। उनका नाश करने वाले जीवों तथा पक्षियों को अनुकूल आश्रय और भोजन प्रचुर मात्र में मिले।

2 जैव उपाय :– जैव उपाय उन उपायों को कहते हैं जिनमें कीटों का उनके प्राकृतिक शत्रुओं द्वारा नियन्त्रित किया जाता है। इसके लिए कुछ जीव पाले जाते हैं। हानिकारक कीटों की संख्या नियन्त्रित करने के लिए वन में उन्हें खानेवाले अनेको कीट या जव छोड़े जाते हैं। इन उपायों में सस्य संरचना में बदलाव भी सम्मिलित होता है।

3 यांत्रिक उपाय :– यांत्रिक उपाय उन उपायों को कहते हैं जिनमें कीटों को हाथ से या अन्य किसी विधि से एकत्र कर नष्ट करते हैं या उनके फैलने या अण्डा देने में बाधा डालते हैं।

4 रासायनिक उपाय :– रासायनिक उपाय उन उपायों को कहते हैं जिसमें किसी रासायन का प्रयोग करके कीटों को मारा जाता है।

8.1.7 फफूंदी एवं अन्स सूक्ष्म जीवों से होने वाली क्षतिः–

जिस प्रकार से मनुष्य के शरीर में अनेक प्रकार के जीवाणु होते हैं और उसके दुर्बल होते ही उसमें कई रोग उत्पन्न कर देते हैं। उसी प्रकार वृक्षों एवं वातावरण में अनेक परजीवी होते हैं और वृद्धि के किसी प्रतिकूल कारक के परिणामस्वरूप जब वृक्ष कमज़ोंर हो जाता है तो वह परजीवी रोगााणु बन जाते हैं। जिस कारण कई रोग उत्पन्न हो जाते हैं।

अतिमृत्यु :– ये लक्षण अन्त में पूरे वृक्ष के मरने से सम्बन्धित होते हैं। यह निम्नलिखित वर्गो में बांटे जा सकते हैं।

1 म्लान (पसज) :– पत्तों के मुरझाने और अन्त में वृक्ष के मर जाने को म्लान कहते हैं। यदि यह किसी सूक्ष्म जीव या फफूंदी द्वारा संकमित हो तो इसे रोग जनीय म्लान कहते हैं। रोग जनीय म्लान फफूंदी के कारण बिजौलौं के नीचे के भाग के सड़ जाने से होता है और तब बिजौले भूमि पर गिर जाते हैं।

2 कैंकर :– छाल तथा काष्ठ स्तर के सीमित स्थानों पर कोशिका समुह के मरने को कैंकर कहते हैं। प्राकृति इसका उपचार करने के लिए कैलस बनाती है। इससे कैंकर की वृद्धि कम हो जाती है।

3 अपक्षय या सड़ना–गलना :–कवक या फफूंदी द्वारा काष्ठ के अपघटन को अपक्षय कहते हैं। जब अपक्षय जीवित काष्ठ में होता है तो वृक्ष मर सकते हैं।

4 अतिवृद्धिता लक्षण :– जब कतिपय कारणों से कोशिका विभाजन कम हो जाता है तो वृद्धि कम हो जाती है। उदाहरण के लिए पादप का बौना रह जाना। जब अवृद्धि लक्षण परण हरित तंत्र में होता है तो यह लक्षण क्लोरोसिस कहलाता है।

महत्वपूर्ण प्रजातियों में होने वाले सामान्य रोगः–

साल :– साल वृक्षों में जड़ों में पौलीपोरस शोरियाई नामक फफूंदी से जड़े सड़ जाती हैं तो वृक्ष मर जाता है। यह रोग आर्द्र वनों में अधिक होता है। फोमस कैरियोकिली नामक फफूंदी साल में गौज पैदा करता है। इससे साल वृक्षों का सारा काष्ठ सड़ जाता है। टूटी हुई शाखाओं की उपस्थिति तथा तनें पर आंखों जैसे चिन्ह इस रोग के लक्षण हैं। साल में क्षर काष्ठ के अपक्षय को बचाने के लिए वृक्षों में आग पाले या पातन से होने वाले घाव नहीं होने देना चाहिए। पाले की क्षति बचाने के लिए रक्षिवितान पद्धति काम में लाई जाती है।

खैर :– खैर रोपवनों में गैनोडरमा ल्यूसीडम नामक फफूंदी प्रथम वर्ष में लगभग 45% ठूंठों की मृत्यु करता है। नये बाल वृक्षों या वृक्षकों में रोग संकमण उस क्षेत्र का पुरानी जड़ों से होता है। इस रोग की रोकथाम रोपवन लगाने से पूर्व पुरानी जड़ों को खुदबाने से होती है।

शीशम :– शीशम के वृक्षों में म्लान रोग फ्युडोरियम सोलेनी नामक फफूंदी से और जड़ों में अपक्षय रोग गैनोडरमा ल्यूसीडम नामक फफूंदी से होता है।

सागौन :–सागौन के बिजौलौं तथा पुराने प्रतिरोपित पौधों में स्पडोसोमोनस नामक फफूंदी म्लान रोग पैदा करता है। पौधों का उमदजंइवसपेउ कम हो जाता है तथा पौधें मर जाते हैं। रोग संकमण जड़ो से होता है। अतः निराई तथा सफाई सावधानी से करनी चाहिए।

देवदार :– फोमस एनोसस नामक फफूंदी तरूण देवदार वृक्षों को बहुत मारता है। यह फफूंदी मरी हुई जड़ों में रहती है और वहां से नये वृक्षों में आकमण करती है। इस फफूंदी को दूर करने के लिए पश्चिमी देशों में पेनियोकोरा जाईजोन्टिया नामक फफूंद का ठूठों में प्रवेश कराया जाता है।


चीड़ :– त्रेनार्शियम हिमालयेन्स नाम फफूंदी तरूण चीड़ वृक्षों में बहुत मृत्यु करता है।

कैल :– फोमस दिन्नी नामक फफूंदी कैल वृक्षों के साराकाष्ठ में सड़न पैदा करता है। यह फफूंदी तने के घावों से आकमण करता है। अतः कैल के वृक्षों की शाखा तराशी न करने से इसकी क्षति से बचाव हो जाता है।

युकेलिप्टस :– युकेलिप्टस प्रजाति के वृक्षों की कोयरटिसियमे सालमों–नीकलरऔर सिलेण्डरो कलेडियम नामक फफूंदी से बहुत मृत्यु होती है। गोनोडरमा ल्युसीडम जड़ों में सड़न पैदा करके वृक्षों को हवा से उखाड़ने में सहायक होता है।

8.1.8 वनों में आग की किस्में, उनके कारण व बचाव (Type of Forest Fire, Its Causes and Protection)

आग :– समुदाय द्वारा होने वाले नुकसानों में वनों की आग सबसे महत्वपूर्ण हैं क्योंकि इससे लाखों एकड़ वन प्रभावित होते हैं। प्राकृतिक कारकों (जैस बिजली, पत्थर आदि) से लगी आग को छोड़कर जंगल में लगी 95 प्रतिशत आग से समुदाय का संबन्ध रहता है।



वनों में लगने वाली आग दो प्रकार की होती है।

1. धरा अग्नि
2. छत्र अग्नि

1. धरा अग्नि – धरा अग्नि मुख्यतः निम्न उपभागों में बाँटी जा सकती है:–

अ) क्रीपिंग फायर –

ऐसी आग जो बिना लौ के वनों में धीरे–धीरे फैलती है, उसे क्रीपिंग फायर कहा जाता है। यह आग रात्रि में उन वनक्षेत्रों में लगती है जहां भूतल पर वनस्पति ना होकर केवल बड़े वृक्षों की पत्तियां ही पड़ी होती हैं और हवा की गति एवं दिशा के साथ रेंगती हुई चलती है।



ब) भूतल अग्नि – *भूतल अग्नि उस आग को कहते है जो भूमि तल पर पड़े कार्बनिक पदार्थ एवं उसके नीचे की मृदा को भी जला देती है। यह आग वनों में बिखरे ह्यूमस में सुलगी रहती है। इसमें लपटें नहीं उठती हैं। यह घास वनों एवं अधिक ऊँचाई वाले वनक्षेत्रें में लगती है।*

स) तल अग्नि – तल अग्नि वनों की उस आग को कहते हैं जिसमें भूमि आवरण पर पाई जाने वाली निम्न रोह (Under Growth) वनस्पति एवं अन्य पौधे जल जाते हैं। सारांश में, तल अग्नि = रेंगती अग्नि + भूतल अग्नि

2. छत्र अग्नि (Crown Fire)

छत्र अग्नि उस अग्नि को कहते हैं जो वृक्षों के छत्र में लगती है और पत्तियों एवं शाखाओं को जला देती है। इस प्रकार की आग अधिकांशतः पर्वतीय क्षेत्र में पाइन, देवदार फर एवं स्प्रूस के वनों में लगती है, क्य ोंकि इनकी पत्तियों में ज्वलनशील पदार्थ होता है।



8.1. वनों में अग्नि लगने के कारण

वनों में अग्नि प्रकरण घटित होने के मुख्य रूप से निम्न दो कारण होते हैं :–

1. प्राकृतिक
2. मानवीय

प्राकृतिक :– वनों में अग्नि घटनाओं का केवल 5 प्रतिशत ही प्राकृतिक कारणों पर निर्भर है। प्राकृतिक रूप से अग्नि लगने के निम्न कारण हैं :–

अ) बिजली गिरने से

ब) ढलान पर पत्थरों के लुढ़कने से आपस में टकराहट से चिंगारी पैदा होने के कारण

स) सूखे बांसों के आपस में रगड़ से उत्पन्न चिंगारी के कारण

द) वनक्षेत्रों में चलते समय बैलगाड़ी के चक्कों पर चढ़े हुये लोहे के पाँत पत्थरों से टकराने से चिंगारी उत्पन्न होती है, जो वनक्षेत्रों में पड़े सूखे पत्ते से मिलकर अग्नि का रूप धारण कर लेती है।

मानवीय :– वनों में घटने वाली लगभग 95 प्रतिशत अग्नि घटनाएं मनुष्य के कारण होती हैं। मनुष्य द्वारा आग लगने के निम्न कारण हैं :–

अ) लापरवाही

ब) जानबूझकर आग लगाना

अ) लापरवाही – से आग लगने के मुख्यतः निम्न कारण हैं :–

- ❖ यात्रियों एवं गाड़ीवान द्वारा खाना पकाने के बाद वनक्षेत्रों में जलती आग छोड़ देना
- ❖ श्रमिक कैम्पों में खाना पकाने के बाद जलती आग छोड़ने के कारण
- ❖ जनता द्वारा बीड़ी, सिगरेट पीकर बिना बुझे टुकड़े या जलती तीलियां फैंकने से
- ❖ चोरी से शहद एकत्रित करते समय वनक्षेत्र में आग छोड़कर बाहर निकलने पर
- ❖ रात्रि के समय प्रकाश हेतु अथवा जानवरों के डर से राहगीरों द्वारा जलती लकड़ी/बांस के टुकड़ों को वनों में फैंक देने के कारण
- ❖ सूखी टहनियों के बिजली के तार पर गिरने से
- ❖ वनों से लगे कृषि प्रक्षेत्र में अप्रैल/मई के माह में आग लगाकर छोड़ देने से अग्नि वनक्षेत्रेा की ओर फैल जाती है।
- ❖ वन विभाग द्वारा फायर लाईन जलाते समय श्रमिकों की असावधानी के कारण भी आग फैल जाती है।

ब) जानबूझकर आग लगाना

- ❖ लघुवनोपज, महुआ, हड्डी, चमड़ा एवं सींग एकत्रित करने वाले, घास में आग लगाकर इन चीजों को खोजते हैं, जिससे आग फैलकर अन्य वनक्षेत्रें में भी पहुंच जाती है।
- ❖ ग्रीष्म ऋतु में सूखी घास को जलाने से पुनः शीघ्र हरी नई कोंपल आ जाती है, जिसे पशुओं को खिलाने हेतु ग्रामीणजन वनों में आग लगाते हैं, जो दावाग्नि का रूप धारण कर लेती है।
- ❖ घायल वन्यप्राणियों को फंदा लगाकर पकड़ने हेतु भी ग्रामीणों द्वारा वनों में आग लगाई जाती है।
- ❖ वनों के समीप बसे हिंसक वन्यप्राणियों को भगाने के लिये आग लगाई जाती है, जो बाद में वन अग्नि के रूप में फैल जाती है।
- ❖ किसी वन अधिकारी से दुश्मनी होने पर उसके प्रभाराधीन रोपण क्षेत्र या वनक्षेत्रें में ग्रामीणों द्वारा जानबूझकर भी आग लगाई जाती है।
- ❖ अवैध कटाई किये गये वृक्षों के ठूँठों को छुपाने के लिये विभागीय एवं गैर विभागीय लोगों द्वारा भी आग लगाई जाती है, जो वन अग्नि में परिवर्तित हो जाती है।

8.1.8.2 वन अग्नि से होने वाले नुकसान

वृक्षों को क्षतिः–

क) छाल की बनावट के आधार पर हानि की तीव्रता :–

जिन वृक्षों की छाल पतली होती है उन वृक्षों पर अग्नि से बहुत क्षति होती है, क्योंकि कोशिकाएं छाल पतली होने के कारण झुलसकर मर जाती हैं। परिणामतः वृक्ष सूख जाता है या बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो जाता है। उदाहरण स्वरूप सागौन, मोयन, आंवला आदि। परंतु जिन वृक्षों की छाल मोटी होती है उन्हें वन अग्नि से तुलनात्मक रूप से कम क्षति होती है, जैसे साल, सायरस, आदि।

ख) वृक्ष की आयु के आधार पर हानि की तीव्रता :–

अधिक आयु के वृक्षों को कम आयु के वृक्षों की अपेक्षाकृत कम हानि होती है।

ग) वृक्ष की गोलाई के आधार पर होने वाली हानि की तीव्रता :–

अधिक गोलाई के वृक्षों की तुलना में कम गोलाई के वृक्ष को वन अग्नि से अधिक नुकसान होता है।

घ) वृक्षों की ऊंचाई के आधार पर होने वाली हानि की तीव्रता :–

अधिक ऊँचाई के वृक्षों की तुलना में कम ऊँचाई वाले वृक्षों को अधिक हानि होती है एवं उनकी जड़ें भी जल जाती हैं।

ड) खोखलेपन के आधार पर हानि की तीव्रता :–

खोखले वृक्ष आंशिक रूप से सूखे होने के कारण वन अग्नि से हरे वृक्षों की तुलना में शीघ्र जलते हैं।

पुनरूत्पादन को हानिः–

वन अग्नि से एक वर्ष से कम आयु के पुनरूत्पादन को अत्यधिक क्षति होती है। वनों में चाहे प्राकृतिक पुनरूत्पादन हो अथवा कृत्रिम पुनरूत्पादन वे दोनों ही स्थिति में जलकर लगभग पूर्णतः नष्ट हो जाता है। बीज उत्पादित पुनरूत्पादन शत–प्रतिशत प्रभावित होता है। कॉपिस से प्राप्त पुनरूत्पादन अग्नि से प्रभावित होने पर अगले वर्ष पुनः कॉपिस देकर पुनरूत्पादित अवश्य होते हैं, परंतु वे प्रथम वर्ष के कॉपिस की तुलना में उतने सशक्त नहीं होते हैं। बार–बार आग लगने के कारण कॉपिस देने वाले वृक्ष प्रजातियों की कॉपिसिंग क्षमता उत्तरोत्तर कम होती जाती है और अंत में ठूँठ की जीवित कोशिकाएं जलकर पूर्ण रूप से मर जाती हैं,

जिससे ठूँठ मृत हो जाता है। कॉपिस की आयु अधिक होने पर क्षति कम होती है। कृत्रिम पुनरूत्पादन में भूमि से लेकर नर्सरी में पौधा तैयार करने में, रोकने एवं सुरक्षा आदि कार्यों पर व्यय की गई धनराशि का अपव्यय हो जाता है।

भूमि को होने वाली हानिः–

वनों में बार–बार आग लगने के कारण बड़े वृक्षों के अतिरिक्त भूतल पर स्थित समस्त वनस्पतियां जल जाती हैं। अतः वानस्पतिक भू–आवरण पूर्णतः नष्ट हो जाता है, जिससे सूर्य, वर्षा एवं तेज हवा का प्रकोप वन भूमि को बार–बार सहना पड़ता है जिसके कारण भूक्षरण प्रारंभ होता है जिससे उपरी सतह पर पाये जाने वाली लीफ लिटर हयूमस खाद के रूप में उपलब्ध कार्बनिक पदार्थ एवं नाइट्रोजन युक्त लवण जलकर पानी के तेज बहाव के साथ बहकर भूमि की उर्वरा शक्ति नष्ट कर देते हैं जिससे भूमि कठोर हो जाती है, जिसके कारण जल अपवाह बढ़ जाता है और मृदा की पानी सोखने की क्षमता कम होने से मिट्टी सूखी निर्जीव एवं वनस्पति उगने के अयोग्य हो जाती है।

वनों की उत्पादन क्षमता को नुकसान एंव राजस्व की हानिः–

बार–बार वनों में आग लगने के कारण वनों की उत्पादन क्षमता में कमी आती है जिसके कारण मूल्यवान वन सूखे पतझड़ी वनों में अथवा घासीय वनों में परिवर्तित हो जाते हैं। अंततः मूल्यवान वनों से प्राप्त होने वाली राजस्व में तद्नुसार कमी आ जाती है। उदाहरणार्थ सागौन के वनों में पलास आना अत्यधिक बारम्बारता से अग्नि प्रकोप का प्रतीक है।

वनों की रक्षण क्षमता की हानिः–

भूमि एवं मृदा की रक्षा वनों की उपस्थिति से ही होती है, परंतु वन अग्नि सभी प्रकार की वनस्पतियां जला देती है, जिसके कारण वनभूमि वनस्पति विहीन हो जाती है तथा मृदा क्षरण शुरू हो जाता है। वनों की रक्षण शक्ति के ह्रास से वर्षा ऋतु भयंकर बाढ़े आती है और वर्षा ऋतु के बाद पानी की कमी हो जाती है।

जैव विविधता एवं वन्यप्राणियों को हानिः–

वन अग्नि से वनों में रहने वाले वन्यप्राणियों को बहुत अधिक नुकसान होता है जो हमें परोक्ष रूप से नहीं दिखता है, परंतु मुख्यतः वन्यप्राणियों का पर्यावास नष्ट हो जाता है एवं उनकी भोजन की आवश्यकता की पूर्ति करने वाली घास एवं वनस्पतियां जल जाती हैं। वन्यप्राणियों को बाढ़ से होने वाली हानि के तुरंत बाद सूखा बढ़ने के कारण पेयजल की उपलब्धता समाप्त हो जाती है। फलतः बहुत अधिक संख्या में वन्यप्राणी मृत्यु को प्राप्त होते हैं। इसके अतिरिक्त वनों की आग से कीड़े–मकोड़े, सरीसृप एवं पक्षी आग में जलकर मर जाते हैं। पक्षियों एवं जमीन पर रेंगने वाले प्राणियों के अण्डे भी आग से नष्ट हो जाते हैं अर्थात् जैव विविधता पर कुप्रभाव पड़ता है।

प्राकृतिक खाद नहीं बन पाना :–

वनों में गिरे पेड, वृक्ष के पत्ते एवं घास के सड़ने से प्राकृतिक रूप से खाद बनती रहती है, परंतु अग्नि पकोप के कारण गिरी लकड़ी पत्ते एवं घास जल जाती है, जिससे प्राकृतिक खाद जो वृक्षों के लिये अत्यधिक उपयोगी है, का निर्माण नहीं हो पाता है।

बीजों का जल जाना :–

वन अग्नि के कारण वनों में वृक्षों के द्वारा उत्पादित बीज जल जाते हैं, जिसके कारण पुनरूत्पादन प्रभावित होता है।

बीजों के अंकुरण पर प्रभाव :–

बार–बार अग्नि प्रकोप के कारण भूतल कठोर एवं शुष्क हो जाने से वृक्षों से गिरे बीजों को अंकुरण हेतु पर्याप्त नमी नहीं मिलने के कारण बीज अंकुरित नहीं हो पाते हैं, जैसे कि उन स्थानों के अवलोकन से प्रमाणित है कि जहां ईंट का भट्टा लगाया जाता है, वहां घास भी पैदा नहीं होती है।

वृक्ष के बेसल हिस्से के झुलसने के कारण गुणवत्ता की हानि

वनों में बार–बार आग लगने के कारण मूल्यवान वृक्षों के नीचे प्रथम लठ्ठा लगातार अग्नि से दुष्प्रभावित होने के कारण झुलसता रहता है, जिससे उस हिस्से की मूल्यवान काष्ठ गुणवत्ता खो देती है।

वनों की नैसर्गिक सुन्दरता को हानिः–

अग्नि से वनों की हरियाली को नुकसान होने से वनों की नैसर्गिक सुन्दरता का नाश होता है। जहां–तहां राख के ढेर होने और जलने से काले पड़े पेड़ों के तने और झाड़ियों के कारण वन मनोरंजन और घूमने–फिरने के योग्य नहीं रह जाते हैं। आग से भूमि की नमी कम होने से पारिस्थितिकीय क्षरण भी प्रारम्भ हो जाता है।

पर्यावरण को क्षति :–

आग से वनों की वनों के जल जाने से समस्त वनस्पतियां जलकर राख हो जाती है जिससे वनों में खड़े वृक्ष/वनस्पतियां प्रकाश संश्लेषण की क्रिया नहीं कर सकते हैं। परिणाम स्वरूप पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिलने से पर्यावरण प्रदूषित हो जाता है और मानव जीवन को भांति–भांति के रोगों का शिकार होना पड़ता है।

3.1.8.3 आग के लाभकारी प्रभाव

वनों की अगा को अकसर "Good Servant, but a bad master" कहा जाता है। जब आग नियन्त्रित रूप से लगाई जाती है तो यह वन वर्धन में काफी सहायक होती है।

1 वानिकी में लाभ :–

1 नर्सरी में बेड बनाने से पहले उसमें पड़ी पत्तियों आदि को जलाने के लिए लगाई आग से नर्सरी बेड को बहुत फायदा होता हैं।
2 आग से शंकुधारी वृक्षों की पत्तियां जल जाती हैं और भूमि प्राकृतिक पुनर्उत्पादन के लिए तैयार हो जाती है। 3 आग से घास और खरपतवार नष्ट हो जाते हैं जिससे उगाये गये पोधों के लिए स्पर्धा कम हो जाती है।
3 भूमि की उपजाऊ शक्ति का बढ़ना :– नर्सरी और पौधारोपण क्षेत्र की सफाई के साथ–साथ भूमि का उपजाऊपन भी आग से बढ़ जाता है,जलने से राख बनती है जिससे भूमि मे खनिज मिल जाते हैं।
4 कृत्रिम पुनर्उत्पादन :– ऐसे क्षेत्र जिसमें कटाई आदि का कार्य हो, वहीं पर बहुत ज्यादा कूड़ा–कर्कट, टहनियां और पत्तियां आदि इकट्ठी हो जाती हैं। जिससे बीज का सम्पर्क भूमि से न होने के कारण कृत्रिम उत्पादन नहीं हो पाता। लेकिन इसके जलने से कृत्रिम पुनर्उत्पादन को सहायता मिलमी है।

5 वन्य प्राणियों के प्रबन्ध में लाभ :– वनों में आग लगने से खरपतवार और अन्य अवांछित घास आदि नहीं होते तथा शाकाहारी जानवरों को अच्छी घास मिल जाती है।

8.1.8.4 निवारक विधियां – अग्नि रेखा, नियंत्रण पूर्व दहन

अग्नि सुरक्षा के उपाय

वन अग्नि से होने वाली क्षति से वनक्षेत्र को बचाने के लिये जो उपाय किये जाते हैं, उन्हें अग्नि सुरक्षा उपाय कहा जाता है। ये उपाय मुख्यतः दो प्रकार के होते हैं : –

1- निवारक (Preventive) उपाय
2- उपचारी (Remedial) उपाय

1. निवारक (Preventive) उपाय: इस श्रेणी में वे उपाय आते हैं, जो किसी भी वनक्षेत्र हेतु अग्नि दुर्घटना से पूर्व किये जाते हैं। ये दो प्रकार के होते हैं :–

क प्रत्यक्ष ख अप्रत्यक्ष



क प्रत्यक्ष उपाय: ऐसे उपाय जिनका वनों में आग लगने की संभावनाओं को रोकने से सीधा संबंध हो, प्रत्यक्ष निवारक उपाय कहलाते हैं, जिनके अंतर्गत निम्नानुसार कार्य प्रस्तावित हैं :–

- ❖ अधिक तापक्रम के दिवसों की पहचान – गत वर्षों की अग्नि घटनाओं और मौसम विभाग की जानकारी के अनुसार अधिक तापक्रम के दिवसों की पहचान की जाकर कर्मचारियों को आग के प्रति सावधान रहने हेतु सचेत किया जाये।
- ❖ अग्नि सुरक्षा दलों का गठन – संवेदनशील वनक्षेत्रों में अग्नि रक्षक दलों 8–10 मजदूरों का गठन कर आवश्यक सूचनातंत्रे जैसे वायरलेस, वाहन इत्यादि, के साथ तैनात करना चाहिये, जिससे जरा भी इस प्रकार की घटना पाये जाने पर तत्परता से कार्यवाही की जा सके।
- ❖ वनक्षेत्रों से ज्वलनशील सामग्री समाप्त करना – लेबर कैम्पों तथा वन मार्गों के चारों ओर अग्नि पट्टी की सफाई करना, घास के मैदानों को ग्रीष्म ऋतु आने के पूर्व जलाना, स्थाई रूप से बनी अग्नि पट्टियों को प्रतिवर्ष जलाना और फायर ब्रेक/ग्रीन बैल्ट प्रजातियों का अग्नि संरक्षण क्षेत्र के बाहर लगाना। उदाहरणार्थ – पेपर मलवरी, यूजीनिया प्रजातियों के पौधे संरक्षित क्षेत्रों के बाहर कई पंक्तियों में रोपित किये जाते हैं।



- ❖ बाहरी एवं आंतरिक अग्नि रेखाओं की सफाई कर जलाना – प्रथम वर्गक्षेत्रों में बाहरी अग्नि पट्टी 12 मीटर तथा द्वित्तीय वर्ग संरक्षित क्षेत्र में 6 मीटर चौड़ी होती है।

कसी वनक्षेत्र में अग्नि रेखाएं क्षेत्र की स्थिति के अनुसार निम्न चौड़ई की बनाई जाती हैं :

(1) 3 मीटर चौड़ाई – कूप, वनमार्ग, राष्ट्रीय मार्ग, राजकीय मार्ग, गाड़ीदान, पैदल मार्ग के किनारे 3 मीटर चौड़ी।

(2) 6 मीटर चौड़ाई – कक्ष सीमा, 3–3 मीटर की प्रत्येक कक्ष।

(3) 12 मीटर चौड़ाई – परिक्षेत्र सीमा, 6–6 मीटर प्रत्येक परिक्षेत्र।

टीप :–वन एवं राजस्व सीमा रेखा की अग्नि सुरक्षा रेखा 12 मीटर चौड़ी रखी जाती है, जिसमें 6 मीटर वन एवं 6 मीटर राजस्व में रहता है।

(4) 15 मीटर चौड़ाई – बिजली की हाइटेंशन लाईन की चौड़ाई के मध्य से 7.5 मीटर दोनों दिशाओं में।

(5) 30 मीटर चौड़ाई – वनमंडल अथवा जिला रेखा। प्रत्येक वनमंडल अथवा जिले में 15 मीटर।

अग्नि पट्टी पर पाई जाने वाली समस्त वनस्पति एवं घास की छिलाई कर अग्नि पट्टी के बीच में रखकर 15 फरवरी तक जला देना चाहिये। प्रथम वर्ग क्षेत्रों में क्रॉस आंतरिक पंक्ति 3 मीटर चौड़ाई की बनाई जाती है। विशेष परिस्थितियों में वनमंडलाधिकारी की अनुमति पश्चात राजपत्रित अधिकारी की उपस्थिति में 31 मार्च तक अग्नि पट्टी जलाई का कार्य किया जा सकता है।



ख अप्रत्यक्ष उपाय : वे उपाय जिनसे वनों में आग लगने की संभावनाएं परोक्ष रूप से कम हो जाती है, अप्रत्यक्ष निवारक उपाय कहलाते हैं, जिनके अंतर्गत निम्न कार्य किये जाते हैं :–

- प्रबुद्ध जनमत तैयार करना – सद्भावनापूर्वक किये गये व्यवहार से जानबूझकर लगाई जाने वाली आग रोकी जा सकती है एवं असावधानी से लग गई आग पर नियंत्रण भी पाया जा सकता है जिस हेतु प्रबुद्ध जनमत तैयार करने के तारतम्य में जनसाधारण को यह समझाईश दिया जाना कि वन राष्ट्रीय सम्पत्ति है जिसके जलने पर राष्ट्र के साथ ही साथ समीपस्थ ग्रामीणजनों को भी हानि होती है, उचित है और इस प्रकार प्रबुद्ध जनमत तैयार करके वन अग्नि पर नियंत्रण रखा जा सकता है।
- ग्रीष्म ऋतु पर गौण वनोपज को रोकना – हड्डी, सींग, चमड़ा घास, शहद जैसे गौण वनोपज को ग्रीष्म ऋतु में संग्रहण करने के लिये पूर्ण/आंशिक रोक लगाना भी वन अग्नि की घटनाओं के न होने में सहयोग कर सकता है।
- आग लगाने पर वनों से मिलने वाले लाभों से ग्रामीणों को वंचित करना – सूखे घास वन में नई हरी कोंपल प्राप्त करने के उद्देश्य से लगाई जाने वाली आग के फलस्वरूप प्राप्त नई कोंपलों को चरने हेतु उस क्षेत्र में मवेशियों को नहीं जाने देना चाहिये
- कर्मचारियों एवं ग्रामीणों को पुरस्कार एवं दण्ड देना – ग्रीष्म ऋतु में वन अग्नि के लगने एवं ना लगने के सापेक्ष कर्मचारियों एवं ग्रामीणों को क्रमशः दडं जा सके।एवं पुरस्कार दिया जाना चाहिये, ताकि उन्हें आग रोकने के प्रति निष्ठावान

बनाया

- ❖ सूचनातंत्र का उपयोग – साईन बोर्ड, संयुक्त वन प्रबंध के माध्यम से मीटिंग, विज्ञापन आदि की सहायता से वन अग्नि को रोकने के लिये ग्रामीणों को प्रोत्साहित करना चाहिये।

2. उपचारी (Remedial) उपाय

वे उपाय जो वनक्षेत्र में अग्नि लगने के पश्चात् किये जाते हैं, उपचारी उपाय कहलाते हैं। इनके अंतर्गत आग बुझाने के लिये तत्काल व्यवस्था किया जाना आवश्यक है। आग बुझाने में जितना विलम्ब होगा आग उतनी ही भयंकर और प्रचण्ड होकर अपना विस्तार क्षेत्र बढ़ाते हुये अधिक हानिकारक होती जाती है। अतः आग लगने के बाद किये जाने वाले निम्न तीन कारक तुरंत किये जाने चाहिये :–

1. आग का तुरंत पता लगाना –
   इस हेतु फायर वाचर, अग्नि शामक दल का गठन एवं स्थापित वाच टॉवर से वनक्षेत्रों की सतत् निगरानी से धुंआ दिखते ही वनक्षेत्र का अंदाजा लगाया जाता है।
2. आग लगने की सूचना तुरंत जिम्मेदार अधिकारी को प्रेषित करना –

इस हेतु टेलीफोन, वायरलैस तथा अन्य संचार माध्यम का तुरंत उपयोग करते हुए सूचना रेंज आफिसर/परिक्षेत्र सहायक को भेजी जानी चाहिये।

3. आग बुझाने की योजनाबद्व कार्यवाही करना –

सूचना प्राप्त होते ही परिक्षेत्र अधिकारी अथवा परिक्षेत्र सहायक को अविलम्ब निम्न तीन बातों का ध्यान रखते हुए आग बुझाने की कार्यवाही करनी चाहये –

क) मजदूर का प्रबंध करना
ख) आग बुझाने के उपकरण, भोजन, पानी एवं प्रकाश की व्यवस्था करना
ग) मजदूरों एवं उपकरणों को अग्नि स्थल पर तुरंत पहुँचाना वन अग्नि स्थल पर पहुँचने के बाद, अग्नि की तीव्रता को दृष्टिगत् रखते हुए उपस्थित अधिकारी को तत्काल अग्नि बुझाने की योजना बनानी चाहिये।



8.1.8.5 उपचारी उपाय वाच टावर, वन अग्नि सूचक एवं अग्नि शमन

(1) पूर्व दाहन (Early burning): आकस्मिक आग की संभावनाओं को या उसके लगने पर उससे होने वाले नुकसान को कम करने का एक उपाय यह भी हो सकता है कि गर्मी की ऋतु आने से पहले जंगल की घास झाड़ियाँ आदि को नियंत्रित रुप में (In a Controlled manner) अपने आप जला दिया जावे जिससे गर्मी के मौसम में आकस्मिक आग न लग सके और यदि लग भी जावे तो बहुत तेज न हो और फलस्वरुप वृझों को विशेष रुप से नुकसान न पहुँचा जा सके। इस प्रकार के दहन की परिभाषा में यह कहा जा सकता है कि यह वह नियंत्रित दहन है जो ग्रीष्म ऋतु के शुरु में घास, झाड़ी या पत्तों के पूर्ण रुप से सूखने के पहले किया जाता है, जिससे ग्रीष्म ऋतु के आगे भयंकारी और विनाशकारी न हो। पूर्व दाहन का उद्देश्य यह है कि ग्रीष्म ऋतु के

शुरू में बहुत जल्दी आग पकड़ती और आग लगने पर आग को बहुत तेजी से फैलाती है नियंत्रण के अन्दर जलाकर नष्ट कर देना चाहिए जिससे गर्मी के मौसम में आगें उतना नुकसान न कर सके जितना वे साधारणतया करती है ।

दावाग्नि (फॉरेस्ट फायर) वनों के लिय हानिकारक है और पूर्व दाहन इस सनातन शब्द का कोई अपवाद नहीं परन्तु नियंत्रण में किये जाने पर वह आकस्मिक दावाग्नि के प्रत्यक्ष बचावा उपाय के रूप में स्वीकार किया गया है । पिछली शताब्दी के अनुभव ने उन आशाओं को जिनके कारण उसे इस रूप में स्वीकार किया गया था, निराशाओं में बदल दिया और इसलिए नीच लिखे कारणों से अब वनों का पूर्व दाहन लगभग बंद कर दिया गया हैं ।

(क) इसके लिए कोई तारीख निश्चित नहीं की जा सकती । बहुत जल्दी जलाने से जंगल ठीक तरह से नहीं जलता और ऐसे पूर्व दाहन से कोई लाभ नहीं होता । बहुत देरी में जलाने से वह आकस्मिक रूप से आग के समान हानिकारक हो जाता है । वास्तव में वह समय जब पूर्व दाहन आसानी से किया जा सकता है और जलाने योग्य सब कुछ अच्छी तरह से जलाने पर भी नियंत्रित रह सकता है बहुत कम होता है और प्रत्येक स्थान में भिन्न ही नहीं होता वरन् एक ही स्थान में हर साल भिन्न–भिन्न होता है । इस कारण जंगल की उस ठीक दशा का जब उसे पूर्ण रूप से नियंत्रण में जलाना सम्भव हो, निश्चय स्थानीय अधिकारियों प्रति वर्ष करना पड़ता है और फिर से उस कम समय में विस्तृत क्षेत्रफल पर इसे करना बढ़ा कठिन होता है । फलस्वरूप पूर्व दाहन साधारणतया आकस्मिक आग में बदल जाता है और अनर्थकारी हो जाता है ।

(ख) गैरजवाबदार कनिष्ठ वन अधिकारी आकस्मिक आग को पूर्व दाहन का नाम लेकर छिपा देते हैं और इस प्रकार बहुत सी आकस्मिक आगे तथा उससे होने वाले नुकसान की सूचना नहीं मिलती । यही नहीं, ऐसे कर्मचारी अपने आप कराये गये अवैध पातन को एवं गैरतकनीकी से किये क्षेत्रीय कार्यों को छिपाने के लिये भी आग लगा देते हैं और उससे पूर्व दाहन का नाम लेकर उसे छिपाने का प्रयत्न करते हैं ।

(ग) सदाबहार वन, आर्द्र पतझड़ी वनो, अग्रिम पौध वाले विषम आयुवरों तथा अग्नि न सहने वाली प्रजातियों के लिये यह उपाय सर्वदा अनुपयुक्त है ।

(2) अग्नि –शमनः– हिमाचल प्रदेश के वन मुख्यतः पतझड़ी वन है जिनमें सतही आग ही प्रायः लगती है। इस आग की तीव्रता उपलब्ध ज्वलनशील सामग्री पर निर्भर करता है। सतह पर उठने वाली लपटें कुछ इंचों से कुछ फुट तक ऊंची हो सकती है जिसकी गति हवा के बहाव पर निर्भर करती है।

आधुनिक अग्नि शमन उपकरणों का परिचय

- दमकल (आग बुझाने का वाहन)
- पानी की सहायता से
- कार्बन–डाई–आक्साइड से
- प्रत्याग्नि से
- पट्टी काटकर
- मिट्टी से
- पीट–पीट कर

1. दमकल (आग बुझाने का वाहन)

दमकल स्वचलित वाहन पर पानी से भरी हुई टंकी और उस पानी को मोटर पम्प द्वारा जलती हुई आग पर फैकने की व्यवस्था को कहते हैं यह व्यवस्था कस्बों या गांवों में उपलब्ध नहीं होती है । जिनके पास वन लगे होते हैं नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत के पास दमकल की व्यवस्था होती और अगर इनके समीप वन लगे हैं तो आग बुझाने में इसकी मदद ली जा सकती है दमकल पर आग बुझाने के प्रशिक्षित कर्मचारी तैनात रहते हैं । आग से सीजन में दूरभाष पर सूचना मिलते ही यह मौके पर पहुँचे हैं ।

2. पानी की सहायता से

जब वन में जहॉ आग लगी हो और पानी उपलब्ध हो तो आग पर काबू पाने के लिये उस पानी का उपयोग किया जा सकता है । वन में जलती हुई आग अपने आप पानी के किनारे आकर समाप्त हो जाती है । परन्तु जब कोई संग्रहित वनो उपज आग की चपेट में आकर जलने की स्थिति में हो जैसे कूप में कटी रखी काष्ठ या जलाऊ चठ्ठे आदि तब यह विधि उपयोग में लाई जाती है । ऐसी स्थिति आग बुझाने वाले दल को साथ बाल्टी य ा गांव उपलब्ध डिजल पम्प और पाईप साथ में लेकर जाना चाहिए ।

3. अग्निशमन यंत्र (कार्बन–डाईआक्साइड)

अग्निशमन यंत्र धातु का शंकु आकार का लगभग तीन से चार फीट लम्बा और एक फीट व्यास के तल वाला यंत्र होता है जिसके तल में एक चाबी होती है और ऊपर सिरे में एक बारीक छेद । इस शंकु के अन्दर खड़िया तथा एक बोतल में नमक का तेजाब भरा रहता है । चाबी दबाने पर यह बोतल फूट जाती है और श्खड़िया से तेजाब मिलकर कार्बनडाई आक्साइड बनाता है यह कार्बन डाई आक्साइड धातु के शंकु में बने हुए बारीक छेद से बहुत तेजी से, दबाव के साथ बाहर निकलती है । कार्बनडाई आक्साइड किसी वस्तु के जलने में सहायक नहीं होती है । इस प्रकार कार्बनडाई आक्साइड को जलती हुई वस्तु पर छोड़ने से, ऑक्सीजन न मिलने की स्थिति आग बुझ जाती है । वन क्षेत्र में फैली हुई आग पर इस यंत्र पर काबू पाना व्यवहारिक नहीं होता है परन्तु संग्रहित वनोउपज को जलने से बचाने में यह मददगार हो सकती है ।

8.1.8.6 वन अग्नि से हुई हानि संबंधित प्रतिवेदन

आग लगने का प्रतिवदेन

1. परिक्षेत्र अधिकारी को आग लगने के प्रतिवेदन तत्काल वनमंडलाधिकारी को भेजना चाहिए। यदि आग बड़े क्षेत्र में लगे तो विशेष वाहक द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत करना चाहिये। परिक्षेत्र अधिकारी को उसके कर्मचारियों तथा वनमंडलाधिकारी से सम्पर्क बनाये रखने के लिए द्रुतगामी सेवा की व्यवस्था रखनी चाहिए ताकि उसे आग लगने की सूचना तत्काल मिल जाए तथा वह ऐसी सूचना वनमंडलाधिकारी को प्रेषित कर सके। आग लगने पर स्थल का निरीक्षण तथा जले क्षेत्र का मानचित्र सहित, पूर्ण अंतिम प्रतिवेदन, परिक्षेत्र अधिकारी द्वारा विशेष कारण न हो, तो आग लगने के पन्द्रह दिवस के अंदर वनमंडलाधिकारी को प्रेषित करना चाहिए।
2. वनमंडलाधिकारी, वनसंरक्षक को आग लगने की संक्षिप्त रिपोर्ट फार्म नम्बर प्र.74 में प्रतिमाह भेजेंगे, जिसमें निम्न बातें दर्शाई जायेंगी :–
   (1) आग लगने का सीरियल नम्बर
   (2) आग लगने की दिनांक
   (3) जले क्षेत्र का क्षेत्रफल

(4) आग लगने का कारण
(5) हानि की मात्र
(6) कार्यवाही जो की गई इस संक्षिप्त विवरण में –
(1) वर्ग 1 क्षेत्र में लगी आग,
(2) फायर लाइन जलने हेतु निर्धारित तिथि (नियम 14 के अनुसार) के उपरांत लगी सब आग का विवरण,
(3) फायर लाइन जलाने की निर्धारित तिथि से पूर्व यदि कोई भंयकर आग लगी हो, उसका विवरण।

सभी वर्ग 2 वनक्षेत्र में लगी आग का विवरण नक्शे के रूप में रखा जायेगा और जहाँ कार्य योजना (Working plan) के अनुसार कम्पार्टमेंट हिस्ट्री (Compartment History) रखना निर्धारित हो, वहाँ यह नक्शा कम्पार्टमेंट हिस्ट्री में लगाया जायेगा अन्यथा वनसंरक्षक द्वारा निर्धारित विधि से अभिलेख रखा जाएगा। जब आग वनवर्धन के कार्यों के उद्देश्य से विभाग द्वारा लगाई जाये, जैसे कटाई का कचरा जलाने हेतु या पुनरूत्पादन पाने हेतु, (या वृक्षारोपण कार्य हेतु) तो उसको अग्नि सुरक्षा योजना से अलग रखना चाहिए। ऐसी आग लगने की रिपोर्ट भी नहीं करना चाहिए, जब तक ये फैलकर सुरक्षित वन में न फैल जाए। आग लगाने की अनुमति तब तक ही दी जाएगी,जब वह वर्किंग प्लान के प्रावधान में सम्मिलित हो अथवा यह कार्य वनसंरक्षक द्वारा स्वीकृत हो।
वनपरिक्षेत्र अधिकारी, वनमंडलाधिकारी एवं वनसंरक्षक द्वारा निम्न प्रपत्रों में अग्नि घटना की जानकारी वरिष्ठ को प्रेषित की जाती है।

8.1.8.7 वन अग्नि के व्यवहार

वनो की आग बुझाने के कार्य में लगे वन कर्मियों व अन्य कार्यकर्ताओं को वन अग्नि के व्यवहार व इससे स्वयं के बचाव के बारे मे उपयुक्त ज्ञान होना आवश्यक है। इससे वे न केवल अधिक कुशलता पुर्वक आग बुझानेका कार्य सचालित कर पायेगे बल्कि इस कार्य में सभावित जोखिम को भी न्यूनतम कर पायेगे। निम्नलिखित विवरण वन अग्नि शमक को वन अग्नि के बारे में आधारभूत जानकसरी दे के साथ साथ उसे इससे अपनी प्रतिरक्षा के लिए भी मार्गदर्शन करेगा प्राण घातक परिस्थितियां– वन अग्नि शमक के जीवन के लिए ताप विकिरण, सासों मे धुआ, शरीर में पानी अथवा तरल की कमी प्राणघातक होते हैं। इन प्राणघातक खतरों के साथ–साथ आग बुझाते हुए हवा की दिशा,मौके पर पाए जाने वाले ईंधन की अधिकता, वन अग्नि का आकार आदि अत्याधिक खतरनाक परिस्थितियां उत्पन्न करती हैं।



आप हर समय लगातार उपरोक्त खतरनाक परिस्थितियों में सावधान रहें और वन अग्नि की दिशा बदलने का पूर्वानुमान लगाते हैं ।

याद रखें वन अग्नि का पूर्वानुमान करें व इस पर नजर रखें। आग बुझाते हुए–

- वन अग्नि शमन के प्रभारी अधिकारी की सर्वप्रथम प्राथमिकता व जिम्मेवारी पूरे आगा बुझाने वाले समूह के कल्याण व रक्षा की है। सामूहिक अग्नि शमन कार्य में ध्यान रखें कि अनूदेश सम्बन्धित अधिकारी से प्राप्त हो।
- अग्नि शमन के वास्तविक कार्य से पहले निश्चित करें कि जरूरी सूचनाएं जैसे नक्शे,अनुदेश आदि आपको प्राप्त हैं और आप भली भांति इन्हें समझते हैं।
- वास्तविक अग्नि शमन कार्य में सम्बन्धित अग्नि शमन अधिकारी के सूचित करने के बाद ही शमन कार्य में लगें।
- अग्निशमन के दौरान मौसम,वायु गति, ईंधन व क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति पर नजर रखें। अत्याधिक आग वाले क्षेत्र में जानें से पहले सभी सम्भावित खतरों का पूर्वानुमान करें।
- इस बात का हमेशा ध्यान रखें कि अपने बचाब के लिए एक सुरक्षित मार्ग होना चाहिए।
- अपने सहयोगी कार्यकरता को अदृश्य ना होने दें और साथ–साथ अग्नि शमन कार्य करें। निरीक्षण अधिकारी से लगातार सर्म्पक रखें और अग्नि का स्थिति व सुरक्षा सम्बन्धी सूचनाओं का आदान प्रदान मौके के उच्च अधिकारी से करते रहें।
- सहयोगी अग्निशमन कार्यकर्ता की मानसिक अवस्था,घवराहट,व अस्वस्थ प्रतीत होने पर कार्य को प्रभावित न होने दें व हौसला बनाएं रखें। आवश्यकता पढ़ने पर प्रभावित कार्य कर्ता को आराम करवाएं।
- अग्नि शमन टोली को नियमित आराम व अधिक से अधिक पानी पीने के लिए प्रोत्साहित करें और ध्यान रखें कि अत्याधिक ताप से वे अस्वस्थ न हों।

ताप विकिरण

- यदि आप असुरक्षित अवस्था में अधिक ईंधन व तेजी से बढ़ती हुई आग में फंस जाते हैं, तो अत्याधिक उष्मा घातक सि़द्ध हा सकती है। आग की तीव्रता क्षेत्र में मौजूद ईंधन की किस्म व बहुतायत पर निर्भर करती है। आग की तीव्रता बढ़ती हुई अग्नि के शीर्ष पर होती है।
- उष्मा से स्वंय से बचाएं और उचित प्रतिरोध का सहारा लें ताकि आंच सीधी आप तक ना पहुंचे

यदि आप आग में फंस जांए तो आंच से बचने के लिए निम्नलिखित प्रकार से प्रतिरोध का सहारा लें–

- अपने खुले अंगों को केवल प्राकृतिक धागों से बने वस्त्र जैसें ऊनि व सूती से ढकें। आंच व ताप को रोकने के लिए प्रतिरोध जैसेः–

घर या मकान चटटाने या अड़े लट्ठे प्राकृतिक गुफा बहते नाले अथवा तलाब(पानी के टैंक नहीं)

- ऊनी कम्बल का उचित है परन्तु उसे गीला करके बिलकुल प्रयोग ना करें।

धुंऐ में सांस लेना

- धुऐं की स्थिति में नीचे लेट कर संरक्षित जगह को रेंगना उचित है क्योंकि धुआं गर्म हाकर उपर उठता है और ठण्डी हवा जमीन के साथ रहती है।

- धूप के चश्में कुछ हद तक आंख को धुएं से बचाते है।
- अपनी सांस लेने की प्रकिया को अधिक धुएं वाली जगह में कम रखें और ताजा हवा आने पर पूरी सांस लेने का प्रयास करें।

शरीर में पानी की कमी होना(डी– हाईड्रेशन)

- केवल उचित व अधिकृत कपड़े पहने जोकि केवल ऊन व सूमी धागों से बनें हों। कृत्रिम धागों के वस्त्र आग पकड़ते हैं व घातक होते हैं। वस्त्रें में हवा निकासी का पांव की तरफ से सिर की तरफ प्रावधान होना चाहिए ताकि शरीर ठण्डा रहे।
- अपने साथ हमेशा पीने का पानी का पूर्ण प्रबन्ध होना चाहिए। साथ में पीने के पानी का वाहन भी आवश्यकता पड़ने पर करीव होना चाहिए।
- आग बुझाते हुए लगातार पानी पीते रहें, क्योंकि आग बुझाते हुए एक घण्टे में लगभग 1 लीटर से अधिक पानी पसीने के द्वारा शरीर से वह जाता है। इस पानी की कमी को लगातार पूरा करते रहें।
- अग्नि शमन कार्य आरम्भ करने से पूर्व शरीर के तरल पदार्थों के स्तर को पानी पी कर बढ़ा लें।
- आग बुझातें हुए शरीर सके पसीना बह जाने पर शरीर में तरल पर्थों की कमी होने के परिणाम स्वरूप, अत्यधिक प्यास, थकावट, चक्कर आना च जी मचलने के लक्ष्ण होते हैं जो कार्य क्षमता पर कुप्रभाव ड ालते हैं और अन्ततः यह हीट स्ट्रोक में परिवर्तित हो जाता है।



- यदि लगातार पानी न पिया जाये तो शरीर का तापमान धातक स्तर तक पहुंच जाता है और हीट स्ट्रोक में बदल जाता है,इस से बचने के लिए प्रत्येक 10–15 मिनटों में 150–200 मिली लीटर पानी पीना अत्यन्त आवश्यक है।
- आग बुझाते हुए चाय अथवा काफी जैसे पेय न पीयें क्योंकि ये शरीर में पानी की कमी बढ़ाते हैं।
- आग बुझाने के कार्य में नियमित आराम कुछ–कुछ समय के लिए जरूरी है।
- आग बुझाने वाला कार्यकर्ता जिस को गर्मी व आंच के कारण शारीरिक अस्वास्थय हो गई हो, मौके से फौरन हटा दें, और ठीक हाक जाने पर भी उसे आग बुझाने के प्रत्यक्ष कार्य में न लगाएं । उसे चिकित्सा सुचिधा उपल्बध करवाऐं।
- याद रखें मदिरा पान की स्थिति में आग बुझाने के प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष कार्यों में सम्मिलित होना अपनी मौत को निमन्त्रण देना है।

प्रत्यक्ष आग बुझाने वाले ध्यान रखें –:

- आग बुझाने की किसी भी कार्यवाही से पहले आग की गति व स्थिति का अध्ययन कर लें। तंग नाले से गुजरती आग को वायु अत्यधिक गति देती है।
- पहाड़ी ढलान पर आग के साथ लुड़कते हुए कोन, पत्थर व ईंधन के बड़े टुकड़े आप

गिर सकते हैं, अपनी जगह सावधानी से सुरक्षित रखें।

- वायु की दिशा परिवर्तन से अचानक ही आग की गति बढ़ जाती है और आग भयानक रूप ले सकती है, सावधान रहें।
- आग आरम्भ में ईंधन में मौजूद नमी की वजह से धीमी होती है। वातावरण में अधिक खुश्की व ईन्धन से नमी समाप्त होते ही आग ओर भयानक रूप ले लेती है और अग्नि शमन कार्यकर्ता के लिए घातक सिद्ध हो सकती है।
- आग बुझाते समय आस पास में मौजूद बिना जला ज्वलनशील ईन्धन अचानक आग पकड़ने पर कार्यकर्ताओं को अपनी लपेट में ले सकता है,

ऐसी स्थिति से बचें।

- अधिक धुएं भयानक आग से दिखाई न देने पर अपने सहयोगी कार्यकर्ताओं से असवसज़ अथवा वायरलैस से सम्पर्क बनाए रखें।
- ऐसे क्षेत्र जहां रात हो आग बुझाने का कार्य होना है, और इस क्षेत्र को दिन तें पहलें न देखा गया हो, तो इस क्षेत्र से सम्बन्धित भौगोलिक जानकारी नक्यों आदि से प्राप्त कर लें और टार्च आदि की व्यापक सुविधा निश्चित कर लें।
- ऐसे क्षेत्र जहां रात को आग बुझाने का कार्य होना है, और इस क्षेत्र को दिन में पहले न देखा गया हो, तो इस क्षेत्र से सम्बन्धित भौगोलिक जानकारी नक्शों आदि से प्राप्त का लें और टार्च आदि की व्यापक सुविधा निश्चित कर लें ।
- आग बुझाने की जगह विशेष कर जलवायु, तापमान, वायुमण्डल की नमी भौगोलिक स्थिति व ईन्धन की ज्वलनशीलता की जानकारी नक्शें में नहीं होती है, इन सब की पूर्ण रूप से पूर्व जानकारी लेना आवश्यक है।
- अधूरी जानकारी अथवा आदेश लेना व देना घातक होते हैं।
- यदि आप थक चुके हों और कुछ आराम अथवा सोना चाहते हों तो सम्बन्धित अधिकारी से आज्ञाा लेकर निश्चित स्थान पर आराम करें।
- आग पर विपरित आकमण करने के लिए उचित दूरी व सुरक्षित स्थान का चयन करें और विपरित दिशा से आग आरम्भ करने से पहले जगह ईन्धन से रहित करते हुए साफ़ कर लें। ऐसे स्थान में पहले से मौजूद चट्टानें आदि सहायक होती हैं।
- आग बुझाने वाली टोलियों को आपस में तथा मौके पर उपस्थित अधिकारी से लगातार सर्म्पक आवश्यक है, जिससे आग की स्थिति व अन्य गतिविधियों की जानकारी भी प्राप्त होती है।
- आग बुझाने वाली टोलियों को आग बुझाने से सम्बन्धित आदेश स्पष्ट व पूर्ण होने चाहिए, उन्हें सभी सम्बन्धित खतरों का ज्ञान होना चाहिए, ताकि वे आग को सफलता पूर्वक काबू कर सकें।
- मौके पर आग की पूर्ण स्थिति का पूर्ण आलंकन करना आग पर काबू पाने के लिए लाभदायक होता है।

आग लगने से वृक्ष अचानक गिर जाते हैं और दुर्घटना हो सकती है।

- ढलानों पर वृक्षों अथवा ईन्धन के लुड़कने के खतरों से सावधान रहें।
- हवा की तेज़ गति होने पर सावधान रहें और इसका आलंकन करते रहें।

- आपात स्थिति का शीघ्र जायजा ले और सुरक्षात्मक कार्यवाही करें।
- अस्थिर चट्टानें, पत्थर अथवा लट्ठे आग लगने से ढलानों पर तीव्र गति से लुड़कते हैं और अग्निशमन कार्यकर्ताओं के लिए घातक होते हैं। इनके प्रति सावधान रहें।

रात्री में कार्य करते हुए

- दिन के समय मे आने वाली मुश्किलें रात्री में आग बुझाते हुए दुगनी हो जाती हैं।
- रात्री में प्रकाश के लिए हल्के वज़न वाली टार्चों का प्रबन्ध करें ताकि आंच वाले मुण्ड़ों व आंखों के स्तर पर सूखी, जली हुई टहनियों आदि से बचा जा सके।
- रात्री में देखने की क्षमता बढ़ाने के लिए पीले वस्त्रें का प्रयोग सहायक होता है, विशेषकर अग्नि क्षेत्रें से गुजरती हुई व्यस्त सड़कों के समीप।

आग बुझाने वाले औजारों से सम्बन्धित सुरक्षा :–

- रेक व कुल्हाड़ी आदि अग्नि शमन औज़ारें को साफ व तेज धार वाले बनाए रखें। साथ ही इनके कुन्दे को सैन्डपेपर से नियमित साफ रखें ताकि कोई उभरा हुआ लकड़ी का टुकड़ा अथवा फांस हाथों को जख्मी न करें। इस पर रंग रोगन करें।
- अग्नि शमन के दौरान औजारों को कन्धों पर न उठाऐं।
- औजारों की टूट–फूट होने पर शीघ्र मुरम्म्त करें अथवा बदल दें।
- उपरोक्त सभी बातों का ध्यान रखने से कार्यक्षमता में वृद्धि होगी।

सुरक्षात्मक वस्त्र एवं औजारों की सूची अग्नि शमन के दौरान उचित वस्त्रें का पहनना व उचित औज़ार होना अत्यन्त महत्वपूर्ण है। अग्नि शमन के दौरान ऊनी व सूती कपड़ों के अतिरिक्त अन्य पोलीस्टर एवं इससे बने कोई भी वस्त्र पहनना खतरनाक है। सिर पर अग्नि शमन के उचित हैलमेट के अतिरिक्त कोई अन्य हैलमेट पहनना भी घातक होता है।

- अग्नि शमन हैलमेट।
- सूती कपड़े अथवा विभाग द्वारा उपल्बध कराये गये निर्धारित अग्निशमन वस्त्र।
- दस्ताने।
- चश्में।
- मज़बूत कपड़े के जूते जिसका तल अग्नि रोधक हो।
- मुंह पर बाधंने के लिए मास्क अथवा हल्का सूती कपड़ा।
- ऊनी अथवा सूती जुराबें।
- पानी की बोतल एवं खाद्य पदार्थों का प्रबन्ध
  - टार्च
  - हाथ का छोटा वायरलैस (यदि उपलब्ध हो सके)

अग्नि वाहन के साथ सुरक्षा

- अग्नि क्षेत्र का पूर्ण भौगोलिक ज्ञान
- केवल साहसी एवं कुशल चालक ही सेवाऐं प्राप्त करें।
  - पानी से भरे टैन्क लाने वाले वाहन के साथ यात्र करने वाले कार्यकर्ता सहायकों को मज़बूती व सावधानी पूर्वक यात्र करने को कहें।
  - पानी से भरे टैन्क लाने वाले चालक एवं कर्तचारी यह निश्चित कर लें कि उतराई अथवा चढ़ाई में टैन्क के खिसकने की सम्भावना तो न होगी ।
  - पानी के वाहन को खड़ा करने से पहले यी निश्चित कर लें कि उस जगह वृक्ष अथवा

झाड़ी कम अथवा नहीं है और जगह खुली व साफ है ताकि वाहन व सम्बन्धित कार्यकर्ता सुरक्षित रह सके।

- पानी के वाहन में हमेशा रिर्जव स्तर पर आपात स्थिति के लिए पानी बचा कर रखें।
- वाहन को बिना निगरानी के न छोड़ें।
- अपने वाहन व अपनी स्थिति तथा मौजूदगी की सूचना संबधित अधिकारी को लगातार वायरलैस व अन्य प्रभावी तरीकों से देते रहें।
- वाहन को पार्क लाईट जला कर सड़क से हटा कर सुरक्षित जगह पर खड़ा करना चाहिए।
- अग्नि क्षेत्र में हैंड लाईट जला कर वाहन चलाना चाहिए, अत्यिधिक धुएं में गाड़ी को सुरक्षित सीान पर खड़ा करना चाहिए।

अग्नि क्षेत्र में पैदल कार्यकर्ताओं की सुरक्षा

- शांत रहें। जल्दबाजी में न दौड़ें।
- अग्नि शमन में कार्यरत सदस्यों को अपनी टोली न छोड़ने के लिए उत्साहित करें और मिल कर आगे बढ़ें।
- भागने के बजाय साफ नज़र आनेवाले सुरक्षित सीान की ओर पूरी टोली के साथ बढ़ें और आपसी संमर्प मेंरहें।
- बहते हुए नाले, भू–स्खलन से बनी गलियों चट्टानों से बनी जगह व सड़क के दूसरी ओर सुरक्षित जगी उचित है।
- अपने बचाव के सुरक्षित सीान के इर्द–गिर्द ईंधन को उचित दूरी तक साफ कर लें अपने आपको ऊनी कंम्बल से ढक लें, ओच से बचने के लिए मिट्टी से भी अपने आप को ढका जा सकता है।
- लगभग एक मीटर ऊंची आग की लपटों से होकर सुरक्षित सीान तक पहुंचना घातक हो सकता है।

आपसी सम्पर्कः–

- वस्तु स्थिति की जानकारी व आदेशों का आदान प्रदान निरन्तर करते रहें। इस में वायर लैस का प्रभावी प्रयोग हो सकता है।
- अग्नि शतन में कार्यरत कर्मचारियों व अन्य कार्यकर्ताओं को अग्नि शमन में प्रगति की सूचना और मौसम व क्षेत्र से सम्बन्धित जानकारी प्रदान करते रहें।
- निर्देश स्पष्ट होने चाहिए।
- इस बात को निश्चित कर लें कि निर्देश भी कार्यकर्ताओं एवं अग्नि शमन से जुड़े कर्मचरियों न पूरी तरह समझ लिए है। आपसी जानकारी व सूचना भी प्रप्त करते रहें।
- निर्देश समझ न आने की स्थिति में जांच करें व स्पष्टीकरण लें।
- याद रखें मौसम, जैसे वायुगति व वायु की दिशा, तापमान आदि अग्नि की तीव्रता आदि को प्रभावित करते है। निश्चित करें की सूचना अग्नि शमन कार्या में लगी टोलियों व अन्य कार्यकर्ताओं को लगातार उपल्बध करवाते रहें।

- दूसरे अग्नि शमन सीानों तक जाते हुए इस क्षेत्र में मौजूद ईंधन की मात्र व प्रकार क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति का जायजा लेते हुए चलें।
- यदि आप मुख्य अग्नि शमन टोली से सम्पर्क बनाने में सफल नहीं हो रहें है तो चौकन्ने हो जाऐं। यह खतरें का आभास हो सकता है।

आपात कांऊटर बर्निंग

- कांऊटर बर्निंग ऐसी अवस्था में ही करें जब कि आगे के क्षेत्र में अधिक जान माल को खतरा हो या आग काबू से बाहर हो रही हो।

केवल अत्यधिक विकट स्थिति में ही जिनतें जान माल का खतरा हो, बिना उच्च अधिकारी की आज्ञा सके भी कांऊटर बर्निंग की जा सकती है।

साराशं

- स्वयं स्थिति का अध्ययन करना सीखें। अपने ईर्द–गिर्द के पर्यावरण का सूक्ष्म जायजा लें । समझ लें कि इस स्थिति विशेष में आग से क्या खतरे हो सकते है। इस बात का आलंकन कर लें की घातक स्थिति में आप क्या करें।
- मौसम का अचानक बदलना जैसे हवा की गति व दिशा अग्नि शतन को अत्यधिक प्रभावित करती है। सवयं इससे सूचित रहें।
- आपकी अग्नि शमन कार्यवाही अग्नि की स्थिति के अनुकूल होनी चाहिए।
- कम से कम दो सुरक्षात्मक मार्ग व हल अपने दिमाग में वस्तु स्थिति को देखते हुए हमेशा रखें।
- अपने उच्च अधिकारी सहयोगी कार्यकर्ता व अन्य साथ की अग्नि शमन में कार्यरत टोलियों से सम्पर्क बनाए रखें।
- हवा की गति, दिशा, वायुमण्डल का तापमान, नमी व बादलों की स्थिति पर नज़र रखें। आदेशों को पूरी तरह समझ लेना निश्चित कर लें ।

स्थति का मुस्तैदी से जायजा लें और चुस्ती से उचित फेसला लें ताकि स्थति नियन्त्रण से बाहर न जाए।

8.1.9 चराई एवं छटाई

पशु चराई का वनोपज पर प्रभाव ।

1 निवारक उपाय – नियमितिकरण, आवृत्ति चराई, पुनरूत्पादान क्षेत्र में बाढ़ तैयार कराई।

<u>चराईः–</u>

वनो को मनुष्य के बाद सबसे अधिक क्षति पशुओं से होती है । हमारे देश में पालतू पशु जैसे – गाय, बैल, भैंस, घोड़े, गधे, भेड़, बकरी, ऊंट, हाथी आदि पाले जाते हैं । इन पशुओं का मुख्य भोजन चारा–घास, पत्ते, फल एवं अन्य वनस्पतियों के भाग होते हैं । वनों के आस–पास रहने वाले ग्रामीणों के पशु चराई के लिये वनों में ही जाते हैं । चराई पशु प्रतिदिन प्रातः चराई हेतु वनों में जाते हैं एवं सॉयकाल वापिस गॉव में आ जाते हैं । ग्रामों के ग्रामीण अपने मवेशियों को चरने के लिये वनों में भेजते हैं ग्रीष्म

तथा वर्षा ऋतु में पशुओं के झुण्ड वनों में निवास करके चराई करते हैं । जिनमें अधिकांशतः भेड़ो की संख्या ज्यादा होती है । शीत ऋतु में यह पशु अपने गांवों में वापिस आ जाते हैं । भोजन के आधार अर्थात चराई के तरीके के आधार पर इनको दो भागों में बांटा गया है :–

(1) वे पशु जो सामान्यतः घास, चरते हैं, जैसे – गाय, भैंस, बैल आदि ।

(2) वे पशु जो सामान्यतः पल्लव चारक (Browsing) करते हैं अर्थात ऊंचाई पर पत्ते खाते हैं, जैसे – भेड़, बकरी, ऊंट, हाथी आदि ।

चराई से हानियॉः–

(1) वांछित प्रजाति के पौधे पशुओं के द्वारा घास के साथ चर लिये जाते हैं तथा खुरों से कुचल जाते हैं जिससे पुनरोत्पादन नष्ट हो जाता है ।

(2) भारी पशुओं की लगातार चराई से मृदा सरित (Compact) हो जाती है और उसकी रंध्रता (Porosity) कम हो जाती है जिससे मृदा–वातन खराब हो जाता है ।

(3) लगातार चराई से पोषक तथा स्वादिष्ट घासें कमशः नष्ट हो जाती हैं क्योंकि वे पुनःउत्पादित नहीं हो पाती जिससे उस क्षेत्र की चराई क्षमता कम हो जाती है ।

(4) लगातार चराई से शुष्क एवं निम्न प्रजातियॉ बढ़ जाती हैं जिससे वन संरचना पर प्रभाव पड़ता है ।

चराई से लाभ –

हल्की एवं नियंत्रित चराई से वनों को लाभ भी होता है :–

(1) घास के कम होने से आग की संभावनायें कम हो जाती हैं ।

(2) भूमि पर पत्तों की मोटी–नाड़ियों के टूटने से इनका अपखण्डित (Decompose) होना सरल हो जाता है जिससे भूमि की उर्वरकता बढ़ती है जो पशु उत्पादन में सहायक है ।

(3) गोबर से (जो कि अपखण्डित होकर) क्षेत्र की उर्वरकता बढ़ती है जिससे पुनरोत्पादन में वृद्धि होती है ।

चराई की क्षति से बचने के लिये निम्नलिखित उपाय अपनाने चाहिये

(1) वन संमितियों के माध्यम से स्थानीय ग्रामीणों को पशुओं की संख्या कम करने के हेतु प्रेरित किया जाना चाहिये । ग्रामीणों को उच्च नस्ल के पशु जो ज्यादाइध देते हैं को पालने हेतु अवगत कराना चाहिये । स्थानीय प्रचार–प्रसार के माध्यम से ग्रामीणों को पशुओं की उच्च नस्ल के बारे में बताना चाहिये जिससे ग्रामीण पशुओं की संख्या कम कर सकें । जब ग्राम वाले कम पशुओं को रखेंगे तो वन चराई का भार भी कम होगा ।

(2) आवर्ती या आवर्धिक चराई का प्रयोग किया जाना चाहिये आवर्ती चराई वह चराई है जिसमें वन को कई भागों में बांटकर उनमें से प्रत्येक में एक दो माह या कुछ अधिक अवधि के लिए चराई कम से कराई जावे ताकि एक समय में एक ही भाग में चराई हो और अन्य भागों को आराम मिल सके । जब चराई एक वर्ष या अधिक समय के लिए एक समय में बन्द हो तों वह आवधिक चराई कहलाती है । इस चराई में एक निश्चित अनुकम

से चराई एक वर्ष या अधिक समय के लिए खुलती है और बन्द होने के समय उस क्षेत्र को आवर्धिक बन्द क्षेत्र कहा जाता है । आवर्धिक चराई में पशुओं को बन्द खण्डों में जाने से रोकने के लिए प्रत्येक खण्ड या भाग के चारों ओर पशुरोधी बाड़ लगानी चाहिये । इसी प्रकार पुनरोत्पादन क्षेत्रें तथा रोप वनों को भी ऐसी बाड़ों से घेरना चाहिये । इस प्रबन्ध में प्रत्येक क्षेत्र को वर्षा ऋतु में तथा वर्ष के अन्य महीने में आराम मिल जाता है । कभी–कभी पुनर्उत्पादन क्षेत्रें में और चारागाहों में चराई उस समय तक रोक दी जाती है जब तक की छोटे पौधे स्थापित न हो जाएं। चरागाहों में घास में अच्छा बीज आने के लिए चराई बीज पकने तक रोक (Deferred grazing) दी जाती है।

इस प्रकार की चराई के निम्न लाभ है :

1 कच्चा ह्यूमस टूट जाता है (विशेषकर शुकुधारी) वनों में ।

2 हियुमस मिट्टी की तहों में मिल जाता है और पुनर्उत्पादन हो जाता हैं। 3 नई पैदावार के लिए उपयुक्त स्थान व वातावरण मिल जाता है।

4 अच्छी प्रजातियां विकसित हो जाती है।

5 खरपतवार नियन्त्रण में रहते हैं तथा वनस्पति व पशु दोनों मनुष्य के आर्थिक जीवन में सहयोगी बन जाते है।

3.1.9.1 चराई प्रणालियों

